सूर्योदय : 5:26
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 29.1
न्यूनतम : 23.3


RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-97 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 25 सितम्बर 2025
02 रबीउल आखिर 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com

# रेलवे के 10 लाख कर्मियों को दिवाली बोनस, बिहार के लिए 6 हजार करोड़ की परियोजनाओं को मंजूरी

**कैबिनेट के फैसले**

■ कर्मचारी के वेतन के 78 दिनों के बराबर है यह बोनस



**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को रेलवे कर्मचारियों के लिए 1,866 करोड़ रुपये के उत्पादकता-आधारित बोनस (पीएलबी) को मंजूरी दे दी है। इससे 10.90 लाख कर्मचारियों को दिवाली से पहले उनके अच्छे प्रदर्शन के लिए लाभ मिलेगा।

केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के बख्तियारपुर-राजगीर और झारखंड के तिलैया के बीच 104 किलोमीटर की रेल दोहरीकरण परियोजना को भी मंजूरी दी है। इस पर करीब 2,192 करोड़ रुपये की लागत आएगी। केंद्रीय कैबिनेट ने बिहार के लिए लगभग छह हजार करोड़ रुपये की योजनाओं को मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह बोनस उनके 78 दिनों के वेतन के बराबर है। हर साल दुर्गा पूजा/दशहरा की छुट्टियों से पहले पात्र रेल कर्मचारियों को पीएलबी का भुगतान किया जाता है। पिछले साल मोदी सरकार ने रेल कर्मचारियों के लिए 2,029 करोड़ रुपये के बोनस को मंजूरी दी थी। इससे 11,72,240 कर्मचारियों को लाभ हुआ था।

एक पात्र रेल कर्मचारी को 78 दिनों के लिए अधिकतम देय राशि 17,951 रुपये है। यह राशि कई प्रकार के रेल कर्मचारियों को दी जाएगी। इनमें ट्रैक मेंटेनर, लोकोमोटिव पायलट, ट्रेन मैनेजर (गार्ड), स्टेशन मास्टर, सुपरवाइजर, तकनीशियन, तकनीशियन हेल्पर, पॉइंट्समैन, मंत्रालयिक कर्मचारी और अन्य ग्रुप सी कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने कहा, वर्ष 2024-25 में रेलवे का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। रेलवे ने रिकॉर्ड 1614.90 मिलियन टन माल ढुलाई की और लगभग 7.3 बिलियन यात्रियों को ढोया। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्री ने नेशनल शिप बिल्डिंग मिशन को भी मंजूरी दी है।


## जहाज निर्माण के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए 69725 करोड़ रुपये

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत के जहाज निर्माण और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए 69,725 करोड़ रुपये के व्यापक पैकेज को भी मंजूरी दी। यह मिशन घरेलू क्षमता को मजबूत करने, दीर्घकालिक वित्तपोषण में सुधार करने, ग्रीनफील्ड और ब्राउनफील्ड शिपयार्ड विकास को बढ़ावा देने, तकनीकी क्षमताओं और कौशल को बढ़ाने तथा मजबूत समुद्री बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए कानूनी, कराधान और नीतिगत सुधारों को लागू करने के लिए बनाया गया है। सभी पहलों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक राष्ट्रीय जहाज निर्माण मिशन भी स्थापित किया जाएगा।

सूचना व प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए यह बात कही। इस पैकेज के तहत, जहाज निर्माण वित्तीय सहायता योजना (एसबीएफएएस) को 24,736 करोड़ रुपये की कुल राशि के साथ 31 मार्च 2036 तक बढ़ाया जाएगा।

इस योजना का उद्देश्य भारत में जहाज निर्माण को प्रोत्साहित करना है और इसमें 4,001 करोड़ रुपये के आवंटन के साथ एक शिपब्रेकिंग क्रेडिट नोट भी शामिल है। इसके अलावे, इस क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक वित्तपोषण उपलब्ध कराने हेतु 25,000 करोड़ रुपये की राशि के साथ समुद्री विकास कोष (एमडीएफ) को मंजूरी दी गई है। जहाज निर्माण विकास योजना का बजटीय परिव्यय 19,989 करोड़ रुपये है।

# सीएम योगी ने बताए घटी जीएसटी के लाभ स्वदेशी अपनाने के लिए किया प्रेरित



■ जीएसटी रिफॉर्म से यूपी के व्यापारियों व ग्राहकों को हुआ सबसे अधिक लाभ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हजरतगंज में व्यापारियों और ग्राहकों से संवाद किया। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें लागू होने के लाभ के बारे में बताया। उन्हें स्वदेशी अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। आत्मनिर्भर भारत मुहिम में योगदान के लिए प्रेरित भी किया। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं के मामले में सबसे बड़ा राज्य होने के कारण जीएसटी रिफॉर्म का सबसे अधिक लाभ यूपी के व्यापारियों और ग्राहकों को होगा।

योगी आदित्यनाथ बुधवार सुबह 11:40 बजे हजरतगंज में सद्गुरु किराना स्टोर पहुंचे। स्टोर के मालिक किशन चंद बम्बवानी से सूखे मेवे के दामों में आई गिरावट के बारे में जानकारी ली और जीएसटी के नए स्लैब को दिखाया। उनके स्टोर पर जीएसटी की नई दर का पैम्फलेट लगाया और स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया।


गृहिणी अंकिता अठवानी से भी बात की। पूछा कि जीएसटी दरें घटने से आपको कितना लाभ हो रहा? अंकिता ने कहा, अब महीने का खर्च 10-15 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। इसके बाद सीएम ने शीतल एंड कंपनी के स्टोर में खेल-कूद के आइटम में आए गिरावट को लेकर बात की। फिर मिठाई के स्टोर मोती महल पहुंचे। दुकान के मालिक मुरलीधर आहूजा से बात की। आहूजा ने सीएम को बताया कि मिठाई पर जीएसटी वही है, लेकिन इसे बनाने के उत्पादों पर छूट का लाभ मिलेगा। मेवे के दाम कम होने से अब काजू कतली एक हजार से 1,100 रुपये प्रति किलोग्राम मिलेगी। पहले इसका मूल्य 1,200 रुपये प्रति किलोग्राम था।

यहां से योगी सुगना माल साड़ी महल पहुंचे। स्टोर की मुखिया दीपिका से साड़ियों के दामों को लेकर जानकारी ली। दीपिका ने बताया कि 2,500 से कम मूल्य की साड़ियां अब पांच प्रतिशत जीएसटी पर बेची जाएंगी। इससे ग्राहकों को सात प्रतिशत का फायदा मिलेगा। पहले 12 प्रतिशत जीएसटी ली जा रही थी। मुख्यमंत्री गांधी आश्रम भी गए। आश्रम में उन्होंने जीएसटी स्लैब में आए परिवर्तन को लेकर काउंटर पर कर्मियों से बातचीत की। कुछ आइटम देखे और पहले व वर्तमान के दामों के बारे में भी पूछा।

फिर चिकन परिधानों के शोरूम में गए। यहां एक जिला एक उत्पाद को लेकर प्रतिष्ठान के मालिक व हजरतगंज व्यापार मंडल के अध्यक्ष विनोद पंजाबी द्वारा दिए डेमो देखा और चिकनकारी के कपड़ों के दाम में आई गिरावट के बारे में जानकारी ली। शोरूम की सह संस्थापक रिया पंजाबी ने बताया कि मुख्यमंत्री ने हम सभी को स्वदेशी अपनाने के लिए प्रेरित किया। आत्मनिर्भर भारत मुहिम में योगदान के लिए प्रोत्साहित भी किया। मुख्यमंत्री ने यूनिवर्सल बुकसेलर्स में किताबों के बारे में भी जानकारी ली।

# लेह में लगा कर्फ्यू, लद्दाख महोत्सव भी रद्द

■ प्रदर्शन में चार की मौत और 59 घायल



**लद्दाख।** छठी अनुसूची के तहत विशेष दर्जा और लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर हो रहे बंद और बड़े प्रदर्शन के दौरान लेह में हालात तनावपूर्ण हो गए। प्रदर्शन के दौरान कुछ युवाओं के उग्र हो जाने के बाद पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने और लाठीचार्ज करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने भाजपा कार्यालय में आग लगा दी। भूख हड़ताल पर बैठे जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने वीडियो जारी कर लेह में हुई हिंसा पर दुख जताया और शांति बनाए रखने का आह्वान किया।

अधिकारियों ने बताया कि लद्दाख को राज्य का दर्जा देने की मांग को लेकर आंदोलन बुधवार को हिंसा, आगजनी और सड़क पर झड़पों में बदल गया, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 22 पुलिसकर्मियों सहित कम से कम 59 लोग घायल हो गए। लद्दाख के उपराज्यपाल कविंदर गुप्ता ने बताया कि जानमाल की हानि रोकने के लिए कर्फ्यू लगाया गया।

राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची के विस्तार की मांग के समर्थन में 10 सितंबर से 35 दिनों की भूख हड़ताल पर बैठे 15 लोगों में से दो की मंगलवार शाम हालत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसके बाद लद्दाख एपेक्स बॉडी (एलएबी) की युवा शाखा ने प्रदर्शन का आह्वान किया था। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और एनसी के विधायक तनवीर सादिक ने लद्दाख और जम्मू-कश्मीर में सरकार की विफलताओं की आलोचना करते हुए कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि पूर्ण राज्य की मांग को बहाल नहीं किया गया।

## जम्मू-कश्मीर की चार राज्यसभा सीटों पर उपचुनाव का एलान

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर की खाली पड़ी चार राज्यसभा सीटों पर चुनाव का एलान कर दिया है। आयोग ने कहा कि चारों सीटों पर मतदान और मतगणना 24 अक्टूबर को ही पूरी कर ली जाएगी।

# आजम से मिलने रामपुर जाएंगे अखिलेश

■ पूर्व मंत्री के बसपा में जाने की अटकलें



**बसपा पर साफ जवाब :** आजम खां ने बुधवार को रामपुर में पत्रकारों से बात की। बसपा में शामिल होने की अटकलों पर उन्होंने दो टूक कहा कि हमारे पास चरित्र नाम की एक चीज है। इसका मतलब यह नहीं कि हमारे पास कोई पद या ओहदा हो। लोग हमें प्यार करें, इज्जत दें और यह साबित हो कि हम बिकाऊ माल नहीं हैं, यही काफी है। मुरादाबाद के पूर्व सांसद एचटी हसन को लेकर उन्होंने कहा कि जब मैं अपने आदमी को टिकट नहीं दिला पाया, तो किसी और का टिकट कैसे कटवा सकता हूं।

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव आजम खां से मिलने के लिए आठ अक्तूबर को रामपुर जाएंगे। इस बीच राजनीतिक गलियारों में आजम खां के बसपा में जाने की अटकलें चल रही हैं। राजनीतिक जानकारों के अनुसार अखिलेश ने आठ अक्टूबर की तारीख इसलिए चुनी है क्योंकि नौ अक्तूबर को बसपा एक बड़ी रैली का आयोजन करने जा रही है।

सपा सूत्रों के अनुसार अखिलेश का विस्तृत कार्यक्रम जल्द ही जारी हो सकता है। मालूम हो कि मंगलवार को ही आजम खां 23 महीने बाद जेल से रिहा हुए थे। हालांकि रामपुर में पत्रकारों से बात करते हुए आजम ने बसपा में जाने का विकल्प बंद कर दिया था। एक सवाल के जवाब में उन्होंने अखिलेश का शुक्रिया अदा किया। जब उनसे पूछा गया कि जेल के दौरान कई बड़े नेता उनसे मिलने नहीं आए, तो आज़म खां ने कहा कि मेरे मन में किसी के लिए नाराजगी नहीं है। मैं चाहता हूं कि वह खुश और आबाद रहें।

## सरकार ने सीडीएस जनरल अनिल चौहान का बढ़ाया कार्यकाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का कार्यकाल बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को सीडीएस जनरल अनिल चौहान के कार्यकाल को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। अब वे 30 मई 2026 तक या अगले किसी भी आदेश तक सीडीएस और सैन्य मामलों के विभाग (डीएमए) के सचिव के पद पर बने रहेंगे। रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सरकार ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में कार्यरत जनरल चौहान के सेवा विस्तार को मंजूरी दे दी है।






## मोदी ने सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती के निधन पर व्यक्त किया शोक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती शेख अब्दुल अजीज बिन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद अल अलशेख के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा, सऊदी अरब के ग्रैंड मुफ्ती, महामहिम शेख अब्दुल अजीज बिन अब्दुल्ला बिन मोहम्मद अल अलशेख के दुखद निधन पर गहरी संवेदना। इस दुख की घड़ी में हमारी संवेदनाएं सऊदी अरब और वहां के लोगों के साथ हैं। शेख अब्दुल अजीज दो दशकों से अधिक समय तक इस इस्लामिक देश के शीर्ष धार्मिक अधिकारी रहे।




अवधनामा


# डीएम के निरीक्षण से हड़कंप, सहायक अध्यापिका को नोटिस जारी करने के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बुधवार को बिना भनक दिए विकास क्षेत्र फूलबेहड़ के चार परिषदीय विद्यालयों दुर्गापुर, बन्नी और कुसमौरीमें अचानक जा पहुंचीं। डीएम के औचक निरीक्षण से शिक्षक वर्ग में हड़कंप मच गया। जहां पढ़ाई और मिड-डे मील का जायजा लिया गया, वहीं मिली लापरवाही पर सहायक अध्यापिका को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह, बीडीओ फूलबेहड़ सुमित कुमार सिंह मौजूद रहे सबसे पहले प्राथमिक विद्यालय दुर्गापुर में तहरी मेन्यू के मुताबिक पक रही थी, मगर 40 पंजीकृत बच्चों में सिर्फ 18 ही मौजूद थे। डीएम ने अभिभावकों से



संपर्क कर उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। छात्र राहुल से किताब पढ़वाकर रीडिंग स्किल परखी और टेबल सुनाने वाले बच्चों को टॉफी व चॉकलेट देकर उत्साहित किया। सिविलियन विद्यालय बन्नी में निरीक्षण के दौरान 272 में से महज 150 छात्र ही उपस्थित मिले। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने छात्राओं शिवांगी और रूबी से किताब पढ़वाकर पढ़ाई की गुणवत्ता परखी। कमजोर बच्चों को आगे बैठाने के निर्देश का पालन न करने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और सहायक अध्यापिका आराधना मिश्रा पर नोटिस जारी करने का आदेश दिया। कक्षा छह में ब्लैकबोर्ड पर प्राकृतिक संख्या से जुड़े सवाल पूछकर गणित की समझ जांची। बच्चों से दूध और फल वितरण की पुष्टि की। शिक्षक संदर्शिका और अन्य पंजिकाओं को भी बारीकी से खंगाल कर निर्देश दिए कि सभी अभिलेख समय से और विस्तार से दर्ज किए जाएं प्राथमिक विद्यालय कुसमौरी में कक्षा दो की पिंकी और रागिनी से ब्लैकबोर्ड पर लिखे अक्षर पढ़वाए। छात्राएं अक्षर पहचानने में सफल रहीं, लेकिन मात्राओं का ज्ञान कमजोर निकला। मिड-डे मील में तहरी के साथ सोयाबड़ी की गुणवत्ता भी परखी। उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसमौरी में तो बाथरूम की रनिंग वाटर सप्लाई ठप और पानी की टंकियां नदारद मिलीं। डीएम ने कड़ी फटकार लगाई और तुरंत सुधार के निर्देश दिए। परिसर में उगी बड़ी-बड़ी घास कटवाने के आदेश दिए। शिक्षक डायरी में 14, 15 और 16 सितम्बर का विवरण न मिलने पर समय से दर्ज करने की सख्त हिदायत दी डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी बीडीओ को निर्देशित किया कि सेवा पखवाड़ा (17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025) के दौरान परिषदीय विद्यालयों के शौचालयों की कमियों को दूर कर उन्हें पूरी तरह दुरुस्त किया जाए। निरीक्षण में कई विद्यालयों के शौचालयों में जलापूर्ति बाधित, ताले बंद या गंदगी पाई गई। डीएम ने बीडीओ को हर 15 दिन पर स्वयं निरीक्षण करने के भी सख्त निर्देश दिए हैं।

# तीन पंजीकृत राजनीतिक दलों को चुनाव आयोग का कारण बताओ नोटिस

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भारत निर्वाचन आयोग ने वित्तीय और चुनावी पारदर्शिता को लेकर सख्ती दिखाते हुए जिले के तीन पंजीकृत राजनीतिक दलों एवशन पार्टी, नई क्रांति पार्टी और राष्ट्रीय लोकशक्ति पार्टी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा ये नोटिस भेजे गए हैं। उप जानकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने दी।जिन दलों को नोटिस जारी हुआ है उनमें नई क्रांति पार्टी (बाबा मृत्युंजयनाथ मंदिर, कुम्हारन टोला फर्स्ट, गोला गोकरननाथ), राष्ट्रीय लोकशक्ति पार्टी (अर्जुन नगर कॉलोनी, गोला गोकरननाथ) और एवशन पार्टी (गांव एवं पोस्ट मैगलगंज, मुख्य बाजार, हरिचरनेश्वर महादेव मंदिर के पास, ब्लॉक पसगवां, जिला लखीमपुर-खीरी, उत्तर प्रदेश) शामिल हैं।आयोग के मुताबिक इन दलों ने न तो वित्तीय वर्ष 2021-22, 2022-23 और 2023-24 के वार्षिक लेखापरीक्षित खाते समय पर जमा किए और न ही वर्ष 2019 से अब तक हुए विभिन्न चुनावों में भाग लेने के बावजूद निर्वाचन व्यय विवरणी तय अवधि विधानसभा चुनाव में 75 दिन और लोकसभा चुनाव में 90 दिन के भीतर प्रस्तुत की मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0 ने तीनों दलों को निर्देश दिया है कि वे 3 अक्टूबर 2025 तक हलफनामे सहित लिखित प्रत्यवेदन और अभिलेखीय साक्ष्य प्रस्तुत करें। सुनवाई के लिए अलग-अलग तिथियां तय की गई हैं। 6 अक्टूबर, 2025 को प्रातः 10 बजे एवशन पार्टी, 8 अक्टूबर,2025 को प्रातः 10 बजे नई क्रांति पार्टी और 9 अक्टूबर,2025 को प्रातः 10 बजे राष्ट्रीय लोकशक्ति पार्टी के पदाधिकारियों को लखनऊ स्थित मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय में उपस्थित होना होगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित तिथि तक उत्तर न मिलने पर स्वतः निर्णय लिया जाएगा, और सुनवाई में शामिल होने वाले दलों के पदाधिकारियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

# आदर्श मूक बधिर विद्यालय में पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र 'टेनी' ने छात्र-छात्राओं को फल, बिस्कुट, टॉफी एवं चाकलेट किए वितरित



**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सेवा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत आदर्श मूक बधिर विद्यालय लखीमपुर में पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' ने छात्र-छात्राओं को फल, बिस्कुट, टॉफी एवं चाकलेट वितरित किए और विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों की सराहना की। पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा 'टेनी' ने आदर्श मूक बधिर विद्यालय लखीमपुर में शिक्षारत छात्र-छात्राओं को फल, बिस्कुट, टॉफी एवं चाकलेट वितरित करते हुए विद्यालय की शैक्षिक गतिविधियों, विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के अथक प्रयास की प्रशंसा की। विद्यालय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार तोलानी व उनकी पत्नी सुनीता तोलानी ने बच्चों को स्कूल ड्रेस वितरित की। इस अवसर पर हर्ष वर्मा ने अपनी पत्नी संग अपने बेटे का जन्मदिन मनाते हुए बच्चों को फल-मिठाई वितरित की।कार्यक्रम में रामदुलारे वर्मा, अरविन्द सिंह ' जितेन्द्र त्रिपाठी , संजय मिश्रा , अम्बरीष सिंह , आर0पी0 कटियार ,मनोज वर्मा, विकास शुक्ला, मुन्ना सिंह प्रधान, आरती कटियार, नीरज सिंह, अखिलेश सिंह, नीरज वर्मा, सरिता देवी, राहुल वर्मा, भैया लाल तिवारी, अरूण मिश्रा, मयंक कश्यप आदि लोग मौजूद रहे।

## एक युवक ने लाइब्रेरी के अंदर एक छात्रा को बुरी नीयत से दबोचा, लाइब्रेरी संचालक के चैंबर में पहुंचकर खुद को बचाया

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** सदर कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार को एक युवक ने लाइब्रेरी के अंदर एक छात्रा को बुरी नीयत से दबोच लिया। छात्रा ने हिम्मत दिखाकर चिल्लाना शुरू कर दिया। साथ ही उसके चंगुल से छूटकर लाइब्रेरी संचालक के चैंबर में पहुंचकर खुद को बचाया। घटना से जुड़ा सीसीटीवी कैमरे का फुटेज भी वायरल हुआ है, जिसमें मनचला लाइब्रेरी के अंदर जाता साफ दिखाई दे रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच कर रही है मंगलवार सुबह करीब 9:20 बजे छात्रा एक लाइब्रेरी जा रही थी। आरोप है कि गली में पहुंचते ही एक युवक उसका पीछा करते हुए लाइब्रेरी तक पहुंच गया। छात्रा के घुसते ही युवक भी अंदर दाखिल हुआ। उसने छात्रा को दबोचने का प्रयास किया। इस पर छात्रा घबरा गई और चिल्लाकर भागी। छात्रा वह लाइब्रेरी संचालक के चैंबर में पहुंची और पूरी बात बताई युवक भी संचालक के चैंबर तक पहुंच गया और छात्रा को अपना दोस्त बताने लगा। छात्रा ने विरोध किया तो संचालक ने किसी तरह युवक को लाइब्रेरी से बाहर किया। मनचला बिना किसी डर के लाइब्रेरी के अंदर काफी देर तक टहलता रहा। कुछ देर बाद वह खुद ही चला गया। घबराई छात्रा ने परिजनों को घटना की जानकारी दी। इस पर परिजन भी पहुंचे, जहां से वह सीधे कोतवाली आए और युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की पूरा मामला लाइब्रेरी में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गया। यह फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली।

# सीडीओ ने ग्राम डहर का दौरा, जल जीवन मिशन और शिक्षा-स्वास्थ्य योजनाओं का निरीक्षण



**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** बुधवार को ब्लॉक मितौली के ग्राम डहर में सीडीओ अभिषेक कुमार ने जल जीवन मिशन, शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं का निरीक्षण किया। ओवरहेड टंकी के निर्माण, VHSND शिविर, कंपोजिट विद्यालय और एग्रीस्टैक डिजिटल सर्वे का जायजा लेते हुए उन्होंने अधिकारियों और कर्मियों को जनहित कार्यों में तेजी और सटीकता सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए सीडीओ अभिषेक कुमार ने ब्लॉक मितौली के ग्राम डहर में हर घर जल योजना के तहत निर्माणाधीन ओवरहेड टंकी का निरीक्षण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि पाइपलाइन बिछाए जाने के छह महीने से अधिक समय बीत जाने के बावजूद जल आपूर्ति शुरू नहीं हुई। ग्रामीणों की मुश्किलें सुनते ही सीडीओ ने अधिकारियों को जनहित योजना में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी कहते हुए कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा, मु0अ0सं0 784/2025 धारा 75(2)/78(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्त शाहबाज उर्फ अमन पुत्र कुतुबुद्दीन निवासी नई बस्ती थाना कोतवाली सदर को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु न्यायालय भेजा गया।

## डनलप और बाइक में हुई टक्कर, हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** भीरा थाना क्षेत्र के कचनारा गांव के पास मंगलवार देर रात डनलप और बाइक में टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।संपूर्णानगर थाना क्षेत्र के बसही गांव निवासी दुकानदार सलीमुद्दीन (44) शेरपुर थाना पूरनपुर (पीलीभीत जा रहे थे। उनके साथ शेरपुर निवासी गब्बर भी थे। भीरा थाना क्षेत्र के कचनारा गांव के पास उनकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर में जुड़े डनलप से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे दोनों घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने सलीमुद्दीन को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गब्बर को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक अपने वाहन को छोड़कर फरार हो गया।

## अब तक गांव के करीब 122 घर समा चुके हैं शारदा नदी में

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** निघासन इलाके के ग्रंट नंबर 12 गांव में शारदा नदी का कटान थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार देर शाम गांव निवासी रत्तीराम यादव का पक्का मकान नदी में समा गया। ग्रामीणों ने बताया कि अब तक गांव के करीब 122 घर शारदा नदी में समा चुके हैं। हालात ऐसे हैं कि गांव का वजूद ही खतरे में पड़ गया है। कटान से प्रभावित परिवार सड़क किनारे उमस भरी गर्मी में कहीं तिरपाल तो कहीं खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। कटान पीड़ितों का कहना है कि बार-बार गुहार लगाने के बाद भी प्रशासन ने अब तक कटान रोकने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर समय रहते पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो पूरा गांव ही नदी में समा जाएगा।

# कलाकारों ने दशरथ मरण व केवट लीला का भावपूर्ण मंचन किया

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर की विभिन्न रामलीला कमेटियों द्वारा मंचित रामलीला में दशरथ मरण, केवट लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान कास्य कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर दिया।

श्री आशुतोष रामलीला समिति द्वारा आयोजित 14वें रामलीला एवं दशहरा महोत्सव में दशरथ मरण व केवट लीला का सुंदर मंचन किया गया। केवट द्वारा प्रभु श्री राम के चरणों की वंदना एवं गंगा पार कराना, दशरथ द्वारा प्रभु श्री राम व लक्ष्मण के वियोग में विलाप करना व मृत्यु को प्राप्त होना की लीला का मंचन किया गया। दशरथ के मार्मिक व हृदय विदारक संवाद व अभिनय का बहुत सुंदर अभिनय जय कालरा द्वारा किया गया जिससे दर्शकों की आंखों में भी आंसू आने को मजबूर हो गए। प्रभु राम के रूप में दिनेश सक्सेना, लक्ष्मण के रूप में गौरव चानना, दशरथ के रूप में जय



कालरा, कैकयी के रूप में पूजा, केवट के रूप में मीत तिवारी, साक्षी गोयल का सुंदर अभिनय रहा।

राजेन्द्र यादव ने निर्देशन किया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए रामलीला से सम्बंधित प्रश्न मंच का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सम्भाल परिवार के अध्यक्ष स.सुपनित सिंह, समिति के अध्यक्ष गौरव चौधरी, महामंत्री राकेश छाबड़ा, मोहित छाबड़ा, गौरव पुरी, संजय भसीन, विनय दुग्गल, नरेश कुमार, संजीव टंडन, डॉ.एमपी सिंह चावला, अमित वत्ता, विजय कुमार, राकेश राणा, अमन भाटिया, राघव सेठ, राजा छाबड़ा, दीक्षित छाबड़ा, मनीष कालरा, संजय आनन्द, आनन्द भाटिया, राजेन्द्र महेंद्रा, शिवम महेंद्रा, गौरव चौहान आदि मौजूद रहे। संचालन रवि बख्शी व अमित वत्ता ने किया।

उधर, श्री राधा कृष्ण मंदिर क्लब रामलीला गांधी पार्क द्वारा दशरथ मरण एवं केवट संवाद का हृदय विदारक मंचन किया गया। प्रभु श्री राम सहित जगदजननि सीता और लक्ष्मण को वनवास के पश्चात् दशरथ के विश्वसनीय सेनापति सुमंत द्वारा उन्हें वन छोड़ने जाने तथा उन्हें बीच मे ही छोड़कर चले जाने और उनके वन गमन के वियोग मे राजा दशरथ के तड़प तड़प के आपने प्राण त्याग देने के दृश्य ने सभी को भाव विभोर कर दिया। वरिष्ठ रंगकर्मी संकल्प नैब ने बेहद ही उत्कृष्ट अभिनय से दर्शकों को भाव विहल कर दिया। केवट के प्रभु श्री राम अतुल सचदेवा सीता वंशिका, तथा लखन जति लक्ष्मण कुशाग्र नैब के साथ नदी पार कराने का दृश्य और संवाद भी बेहद रोचक रहे। इससे पूर्व व्यापारी नेता शीतल टंडन, वरिष्ठ भाजपा नेता सरदार गुरप्रीत सिंह बग्गा, अक्षय, अभिजीत सिंह, चौधरी जोगेंद्र, राकेश, गुरमीत सिंह शंटी, रमेश चंद्र छबीला, विनय वत्स, और राकेश वत्स को अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। आयोजन को सफल बनाने में विक्रांत सैनी, गगन भाटिया, सुभाष चावला, गगन बंदरिया, सचिन घई, उद्धव कोदण्ड, विनोद खुराना, राजीव ठाकुर, नितिन, शरद ने अमूल्य योगदान दिया।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद को सौंपी 51 हजार रूपये की धनराशि

**सहारनपुर।** पंजाब बाढ पीड़ितों की मदद के लिए समाज सेवी व हयूमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष मौहम्मद आलम ने 51000 रूपये की नगद धनराशि श्री गुरू सिंह सभा के पदाधिकारियों को सौंपी। गौरतलब रहे कि पंजाब के लोगो पर जब बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा आयी, तो सभी धर्म के लोग उनकी मदद के लिए आगे आने लगे है। सभी ने सेवा का हाथ बढ़ाते हुए बाढ़ पीड़ितों का भरपूर सहयोग किया है। यही नहीं पंजाब के पीड़ितों को लगातार आवश्यकता अनुसार सामग्री बड़े छोटे ट्रको के माध्यम से भेजी जा रही है। इसी कड़ी में आज हयूमन वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एवं रोटरी क्लब सहारनपुर ग्रेटर के सेक्रेटरी मौहम्मद आलम ने आज गुरुद्वारा सिंह सभा पहुंच कर गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान स.सुजसबीर सिंह, उप प्रधान परविंदर सिंह कोहली एवं गुरुद्वारा सिंह सभा के डिस्पेंसरी इंचार्ज एमपी सिंह चावला को पंजाब बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए 51000 की नकद धनराशि सौंपी।

## रशियन कलाकारों ने भारतीय वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुति से समा बांधा

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित मेला गुघाल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में जनमंच सभागार में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला गुघाल का यह अंतिम सांस्कृतिक कार्यक्रम दर्शकों पर अपनी एक नयी छाप छोड़ने में सफल रहा। उद्घाटन एमएलसी शहनवाज खान, उद्यमी संजय करनवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष पाल्ली कालड़ा, पार्षद मंसूर बदर, अंशुमन चौधरी, मेला चेयरमेन नीरज चौधरी, आलोक तनेजा, कार्यक्रम संयोजक व पार्षद शाहगुल, सहसंयोजक नवाजिश खां, फैसल खान, शीलेश सक्सेना, नासिर खान व दीपक सैनी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। गणेश वंदना से शुरु होकर कार्यक्रम ने गीत-संगीत, नृत्य और हास्य के सभी रंग बिखेरे। मशहूर हास्य कलाकार शहनवाज पप्पी और पप्पी प्रधान की कॉमेडी पर दर्शकों ने ठहाके लगाये तो गायक जावेद अख्तर के गानों ने भी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। लुधियाना की ड्रेगन डांस एकेडमी और दिल्ली, देहरादून व गुजरात, राजस्थान से आए डांस ग्रुप्स ने अपनी जानदार प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को और शानदार बना दिया। रशिया से आये दो कलाकारों ने फिल्मी गानों पर सधे और आकर्षक नृत्यों के साथ देर रात अपनी लाजवाब प्रस्तुति से दर्शको का दिल जीत लिया। रशियन कलाकारों का भारतीय वेशभूषा में बैले और बेली डांस, कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा। इनकी प्रस्तुति पर दर्शकों से खचाखच भरा सभागार तालियों से लगातार गूंजता रहा। रंगारंग कार्यक्रम सांस्कृतिक धरोहर और अनुशासनप्रिय छवि के साथ लोगों पर अपनी एक नयी छाप छोड़ गया। इस अवसर पर अतिथियों एवं अनेक गणमान्य लोगों को सम्मान चिह्न प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

इस अवसर पर पूर्व सांसद हाजी फज़लुर्रहमान, व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक मनोचा, समाजसेवी महेंद्र तनेजा, जयनाथ शर्मा, रम्मी धवन, ललित पोपली, कुलदीप धमीजा, सुरेंद्र मोहन चावला, गौरव गाबा, चेयरमैन शराफ़त खान आदि ने गोगा जी महाराज की स्मृति को नमन करते हुए सांस्कृतिक परंपराओं को संजोने और आगे बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और भारी भीड़ के बावजूद अनुशासन और व्यवस्थित प्रबंधन की सराहना की।

# डीईओ ने की खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के संबंध में बैठक

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ उत्तर प्रदेश विधान परिषद के खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थलों के संबंध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि निर्वाचन के लिए मंडलायुक्त बरेली मंडल रिटर्निंग ऑफिसर तथा सभी सम्बंधित जनपदों के जिलाधिकारी सहायक रिटर्निंग ऑफिसर होंगे। उन्होंने दलों के प्रतिनिधियों से बूथ लेवल एजेंट की सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व व उप जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव शर्मा ने बताया कि वर्तमान विधान परिषद सदस्य का कार्यकाल 07 दिसंबर 2026 को पूर्ण होगा। वर्ष 2022 में हुए निर्वाचन में कुल मतदाता 3275 थे जिसमें से 2202 पुरुष व 1073 महिलाएं थी तथा इसके लिए 10 मतदेय स्थल बनाए गए थे। मतदाता के लिए 16 किलोमीटर के दायरे में मतदेय स्थल बनाए गए थे। इस अवसर पर मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि आदि मौजूद रहे।

# डीईओ ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ किया वेयर हाउस निरीक्षण

**बदायूँ। (अवधनामा संवाददाता)** जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने बुधवार को जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम व वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। उन्होंने गोदाम के दरवाजों की सीलों को राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष चेक करते हुए उसकी वीडियोग्राफी व फोटोग्राफी करवाई। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि की गई सुरक्षा व रखरखाव की व्यवस्थाओं से संतुष्ट दिखें।

जिला निर्वाचन अधिकारी व जिलाधिकारी अवनीश राय ने सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता को परखा और सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग को रेण्डम रूप में चैक कर आगंतुक पंजिका में हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने बताया की ईवीएम (इलैक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) व वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) वेयर हाउस में भण्डारित ई0वी0एम0 व वीवीपैट मशीने पूर्ण रूप से सुरक्षित हैं और इनकी सुरक्षा हेतु दोनों वेयर हाउस में 24 घंटे पर्याप्त सुरक्षाबल तैनात रहता है।

निरीक्षण के दौरान एडीएम एफआर वैभव शर्मा सहित अन्य अधिकारी व राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से शातिर गौकश घायल


## अवैध असलाह, गौकशी के उपकरण व बाईक बरामद



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना बेहट पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान एक शातिर गौकश को घायल अवस्था में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध असलाह, गौकशी के उपकरण समेत एक बाईक बरामद कर उसको अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि एक बदमाश घने जंगल का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गया। थाना बेहट प्रभारी सतपाल सिंह भाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज उनके नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा मंडोरा तिराहे पर संदिग्ध व्यक्ति व वाहनों की चैकिंग की जा रही थी, तभी एक बाईक पर सवार दो संदिग्ध व्यक्ति पिठोड़ी मंडोरा की तरफसे आते दिखाई दिए। संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस द्वारा उन्हें रुकने का इशारा किया गया, परन्तु वह नहीं रुके और पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर सुनसान रास्ते की तरफ भागने लगे। पुलिस द्वारा बदमाशों का पीछा किया गया। कुछ दूरी पर जाकर बदमाशों की बाईक अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गई। पुलिस टीम को अपने नजदीक आता देख बदमाश पुनः पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में एक बदमाश के बायें पैर में गोली लगने से घायलवस्था में गिरफ्तार किया गया तथा एक अन्य बदमाश घने जंगल का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। फरार बदमाश की तलाश हेतु लगातार कांबिंग की जा रही है। घायल बदमाश की पहचान परवेज उर्फ बिल्ला पुत्र भूरा निवासी पाज रायपुर थाना बेहट के रुप में हुई। घायल बदमाश को ईलाज हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से अवैध शस्त्र, गौकशी के उपकरण व एक बाईक बरामद की है। घायल बदमाश के विरुद्ध थाना बेहट पर गौकशी, गैंगस्टर आदि के करीब आधा दर्जन मुकदमें पंजीकृत है।

## ओला सेलिब्रेट्स इंडिया कैंपेन के मुहूर्त महोत्सव में अब सिर्फ 49,999 रुपए की शुरुआती कीमत पर मिलेगी ईवी




*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीज़न को ध्यान में रखते हुए नया कैंपेन, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया शुरू किया है। इस कैंपेन के तहत कंपनी ने ओला मुहूर्त महोत्सव पेश किया है, जिसमें एस1 स्कूटर्स और रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलें अब पहले कभी न देखे गए दामों पर उपलब्ध होंगी, जिसकी शुरुआती कीमत 49,999 रुपए रखी गई है। यह ऑफर 23 सितंबर से 9 दिनों तक जारी रहेगा।ओला मुहूर्त महोत्सव के तहत ग्राहक अब हर दिन ओला की स्कूटर्स और मोटरसाइकिलें बेहद खास दामों में खरीद सकते हैं। इस महोत्सव में एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स 2.5 केडब्ल्यूएच की कीमत 49,999 रुपए रखी गई है, जबकि एस1 प्रो + 5.2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स + 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत 99,999 रुपए है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ÷ओला सेलिब्रेट्स इंडिया के जरिए हम प्रगति, संस्कृति और पहुँच को एक साथ ला रहे हैं, जो इस फेस्टिव सीज़न की भावना के साथ बखूबी मेल खाती है। मुहूर्त महोत्सव सिर्फ पहले कभी न देखे गए दामों के बारे में नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय घर तक वर्ल्ड-क्लास ईवी पहुँचाने और इस साझा विश्वास का जश्न मनाने पर भी आधारित है कि भारत की आधुनिकता उसकी अपनी पहचान में निहित होनी चाहिए। यह कैंपेन हमारे इस संकल्प को दर्शाता है कि हम भारतीय तरीके से प्रगति को फिर से परिभाषित करना चाहते हैं। ओला सेलिब्रेट्स इंडिया यह दर्शाता है कि असली आधुनिकता नकल से नहीं, बल्कि भारतीय अंदाज़ में प्रगति को फिर से खोजने और अपनाने में है।

# स्वच्छता से ही विकास संभवः महिपाल बाल्मीकि

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री महिपाल सिंह बाल्मीकि ने स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण पंचायत राज विभाग द्वारा विकासखंड मुजफ्फराबाद पर स्वच्छता संगोष्ठी एवं श्रमदान शिविर तथा एक पेड मां के नाम पर वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिपाल सिंह बाल्मिकी ने भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा स्वच्छता की दिशा में किये जा रहे कार्यों का वर्णन करते हुए यह बताया कि स्वच्छता को अपना कर ही हम विकसित देश बन सकते हैं। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत प्रत्येक परिवार को दिए गए शौचालय का वर्णन करते हुए इस बात पर विशेष बल दिया कि प्रत्येक व्यक्ति प्रधानमंत्री द्वारा दिखाए गए स्वच्छता के मार्ग पर चलकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को सच्ची श्रद्धांजलि दे सकता है।

स्वच्छता संगोष्ठी में प्रतिनिधि क्षेत्र पंचायत मुजफ्फराबाद योगेश पुंडीर, खंड विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी विजेंद्र कुमार कश्यप ने भी विचार व्यक्त किए।

गोष्ठी को सफल बनाने में प्रमोद कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत मोहम्मद तालिब खंड स्वच्छता प्रेरक संदीप कुमार खंड स्वच्छता प्रेरक समेत समस्त सचिव एवं अनेकों ग्राम प्रधान गणो का सहयोग रहा।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत ही विकासखंड देवबंद की ग्राम पंचायत गोपाली में स्वच्छता संगोष्ठी एवं श्रमदान शिविर का आयोजन किया गया। स्वच्छता गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में अमित नारंग खंड विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि के रूप में अनिल कुमार सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में ग्राम प्रधान नईम मोहम्मद उपस्थित रहे। इस अवसर पर सैकड़ो ग्राम वासियों ने श्रमदान करते हुए स्वच्छता संकल्प लेकर स्वच्छ एवं विकसित गांव बनाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

विकासखंड गंगोह के ग्राम पंचायत मजमाता देहात में स्वच्छता श्रमदान शिविर में असलम प्रवेश खंड विकास अधिकारी अनिल कीर्तन सहायक विकास अधिकारी पंचायत और रमेश कुमार ग्राम प्रधान सहित सैकड़ो ग्राम वासियों ने स्वच्छता श्रमदान में सहभागिता किया।

# पंचायत सहायकों का विरोध, तहसीलदार पर अभद्रता का आरोप, एग्री स्टेट डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर उठी मांगें

अवधनामा संवाददाता




**महोबा।** पनवाड़ी पंचायत सहायक यूनियन उत्तर प्रदेश के बैनर तले बुधवार को विकासखंड पनवाड़ी के पंचायत सहायकों ने ब्लॉक परिषद सभागार में बैठक की। इस दौरान पंचायत सहायकों ने नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने पंचायत सहायकों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया और संगठन का ज्ञापन लेने से इंकार कर दिया।

पूरा मामला एग्री स्टेट डिजिटल क्रॉप सर्वे से जुड़ा है, जिसे पंचायत सहायकों के माध्यम से कराया जा रहा है। पंचायत सहायकों का कहना है कि उन्हें इस कार्य को संपन्न करने के लिए आवश्यक उपकरण और सुविधाएँ उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। जबकि सर्वे का कार्यभार लगातार बढ़ता जा रहा है। पंचायत सहायकों ने ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत, शिवम, परवीन खातून, निर्देश कुमारी, रश्मि कुमारी, प्रियंका, ऋचा श्रीवास्तव, सुप्रिया और काजल आदि के नामों के साथ एकजुट होकर अपनी मांगें सामने रखीं।

पंचायत सहायकों ने बताया कि ब्लॉक स्तर के ऑफिशियल ग्रुप के माध्यम से उन्हें निर्देश मिला था कि संगठन के पदाधिकारी सामूहिक रूप से तहसीलदार को प्रार्थना पत्र सौंपें। इसी सूचना के आधार पर ब्लॉक अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारी जब कार्यालय पहुँचे तो नायब तहसीलदार ने न केवल प्रार्थना पत्र लेने से इनकार कर दिया बल्कि उनके साथ असम्मानजनक भाषा का प्रयोग किया।

पंचायत सहायकों ने यह भी आरोप लगाया कि इस दौरान उनके ब्लॉक अध्यक्ष का मोबाइल फोन कार्यालय कर्मचारियों ने छीन लिया ताकि किसी प्रकार की रिकॉर्डिंग या वीडियोग्राफी न हो सके। इस घटना से सभी पंचायत सहायकों में गहरा आक्रोश है। उन्होंने कहा कि तहसील स्तर पर कर्मचारियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है और सम्मानजनक व्यवहार नहीं किया जा रहा।

पंचायत सहायकों ने साफ कहा कि वे एग्री स्टेट डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्य करने को तैयार हैं, लेकिन शासन को पहले जरूरी सुविधाएँ उपलब्ध करानी होंगी। उनकी मुख्य मांगों में उच्च गुणवत्ता वाला स्मार्टफोन या टैबलेट, विभागीय इंटरनेट युक्त मोबाइल सिम कार्ड, कार्य के दौरान दुर्घटना होने पर सुरक्षा व्यवस्था और बीमा शामिल हैं। पंचायत सहायकों ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी की सर्वे के दौरान दुर्घटना या जंगली जीव-जंतु के हमले से मृत्यु हो जाती है तो उसके परिजन को 10 लाख रुपये का बीमा लाभ और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जानी चाहिए।

दूसरी ओर, जब इस प्रकरण पर नायब तहसीलदार अभिषेक मिश्रा से संवाददाताओं ने बात की तो उन्होंने पंचायत सहायकों के आरोपों को खारिज कर दिया। मिश्रा का कहना है कि पंचायत सहायकों को क्रॉप सर्वे कार्य के लिए ब्लॉक सभागार में बुलाया गया था। शासन स्तर से उन्हें क्रॉप कटिंग के लिए पाँच रुपये प्रति इकाई की दर से भुगतान की व्यवस्था है। लेकिन पंचायत सहायकों ने बैठक में सहयोग करने के बजाय विरोध जताया और चार सूत्रीय मांगों को शासन तक पहुँचाने पर अड़े रहे।

फिलहाल, पंचायत सहायक संगठन ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी उचित मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होती, उनका विरोध जारी रहेगा। उनका कहना है कि सम्मान और आवश्यक सुविधाओं के साथ ही वे इस महत्वपूर्ण सर्वे कार्य को ईमानदारी और पूरी क्षमता से संपन्न कर सकेंगे।

# ड्रोन उड़ने की भ्रामक खबर फैलाने वाले 17 अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- भ्रामक सूचना फैलाने वालों पर महोबा पुलिस की सख्त कार्रवाई

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद में अफवाह फैलाने एवं सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के प्रयासों पर रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में प्र0नि0 थाना कुलपहाड़ राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व में थाना कुलपहाड़ पुलिस टीम द्वारा कड़ी कार्रवाई की गई है।

बुधवार को उपनिरीक्षक विकास तिवारी मय हमराह टीम द्वारा नवरात्रि पर्व के मद्देनजर रोकथाम अपराध, वांछित अभियुक्तों की तलाश, बैंक चेकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मुहल्ला सोनकपुरा कस्बा कुलपहाड़ में कुछ लोग रात में ड्रोन उड़ने की अफवाह फैलाकर हंगामा कर रहे हैं।

पुलिस टीम ने प्राप्त सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच किया गया तो पाया गया कि 17 व्यक्तियों द्वारा झूठी अफवाह फैलाकर शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास किया जा रहा था। तत्परता से कार्रवाई करते हुए सभी को कारण बताकर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। 17 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विकास तिवारी, हेड कांस्टेबल विवेक द्विवेदी, हेड कांस्टेबल सुबोध यादव, हेड कांस्टेबल रवि कुमार, हेड कांस्टेबल श्रीपत यादव, कांस्टेबल अभिषेक कुमार शामिल थे।

### महोबा पुलिस कि अपील

महोबा पुलिस आमजन से अपील करती है कि किसी भी प्रकार की अफवाह या झूठी जानकारी फैलाने से बचें। इस प्रकार की हरकतें शांति एवं सौहार्द को बिगाड़ती हैं तथा इनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। महोबा पुलिस अफवाह फैलाने वालों पर शून्य सहिष्णुता की नीति के तहत लगातार सख्त कार्रवाई करती रहेगी।

# मदर टेरेसा फाउंडेशन का कार्यक्रम सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय




समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ

- जो बच्चे आगे पढ़ना चाहते हैं वह फाउंडेशन से संपर्क कर फायदा उठाए

**फर्रुखाबाद।** कस्बा शमशाबाद में सरस्वती ज्ञान मंदिर विद्यालय में सोवरन सिंह की अध्यक्षता में मदर टेरेसा फाउंडेशन के नेशनल चेयरमैन डॉक्टर मोहम्मद नासिर खान व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक मोहम्मद अरशद खान की मौजूदगी में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस मौके पर डॉक्टर असद खान ने संबोधित करते हुए कहा की फाउंडेशन का मकसद कक्षा 10 भाग कक्षा 12 पास बच्चों को आगे की पढ़ाई के लिए फाउंडेशन फीस अपने पास से देकर बच्चों की पढ़ाई करवाता है जो बच्चे आगे की पढ़ाई पढ़ना चाहते हैं वह फाउंडेशन से संपर्क कर फायदा उठाएं इस मौके पर मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान मुशीर आलम तसब्बर अली कुद्दुस खान महफूज खान मुजीब खान मोईद खान अरविंद यादव करणपाल पूर्व प्रधान दिनेश यादव डॉक्टर नासिर खान कायमगंज के यासर खान सहित भारी तादाद में लोग लोग मौजूद रहे।

# नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर देता है राष्ट्रीय सेवा योजना : डॉ. अनुराग

- एमजीयूजी में मनाया गया रासेयो का 57वां स्थापना दिवस समारोह

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा बुधवार को रासेयो के 57वें स्थापना दिवस पर एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिसर में स्वयसेवको ने मानव श्रृंखला बनाई।

रासेयो स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवकों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर प्रदान करता है, जो उन्हें भविष्य में समाज और राष्ट्र के निर्माण में सक्रिय योगदानकर्ता बनाता है। रासेयो के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अखिलेश कुमार दूबे ने राष्ट्रीय सेवा योजना की स्थापना के इतिहास की विस्तार से जानकारी दी। साध्वी नन्दन पाण्डेय के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में स्वयंसेवकों को सामाजिक दायित्वो के लिए शपथ दिलाई गई, जिसमे मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत नारी शक्ति एवं महिला सशक्तिकरण विषय को भी समाहित किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता चिकित्सा विज्ञान संकाय डॉ. चन्द्रशेखर मूर्ति, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आयुष कुमार पाठक, डॉ. रश्मि झा, डॉ. अमित उपाध्याय, अनिल कुमार पटेल, कविता साहनी, सुमन यादव, गरिमा पाण्डेय, धीरज कुमार, डॉ. श्रीनाथ आर, डॉ. वैशाख आर, डॉ.रवि झा, विजय चौधरी के साथ समस्त इकाई के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# आत्मशुद्धि, संयम,भक्ति से मनुष्य अपने मन की स्थिति नियंत्रित कर सकता : डॉ. सचिंद्रनाथ महाराज

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** नवरात्रि का पावन पर्व प्रारंभ हो चुका है। जिसमें दस दिन माता दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना एवं भक्ति का विशेष महत्व है। इस वर्ष श्री कुल पीठाधीश्वर श्री श्री? 1008 डॉक्टर सचिंद्रनाथ महाराज ने श्रद्धालुओं को नवरात्र के हर दिन के आध्यात्मिक संदेश और रहस्य के बारे में बताए, जिससे इस पर्व का अनुभव गहरा और सार्थक बने। नवरात्रि (नव+उत्सव) का अर्थ है। नौ दिनों का उत्सव,जिसमें शक्ति (माँ दुर्गा) के नौ रूपों की पूजा की जाती है। प्रत्येक दिन एक विशेष स्वरूप की पूजा होती है। जैसे माता शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी,चंद्रघंटा आदि, जिनका स्वरूप मनुष्य जीवन में संतुलन, तन्मयता,साहस,ज्ञान आदि गुणों को उत्पन्न करता है। उन्होंने बताया कि,यह समय आत्मशुद्धि,संयम,भक्ति तथा मन की स्तिथि को नियंत्रित कर अंतर्दृष्टि व आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपयुक्त माना जाता है।

श्री कुल पीठाधीश्वर डॉ.सचिंद्रनाथ महाराज ने कहा कि,मां दुर्गा के प्रति श्रद्धा और गुरु की आज्ञा ही भक्त को सही दिशा दिखाती है। जिस प्रकार माँ दुर्गा शक्ति का स्रोत हैं,उसी प्रकार गुरु आध्यात्मिक ऊर्जा का माध्यम हैं। साधना,उपवास,जप,ध्यान आदि अभ्यासों द्वारा मन और इंद्रियों को निष्क्रियता से सक्रियता की ओर, विकारों से निरोगता की ओर ले जाना आवश्यक है।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस संपन्न, उर्वरक व पर्याप्त विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सम्बन्धित विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कृषक बन्धु उपस्थित रहे।

बैठक में सर्वप्रथम केवीके छेरत के वैज्ञानिकों ने रबी की मुख्य फसल गेहूँ, सरसों एवं आलू की बुआई, तकनीक एवं प्रबंधन पर विस्तार से जानकारी दी और कृषकों की समस्याओं का समाधान किया। जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तौमर ने कृषकों को आलू बीज की बुकिंग 30 सितम्बर तक एवं हाईटेक नर्सरी से पौध तैयार कराने की जानकारी दी।

कृषकों द्वारा धान की सरकारी खरीद के लिए कांटे लगाने की मांग पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने अवगत कराया कि 01 अक्टूबर से जिले में 14 केन्द्रों पर धान की खरीद प्रारम्भ कर दी जायेगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुपालन से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी और निराश्रित गौवंशों को गौशाला तक पहुंचाने के लिए नजदीकी पशु चिकित्सक, खण्ड विकास अधिकारी या उनके मोबाईल नम्बर (9936100914) पर सूचना देने की अपील की।

जिलाधिकारी ने कृषकों ने बिजली आपूर्ति में सुधार एवं उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग पर विद्युत विभाग के अधिकारियों को तत्काल शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिला कृषि अधिकारी ने अवगत कराया कि जिले में वर्तमान में 10923 मीट्रिक टन डीएपी एवं 10422 मीट्रिक टन एनपीकेएस उर्वरक उपलब्ध है। उर्वरक सरकारी समितियों पर भेजा जा रहा है और प्राइवेट रेक आने पर निजी दुकानों पर भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कृषकों को उर्वरक क्रय करते समय अपना आधार कार्ड व खतौनी साथ लाने की अपील की गई।

# राजकीय महिला महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



- छात्राओं ने पोषण को लेकर नुक्कड़ नाटक किया

अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं गृह विज्ञान विभाग द्वारा सेवा पखवाड़ा तथा राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन राजकीय महिला महाविद्यालय बी.एल.डब्ल्यू में किया गया।आयोजित कार्यक्रम के महत्व के बारे में बताते हुए विभागाध्यक्ष गृह विज्ञान डॉ.साधना अग्रवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.सौम्या शर्मा ने सेवा पखवाड़ा तथा राष्ट्रीय पोषण माह के महत्व और उपयोगिता के विषय में छात्र-छात्राओं का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया कि,पोषण के माध्यम से हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर बृज किशोर त्रिपाठी ने बताया कि, किस प्रकार मिलेट और अन्य पोषक आहार द्वारा रक्ताल्पता को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। ऐसे में पोषण माह जैसे आयोजन बहुत अधिक उपयोगी सिद्ध होते हैं। मुख्य अतिथि ने विभागाध्यक्ष और कार्यक्रम अधिकारी को इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करने हेतु शुभकामनाएं दीं छात्राओं ने इस अवसर पर पोषण को लेकर अलग-अलग नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन के साथ पोषण गीत का गायन हुआ। साथ ही इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता,स्लोगन प्रतियोगिता,पोस्टर प्रतियोगिता,रंगोली प्रतियोगिता एवं व्यंजन प्रतियोगिता में भी छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर डॉ.शुभ लक्ष्मी त्रिपाठी,डॉ.उमा श्रीवास्तव,डॉ. रचना शर्मा,डॉ.कमलेश कुमार तिवारी, डॉ. रजनीश चंद्र त्रिपाठी, डॉ.संजय खरवार, डॉ.प्रज्ञा, डॉ.मृत्युंजय,डॉ.श्वेता,निरंजन पांडे,हरे कृष्णा मिश्रा, दुर्गा राम कृत सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# पावर ग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा स्वच्छता पखवाड़े का किया गया आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया के सौजन्य से पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरपुर बुदहट प्रथम सहजनवा गोरखपुर के बच्चों से स्वच्छता पखवाड़े के अन्तर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें सफल पांच बच्चों को स्कूल बैग देकर पुरस्कृत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी यज्ञ नारायण वर्मा ने कहा स्वच्छता से सम्बन्धित हैडवास, नाखून और व्यक्तिगत स्वच्छता पर जोर दिया।

विशिष्ट अतिथि श्री डी0पी0सिंह महाप्रबंधक पावर ग्रिड कारपोरेशन आफ इंडिया ने स्वच्छता के महत्व को रेखांकित किया।उप महाप्रबंधक गौतम श्रीवास्तव प्रधान मदन मुरारी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक /प्राथमिक शिक्षक संघ सहजनवा के अध्यक्ष महेश कुमार शुक्ल ने सभी को स्वच्छता शपथ दिलाई। इस अवसर पर संध्या भारती,बिन्दु कुमारी प्रतिमा निगम,अनुराधा सिंह अनुदेशिका पावर विकास गुप्त, लक्ष्मी निधि उपाध्याय और मनोज कुमार पाण्डेय की उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन राजन शुक्ल द्वारा किया गया।प्रथम पुरस्कार - प्रतिज्ञा कक्षा 7, द्वितीय पुरस्कार श्रीकान्ती कक्षा -8, तृतीय पुरस्कार सुकन्या कक्षा -8 चतुर्थ पुरस्कार अरुण कक्षा 6 और पंचम पुरस्कार अंशू कक्षा 8 को प्राप्त हुआ।

# खनन विभाग व आरटीओ द्वारा संयुक्त चेकिंग में दो ओवरलोड ट्रक किए सीज

**अवधनामा संवाददाता, फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी के निर्देशन में आज प्रातः जिला खनन अधिकारी संजय प्रताप तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा बघार तथा मोहम्मदाबाद क्षेत्र में खनन सामग्री का परिवहन करने वाले वाहनों के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान खनन सामग्री का परिवहन करने वाले ओवरलोड/ अवैध परिवहन एवं टैक्स बकाया के ट्रकों/डम्पर को सीज कर दिया गया जिसमे विभाग द्वारा रुपए 40000/- तथा परिवहन विभाग द्वारा 29,000/- का जुर्माना लगाया गया है।

## स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया

फर्रुखाबाद में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान संचालित किया गया जिसके तहत पुलिस लाइन फतेहगढ में मिलिट्री हॉस्पिटल से मेजर गरिमा एंड मेजर शीना द्वारा महिला पुलिस कर्मियों को को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया।

# वातानुकूलित क्लास की मांग को लेकर आईटीएम में बीफार्मा छात्राओं का हंगामा

**अवधनामा संवाददाता, गोरखपुर।** आईटीएम गीडा में बुधवार को बीफार्मा के छात्रों ने वातानुकूलित क्लास की मांग को लेकर कक्षा का बहिष्कार करते हुए खूब हंगामा काटा। बाद में प्रबंध तंत्र के आश्वासन पर छात्र शांत हुए। छात्रों ने आरोप लगाया कि नामांकन के समय वातानुकूलित क्लास में पढ़ाई कराने के लिए प्रबंध तंत्र द्वारा 1.50 लाख रुपया लिया जाता है। केवल 20 दिन वातानुकूलित कमरे में पढ़ाई कराने के बाद क्लास को बंद कर दिया गया और नान एसी कमरे में कक्षा चलाने लगी। जब छात्रों ने विरोध किया तो एचओडी और डीन मिलकर छात्रों को हड़काने लगे। यहां तक फेल करने की भी धमकी देने लगे थे। जिसको लेकर छात्र उग्र हो गए। और प्रबंध तंत्र के खिलाफ हंगामा करने लगे। छात्रों ने यहां तक भी आरोप लगाया कि एचओडी और डीन मिलकर छात्रों का इंटरनल नंबर भी कम कर देते है। और जबरन फैल करने की कोशिश की जाती है। इस संदर्भ में डायरेक्टर आईटीएम डा एनके सिंह ने कहा कि वातानुकूलित कमरे की मरम्मत की जा रही है। छात्र अनुशासनहीनता कर रहे थे। जिन्हें शांत करा दिया गया है।हंगामा करने वालो में अंकित,आनंद,अभिषेक वर्मा, श्रीकिशून,विशाल दुबे,आर्यन यादव,नमन कुमार,प्रीति यादव,श्वेता यादव सहित आने छात्र और छात्रा मौजूद थे।

## मैंने हमेशा ऐसी शादी का सपना देखा था : अविका



**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** अभिनेत्री अविका गोर अपने मंगेतर मिलिंद चंदवानी के साथ 30 सितम्बर को,नवरात्रि के शुभ दिनों में, शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। इस बहुप्रतीक्षित उत्सव का जश्न जल्द ही कलर्स के रियलिटी शो 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा' में दिखाई देगा, जिससे उनका यह सपनों जैसा विवाह देशभर के प्रशंसकों के लिए एक यादगार पल बन जाएगा। अविका ने कहा,÷मिलिंद और मैं बेहद खुश हैं यह बताते हुए कि हम 30 सितम्बर को,नवरात्रि के शुभ दिनों में, शादी करने जा रहे हैं। परिवार और शुभचिंतकों के आशीर्वाद और प्यार के साथ इस नए और खूबसूरत सफर की शुरुआत करना हमारे लिए अविश्वसनीय अनुभव है। आज हमने नवरात्रि के पहले दिन सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किए और अब हम अपने शादी के निमंत्रण भेजना शुरू करेंगे। जिससे यह पल और भी खास बन गया है। मैंने हमेशा एक ऐसी शादी का सपना देखा था जिसे पूरी दुनिया मेरे साथ सेलिब्रेट करे, और मैं खुद को धन्य मानती हूँ कि यह सपना अब सच हो रहा है।÷निविया बॉडी मिल्क प्रस्तुत करता है 'धमाल विद पति पत्नी और पंगा-जोड़ियों का रियलिटी चेक',जिसे को-पॉवर्ड किया है शुगर फ्री ग्रीन,कैडबरी डेयरी मिल्क,पोअर होम एयर फ्रेशनर्स, एन्वी परफ्यूम्स, लॉरियल पेरिस हायलूरॉन प्योर और अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल ने स्पेशल पार्टनर्स- कोल्गेट और कैच मसाले शामिल होंगे।

## त्योहारों को देखते हुए कमिश्नर पुलिस द्वारा किया गया रूट मार्च

**अवधनामा ब्यूरो, वाराणसी।** वाराणसी कमिश्नरेट पुलिस आगामी त्यौहार को लेकर प्रत्येक चौकी थाना क्षेत्र में रूट मार्च के लिए आदेश जारी किया। इसी क्रम में आज बुधवार को कमिश्नरेट पुलिस अपने दल बल के साथ जयसवाल पैटोलपम्प से हुकुलगंज होते हुए पान्डेपुर चौराहे से पंचकोशी मार्ग तक रूट मार्च किया। इस दौरान एस0आई0 करुणाशील लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील करते हुए बताया कि,ऐसे अवसरों का शरारती तत्व फायदा उठाते हैं। ऐसे लोगों के बारे में पुलिस को तुरन्त सूचना दे। उन्होंने लोगों से भाईचारा कायम रखते हुए शान्ति ब्यवस्था बनाये रखने में शासन प्रशासन के मदद की अपील की।रूट मार्च में एस0आई0 करुणाशील के साथ हेड कांस्टेबल जितेंद्र यादव,पवन सिंह सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहे।

# 500 महिलाओं ने तलवारों के साथ किया गरबा

- नवरात्रि पर दिया नारी शक्ति का संदेश
- मिशन शक्ति 5.0 को समर्पित कार्यक्रम में नारी शक्ति का प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता



**महोबा।** मां चंद्रिका उत्सव समिति के तत्वावधान में गरबा डांडिया उत्सव का आयोजन सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज परिसर में आयोजित किया गया, जहां पर करीब 500 महिलाओं, युवतियों और बच्चियों ने भाग लेकर बेहतरीन गरबा डांडिया नृत्य से लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया। उत्सव में शामिल महिलाएं रंग बिरंगी पोशाक पहनकर गरबा और डांडिया नृत्य के जरिए मां की आराधना करते हुए उन्हें प्रसन्न करने में लगी रहीं।

कालेज परिसर में नवरात्र पर्व पर हुए गरबा डांडिया उत्सव की शुरुआत मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह ने मां चंद्रिका माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जलित की गई। 500 महिलाओं किशोरियों ने अलग अलग समूह बनाकर मां भक्ति में लीन होकर ढोल नगाड़ों की धुन पर गरबा और डांडिया नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं महिलाओं द्वारा हाथों में तलवार लेकर किया गया नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। उत्सव में महिलाओं और युवतियों ने तमाम फिल्मी गीतों डोली ला डाल रे बगार, केसरिया रंग लागे रे गरबा, नो सौ रुपया रोकड़ा सा, मेरे घर में गजानन गरबा, रुनझुन पधारे मेरी मां, हे राम रे सबसे बड़ा तेरा नाम रे आदि पर नृत्य कर सबका मन मोह लिया। इस भक्ति मय कार्यक्रम को देखने के लिए भारी संख्या में लोगों की भीड़ जुटी रही।

उत्सव के मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि महोबा वीरभूमि है और बुंदेलखंड की महिलाएं वीरता का प्रतीक रहीं है। तलवारों संग गरबा का यह अद्भुत दृश्य समाज को यह संदेश देता है कि महिलाएं संस्कृति की संरक्षक होने के साथ साथ अपनी सुरक्षा की प्रहरी भी हैं। कार्यक्रम में पुलिस ने भी मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन का भी संदेश दिया। मां चंद्रिका उत्सव समिति की महिलाओं ने बताया कि पिछले एक पखवाड़ा से युवतियों, महिलाओं और बच्चों को गरबा और डांडिया का प्रशिक्षण दिया गया था, जिससे उत्सव को भव्य स्वरुप दिया जा सके। उत्सव में भाग ले रही निष्ठा ने कहा कि वे रानी लक्ष्मीबाई से प्रेरणा लेकर यह संदेश दे रही हैं कि महिलाएं अपने सम्मान की रक्षा के लिए कभी भी तलवार उठा सकती हैं। मिशन शक्ति 5.0 के तहत यह आयोजन महिलाओं में आत्मविश्वास जगाने का प्रयास है।

# नैनो उर्वरक से लागत घटेगी, बढ़ेगा उत्पादन, कृषकों को मिली नई तकनीक

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा ओजोन क्लब में आलू उत्पादक कृषकों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त कृषि निदेशक अलीगढ़ मंडल श्रवण कुमार ने की।

कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक अरुण कुमार चौधरी, उप निदेशक कृषि रक्षा डॉ. सतीश कुमार मलिक, जिला कृषि अधिकारी धीरेंद्र सिंह चौधरी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक नागेंद्र पाल सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र अध्यक्ष डॉ0 अनन्त कुमार, वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ0 अशरफ अली, मुख्य वैज्ञानिक डॉ0 आनंद कुमार सहित 100 से अधिक प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इफको क्षेत्रीय प्रबंधक बी.के. निगम ने किया।

वैज्ञानिकों ने नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया के प्रयोग से लागत घटाने और उपज की गुणवत्ता बढ़ाने पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 आनंद कुमार ने कहा कि नैनो उर्वरकों के प्रयोग से पारंपरिक उर्वरक की मात्रा आधी करके भी बेहतर उत्पादन लिया जा सकता है। डॉ0 अशरफ अली ने विभिन्न फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन की जानकारी साझा की।

क्षेत्रीय प्रबंधक बी.के. निगम ने नैनो तकनीक को भूमि, जल और वायु प्रदूषण कम करने का कारगर उपाय बताया। सहायक आयुक्त नागेंद्र पाल सिंह ने सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरक वितरण और सदस्यता महाअभियान में सहभागिता का आह्वान किया।

संयुक्त कृषि निदेशक श्रवण कुमार ने नैनो को भविष्य का उर्वरक बताते हुए कहा कि उर्वरक का प्रयोग केवल आवश्यकता अनुसार ही किया जाए। उन्होंने कार्बन क्रेडिट, संतुलित उर्वरक उपयोग एवं कृषि के नए आयामों पर कृषकों को मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में संजय सिंह, सतीश तोमर सहित अनेक कृषक एवं गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# जीएसटी 2.0 से व्यापारियों तथा ग्राहकों को मिलेगा सीधा लाभः सूर्य प्रताप शाही

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बुधवार को सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि नेक्स्ट जेनरेशन जीएसटी रिफार्म 'जीएसटी 2.0' देश के 142 करोड़ नागरिकों के लिए सहूलियत भरा कदम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2014 में 'वन नेशन-वन टैक्स' की परिकल्पना की थी, जिसके तहत 2017 में जीएसटी लागू किया गया। वैट, एक्साइज, कस्टम ड्यूटी, सर्विस टैक्स जैसे अनेक करों को समाहित कर एक कर प्रणाली बनाई गई, जिससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली और भारत वैश्विक स्तर पर 11वें से चौथे स्थान पर पहुंच गया।मंत्री ने बताया कि जीएसटी लागू होने पर पांच स्लैब थे, वर्तमान में इसके चार स्लैब थे, जिन्हें अब सरल बनाकर केवल दो प्रमुख दरों 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में समाहित किया गया है। 28 और 12 प्रतिशत के स्लैब समाप्त कर दिए गए हैं। दूध,




दाल, चावल, मसाले, पनीर जैसी 135 आवश्यक वस्तुएं अब शून्य या 5 प्रतिशत की दर पर उपलब्ध होंगी। किसानों को राहत देते हुए ट्रैक्टर और कृषि यंत्रों पर कर 12-18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दिया गया है। वहीं, 2500 रुपये तक के रेडीमेड कपड़ों पर कर 18 से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है। होटल-रेस्टोरेंट, कार व मोटरसाइकिल, फुटवेयर पर टैक्स कम किया गया है, जबकि जीवन रक्षक दवाओं को शून्य कर श्रेणी में लाया गया है। उन्होंने कहा कि इन सुधारों से उपभोक्ताओं की खरीद क्षमता बढ़ेगी और छोटे व्यापारियों को सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही सरकार ने आयकर में भी बड़े बदलाव करते हुए टैक्स फ्री सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 12 लाख कर दी है। मंत्री ने कहा कि डीबीटी प्रणाली से बिचौलिए खत्म हुए और योजनाओं का लाभ सीधे खाते में पहुंचा।

वन नेशन-वन टैक्स से देश का इन्फ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है। अयोध्या में एयरपोर्ट, मेडिकल कॉलेज और आधुनिक रेलवे स्टेशन इसका उदाहरण है।

मोदी सरकार में पात्र लाभार्थियों को शौचालय, मुफ्त बिजली कनेक्शन और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का लाभ भी मिला है। प्रेस वार्ता में पूर्व सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचंद्र यादव, चंद्रभान पासवान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, शैलेंद्र कोरी दिवाकर सिंह, बबलू मिश्रा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मजलूमों, पीड़ितों और गरीबों की मदद के लिए मैं हर समय तैयारः डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा

**अयोध्या।** गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. सर्वेश कुमार वर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जनहित के कार्यों को सर्वोपरि मानकर कार्य कर रही है। दर्शन नगर स्थित एक होटल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे पार्टी के सच्चे सिपाही हैं और समाज को जोड़ने का कार्य निरंतर कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया था, जिनमें से कई मुद्दों पर मुख्यमंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए योजनाओं की शुरुआत भी कर दी है। डॉ. वर्मा ने दावा किया कि वे वर्ष 2013 से समाज सेवा में सक्रिय हैं और गोसाईगंज विधानसभा का हर घर उन्हें अपना मानता है। डॉ. वर्मा ने कहा, मजलूमों, पीड़ितों और गरीबों की मदद के लिए मैं हर समय तैयार हूं। मेरा मोबाइल 24 घंटे आमजन के लिए खुला है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों के माध्यम से युवाओं से जुड़ने की मुहिम भी चलाई जा रही है।

# सांसद अवधेश प्रसाद ने गेस्ट हाउस कांड को लेकर की प्रेसवार्ता, दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान सांसद अवधेश प्रसाद ने फतेहगंज स्थित खीर वाली गली में सामने आए गेस्ट हाउस कांड पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह श्रीराम की पवित्र धरती पर इस प्रकार का अनैतिक कार्य हो रहा था, वह अत्यंत शर्मनाक और निंदनीय है।सांसद ने बताया कि वह स्वयं मौके पर गए थे, जहां मोहल्ले के अनेक लोग एकत्र होकर अपनी व्यथा साझा कर रहे थे। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया चौकी के बगल की एक चकला घर (अवैध गतिविधियों का अड्डा) लंबे समय से संचालित हो रहा था, जिसकी शिकायत समय-समय पर स्थानीय पुलिस चौकी को दी जाती रही, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कहा इसी कारण से लड़कियों के रिश्ते टूट जाते थे, समाज में बदनामी होती थी लेकिन पुलिस मूकदर्शक बनी रही। यह सब कार्य पुलिस चौकी की जानकारी में था। उन्होंने सवाल उठाया कि पिछले 7-8 वर्षों में जितने भी चौकी प्रभारी यहां तैनात रहे, उनकी विस्तृत जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए।

सांसद ने स्पष्ट तौर पर मांग की कि इस प्रकरण में शामिल सभी व्यक्तियों और संलिप्त पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से अपील की कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए चकला घर पर बुलडोजर' कार्रवाई करें उन्होंने कहा, जो लोग शिकायत करते थे, उन्हें ही पुलिस धमकाती थी। यह श्रीराम की मर्यादा का अपमान है। अब यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा उन्होंने ऐसी गतिविधियों की उच्चस्तरीय जांच हो

पिछले 7-8 वर्षों में तैनात सभी चौकी प्रभारियों की जांच,दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई , बुलडोजर कार्रवाई,मोहल्ले के लोगों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए।

## बच्चों के भविष्य निर्माण में माता पिता की बढ़ीं जिम्मेदारियां: ब्रिजेश रावत



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़।** तहसील क्षेत्र कोठी बाज़ार में स्थित बाल विकास विद्या मंदिर इंटर कालेज में आज शिक्षक अभिभावक सम्मलेन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रधानाध्यपक श्री विक्रम सिंह द्वारा उपस्थित लगभग पांच हजार बच्चों के अभिभावकों को उनकी ज़िम्मेदारी से अवगत कराया। श्री राम करन सिंह की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि श्री ब्रिजेश कुमार रावत भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने कहा की मौजूदा दौर में शिक्षा में प्रतिस्प्रधा बढती जा रही है इसलिए अब स्कूल के साथ साथ माता पिता की ज़िम्मेदारियां भी बढ़ गई हैं। बच्चों पढाई में सहयोग के साथ ही समय पर उचित खान पान की व्यवस्था, स्वास्थ्य व् सामाजिक रहन सहन की देखभाल अति आवश्यक हो गया है। इस औसर पर श्री राम मिलन वर्मा,श्री रमेश सिंह,श्री अभय राज सिंह,श्री आनंद पांडे,श्री अनिल वर्मा,जय प्रकाश वर्मा, व हबीब हुसैन इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने निर्मलीकुण्ड विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आज निर्मलीकुण्ड विसर्जन स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मूर्ति विसर्जन हेतु सरयू नदी में निर्धारित जलस्तर के अनुसार व्यवस्था कराये जाने तथा प्लेटफार्म व बेरिकेटिंग आदि का कार्य समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने विसर्जन स्थल निर्मलीकुण्ड पर समुचित प्रकाश व्यवस्था, टैंकरों से पेयजल की व्यवस्था, चूने एवं एन्टीलार्वा का छिड़काव, विसर्जन स्थल पर पब्लिक एनाउंसमेंट आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि विसर्जन हेतु प्लेटफार्म का प्लेटफार्म का सीमेंट बैग में मिट्टी भरकर रखवाने की व्यवस्था तथा सुरक्षा हेतु बल्लियों को नदी के किनारे पाइलिंग कराया जाय तथा पर्याप्त गहराई के लिए पुकलैंड के द्वारा गहराई बढ़ाई जाए, जिससे मूर्तियों का विसर्जन समुचित तरीके से हो सकें।

## मसौली थानाध्यक्ष अमित ने मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ किया

*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** शिक्षा क्षेत्र मसौली के कंपोजिट विद्यालय करपिया में बुधवार को मीना मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे बालिकाओं को उनके विकास और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करते हुए स्वच्छता के महत्व बताया गया। मीना मंच एव मिशन शक्ति कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने दीप प्रज्वलित करते हुए केक काट कर किया तथा विद्यालय के छात्र छात्राओं से रूबरू होते हुए प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह ने महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत टोलफ्री नंबरों की जानकारी देते हुए कहा कि किसी भी व्यक्ति द्वारा छींटाकशी, छेड़खानी, सोशल मीडिया से परेशान करना या अनजान व्यक्ति पर किसी प्रकार का संदेह होने पर तत्काल 1090 व 112, 1076 सहित अन्य मोबाइल नंबरों पर फोन करके सूचना दें। पुलिस को सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा। थाने पर महिला हेल्प डेस्क है, जिस पर महिला



पुलिस अधिकारी व कर्मचारी हमेशा मौजूद रहती हैं। थाने पर जाकर अपनी समस्या से अवगत करा सकती हैं। मीना मंच के तहत विद्यालयों में स्वच्छता पर जागरूकता अभियान चलाए गये, जिनमें छात्र-छात्राओं को साफ-सफाई के महत्व, बीमारियों से बचाव और स्वच्छ वातावरण के बारे में जानकारी दी गई। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा बेटी हूँ मैं, तारा बनूँगी बेटी हमारी अनमोल तथा आरम्भ है प्रचण्ड गीत की आकर्षक प्रस्तुतियाँ दी गईं। विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं का प्रदर्शन सराहनीय रहा, जिसने समस्त श्रोताओं के हृदय में नवचेतना का संचार किया। कार्यक्रम मे संतोष राय एंड पार्टी द्वारा रंगारंग कार्यक्रम मे सुप्रसिद्ध गायक संतोष राय द्वारा राधा अगर मुरली की दीवानी न होती व गायक आनन्द पांडेय द्वारा हे दुर्गा माई दुख दूर कई दा, बजरंग बली तेरा क्या कहना, आदि भक्ति गीत गाकर वहां मौजूद सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में कंपोजिट विद्यालय करपिया के प्रधानाध्यापक एसआरजी अवधेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक अध्यापक संजय कुमार श्रीवास्तव ग्राम प्रधान करपिया, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की अध्यापिकाएँ, अभिभावकगण एवं ग्रामवासी गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस आयोजन के साक्षी बने।

## महर्षि सुखदेव ने राजा जनक को अपना गुरु स्वीकार किया था: पंडित महेंद्र

**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** ग्राम पंचायत नेवला के मोहल्ला उतर मे चल रहे दुर्गा पूजा महोत्सव के तीसरे दिन श्रीराम कथा के दूसरे दिन कथावाचक पंडित महेंद्र मृदुल ने सुखदेव की कथा सुनाकर कर भक्ति मे लीन कर दिया। भगवतकथा के दूसरे दिन कथावाचक ने कथा सुनाते हुए बताया कि भगवान शिव जब पार्वती को अमर कथा सुना रहे थे, तब एक तोता हुंकारी भरता था. शिव ने त्रिशूल से उसका पीछा किया तो वह भागकर वेदव्यास के आश्रम में घुस गया और उनकी पत्नी के गर्भ में छिप गया, जहां वह 12 साल तक रहा. श्रीकृष्ण के आश्वासन के बाद वह गर्भ से बाहर निकला. जन्मते ही वह संसार से विरक्त होकर वन की ओर भागा, लेकिन श्रीव्यासजी के बार-बार कहने पर वह श्रीमद्भागवत कथा का ज्ञान अर्जित किया और राजा परीक्षित को भागवत सुनाई।

## अज्ञात रोडवेज बस ने स्कूटी सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, घायल

**मसौली बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** बुधवार की दोपहर गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित बड़ागांव क्रासिंग पर हाइवे पार करते समय अज्ञात रोडवेज बस की चपेट मे आ जाने से 65 वर्षीय स्कूटी सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिन्हे इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया है।थाना क्षेत्र के ग्राम् बड़ागांव निवासी 65 वर्षीय वृद्ध मो0 तूफेल पुत्र दस्तगीर बुधवार को किसी कार्य के लिए शहर की ओर गये थे वापसी के दौरान बड़ागांव क्रासिंग पर जैसे ही अपनी स्कूटी मोड़ी वैसे ही बाराबंकी से रामनगर की ओर तेज रफ्तार मे जा रही रोडवेज बस टक्कर मार दी जिससे स्कूटी सवार मो0 तूफेल दूर जा गिरे जिनके सिर एव पैर मे गंभीर छोटे आयी है इलाज के लिए सीएचसी बड़ागांव मे भर्ती कराया गया है।

## मोटरसाइकिल से गिरकर आंगनबाड़ी कार्यकत्री की मौत

**मिठौरा (महराजगंज)। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत चौक में एक दर्दनाक सड़क हादसे में आंगनबाड़ी कार्यकत्री दुर्गावती की मौत हो गई। दुर्गावती नगर पंचायत चौक वार्ड नंबर 4 में अपने पति रामु के साथ रहती थीं। सोमवार को वह अपने मायके से ससुराल लौट रही थीं। केवलापुर के पास उनकी मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर गिर गई। स्थानीय लोगों ने घायल दुर्गावती को एंबुलेंस से चौक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दुर्गावती के परिवार में एक पुत्र और दो पुत्रियां हैं। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर।

## आठवीं की छात्रा संजीवनी बनीं एक दिन की डीएम

**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनरा की कक्षा 8 की छात्रा संजीवनी मंगलवार को एक दिन की जिलाधिकारी बनीं। संजीवनी ने कार्यभार संभालते ही करीब 15 फरियादियों की समस्याएं सुनीं, जिनमें भूमि, पुलिस और ग्राम्य विकास विभाग से जुड़े मामले अधिक रहे। एक फरियादी द्वारा चुनाव संबंधी विवाद में प्रतिपक्षियों से धमकी दिए जाने की शिकायत पर संजीवनी ने तुरंत कोतवाल सदर से फोन पर वार्ता की और कार्रवाई के निर्देश दिए। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने संजीवनी को डीएम के दायित्व और कार्यप्रणाली से अवगत कराया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री ऋद्धि पांडेय ने बताया कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ाने और महिला सुरक्षा व स्वावलंबन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए जनपद की छात्राओं को एक दिन का डीएम, एसपी, सीडीओ और बीएसए बनाया जा रहा है। संजीवनी ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि एक दिन की डीएम बनकर उन्हें महसूस हुआ कि जिलाधिकारी का दायित्व कितना व्यापक होता है। उन्होंने कहा कि वे भी कड़ी मेहनत कर भविष्य में आईएएस बनकर देश और समाज की सेवा करना चाहती हैं। जिलाधिकारी श्री शर्मा ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एसडीएम प्रेम प्रकाश पांडेय, बीएसए सुश्री ऋद्धि पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## समय से भोजन करने से स्वस्थ जीवन ही सुखमय जीवन होता है: महेश चंद्र



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** महिलाए आज किसी भी क्षेत्र मे पुरुषों से पीछे नही है गांव से ही निकली महिलाए आज शीर्ष पद पर है उदाहरण के तौर पर हमारे देश एव प्रदेश की प्रथम नागरिक महिलाए ही है आप लोग अपना मॉडल समझ कर आगे बढ़ने मे सदैव तत्पर रहे कामयाबी अवश्य मिलेगी क्योकि मेहनत कभी भी बेकार नही होती है। उक्त बाते बुधवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव के सीएससी सभागार मे दो दिनों से चल रही वात्सलय संस्था के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर मे प्रतिभागी किशोरियो को प्रमाण पत्र वितरित करते हुए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बड़ागांव के प्रधानाचार्य महेश चंद्र ने कही उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन ही सुखमय जीवन का मुख्य सूत्र है आप लोग समय से खाना खाये क्योकि अक्सर देखा जाता है कि महिलाए परिवार के साथ खाना न खा कर बाद मे खाना खाती है जो दिनचर्या से अलग हो जाता हैं जिससे पुरुषों की अपेक्षा महिलाओ मे हमेशा खुन की समस्या बनी रहती है जिससे बचने के लिए खानपान अवश्य ध्यान दे। माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर चल रहे दो दिवसीय प्रशिक्षण मे 18 ग्राम पंचौतो से आई हुई 36 किशोरियों को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन एवं प्रजनन स्वास्थ्य एवं पारिवारिक जीवन शिक्षा के बारे में प्रशिक्षण दिया गया।

## बाराबंकी को नशामुक्त करने के लिए सागर इंस्टीट्यूट के 250 छात्रों ने लिया शपथ



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिलाधिकारी के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत मादक पदार्थों का सेवन की रोकथाम एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन अयोध्या रोड स्थित सागर इंस्टीट्यूट आफ टेक्नालाजी एण्ड मैनेजमेण्ट में किया गया। कार्यक्रम के अतिथि उप क्षेत्रीय मद्य निषेध अधिकारी बृजमोहन, नारकोटिक्स सेल पुलिस विभाग के प्रभारी अनूप शुक्ला, जिला मद्य निषेध अधिकारी नीतू सिंह, ड्रग्स इंस्पेक्टर रजिया बानो, हास्य व्यंग्य के रचनाकार अनिल कुमार श्रीवास्तव लल्लू समाज कल्याण विभाग के प्रधान कार्यालय सहायक सुबोध श्रीवास्तव, बृजेश कुमार, बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, आनंद पथ नशामुक्ति केंद्र से विनोद कुमार सहित सागर इंस्टीट्यूट की चेयरपर्सन डॉ मधु अग्रवाल, अध्यक्षा, जनरल सेक्रेटरी मानस झुनझुनवाला, निदेशक डॉ0 जे0बी0 सिंह, प्रिंसिपल सविता उपाध्याय रजिस्ट्रार राजकुमार, विभागाध्यक्ष डॉ अखिलेख त्रिपाठी, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर सहरीन हिजाब व अन्य फैकल्टी तथा 250 छात्र-छात्राएं बाराबंकी को नशामुक्त करने की शपथ ली।

## जैदपुर आबादी में लगे कूड़ा डेस्टबिन मे कई दिनों से सफाई ना होने से दुर्गंध



**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** नगर पंचायत जैदपुर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। वार्ड रईस कटरा के मोहल्ला ब्रह्मनान पुरानी पुलिस चौकी व दर्ज़ी मोहल्ला में सफाई व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। पवित्र नवरात्र में लोग इसी रास्ते से सुबह मंदिर को जाते हैं ऐसे में सफाई व्यवस्था दुरुस्त नहीं होने पर अत्यधिक दुर्घत आती है जिससे लोगों का निकलना मश्किल हो जाता है जिससे आसपास रह रहे लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। स्थानीय सभासद ताहिर अंसारी ने बताया कि नगर पंचायत के अधिशाषी अधिकारी महोदय जब से नगर पंचायत जैदपुर मे आये हुए हैं अभी तक वार्ड रईस कटरा का सर्वे तक नहीं किया है ऐसे में महोदय को किया पता है की वार्ड की दैनि दशा किया है।सफाई कर्मचारीयों पर एक से अधिक मैट है लेकिन उन्हें भी नगर पंचायत के आका कार्यालय में ही बैठाये रहते हैं ऐसे में सभासद सफाई कर्मचारीयों से काम कहते है लेकिन कोई असर नहीं होता है। कूड़े से उठती दुर्गंध के कारण आसपास संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी बत से बत्तर हो जाता है।

## चोरी की फर्जी अफवाह फैलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**जैदपुर बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** एक सप्ताह से चोरी की अफवाहों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बना है। जबकि ये मात्र एक अफवाह है।जिसे लेकर जैदपुर पुलिस ने बुधवार को फर्जी अफवाह फ़ैलाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार जैदपुर थाना के क्षेत्र के नगर पंचायत जैदपुर सहित आस पास ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग एक सप्ताह से चोरी की दहशत फैलने से हर तरफ लोग जाग जाग रखवाली कर रहे हैं। वहीं महिलाओं सहित मासूम बच्चों में भी दहशत का माहोल बना हुआ है जोकि मात्र एक अफवाह साबित हो रही।

## रामपुरमीर कंपोजिट विद्यालय में मीना मंच मेले का आयोजन




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** मिठौरा क्षेत्र के पीएम श्री पूर्व माध्यमिक विद्यालय रामपुरमीर कंपोजिट में मीना मंच मेले का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के अध्यक्ष विद्यासागर पटेल और पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहनापुर कंपोजिट के सहायक अध्यापक अविनाश मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीपप्रज्वलन कर किया। अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती नीलम ने की।

मेले में मीना मंच से जुड़े विभिन्न टीएलएम प्रदर्शित किए गए, जिनमें विज्ञान मॉडल, गणितीय सूत्र, विज्ञान के खेल, स्वास्थ्य और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी, पास्को कानून, हेल्पलाइन नंबर, मीना मंच की आवश्यकता और उद्देश्य से संबंधित सामग्री आकर्षण का केंद्र रही। छात्रों बिट्टू और हर्ष यादव द्वारा प्रस्तुत चंद्रयान-3 का वर्किंग मॉडल विशेष सराहना का पात्र बना। कार्यक्रम का संचालन अनिल प्रजापति ने किया।

## परतावल में भव्य बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम




**महराजगंज।** नगर पंचायत परतावल वार्ड नंबर 14, महात्मा गांधी नगर अकटहवा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर समाज में बेटियों की शिक्षा, सुरक्षा और स्वावलंबन पर सार्थक चर्चा हुई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ क्षेत्रीय अध्यक्ष वीना तिवारी रहीं। उन्होंने कहा कि बेटियां केवल परिवार का गौरव नहीं, बल्कि देश की प्रगति की मजबूत नींव हैं। भाजपा नेत्री शुभ लक्ष्मी सिंह ने योजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका मकसद समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच बढ़ाना और उन्हें हर क्षेत्र में बराबरी का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. फरीद इरान ने तैयार की थी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपनी बेटियों को उच्च शिक्षा दिलाने और आत्मनिर्भर बनाने में कोई कमी न रखें। भाजपा महिला मोर्चा जिला महामंत्री एडवोकेट वंदना तिवारी ने कहा कि शिक्षित बेटी ही आने वाली पीढ़ी को सही दिशा दिखा सकती है। इस अवसर पर जिला मीडिया प्रभारी मीरा सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रज्ञा मिश्रा, ममता भारती सहित सैकड़ों महिलाएं और युवतियां उपस्थित रहीं।

## गौनरिया बाबू में आरके मोटर्स का नया शोरूम शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** शहर के रॉयल एनफील्ड शौकीनों के लिए खुशखबरी है। गौनरिया बाबू में आरके मोटर्स का भव्य शोरूम शुभारंभ हुआ। यहां बुलेट मोटरसाइकिल के सभी मॉडल और रेंज उपलब्ध हैं तथा बुकिंग की सुविधा भी शुरू हो गई है। शोरूम का उद्घाटन सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने किया, जबकि वर्कशॉप का उद्घाटन एरिया मैनेजर रवि शुक्ला, आदित्य श्रीवास्तव, सनिकेत, शोरूम के एमडी राकेश गुप्ता और उनकी पत्नी ऐश्वर्या ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। एमडी राकेश गुप्ता ने कहा कि ÷आज भी बुलेट शान की सवारी है। नए लुक और मॉडल आने से इसकी लोकप्रियता और बढ़ गई है। सरकार की जीएसटी नीति से ग्राहकों को बड़ा लाभ मिला है और बुकिंग तेज़ी से बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि ग्राहक अब आसान किस्तों पर बाइक खरीद सकते हैं। बैंक और फाइनेंसर दोनों की सुविधाएं उपलब्ध हैं। नई बुलेट गाड़ियां माइलेज, किफायत और कम मेंटेनेंस की वजह से लोगों की पहली पसंद बन रही हैं। शोरूम में आधुनिक सर्विसिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। बेहतर ग्रिप और बैलेंस के कारण यह सवारी सुरक्षित और आरामदायक साबित होती है।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि जगदीश मिश्रा, नगर अध्यक्ष आकाश श्रीवास्तव, भाजपा महामंत्री बबलू, राहुल गौड़, अशफाक खान, चंद्रिका प्रसाद गुप्ता, अनिल गुप्ता, निकेश गुप्ता, पिंटू तिवारी, रवि प्रताप त्रिपाठी, अभिषेक गुप्ता, अखिलेश त्रिपाठी, वशिष्ठ सिंह, विनय तिवारी, दीनानाथ पाठक, मणिकांत द्विवेदी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बाँसपार बैजौली की प्रमुख सड़कें बदहाल, ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन


*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** महराजगंज क्षेत्र अंतर्गत बाँसपार बैजौली के ग्रामीणों ने बुधवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर दो प्रमुख सड़कों की दुर्दशा से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पहला मार्ग टोला लालपुर से छावनी टोला होते हुए मुख्यालय को जोड़ता है। यह मार्ग काफी व्यस्त रहता है, लेकिन पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर गहरे गड्ढे और टूट-फूट के कारण लोगों को आवाजाही में भारी कठिनाई झेलनी पड़ रही है। स्थानीय



लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर कभी भी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।दूसरा मार्ग आकाशकामणि टोला से देवलाली इंटर कॉलेज होते हुए बाजार टोला तक जाता है। इस सड़क के खराब होने से विद्यालय आने-जाने वाले बच्चों और राहगीरों को बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की कि शीघ्र कार्रवाई कर दोनों सड़कों की मरम्मत कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। ज्ञापन देने वालों में अजीत, राहुल, अरविंद, मोहम्मद कैफ, बाबू साहब, दीपक, अखिलेश, मंजेश पासवान, अखिलेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## नायब तहसीलदार के आश्वासन पर खत्म हुआ धरना



**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** स्थानीय नगर के चित्रगुप्त नगर वार्ड में बिजली समस्या को लेकर बुधवार को शुरू हुए धरना प्रदर्शन स्थल पर अपराह्न बाद नायब तहसीलदार व विधुत उपखंड अधिकारी के आश्वासन पर आंदोलन समाप्त हुआ। विगत एक सप्ताह से नगर कई वार्ड में अघोषित बिजली कटौती व लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता परेशान है। शाम को छह बजे के बाद वोल्टेज में उतार चढ़ाव की वजह से विद्युत उपकरण काम नहीं कर रहे थे। समस्या को लेकर सभासद प्रतिनिधि राजन विश्वकर्मा के साथ वार्डवासियों ने उपकेंद्र पर अधिकारियों से मिलकर शिकायत दर्ज कराते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। समस्या का समाधान न होने पर बुधवार को वार्डवासी सभासद प्रतिनिधि राजन विश्वकर्मा के नेतृत्व में सिसवा विद्युत उपकेंद्र पर धरने पर बैठ गए।धरने की सूचना पर अपराह्न दो बजे धरना स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार पीयूष जायसवाल व विद्युत उपखंड अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने आंदोलनकारियों से वार्ता की। एसडीओ ने बताया कि नवरात्रि को लेकर ट्रांसमिशन में कार्य चल रहा था।

अवधनामा



# उपमुख्यमंत्री ने किया विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण, जिले में देखा गया लाइव प्रसारण

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** उपमुख्यमंत्री, चिकित्सा स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग उप्र बृजेश पाठक द्वारा राज्यमंत्री, संसदीय कार्य, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, परिवार कल्याण तथा मातृ एवं शिशु कल्याण की उपस्थिति में प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान इन्दिरा नगर लखनऊ से किया गया।

जनपद स्तर पर सांसद, जगदम्बिका पाल द्वारा विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, विधायक डुमरियागंज प्रतिनिधि जहीर अहमद, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ रजत कुमार चौरसिया की उपस्थिति में जनपद में 19 करोड़ की लागत से 4 परियोजना डुमरियागंज में जनपदीय ड्रग वेयर हाउस, विकास खण्ड नौगढ़ में इन्ट्रीग्रेटेड पब्लिक हेल्प लैब, विकास खण्ड खेसरहा में 50 शैय्या फील्ड हास्पिटल एवं विकास खण्ड बांसी बसन्तपुर में 50 शैय्या फील्ड हास्पिटल का लोकार्पण अम्बेडकर सभागार में किया गया।

लोकार्पण कार्यक्रम में सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन एवं उपमुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में बड़े पैमाने पर चिकित्सा सुविधा को बेहतर किया जा रहा है। यह आकांक्षी जनपद एवं विकास खण्ड खेसरहा आकांक्षी ब्लाक की श्रेणी में है। जनपद के लागों को छोटी छोटी बीमारियों के इलाज के लिए अन्य जनपदों में जाना पड़ता था। जनपद को मेडिकल कालेज मिला, जिससे जनपद के नागरिक जनपद में ही बेहतर इलाज करा सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को बधाई देता हूं। आकांक्षी ब्लाक खेसरहा को 50 शैय्या हास्पिटल मिलने से लोंगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में वरदान साबित होगा। मा0 प्रधानमंत्री जी द्वारा महिलाओं को स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्त बनाने के लिए सेवा पखवाड़ा तथा स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान चलाया जा रहा हैं। विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि कोविड के दौरान उ0प्र0 जैसे अधिक आबादी वाले प्रदेश में लागों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ा था। लेकिन मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा उस कठिन चुनौती का सामना करने में स्वास्थ्य विभाग के लोगों द्वारा काफी मेहनत किया गया।सीएचसी/पीएचसी पर आक्सीजन प्लान्ट स्थापित कराया गया। उसी के दृष्टिगत किसी भी बीमारियों से निपटने के लिए ड्रग वेयर हाउस एवं अस्पतालों में बेड की संख्या बढ़ाया जा रहा है। लोगों को अच्छी चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए मेडिकल कालेज, सीएचसी/पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर को सभी चिकित्सकीय सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में भी कमी लाया जा सके।

मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह ने कहा कि यह आकांक्षी जनपद है। यहां स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करने की आवश्यक्ता है जिसके क्रम में जनपद में 4 स्वास्थ्य परियोजनाओं का लोकार्पण हो रहा है। जिसके माध्यम से लागों को आसानी से अपने जनपद में ही बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होगी।

## आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव ने गांव के लोगों पर लगाया आरोप



**अवधनामा संवाददाता, बांसी सिद्धार्थनगर।** आजाद समाज पार्टी के प्रदेश सचिव ऋषिकेश ने बुधवार को पार्टी के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली बांसी में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कोतवाली क्षेत्र के असोगवा गांव के कुछ लोगों ने नगीना के सांसद चंद्रशेखर आजाद को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनकी मां, बहन को भद्दी भद्दी गाली सोशल मीडिया पर दिया है।

लोगो ने तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग किया है। इस संबंध में कोतवाल गौरव सिंह ने बताया कि मामले की जांच किया जा रहा है।

# एक दिन की बीएसए बनी सुभद्रा पांडेय, मिशन शक्ति के तहत मिला मौका

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए चल रहे मिशन शक्ति फेज-5 अभियान के तहत बुधवार को बीएसए कार्यालय पर एक अनोखा पहल देखने को मिला। यहां कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, उसका बाजार की कक्षा नौ की छात्रा सुभद्रा पांडेय को एक दिन के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। बतौर बीएसए सुभद्रा ने कहा कि विद्यालय परिसर में साफ-सफाई, बच्चों को मीनू के अनुसार पौष्टिक भोजन देने व गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर ध्यान दिया जाए।

उन्होंने कहा कि छात्राओं की शिक्षा, उन्हें मिलने वाली सरकारी सुविधा और स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। सुभद्रा ने डीसी निर्माण रितेश श्रीवास्तव को भी सख्त निर्देश दिए कि कस्तूरबा विद्यालय उसका में चल रहे पुनर्निर्माण कार्य को ससमय पूर्ण कराएं। कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार का समझौता न ह्ल1 हो। बालिका डीसी सुरेंद्र श्रीवास्तव से केजीबीवी में अध्ययनरत छात्राओं की छात्रवृत्ति भेजने की जानकारी ली। डीसी प्रशिक्षण आशीष मिश्रा से जिले में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण के बारे में पूछा और प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापकों का भत्ता जल्द भेजने का निर्देश दिया। एमडीएम डीसी धर्मप्रकाश से रसोइया मानदेय ससमय खाते में भेजने का निर्देश दिया। इसके उपरांत सुभद्रा पांडेय, आराधना, संजना पांडेय, काजल, अमृता महिला थाना पर गई। यहां थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय से साइबर सेल, मिशन शक्ति सेल, बैरक, आरक्षी आवास, एफआईआर आदि की जानकारी ली। इस दौरान बीएसए शैलेश कुमार, मिशन शक्ति जिला नोडल पशुपतिनाथ दुबे, वार्डन निशा सिंह, अमित शुक्ला, अमित पांडेय, पीपी श्रीवास्तव, आनंद उपस्थित रहे।

केजीबीवी उसका बाजार में कक्षा नौ में पढ़ रही छात्रा सुभद्रा पांडेय ने बताया कि उसे एक दिन बीएसए बनना काफी अच्छा लगा। बताया कि अब पूरे मेहनत और लगन से पढ़ाई करेगी और एक दिन वह बड़ा अधिकारी बनेगी।

## नहीं रहे हाथी निशान को हर घर,हर गांव पहुंचाने वाले गणेश प्रसाद वर्मा

**हृदय गति रुकने से निधन, बसपा नेताओं ने गहरा दुःख व्यक्त किया, गुरुवार को होगा अंतिम संस्कार**

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी ।** बहुजन समाज पार्टी के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गणेश प्रसाद वर्मा का बीती रात हृदय गति रुकने से निधन हो गया। बसपा नेताओं ने निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। दिवंगत गणेश प्रसाद शर्मा की अन्त्येष्टि गुरुवार को सुबह 11बजे होगी।

बहुजन समाज पार्टी के विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध, शमशेर बौद्ध और विधान सभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद बुधवार को नौ अक्टूबर को प्रदेश की राजधानी में कांशीराम स्मारक स्थल पर आयोजित रैली की तैयारी के क्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच जनसम्पर्क में लगे हुए थे। गंगापुर के कार्यकर्ताओं ने गणेश प्रसाद वर्मा के निधन की जानकारी दी। श्री वर्मा के पुत्र ने बताया कि वे काफी समय से क्षय रोग से ग्रसित थे। बीती रात निधन हुआ है। विधानसभा प्रभारी राम अभिलाष बौद्ध ने गणेश प्रसाद वर्मा के निधन को बहुजन समाज की अपूर्णनीय क्षति बताया और कहा कि बसपा के संगठन विस्तार में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती ने कहा कि स्वर्गीय वर्मा एक सामाजिक कार्यकर्ता थे। 1990 के दशक में बसपा के संगठन निर्माण में स्वर्गीय सोमईराम गौतम के साथ मिलकर उन्होंने कठिन परिश्रम किया था।

## पुरानी रंजिश को लेकर दलित किशोर की कर दी पिटाई

**अम्बेडकरनगर।** पुरानी रंजिश को लेकर दलित किशोर के साथ जाति सूचक गाली गलौज देते हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दिया है। मामला बसखारी थाना के बिसई डांड गांव का है। गांव निवासी राम ललित पासवान पुत्र राम शंकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीते कई दिनों से विपक्षी अंगद यादव और पंकज यादव पुत्र गण नागेंद्र यादव और अरविंद यादव पुत्र आशाराम जाति सूचक गाली गलौज देते हुए अपमानित कर रहे थे।14/9/25 की सुबह 8 बजे प्रार्थी का भतीजा पीयूष उम्र 13 वर्ष और मनीष उम्र 14 वर्ष गांव स्थित दुकान से सामान लेने जा रहे थे।वह 100 मीटर दूरी पर पहुंचे होगे इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे उक्त विपक्षी पुरानी रंजिश को लेकर चमार पासी जाति सूचक गाली गलौज देने लगे। कहा कि आज तुम अकेले मिल गए अब तुम्हारी खैर नहीं है।

## साइबर अपराध व मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम का किया आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिध्दार्थनगर।** बढ़नी ब्लाक के तुलसियापुर चौराहे पर स्थित पं.बाबूराम शुक्ल विद्या मंदिर इंटर कालेज में बुधवार को साइबर अपराध व मिशन शक्ति जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ढेबरुआ थाने के एसआई जय प्रकाश व कांस्टेबल मोहित कुमार पुण्डीर ने साइबर सुरक्षा के बारे में बताया।

उन्होंने छात्रों को फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी आईडी, साइबर बुलिंग से बचने के उपाय भी बताए। साथ ही विद्यार्थियों को हेल्पलाइन नंबर 1930 और साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी दी। उन्होंने छात्रों के सवालों के भी जवाब दिए। महिला आरक्षी श्रद्धा त्रिपाठी ने मिशन शक्ति के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्रा को कोई शोहदा विद्यालय आते-जाते समय परेशान करता है तो चुप रहने के बजाए शिकायत करें। स्कूल और घर में जानकारी दें, कोई हल न निकले तो पुलिस की मदद लें। अब तो जिले में किसी का हुलिया बताकर उसका स्केच बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। ऐसे में शोहदे या अराजकतत्व की पहचान कर उसके खिलाफ कार्रवाई करने में आसानी होगी। प्रधानाचार्य रवि शुक्ल ने बताया कि सुरक्षा के लिए हेल्पलाइन नंबरों की व्यवस्था की गई है।

## ट्रेन की चपेट में आने से 62 वर्षीय व्यक्ति की दर्दनाक मौत

**अवधनामा संवाददाता, उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** उसका थाना क्षेत्र में रानीगंज के समीप बुधवार को रेलवे लाइन पार करते समय एक 62 वर्षीय व्यक्ति की ट्रेन के चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। यह ट्रेन गोरखपुर से नौगढ़ की तरफ जा रही थी। शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार मृतक राधेश्याम (62) नगर पंचायत के आंबेडकर नगर वार्ड से अपने घर से किसी कार्य हेतु रेलवे पार कर उसका बाजार की तरफ आने की कोशिश कर रहा था, इसी बीच गोरखपुर से लखनऊ की तरफ जाने वाली ट्रेन आ गई जिससे वह मृतक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे राधेश्याम का शरीर क्षत-विक्षत हो गया। मौत के बाद वहां मौजूद लोगों ने शव का पहचान किया। इस संबंध में एसओ हरेकृष्ण उपाध्याय ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुचकर विधिक कार्यवाई पूरी कराई।

## सेवा पर्व के अवसर पर लगी चित्र प्रदर्शनी का सांसद ने किया उद्घाटन



**अवधनामा संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** सेवा पर्व के अवसर पर सूचना एवं जन संपर्क विभाग, उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में बुधवार को तहसील नौगढ़ परिसर में लगाई गयी चित्र प्रदर्शनी का सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

सांसद जगदंबिका पाल द्वारा चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर 2025 तक चलेगी। सांसद जगदंबिका पाल ने निर्देश दिया जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्कूली बच्चों को लाकर प्रदर्शनी का अवलोकन कराये।

इस अवसर पर अपर जिला सूचना अधिकारी विमलेश कुमार व अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी, कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# मीना दिवस का हुआ आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव अंबेडकर नगर में हुआ मीना दिवस का आयोजन। बुधवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती भियांव अंबेडकर नगर मे छात्र छात्राओं ने केक काट कर बड़े उत्साह के साथ मीना का जन्मदिन मनाया!

बच्चों को ज्ञानपरक कहानियां सुनाई गयीं और प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया! विद्यालयों में छात्र-छात्राओं को सजग और सशक्त बनाने के लिए मीना मंच बना है। 24 सितंबर को मीना दिवस पर विद्यालय में जागरूकता संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्र-छात्राओं ने सशक्तीकरण को लेकर भाषण,नाट्य,एकांकी सहित अन्य कार्यक्रम प्रस्तुत किए! प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा ने मीना के किरदार पर प्रकाश डाला! सहायक अध्यापक राजकरन प्रजापति द्वारा समस्त स्टाफ सहित छात्र-छात्राओं को स्वछता की शपथ दिलाई गयी! इसके अतिरिक्त शिक्षा,स्वास्थ्य, पोषण, जल व स्वच्छता के प्रति जागरूकता,आत्म सम्मान, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व का विकास व सहयोग की भावना के बारे में छात्र छात्राओं को जागरूक किया गया! कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ सहायक अध्यापक राज करन प्रजापति ने किया! इस अवसर पर सहायक अध्यापक प्रदीप मौर्य,अरशद कमाल, राम जियावन, संगीता देवी, विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष गंगाराम उपस्थित रहे!

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ शताब्दी वर्ष पर होगा कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता, बढ़नी सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि नगर पंचायत वासियों सहित अन्य गणमान्य लोगों को गणवेश में जरूर आने का निमन्त्रण दिया है।

चेयरमैन बढ़नी सुनील अग्रहरि ने मंगलवार सायं को अपने नगर पंचायत परिवार के बीच में पहुंचकर गणवेश के लिए प्रेरित किया। जिसको लेकर लगभग 50 परिवार लोगों ने गणवेश हेतु चेयरमैन सुनील अग्रहरि जी से रसीद प्राप्त किया। आपको बता दें कि कार्यक्रम 07.10.2025 को आयोजित है। वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष की रसीद कटाने वाले लोगों में मंयक मद्धेशिया, अनिल गोयल, रोहित, शिवम्, रवि, भोला, रिंकू अग्रहरी, सचिन मित्तल, रामराज, सूरज, कल्लू, आकाश, सोनू, राहुल सहित पाचासों नगरवासियों थे।

# महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज में महामाया मुख स्वास्थ्य जागरुकता अभियान की शुरूआत

**अवधनामा संवाददाता**



**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज के दंत रोग विभाग ने प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव के नेतृत्व में मरीजों और उनके तीमारदारों के लिए महामाया मुख स्वास्थ्य जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य मौखिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और दंत स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करना है।

कार्यक्रम के तहत अस्पताल के वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके तीमारदारों को दंत स्वास्थ्य से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्हें दांतों की सही तरीके से सफाई और ब्रश करने की तकनीकों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर मरीजों और तीमारदारों को टूथब्रश और टूथपेस्ट का मुफ्त वितरण भी किया गया, ताकि वे दैनिक जीवन में मौखिक स्वच्छता को अपनाने के लिए प्रेरित हों। इस जागरूकता अभियान का संचालन दंत रोग विभाग के सह-आचार्य डॉ. संजय आर्या और डॉ. अभिषेक पाण्डेय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में सीनियर और जूनियर रेजिडेंट्स डॉ. ज्योति सोलंकी, डॉ. पूजा द्विवेदी, और डॉ. मानसी वर्मा ने सक्रिय योगदान दिया। इसके अलावा, डेंटल टेक्नीशियन मोहम्मद मुस्तफा और बृजेश वर्मा ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डेल्टा कर्मचारी ज्योति, महेश और सुनीता के सहयोग को भी खूब सराहा गया।

प्रधानाचार्य डॉ. मुकेश यादव ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान न केवल मरीजों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाएगा, बल्कि समाज में मौखिक स्वच्छता के प्रति जागरूकता को भी बढ़ावा देगा। उन्होंने दंत रोग विभाग की टीम को इस सामाजिक पहल के लिए बधाई दी और भविष्य में भी ऐसे प्रयासों को जारी रखने का आह्वान किया। यह अभियान महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता और जिम्मेदारी के प्रति प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है। इस तरह के प्रयास न केवल मरीजों के जीवन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि समाज में स्वास्थ्य जागरूकता के नए आयाम स्थापित करते हैं।

## उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक



**अवधनामा संवाददाता, डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को और गतिशील प्रदान करने हेतु उप जिलाधिकारी राजेश कुमार डुमरियागंज की अध्यक्षता में तहसील स्तरीय विभागों के अधिकारी की बैठक आहूत की गई। उपजिलाधिकारी द्वारा सभी को निर्देशित किया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान, दस्तक अभियान, नियमित टीकाकरण सत्र, उदासीन परिवारों का कवरेज, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड जैसे कार्यक्रमों को सब मिल कर लक्ष्य की पूर्ति करे। बैठक में मुख्य रूप से खण्ड विकास अधिकारी कार्तिकेय मिश्रा डुमरियागंज, अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र मणि ओझा, डॉ अखलेश, खंडशिक्षा अधिकारी अशोक सिंह, सी डी पी ओ मो0 अरशद, संजय गुप्ता, ए आर ओ मो साकिब, पूर्ति निरीक्षक मुकेश कुमार, बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर, डॉ हरेंद्र चौरसिया,सूर्या देव सिंह, दरख्शा सिद्दीकी मौजूद रहे।

## भव्य रामलीला का हुआ मंचन



**जलालपुर, अम्बेडकरनगर।** श्री रामलीला सेवा समिति द्वारा रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला में भगवान श्रीराम के जन्म से लेकर ताड़का वध तक की पावन कथा का मंचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत समिति के अध्यक्ष संजीव मिश्र, संरक्षक मनोज मेहरोत्रा, कोषाध्यक्ष सुशील अग्रवाल, महामंत्री कृष्ण गोपाल गुप्त, मीडिया प्रभारी विकाश निषाद, उपाध्यक्ष राधेश्याम शुक्ल, आशाराम मौर्य, अरुण मिश्र, दिलीप यादव, मंत्री जनमेजय मिश्र, बबलू त्रिपाठी, अशोक जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा विधिवत पूजन-अर्चन और श्री राम दरबार की आरती के साथ हुई। कलाकारों द्वारा माँ दुर्गा की भव्य झांकी भी प्रस्तुत की गई, जिसने उत्सव के उल्लास और भक्ति के माहौल को और गहरा कर दिया। यह आयोजन सामुदायिक सद्भाव का प्रतीक बन गया। मंचन के दौरान अयोध्या के राजा दशरथ के यहाँ पुत्र प्राप्ति के लिए किए गए यज्ञ और चारों पुत्रों के जन्मोत्सव का भव्य चित्रण किया गया, जिसने दर्शकों को भक्ति-भाव में डुबो दिया। इसके बाद गुरु विश्वामित्र के आदेश पर युवा राम और लक्ष्मण द्वारा ऋषियों के यज्ञ में विघ्न डालने वाली राक्षसी ताड़का के वध का प्रसंग दिखाया गया।श्री रामलीला सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष संदीप अग्रहरि द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में मानस गंगा प्रियंका पांडे ने दक्ष प्रजापति के यज्ञ की कथा सुनाकर लोगों को भगवान राम के आदर्श चरित्र को अपने जीवन में उतारने का संदेश दिया।

## पत्रकार के निधन पर उ0प्र0 श्रमजीवी पत्रकार यूनियन द्वारा परिजनों को दिया आर्थिक सहायता

**देवी अवस्थी संवाददाता, गोंडा।** उ0प्र0 श्रमजीवी पत्रकार यूनियन शाखा गोंडा द्वारा जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा के नेतृत्व में मसकनवा के पत्रकार स्वर्गीय राजेश गुप्ता की पत्नी अर्चना देवी को उनके घर जाकर 25 हजार रुपए का चेक अहेतुक सहायता प्रदान कर परिजनों को ढाढस बंधाया। वहीं गायघाट स्थित पत्रकार अरविंद कुमार के पुत्र के निधन पर घर जा कर शोक संतप्त परिवार को शोक संवेदना व्यक्त कर भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। जिलाध्यक्ष कैलाश नाथ वर्मा ने कहा कि संगठन पत्रकारों की हर तरह से सहायता के लिए कटिबद्ध है। उपाध्यक्ष विजय बहादुर तिवारी,महामंत्री महेंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष उमेश मिश्रा, उपाध्यक्ष पूरन चन्द्र गुप्त,मंत्री सुधांशु गुप्त, श्याम बाबू कमल,प्रदीप गुप्ता, संजय वर्मा,नवीन आदि रहे।

# तिलक इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ शतरंज प्रतियोगिता



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** जनपदीय मंडलीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन तिलक इंटर कॉलेज बांसी में आयोजित हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण करुणाकर प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज पचमोहिनी व आयोजक विद्यालय तिलक इंटर कॉलेज बांसी के प्रधानाचार्य डॉ धर्मेंद्र मिश्र जी ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करके किया।

प्रतियोगिता में जनपद सिद्धार्थनगर के कुल 7 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया प्रतियोगिता में कुल 60 बालक बालिकाओं ने प्रतिभाग किया, जिसमें रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी के बच्चों का दबदबा रहा।

प्रतियोगिता का परिणाम 19 वर्षीय बालक में प्रथम स्थान अंगद विश्वकर्मा रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, द्वितीय स्थान कमलेश प्रजापति रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, तृतीय स्थान अंशुल तिलक इंटर कॉलेज बांसी, 17 वर्ष बालक में प्रथम अभी कुमार गौंड रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, द्वितीय स्थान आदित्य पांडे रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, तृतीय स्थान साहुल राजकीय इंटर कॉलेज पचमोहिनी रहें, 14 वर्ष बालक वर्ग में प्रथम स्थान विवेक गौतम बेसिक शिक्षा परिषद, द्वितीय स्थान शा तिलक इंटर कॉलेज बांसी, तृतीय स्थान सौरभ तिलक इंटर कॉलेज बांसी, 19 वर्षीय बालिका वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज इनरीग्रांट इटवा, द्वितीय स्थान विभाग रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, तृतीय स्थान नीतू रतन सेन कॉलेज बांसी,17 वर्षीय बालिका वर्ग में प्रथम स्थान महिमा रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, द्वितीय स्थान रिमझिम रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, तृतीय स्थान सुहानी रतन सेन इंटर कॉलेज बांसी, 14 वर्षीय बालिका में प्रथम स्थान शाहिना बानो बेसिक शिक्षा परिषद द्वितीय स्थान, सिद्धि तिलक इंटर कॉलेज बांसी, तृतीय स्थान अर्पिता तिलक इंटर कॉलेज बांसी रही।

प्रतियोगिता के समापन पर आयोजक प्रधानाचार्य द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया तथा आगे की प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दिए और आकांक्षी जिलों में शतरंज जैसे प्रतियोगिता के आयोजन पर और उनमें प्रतिभावान खिलाड़ियों का प्रदर्शन बेहतर से बेहतर करने के लिए बहुत बधाई दी। प्रतियोगिता को सकुशल संपन्न कराने में आयोजित विद्यालय के शारीरिक शिक्षक स्पर्श वर्मा, संचालन हरेंद्र बहादुर सिंह, डा0 कृष्ण कुमार लोकपति सिंह, अवधेश सिंह, अमित श्रीवास्तव, गिरीश चंद्र, जय राम यादव, हरिओम यादव, सीमा यादव, वंदना वर्मा, विनय कुमार शाह, रत्नेश सिंह, मुस्तकीम, अजय उपाध्याय, मुस्तान शेर उल्लाह आदि ने अपना अमूल्य सहयोग दिया।

## विकास भवन सभागार में सीडीओ की अध्यक्षता में एनआरएलएम विभाग की समीक्षा बैठक




**अवधनामा संवाददाता**

**गोण्डा।** विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अंकिता जैन की अध्यक्षता में डे-एनआरएलएम अन्तर्गत विभिन्न बिन्दुओं पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में खराब प्रदर्शन करने वाले विशेषकर सीएम डैशबोर्ड के बिन्दुओं पर अपेक्षित प्रगति अर्जित नहीं करने पर खण्ड विकास अधिकारी बभनजोत, मुजेहना एवं झंझरी के खण्ड विकास अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई।

इन विकास खण्डों के सहायक विकास अधिकारियों सहित पण्डरीकृपाल, हलधरमऊ एवं परसपुर के सहायक विकास अधिकारियों को भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई, तथा चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह के भीतर अपेक्षित प्रगति न होने पर विभागीय कार्यवाही भी प्रचलित की जायेगी।

समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने बताया है कि एनआरएलएम विभाग के अन्तर्गत खराब प्रगति करने वाले 06 विकासखण्ड बभनजोत, मुजेहना, झंझरी, पण्डरी कृपाल, हलधरमऊ एवं परसपुर के ब्लॉक मिशन प्रबन्धकों के माह सितम्बर, 2025 का मानदेय अवरूद्ध कर स्पष्टीकरण मांगा गया है, तथा सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत सीसीएल योजना में लगातार कई महीनों से अपेक्षित प्रगति न होने के कारण उपायुक्त स्वतः रोजगार को भी प्रतिकूल प्रविष्टि प्रदान की गई है।

## नोबेल के लिये उतावले ट्रम्प

नोबेल पीस प्राइस के लिये अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प इस कदर उतावले है कि दुनियां में जो कुछ महत्वपूर्ण हो रहा है उसका श्रेय खुद पर डालते रहते है। यहां तक कि जब भारत पाक का युद्ध चल रहा था तो उनका कहना है कि युद्ध उन्होंने अपने प्रयासों से रूकवा दिया वरना परमाणु युद्ध हो जाता। पाक के विदेश मंत्री डार कहते है युद्ध राकने के लिये अमेरिका से गुहार की थी पर अमेरिका ने साफ कह दिया भारत इसे दो पक्षीय मामला कहता है। अपने पहले कार्यकाल भी ट्रम्प ने इस प्रकार की पहल की थी। अपने फायदे के लिये पाक ने एक बार ट्रम्प को नोबेल पीस प्राइस की बात करके ट्रम्प के दिल में नोबेल की असीम लालसा जगा दी है। स्वप्न देखना बुरा नहीं पुरा जमीन पर पांव को जमीन पर रक्खते हुये आसमान की ओर देखे।

ट्रम्प के बयान से अमेरिका भारत के बीच आये तनाव की एक वजह यह भी है ट्रम्प खुद को सीजफायर का क्रेडिट न दिये जाने की वजह से नाराज है। अपने पहले कार्यकाल में भी ट्रम्प ने कश्मीर मामले में मध्यस्थता करने की बात कही थी पर अमेरिका तैयार नहीं हुआ कहा भारत इसे दो पक्षीय मामला बताता है। भारत पाक से शान्ती चाहता है पर भारत का कहना है ऐसा कोई भी प्रयास बिना बाहरी दबाव के होना चाहिये। हालाकि ट्रम्प का दावा और भारत की तरफ से नकारा जा चुका है। पर इसे पुरानी बात मान कर भारत अमेरिका के रिश्ते के सम्बन्ध में आगे बढ़ना श्रेयस्कर होगा। ट्रम्प आपसी तनाव का कम करने के लिये प्रयास करते दिख रहे है। वह भारत और अमेरिका सम्बन्ध को विशेष बता रहे है। आपसी खिचाव की एक वजह ट्रेड डील है जिस पर दोनो देशो के बीच वार्ता जारी है। मोदी के जन्मदिन पर ट्रम्प ने मोदी को जन्मदिन की बधाई दी है। इसी समय दोनो नेताओं ने फोन पर बातचीत की। इस समय टेऊड डील की बात करने के लिये अमेरिकी दल भारत में है। इस अवसर का इस्तेमाल बीती बातों को भूलकर आगे बढ़ जाना चाहिये। भारत और अमेरिका खुद के साथ साथ दुनियां के लिये भी अहम है।

## 'राष्ट्रवाद के पथ प्रदर्शक और एकात्म मानव दर्शन के प्रवर्तक- पं. दीनदयाल उपाध्याय'


ब्रह्मानंद राजपूत

भारत की पावन भूमि सदैव से महापुरुषों की जन्मभूमि रही है। समय-समय पर यहाँ ऐसे युगपुरुष अवतरित हुए जिन्होंने अपने विचारों, कर्मों और त्याग से राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की। ऐसी ही पुण्य भूमि पर 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चन्द्रभान नामक गाँव में एक महान चिंतक, दार्शनिक और राष्ट्रनायक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जन्म हुआ।

उनके पिता श्री भगवती प्रसाद उपाध्याय रेलवे विभाग में कार्यरत थे और माता श्रीमती रामप्यारी धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं। किंतु दीनदयाल जी के जीवन में प्रारंभ से ही संघर्ष की लंबी परछाई पड़ गई। मात्र तीन वर्ष की आयु में उन्होंने अपने पिता को खो दिया और सात वर्ष की आयु में माँ भी चल बसीं। बाल्यावस्था में ही माता-पिता के स्नेह से वंचित होकर भी उन्होंने धैर्य, अध्ययन और आत्मबल से जीवन को नई दिशा दी।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे केवल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समर्पित स्वयंसेवक ही नहीं, बल्कि गहरे दार्शनिक, अर्थशास्त्री, समाजशास्त्री, इतिहासकार और पत्रकार भी थे। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र की सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

सन् 1951 में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने भारतीय जनसंघ की स्थापना की, जिसके सह-संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय थे। उन्हें जनसंघ का संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। मात्र दो वर्षों में वे अखिल भारतीय जनसंघ के महामंत्री निर्वाचित हुए और लगभग 15 वर्षों तक संगठन को अपनी अद्वितीय कार्यक्षमता से सशक्त किया। 1967 में कालीकट में हुए 14वें अधिवेशन में उन्हें जनसंघ का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने साहित्य और चिंतन के क्षेत्र में भी अमूल्य योगदान दिया। उनकी प्रमुख कृतियों में दो योजनाएं, राजनीतिक डायरी, भारतीय अर्थनीति का अवमूल्यन, सम्राट चन्द्रगुप्त, जगद्गुरु शंकराचार्य, एकात्म मानववाद और राष्ट्र जीवन की दिशा प्रमुख हैं। कहा जाता है कि उन्होंने चन्द्रगुप्त नाटक केवल एक ही बैठक में लिख डाला था।

उनकी सबसे महत्वपूर्ण देन थी एकात्म मानववाद एक ऐसी विचारधारा जो व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के बीच सामंजस्य स्थापित करती है। उनके अनुसार हमारी राष्ट्रीयता का आधार केवल भूमि नहीं, बल्कि भारत माता है। यदि माता शब्द हटा दिया जाए तो भारत केवल भूमि का टुकड़ा रह जाएगा। एकात्म मानववाद में एकता, ममता, समता और बंधुता का दर्शन निहित है। यह विचारधारा मनुष्य को मानवता के मूल्यों के साथ जीना सिखाती है और ऐसे समाज के निर्माण का मार्ग दिखाती है जहाँ विभाजन के बजाय प्रेम और भाईचारा हो।

11 फरवरी 1968 को उनका जीवनकाल अकस्मात समाप्त हो गया। उनका मृत शरीर मुगलसराय रेलवे स्टेशन पर मिला। यह रहस्यमयी घटना आज भी एक अनुत्तरित प्रश्न बनी हुई है। उनके निधन से सम्पूर्ण राष्ट्र शोकाकुल हो गया था। पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा है। वे सच्चे अर्थों में एक राष्ट्रदृष्टा, संगठनकर्ता और प्रखर चिंतक थे, जिनकी विचारधारा आज भी राष्ट्र निर्माण का पथ प्रशस्त करती है।

## क्षणिकता अनंत का हिस्सा

नदियाँ बहती बहता समय
समय,जीवन रोके नहीं रुका।
पर्वतों की ऊँचाई से उतरकर
घाटियों से बहती
बल खातीं, पत्थरों से आलिंगित,
आगे बढ़ती जीवन यही
गिर कर उठना, टूट कर चलना।
झरने बहते हर बहाव में
संगीत रचते मानो कह रहे हों
हार में भी सुंदरता गिरने में भी अर्थ।
पेडों का झूमना
पत्तियाँ हवाओं से संवाद
फूल का खिलना ,
फिर मुरझा जाना प्रकृति का पाठ
अनोखा सौंदर्य क्षणिक,
क्षणिकता ही अनंत का हिस्सा,
नदियाँ बोलती हैं–
मत थमों,किनारें ही बाधा
चलते रहो, ठहराव ही मृत्यु
प्रवाह ही जीवन
बारिश की बूँदें,
मिट्टी से संवाद–
मिलकर ही पूरा होना संभव।
अकेला इंसान अधूरा ,
प्रेम करुणा है पूर्णता ।
समय बहता
यादें बहती
इंसान,
प्लावित नदी की तरह
परिणित सागर की ओर ।
नदियाँ, झरने, हवाएँ, बादल–
नही सिर्फ प्रकृति
हैं जीवन के सोपान
हर धारा, हर बहाव,
हर लहर, हर धारा
का संकेत
बहाव अस्तित्व का है संगीत।


संजीव ठाकुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

**अंत्योदय दिवस मनाने का मूल उद्देश्य हमें यह स्मरण कराना है कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तभी साकार होता है जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास यात्रा में शामिल हो सके। यह दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि योजनाएँ और नीतियाँ केवल कागज़ों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ उस व्यक्ति तक पहुँचे जो वर्षों से उपेक्षा, गरीबी और अभाव का शिकार रहा है। आज भारत नए शिखरों की ओर अग्रसर है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक पहचान निरंतर बढ़ रही है।**

# अन्त्योदय नये भारत का आधार: वंचित के उत्थान का संकल्प


ललित गर्ग

भारत की सांस्कृतिक और दार्शनिक चेतना में सदैव यह विचार रहा है कि समाज की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब समाज का सबसे अंतिम व्यक्ति-वह व्यक्ति जो सबसे अधिक उपेक्षित, वंचित और अभावग्रस्त है, उसके जीवन में भी सुख, सम्मान और समृद्धि का प्रकाश पहुँचे। यही विचारधारा अंत्योदय के रूप में प्रकट हुई। अंत्योदय केवल एक नारा या कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह समाज-जीवन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत है। अंत्योदय दिवस इसी दर्शन की याद दिलाने और उसे व्यवहार में उतारने का अवसर है। यह दिवस हर वर्ष 25 सितम्बर को मनाया जाता है, क्योंकि यही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्मतिथि है। दीनदयाल उपाध्याय ने अंत्योदय के सिद्धांत को भारतीय राजनीति और समाज के केन्द्र में स्थापित किया। उन्होंने कहा था कि राजनीति का उद्देश्य केवल सत्ता प्राप्ति नहीं, बल्कि उस सत्ता का उपयोग समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए।

आज गांव, गरीब और स्वराज में दीनदयाल उपाध्याय की ही सोच आगे बढ़ रही है कि आज भारत में लोकतंत्र की चाल, चेहरा और चरित्र बदला जा रहा है तथा आस्थाओं की राजनीति को बल देते हुए जाति-धर्म का उन्माद नियंत्रित किया जा रहा है। महात्मा गांधी, आंबेडकर और दीनदयाल उपाध्याय आज इसलिए भारत निर्माण की नई व्याख्याओं में सबसे आगे हैं। वसुधैव कुटुम्बकम एवं सर्वधर्म सद्भाव का विचार आज सर्वाधिक बलशाली बन कर दुनिया के लिये आदर्श बन गया है। अंत्योदय दिवस मनाने का मूल उद्देश्य हमें यह स्मरण कराना है कि लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तभी साकार होता है जब समाज का अंतिम व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास यात्रा में शामिल हो सके। यह दिवस हमें यह प्रेरणा देता है कि योजनाएँ और नीतियाँ केवल कागज़ों तक सीमित न रहें, बल्कि उनका लाभ उस व्यक्ति तक पहुँचे जो वर्षों से उपेक्षा, गरीबी और अभाव का शिकार रहा है। आज भारत नए शिखरों की ओर अग्रसर है। आर्थिक विकास, तकनीकी प्रगति और वैश्विक पहचान निरंतर बढ़ रही है। लेकिन यदि यह प्रगति समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े व्यक्ति तक नहीं पहुँचती, तो यह विकास अधूरा है। इसलिए अंत्योदय दिवस हमें विकास के मानवीय आयाम की याद दिलाता है। यह नागरिकों और नीति निर्माताओं को वंचितों का समर्थन करने की जिम्मेदारी का अहसास कराता है। सामाजिक न्याय को बढ़ावा देता है, और पूरे देश में समावेशी विकास को प्रोत्साहित करता है।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितम्बर 1916 को हुआ था। वे भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में से एक थे और एक प्रखर चिंतक, दार्शनिक तथा समाज सुधारक थे। उनका



सबसे बड़ा योगदान था-एकात्म मानववाद और अंत्योदय का दर्शन। एकात्म मानववाद का अर्थ था कि मनुष्य को केवल आर्थिक इकाई न माना जाए, बल्कि उसके जीवन के सभी आयामों-शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक और आध्यात्मिक का संतुलित विकास हो। उनका 'एकात्म मानववाद' का दर्शन व्यक्तिगत और सामूहिक कल्याण, सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता तथा आत्मनिर्भरता पर केंद्रित था। अंत्योदय का अर्थ था विकास की कसौटी पर यह देखना कि समाज में सबसे अंतिम व्यक्ति का जीवन कितना सुधर रहा है। उन्होंने कहा था कि हमारी योजनाओं और प्रयासों की सफलता तभी मानी जाएगी जब सबसे अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुँचे। दीनदयाल जी का यह दर्शन महात्मा गांधी की 'अंतिम जन' की अवधारणा से भी जुड़ा है। गांधीजी कहा करते थे कि किसी भी निर्णय से पहले यह सोचना चाहिए कि उसका लाभ सबसे अंतिम और सबसे कमजोर व्यक्ति तक पहुँचेगा या नहीं। दीनदयाल उपाध्याय ने इसी विचार को राजनीतिक और आर्थिक विमर्श का आधार बनाया। आज जबकि समूची देश एवं दुनिया में संघर्ष की स्थितियां बनी हुई हैं, हर कोई विकास की दौड़ में स्वयं को शामिल करने के लिये लड़ने की मुद्रा में है, कहीं सम्प्रदाय के नाम पर तो कहीं जातीयता के नाम पर, कहीं अधिकारों के नाम पर तो कहीं भाषा के नाम पर संघर्ष हो रहे हैं, ऐसे जटिल दौर में भी अभाव, उपेक्षा एवं संघर्षरत लोगों के लिये पंडित उपाध्याय का 'अंत्योदय' एवं एकात्म मानववाद ही सबसे माकूल हथियार नजर आ रहा है।

'अंत्योदय' का शाब्दिक अर्थ है-'अंतिम व्यक्ति का उदय'। इसका व्यावहारिक अर्थ है कि गरीब को जीवन की बुनियादी आवश्यकताएँ मिलें, किसान, श्रमिक, दलित, आदिवासी और वंचित वर्ग की समस्याओं का समाधान हो, समाज में कोई भी उपेक्षित या निराश्रित न रहे और आर्थिक असमानता घटे गरीबी का संबोधन खत्म हो ताकि सभी को समान अवसर मिलें। यह केवल आर्थिक उत्थान तक सीमित नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, मानवीय गरिमा और आत्मनिर्भरता की स्थापना का भी संदेश है। आज भारत गरीबमुक्ति की ओर अग्रसर होकर इसी विचार एवं दर्शन को मजबूती दे रहा है। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस को अंत्योदय दिवस के रूप में मनाने निर्णय इसलिये लिया गया कि उन्होंने जीवनभर वंचितों, गरीबों और समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए चिंतन और कार्य किया। उनका जीवन तपस्या और सादगी का प्रतीक था। वे स्वयं किसी प्रकार की व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से दूर थे, लेकिन समाज के लिए समर्पित थे।

आज जब भारत 'सशक्त भारत' और 'नए भारत' के निर्माण की दिशा में बढ़ रहा है, तब अंत्योदय का महत्व और भी बढ़ जाता है। भारत में अब भी करोड़ों लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। अंत्योदय यह मांग करता है कि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएँ हर गरीब और वंचित तक पहुँचें। यह भी सुनिश्चित करना चाहता है कि हर हाथ को काम मिले और हर परिवार आत्मनिर्भर हो। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आधार बनाकर 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' का मंत्र दिया है। यह मंत्र अंत्योदय की ही आधुनिक व्याख्या है। वर्तमान समय में अंत्योदय का दर्शन और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि वैश्वीकरण और बाजारवाद की दौड़ में गरीब और उपेक्षित वर्ग अक्सर पीछे छूट जाता है। केवल अमीर और सशक्त वर्ग ही विकास का लाभ उठा पाते हैं। यदि समाज का अंतिम व्यक्ति भूखा सोता है, तो हमारी प्रगति अधूरी है। यदि एक किसान आत्महत्या करने को विवश होता है, तो हमारी नीतियाँ अधूरी हैं। यदि आदिवासी, दलित या श्रमिक अब भी शोषण का शिकार हैं, तो हमारा लोकतंत्र अधूरा है। अंत्योदय इन सभी समस्याओं का समाधान प्रस्तुत करता है। यह हमें याद दिलाता है कि सच्चा विकास वही है, जिसमें हर कोई भागीदार बने।

# रूस ने भारत को दिया सू-57 का ऑफर

**सू-57 का एवियोनिक्स सिस्टम भी इसे बेहद आधुनिक बनाता है। इसमें उन्नत राडार, मल्टी- टारगेट ट्रैकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर उपकरण और डेटा-लिंक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसका राडार एक साथ कई दुश्मन विमानों और मिसाइलों को ट्रैक कर सकता है। साथ ही, यह न केवल हवाई युद्ध के लिए, बल्कि जमीन पर स्थित ठिकानों पर सटीक हमले करने और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में भी प्रभावी भूमिका निभा सकता है।**


महेन्द्र तिवारी

रूस और भारत के बीच रक्षा सहयोग का रिश्ता दशकों पुराना है, जिसने समय के साथ कई महत्वपूर्ण आयामों को छुआ है। रूसी समाचार एजेंसी टास की रिपोर्ट के अनुसार, रूस ने भारत को अपने अत्याधुनिक सू-57 स्टील्थलड़ाकू विमान की आपूर्ति और भारत में ही इसके स्थानीय निर्माण की पेशकश की है। यह पेशकश न केवल भारतीय वायुसेना की क्षमता को नई ऊँचाई तक ले जाने की संभावना रखती है, बल्कि भारत की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल को भी उल्लेखनीय बल प्रदान कर सकती है। साथ ही, रूस ने 2026 तक पहले से हुए समझौते के तहत शेष पाँच एस-400 ट्रायम्फ एयरडिफेंससिस्टम की डिलीवरी का भी वादा किया है, जबकि अतिरिक्त एस-400 सिस्टम की आपूर्ति को लेकर बातचीत अभी जारी है। रूस की संघीय सैन्य-तकनीकी सहयोग सेवा के प्रमुख दिमित्रीशुगायेव ने स्पष्ट किया है कि भारत पहले से ही रूस के एस-400 सिस्टम का सफल उपयोग कर रहा है और इस क्षेत्र में दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने की व्यापक संभावनाएँ हैं।

सू-57 को रूस की प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी सुखोई ने विकसित किया है और इसे दुनिया के सबसे उन्नत और खतरनाक फाइटर जेट्स में से एक माना जाता है। इसका पहला परीक्षण उड़ान वर्ष 2010 में हुआ था और तब से रूस ने लगातार इसके डिजाइन, तकनीक और क्षमताओं को आधुनिक बनाने पर काम किया है। यह फिफ्थजनरेशनमल्टी-रोललड़ाकू विमान अमेरिकी एफ-22 रैप्टर और एफ-35 लाइटनिंगII जैसे विमानों के समकक्ष माना जाता है। इसकी सबसे बड़ी ताकत इसका स्टील्थ डिजाइन है, जिसे इस तरह तैयार किया गया है कि दुश्मन के राडार इसे आसानी से पकड़ न पाएं। इसके एयरफ्रेम, विशेष मटेरियल और खास कोटिंग दुश्मन की राडार तरंगों को अवशोषित या मोड़ देती है, जिससे यह विमान दुश्मन की सीमा में घुसकर मिशन को अंजाम दे सकता है।



यह लड़ाकू विमान सुपरसोनिक गति पर बिना आफ्टरबर्नर का इस्तेमाल किए उड़ान भरने की क्षमता रखता है, जिसे सुपरक्रूज कहा जाता है। सुपरक्रूज तकनीक ईंधन की खपत को कम करती है और विमान को लंबी दूरी तक तेज गति में उड़ने में सक्षम बनाती है। इसकी अधिकतम रफ्तार लगभग 2,600 किलोमीटर प्रति घंटा है और एक बार ईंधन भरने के बाद यह लगभग 3,500 किलोमीटर तक उड़ सकता है। यह विशेषताएँ इसे दूरगामी ऑपरेशनों के लिए अत्यंत उपयोगी बनाती हैं। इसके अलावा, सू-57 की सुपर गतिशीलता इसे अन्य लड़ाकू विमान की तुलना में बेहद फुर्तीला बनाती है। इसके थ्रस्ट-वेक्टरिंग इंजन और उन्नत फ्लाइट कंट्रोलसिस्टम इसे हवा में किसी भी दिशा में अचानक मोड़ लेने, पलटने और दुश्मन के हमले से बच निकलने की क्षमता प्रदान करते हैं।

सू-57 का एवियोनिक्स सिस्टम भी इसे बेहद आधुनिक बनाता है। इसमें उन्नत राडार, मल्टी- टारगेट ट्रैकिंग सिस्टम, इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर उपकरण और डेटा-लिंक तकनीक का इस्तेमाल किया गया है। इसका राडार एक साथ कई दुश्मन विमानों और मिसाइलों को ट्रैक कर सकता है। साथ ही, यह न केवल हवाई युद्ध के लिए, बल्कि जमीन पर स्थित ठिकानों पर सटीक हमले करने और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में भी प्रभावी भूमिका निभा सकता है। इसे एक मल्टी-रोल जेट के रूप में डिजाइन किया गया है, जो कई परिस्थितियों और भूमिकाओं में इस्तेमाल किया जा सकता है। भविष्य के लिए इसे और भी उन्नत बनाने की दिशा में काम जारी है, जिसमें नए इंजन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित नियंत्रण प्रणाली और ड्रोन-स्वार्मनेटवर्किंग जैसी अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया जा रहा है। ये सुधार इसे आने वाले वर्षों में रूस की वायुसेना का रीढ़ और विश्व की शीर्ष श्रेणी के फाइटर जेट्स में अग्रणी बनाएंगे।

भारत के लिए सू-57 का महत्व कई स्तरों पर समझा जा सकता है। सबसे पहले, यह विमान भारतीय वायुसेना की क्षमताओं में एक बड़ा इजाफा करेगा। चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों के संदर्भ मंए यह भारत को रणनीतिक और तकनीकी बढ़त दिला सकता है। सू-57 जैसे लड़ाकू विमान की उपस्थिति दुश्मन देशों के लिए एक गंभीर चुनौती साबित होगी, क्योंकि यह न केवल उनके राडार से बच सकता है बल्कि तेज गति, लंबी दूरी और उन्नत हथियार प्रणालियों के जरिए निर्णायक प्रहार करने में सक्षम है। इसके अलावा, स्थानीय निर्माण का प्रस्ताव भारत के एयरोस्पेस उद्योग के लिए एक बड़ा अवसर रूस का यह प्रस्ताव ऐसे समय आया है जब वैश्विक स्तर पर रक्षा सहयोग और हथियारों की आपूर्ति को लेकर नए समीकरण बन रहे हैं। भारत के लिए यह प्रस्ताव एक अवसर है कि वह न केवल अपनी वायु शक्ति को आधुनिक बनाए, बल्कि एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में रूस के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को भी मजबूत करे। भारतीय वायुसेना पहले से ही रूस निर्मित सू-30 मार्क-द्व जैसे लड़ाकू विमानों और एस-400ट्रायम्फ वायु रक्षा प्रणाली का उपयोग कर रही है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एस-400सिस्टम ने जो प्रदर्शन किया, उसने इसकी प्रभावशीलता को साबित किया। इसलिए सू-57 को शामिल करना एक स्वाभाविक अगला कदम प्रतीत होता है।

भारत और रूस के बीच यह प्रस्ताव न केवल रक्षा सहयोग को मजबूत करेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की स्थिति को भी सुदृढ़ करेगा। इस डील से भारत की वायुसेना के बेड़े में एक ऐसा विमान शामिल हो सकता है, जिसे दुनिया के सबसे उन्नत लड़ाकू विमानों में गिना जाता है। यह सौदा भारत की सुरक्षा रणनीति के लिए एक गेमचेंजर साबित हो सकता है और आने वाले वर्षों में एशियाई क्षेत्र में शक्ति संतुलन को नया आकार दे सकता है। कुल मिलाकर, रूस द्वारा दिए गए सू-57 स्टील्थ लड़ाकू विमानऔर स्थानीय निर्माण के प्रस्ताव को भारत के रक्षा इतिहास में एक संभावित मील का पत्थर माना जा सकता है, जो तकनीकी श्रेष्ठता, रणनीतिक मजबूती और आत्मनिर्भरता की दिशा में बड़ा कदम होगा।

# जीएसटी बचत उत्सव से देश में उत्साह का माहौल

**अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है।**


रोहित माहेश्वरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीती 21 सितंबर को राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में बड़ी घोषणा की। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के पहले दिन से, देश में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म लागू हो रहे हैं। उन्होंने इस बदलाव को 'जीएसटी बचत उत्सव' का नाम दिया और कहा कि ये सुधार हर वर्ग के लिए राहत लेकर आएंगे। गरीब, मध्यमवर्ग, युवा, महिलाएं, व्यापारी, दुकानदार और उद्यमी, सभी को इसका सीधा फायदा मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने इस विशेष संबोधन में स्वदेशी अपनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे स्वतंत्रता संग्राम के समय 'स्वदेशी आंदोलन' ने भारत को नई दिशा दी थी, वैसे ही आज भारत की समृद्धि भी स्वदेशी से ही आएगी। उन्होंने कहा कि हमें जानना चाहिए कि हमारी रोजमर्रा की चीजें देसी हैं या विदेशी, और हमें हर संभव कोशिश करनी चाहिए कि हम देश में बना सामान खरीदें और इस्तेमाल करें। देश के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने देश के एमएसएमई और लघु कुटीर उद्योगों से अपील की कि वो इस बदलाव का भरपूर फायदा उठाएं। जीएसटी की दरें कम होने और प्रक्रियाएं आसान होने से इन उद्योगों की बिक्री बढ़ेगी, टैक्स कम देना पड़ेगा और उनका मुनाफा भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि अब वक्त है कि भारत के उत्पाद गुणवत्ता में दुनिया को टक्कर दें और मेड इन इंडिया को एक मजबूत ब्रांड बनाएं।

हालिया दिनों में जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई थी। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सके। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं।

माना जा रहा है कि सरकार की सोच है कि आर्थिक सुधारों के जरिये घरेलू उपभोग व निवेश को बढ़ाया जाए। निस्संदेह, इससे भारतीय अर्थव्यवस्था का विस्तार होगा। यही वजह है कि कुछ अर्थशास्त्री जीएसटी दरों को घटाने को साहसी व दूरदर्शी कदम बताते हैं, जो उपभोक्ता



के उपभोग को बढ़ाएगा। उल्लेखनीय है कि सरकार ने एक जुलाई 2017 को पूरे देश में जीएसटी लागू किया था। उसके बाद समय-समय पर विभिन्न उत्पादों की दरों में परिवर्तन किए जाते रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद विपक्षी दलों द्वारा शासित सरकारें कई उत्पादों पर जीएसटी दरें तार्किक बनाने की मांग करती रही हैं। जिसमें पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी दर घटाने की मांग की थी। इतना ही नहीं, कुछ उद्योगों, विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों व जन-स्वास्थ्य से जुड़ी वस्तुओं के उत्पादकों द्वारा जीएसटी कम करने की मांग की जाती रही है। इसी तरह किसान संगठन भी कृषि उत्पादों पर कर कम करने की मांग करते रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर जीएसटी दरों में बदलाव की टाइमिंग को लेकर सवाल उठाते रहे हैं। उनका मानना है कि इसकी पृष्ठभूमि में ट्रंप के टैरिफों को कम करने की कवायद भी है ताकि घरेलू उपभोग बढ़ाया जा सके और सस्ते निर्यात को बढ़ावा मिल सके। कालांतर इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिल सकेगी। इसका संकेत प्रधानमंत्री ने पंद्रह अगस्त को लाल किले से संबोधन में भी दिया था। वहीं आगामी वर्ष मार्च में राज्यों को राहत देने वाले कम्पन्सेशन सेस की समाप्ति से पहले राज्यों को राहत देने के लिये भी यह कदम उठाया गया हो सकता है। निस्संदेह, इस कदम से सरकारी खजाने में जीएसटी कम आएगा, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञ मानते हैं कि विलासिता की वस्तुओं पर चालीस फीसदी का जीएसटी सरकार के घाटे की पूर्ति में किसी हद तक मदद करेगा। फिर भी कहा जा रहा है कि सरकार को अड़तालीस हजार करोड़ का नुकसान हो सकता है, लेकिन चीजें सस्ती होने पर उपभोग वृद्धि से सरकार को राहत मिल सकती है।

अर्थशास्त्री लंबे समय से मांग करते रहे हैं कि देश में सबसे ज्यादा रोजगार देने वाले असंगठित क्षेत्र को आर्थिक सुधारों का लाभ दिया जाना चाहिए। बहरहाल, इतना तय है कि जीएसटी दरों में कमी से उपभोक्ता मांग में वृद्धि होगी तो अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। आम आदमी कम पैसे में ज्यादा सामान खरीद पाएगा। वैसे यहां यह बात महत्वपूर्ण है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं।

यदि देश संपन्न होगा और खर्च का माद्दा बढ़ेगा, तो अर्थव्यवस्था भी व्यापक होगी और भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। वैसे जर्मनी और भारत की अर्थव्यवस्था के बीच बहुत कम फासला शेष है, लिहाजा हमारा तीसरी 'आर्थिक महाशक्ति' बनना तय है। जीएसटी 2.0 सुधारों के तौर पर आठ लंबे सालों के बाद 'ऐतिहासिक बदलाव' है। उसकी प्रक्रिया को आसान बनाया गया है, नतीजतन करोड़ों व्यापारी और खुदरा-व्यवसायी लाभान्वित होंगे। अब कारोबारियों को टैक्स से जुड़े नियमों और कानूनों पर कम खर्च करना पड़ेगा। वे ग्राहक और नवाचार पर अधिक फोकस कर सकेंगे। बताया जा रहा है कि देश में कर घटाने से 2 लाख करोड़ रुपए तक की खपत बढ़ सकती है।

बीती 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के एक कार्यक्रम को को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि अगर जीएसटी में हुए इस रिफॉर्म्स का अगर मैं सार बताऊं, तो यही कह सकता हूं कि इससे भारत की शानदार अर्थव्यवस्था में पंचरत्न जुड़े हैं। पहला, टैक्स सिस्टम कहीं अधिक सिंपल हुआ। दूसरा, भारत के नागरिकों की क्वालिटी ऑफ लाइफ और बढ़ेगी। तीसरा, कंजम्शन और ग्रोथ दोनों को नया बूस्टर मिलेगा और चौथा, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस से निवेश और नौकरी को बल मिलेगा।

# महिला को जिंदा जलाकर मारने वालों को हुई उम्रकैद

अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** एक महिला को मिट्टी का तेल डालकर जिन्दा जला देने वाले दरिंदों को कानून ने सजा दे दी। पत्नी की हत्या के मामले में कोर्ट ने चार आरोपियों को उम्रकैद और पचास-पचास हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। यह फैसला ताजगंज पुलिस और अभियोजन टीम की मजबूत पैरवी और तेज कार्रवाई का नतीजा है।

ताजगंज थाना क्षेत्र के पुष्पांजलि ईको सिटी निवासी अनिल कुमार ने 11 अक्टूबर 2020 को रिपोर्ट दी थी कि कुछ आरोपियों ने पुराने केस में राजीनामा के नाम पर 10 लाख रुपये की जबरन मांग की। मांग न मानने पर उन्होंने अनिल कुमार की पत्नी पर मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 13 अक्टूबर 2020 को केस दर्ज किया धारा 147, 148, 149, 384, 302, 120बी आईपीसी के तहत, 15 अक्टूबर को ही पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। केस की गुणवत्तापूर्ण विवेचना करते हुए पुलिस ने नौ मार्च 2021 को आरोप पत्र दाखिल किया। जिसके बाद भरत खरे पुत्र श्यामलाल खरे, सुनीता पत्नी भरत खरे, कपिल श्रीवास्तव पुत्र स्व. बाबूलाल श्रीवास्तव, सोनू सक्सेना पुत्र विजय सक्सेना, चारों को आजीवन कारावास और पचास-पचास हजार रुपए का अर्थदंड सुनाया गया। एक अन्य आरोपी रमेश खरे को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया गया।

- चार दोषियों को एडीजे कोर्ट ने सुनाई उम्रकैद, हर दोषी पर 50 हजार का जुर्माना
- 10 लाख की फिरौती न दी, तो जिंदा जला दिया



### पुलिस की भूमिका रही निर्णायक

इस केस में ताजगंज थाना पुलिस, कोर्ट पैरोकार, अभियोजन विभाग और मॉनिटरिंग सेल की संगठित व प्रभावी पैरवी ने न्याय सुनिश्चित किया। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार द्वारा ऑपरेशन कनविक्शन के तहत सभी थाना प्रभारियों को दोषियों को सजा दिलाने के लिए विशेष दिशा-निर्देश दिए गए थे। 22 सितंबर को एडीजे-15 कोर्ट आगरा ने इस फैसले से यह स्पष्ट संदेश दिया कि कानून से बड़ा कोई नहीं। अपराध कितना भी संगीन हो, न्याय जरूर मिलेगा। और पुलिस अगर ठान ले तो अपराधी बच नहीं सकता।

# श्रीराम जन्मोत्सव पर जमकर झूमें श्रद्धालु



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** श्रीलक्ष्मी नृसिंह मंदिर तालाबपुरा के तत्वाधान में श्रीरामलीला के दूसरे दिन श्रीराम जन्म की लीला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कोरस गीतों के उपरांत वृंदावन श्रीनिकुंज बिहारी रासलीला मंडल द्वारा लीला का मंचन किया। लीला के प्रथम दृश्य में राजा मनु और उनकी पत्नी शतरूपा भगवान की तपस्या करते हैं। सभी देवी देवताओं ने राजा मनु से वरदान मांगने को कहा, तब राजा मनु की पत्नी शतरूपा ने भगवान नारायण से उनके यहां संतान के रूप में जन्म लेने के लिए कहा भगवान नारायण ने राजा मनु से एवं उनकी पत्नी शतरूपा से कहा कि अगले जन्म में राजा मनु तुम दशरथ बनोगे और तुम्हारी पत्नी शतरूपा कौशल्या तब उसी समय मैं तुम्हारे यहां जन्म लूंगा। लीला मंचन के दूसरे दृश्य में रावण कुंभकरण विभीषण ब्रह्मा जी को प्रसन्न कर कर अमरता का वरदान प्राप्त करते हैं। लीला के तीसरे दृश्य में जब पृथ्वी पर रावण असुरों के पाप अत्याचार का भार बढ़ जाता है और पृथ्वी माता इस भार को सहन ना कर त्राहि त्राहि कर उठी तब सभी देवताओं ने भगवान नारायण से विनती की वह कृपा करें और माता पृथ्वी को इस भार से मुक्त कराए कही ऐसा ना हो की माता पृथ्वी इस अधर्म के भार को सहन न कर पाने के कारण धरातल में ना समां जाए देवों की प्रार्थना को सुनकर भगवान नारायण ने कहा कि मैं कौशल्या माता के गर्व से राम के रूप में जन्म लूंगा और पृथ्वी को असुरों के पाप से मुक्त कराऊंगा।

## मिशन शक्ति का पांचवां चरण जारी

# एसपी ने छात्राओं के बीच पहुंच कर किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन- शक्ति फेज-5.0 अभियान के तहत उच्चाधिकारीगण के निर्देशानुक्रम में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु जीजीआईसी में छात्राओं को शासन द्वारा चलाये जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसपी ने बताया कि सभी लोग साइबर अपराधों के प्रति जागरूक व सतर्क रहें। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। कभी भी किसी अनजान व्यक्ति को अपना बैंक डिटेल, ओटीपी आदि मांगने पर कभी न दें। सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते। किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने बिना उसे फॉरवर्ड व शेयर न करें, अनजान लोगो की फ्रेण्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें, कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें, प्लेस्टोर से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, प्लेस्टोर के अलावा कहीं से भी ऐप डाउनलोड न करें, सोशल मीडिया ऐप में फेसबुक, इंस्टाग्राम, और व्हाट्सएप आदि पर सिक्योरिटी फीचर ऑन रखें, अपनी निजी व्यक्तिगत जानकारी या फोटो वीडियो शेयर न करें आदि के बारे में विस्तृत जानाकारी दी गयी। इसके साथ ही साइबर क्राइम का फ्रॉड होने पर तत्काल अपनी शिकायत टोल फ्री नम्बर 1930, एनसीसीआरपी पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या ईमेल आईडी पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करवाये अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें।



- बैंक, एटीएम और सहकारी समिति केन्द्र जाकर किया निरीक्षण

# 5 से 31 अक्टूबर तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान

अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** साल का तीसरा और आखिरी विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान पांच से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसके साथ ही 11 से 31 अक्टूबर तक दस्तक अभियान चलेगा। इसको लेकर जिला टास्क फ़ोर्स की पहली बैठक जिलाधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में विवेकानंद सभागार में सम्पन्न हुयी बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि पंचायती राज विभाग द्वारा अभियान के दौरान सभी 3446 परिषदीय विद्यालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, स्वास्थ्य उपकेंद्रों, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, में, उनके प्रांगण में स्थित शौचालयों व भवन के आस-पास व्यापक साफ सफाई की जाये। स्वास्थ्य विभाग नोडल होने के नाते इसकी निगरानी करेगा। आईसीडीएस द्वारा हरदोई जिला अस्पताल और संडीला स्थित पोषण पुनर्वास केन्द्रों पर शत प्रतिशत बच्चों की भर्ती सुनिश्चित हो। बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी बच्चे मच्छरों से बचाव के लिए विद्यालय में पूरी बांह की शर्ट और पैंट पहन कर आयें। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) टीम और शिक्षा विभाग के अधिकारी विद्यालयों में अभिभावक-शिक्षक बैठक में शामिल होकर संचारी रोगों से बचाव और मच्छरों को रोकने से पनपने के उपायों पर जागरूक करें। पशुपालन विभाग सभी गौशालाओं, सूकर बाड़ों और पोल्ट्री फार्म में टीकाकरण करना सुनिश्चित करे। नगर पालिका सभी नगरीय क्षेत्रों में फोगिंग करे, सभी नालों एवं नालियों की सफाई और एंटी लार्वा का छिड़काव सुनिश्चित करे।

- 11 से 31 अक्टूबर तक चलेगा दस्तक अभियान

# हाईवे पुलिस की मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**मथुरा।** थाना कोतवाली व हाईवे थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर को हाईवे पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। बदमाश पर 25 हजार का इनाम घोषित है। वह आगरा का गैंगस्टर भी है। उसके कब्जे से चोरी के आभूषण, तमंचा, चार कारतूस, बाइक व चोरी करने वाले उपकरण बरामद हुए है। सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा ने बताया कि मंगलवार देर रात मुखबिर की सूचना पर एसओजी टीम व थाना हाईवे पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में पुष्पांजली उपवन के पास खाली प्लाट में मुठभेड़ में अंतर जनपदीय शातिर चोर नेत्रपाल सिंह निवासी मांगरौल जाट थाना अछनेरा जिला आगरा को दबोचा है। पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया है। उसके कब्जे से चोरी के आभूषण, तमंचा, चार कारतूस, बाइक व चोरी करने वाले उपकरण बरामद हुए है।

# मथुरा बीएसए कॉलेज में फिर हुआ ऑडिट पर विवाद

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बाबू शिवनाथ अग्रवाल डिग्री कॉलेज (बीएसए कॉलेज) का विवाद थम नहीं रहा है। करोड़ों रुपये की धनराशि के हेरफेर के आरोपों से घिरे कालेज में अब विशेष ऑडिट को लेकर नया विवाद शुरू हो गया है।

कॉलेज के प्राचार्य ने तीस वर्षों का विशेष ऑडिट करने को पत्र लिखा तो शासन के निर्देश पर ऑडिट करने के आदेश भी जारी हुए। बकायदा इसके लिए टीम बनी। सितंबर में आडिट होना था, लेकिन फिर प्रबंधन तंत्र ने अपनी बात रखने के लिए दो माह का समय ले लिया। मौखिक रूप से ऑडिट टाल दिया गया। अब पूर्व में कालेज में अनियमितता को लेकर आवाज उठा चुके नरेन्द्र मोदी विकास मिशन ने फिर उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र लिख ऑडिट कराने को कहा है। न कराने पर मिशन उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेगा।

- करोड़ों रुपये के हेरफेर का आरोप

दरअसल, बीएसए कॉलेज में पूर्व में भी हेरफेर के आरोप लगते रहे हैं। 2011-2012 से 2022-23 कार्यकाल का ऑडिट किया गया। इसमें बड़े पैमाने पर अनियमितता प्रकाश में आई। ऑडिट रिपोर्ट में कई सौ करोड़ रुपये की अनियमितता के आरोप लगे। पूर्व में ऑडिट में पाया गया था कि संस्था के पास सदान निधि में 32 एकड़ भू-संपत्ति व 26 दुकानें थीं। लेकिन इसके संबंध में पत्रावली मांगने के बाद भी नहीं उपलब्ध कराई गई। भूमि से हुई आय के दुरुपयोग की आशंका जताई गई। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. ललित शर्मा ने शासन को पत्र लिखकर 1994-95 से 2024-25 तक का विशेष ऑडिट कराने की मांग की। 23 अगस्त को उच्च शिक्षा निदेशक ने टीम बनाई और आठ से 10 सितंबर के बीच ऑडिट करने के साथ ही 30 दिन के अंदर रिपोर्ट मांगी। बीएसए डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति के मंत्री धीरेंद्र कुमार अग्रवाल ने उच्च शिक्षा निदेशक को पत्र भेजकर कहा कि यदि कोई जांच कराई जा रही है, तो उससे प्रबंध तंत्र को अवगत कराया जाए। जांच में दो माह का समय मांगा,ताकि प्रबंध तंत्र अपनी बात कह सके। फिलहाल ऑडिट नहीं हुआ। अब नरेन्द्र मोदी विकास मिशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजाराम ने फिर से शिक्षा निदेशक को पत्र लिखा है। कहा है कि धीरेंद्र अग्रवाल द्वारा खुद को कॉलेज प्रबंध समिति का सचिव बताकर पत्र लिखा गया है, लेकिन वर्तमान में कुलपति द्वारा अनुमोदित कोई भी प्रबंध तंत्र महाविद्यालय में क्रियाशील नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### जिलाधिकारी ने जनसुनवाई मे सुनी 111 शिकायतें





**हरदोई (अवधनामा संवाददाता)।** कलेक्ट्रेट कक्ष में जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 111 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। जन सुनवाई के दौरान 02 लोगों का राशन कार्ड बनाया गया, 03 बच्चों को बाल सेवायोजना से जोड़ा गया तथा 01 व्यक्ति को दिव्यांग पेशन योजना से जोड़ा गया। भूमि सम्बन्धी मामलों में उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग व पुलिस विभाग की टीम संयुक्त रूप से मौके पर जाकर आवश्यक कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखा जाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्टेªट सुनील कुमार त्रिवेदी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम व सभी सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### यूपीएस कैम्प का हुआ आयोजन

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** मण्डल रेल प्रबन्धक झांसी अनिरुद्ध कुमार के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी राजेश कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश पर ललितपुर रेलवे स्टेशन पर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 81 कर्मचारी शामिल हुए। इसमें से करीब 03 कर्मचारियों ने आवेदन किया। कर्मचारियों को मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षकों द्वारा यूपीएस के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी व यूपीएस में मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तृत रूप से समझाते हुए कर्मचारियों की शंका का समाधान करते हुए यूपीएस के लाभ के बारे में बताया। कैम्प से प्रेरित होकर कुछ कर्मचारियों द्वारा विकल्प फॉर्म भरने की कार्रवाई की जा रही है।

### शातिर चोर को जखौरा पुलिस ने धर-दबोचा

**ललितपुर (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में वांछित/ वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस ने मु.अ.सं. 237/2025 धारा 305 बीएनएस के अभियोग में वांछित ग्राम सतगता निवासी कमल सिंह पुत्र देवी सिंह को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाश के पास से एक मंगलसूत्र पीली धातु, एक जोड़ी झुमकी पीली धातु, एक जोड़ी पायल सफेद धातु व एक हाफ पेटी सफेद धातु बरामद की है। शातिर चोर को पकडऩे वाली पुलिस टीम में प्रभारी थाना निरीक्षक मुनेश भारती, उ.नि. विवेक धामा, हे.का.प्रेमबाबू आदि शामिल रहे।



### राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया

**मथुरा (अवधनामा संवाददाता)।** किशोरी रमण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मथुरा के राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ प्रवीण कुमार अग्रवाल ने सभी स्वयंसेवकों को राष्ट्र सेवा का संकल्प लेने का आह्वान किया और कहा कि हमको किसी न किसी रूप में राष्ट्र की समस्याओं को हल करने के लिए हमेशा राष्ट्र प्रेम का भाव रखकर कार्य करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अशोक कुमार कौशिक ने कहा किर हम सभी स्वयंसेवकों को सजने संवारने के साथ-साथ इस वसुंधरा को भी सजाने संवारने का भाव हमेशा हमें कौंदता रहना चाहिए।

# दिवाली के बाद मथुरा में ब्रज रज उत्सव

**मथुरा।** दिवाली के बाद एक बार फिर ब्रजभूमि सांस्कृतिक रंगों और परंपराओं से सराबोर होगी। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद ने परम्परागत ब्रज रज उत्सव की तिथियां घोषित कर दी हैं। इस बार यह 11 दिवसीय आयोजन 26 अक्टूबर से 5 नवंबर तक मथुरा में धूमधाम से मनाया जाएगा। बुधवार को परिषद कार्यालय सभागार में सीईओ श्याम बहादुर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उत्सव की तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। बैठक में निर्णय लिया गया कि उत्सव में ब्रज के स्थानीय कलाकारों के साथ देश के प्रख्यात कलाकारों की प्रस्तुतियां होंगी, जो सांस्कृतिक विविधता का परिचय देंगी। मनोरंजन और आकर्षण के लिए झूले, खान-पान के स्टॉल, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और लोककलाओं का प्रदर्शन भी मेले का हिस्सा होंगे। बैठक में तय किया कि आयोजन की भव्यता बढ़ाने के लिए विशेष सजावट और व्यवस्थाएं की जाएंगी। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने कहा कि ब्रज रज उत्सव केवल मनोरंजन नहीं और अध्यात्म का जीवंत मंच है।

# भक्ति के पथ पर: राष्ट्रपति मुर्मू आज आयेंगी मथुरा

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** देश की महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज मथुरा-वृंदावन की यात्रा पर आ रही है। राष्ट्रपति की इस विशेष यात्रा के लिए भारतीय रेलवे ने महाराजा एक्सप्रेस को 'प्रेसीडेंट स्पेशल ट्रेन' के रूप में तैयार किया है। यह ट्रेन नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मथुरा तक चलेगी।

इस ऐतिहासिक सैलून में देश के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद से लेकर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तक ने यात्रा की। कई विदेशी अतिथियों ने भी इसमें सफर किया है। रेलवे सूत्रों के अनुसार राष्ट्रपति की यात्रा देखते हुए रेलवे और राष्ट्रपति भवन के अधिकारियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रेन में चलने वाले लोको पायलट और गार्ड्स को विशेष प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग दी गई है। सुरक्षा कारणों से राष्ट्रपति के ट्रेन से सफर करने से पहले ट्रैक पर एक रेलगाड़ी चलाई जाएगी। उसके बाद जीएम या डीआरएम का निरीक्षण वाहन दौड़ेगा। ट्रैक और सुरक्षा की पूरी जांच-पड़ताल के बाद ही राष्ट्रपति स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस ऐतिहासिक सैलून में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन, जाकिर हुसैन, वी. वी. गिरी, नीलम संजीव रेड्डी भी सफर कर चुके हैं। 25 जून 2021 को तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने भी दिल्ली से कानपुर तक इसी ट्रेन से यात्रा की थी। आजादी के बाद से कई दशकों तक राष्ट्रपति की यात्रा के लिए विशेष 'राष्ट्रपति सैलून' का प्रावधान था। इसमें दो कोच होते थे,एक राष्ट्रपति के लिए और दूसरा स्टाफ के लिए। वर्ष 1956 में तैयार यह सैलून तकनीकी सीमाओं के कारण तेज रफ्तार से नहीं चल सकता था। राष्ट्रपति कार्यालय के आदेश पर वर्ष 2024 में इसे विरासत के तौर पर नेशनल रेल म्यूजियम में संरक्षित कर दिया गया।

- महाराजा एक्सप्रेस बनेगी 'प्रेसीडेंट स्पेशल' रेल



# 110 करोड़ से 10 मीटर चौड़ा होगा अलीगढ़-मथुरा स्टेट हाईवे

**मथुरा।** अलीगढ़-मथुरा स्टेट हाईवे का चौड़ीकरण किया जाएगा। लोक निर्माण विभाग ने 110 करोड़ रुपये का प्रस्ताव शासन को भेजा है। प्रस्ताव योजना समिति अनुभाग में पहुंच गया है। माना जा रहा है कि जल्द ही इसे मंजूरी मिल जाएगी। वर्तमान में सात मीटर चौड़ा यह मार्ग बढ़ाकर दस मीटर चौड़ा किया जाएगा। यह परियोजना लगभग 30 किलोमीटर लंबी सड़क को कवर करेगी। इससे अलीगढ़ और मथुरा के बीच यातायात को सुगम होगा। लोक निर्माण विभाग के निर्माण खंड ने एक माह पूर्व शासन को यह प्रस्ताव भेजा था। जो अब योजना समिति के समक्ष पहुंच चुका है। मंजूरी मिलते ही निविदा प्रक्रिया और निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। इस चौड़ीकरण से न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, बल्कि यात्रा का समय भी घटेगा। मौजूदा समय में यह सड़क कई जगह खराब हो गई है। चौड़ाई कम होने के कारण यहां ट्रैफिक जाम से भी जूझता रहता है।

# नहीं रहे शहीद पुत्र पूर्व विधायक अवधेश राय

अवधनामा संवाददाता

**मुहम्मदाबाद (गाजीपुर)।** कांग्रेस के कद्दावर नेता एवं पूर्व विधायक अमर शहीद पुत्र अवधेश राय शास्त्री का आज मंगलवार को निधन हो गया। उन्होंने 83 बर्ष की उम्र में गाजीपुर शहर स्थित शास्त्री नगर स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। श्री शास्त्री प्रदेश के कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता रहे हैं। वर्ष 1985 में राष्ट्रीय कांग्रेस आई के टिकट पर दिलदारनगर विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गए थे। वे 1985 से 1989 तक अपने विधानसभा का विकास के क्षेत्र में की नई इबारत लिखी। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़क,बिजली, सिंचाई आदि कार्यों का जमीनी स्तर पर क्रियान्वन कर विधानसभा क्षेत्र का कायाकल्प कर उन्हें विकास पुरुष की संज्ञा मिली। इमानदारी एवं सादगी के प्रतीक स्व0 अवधेश शास्त्री आजीवन विकास कार्यों को लेकर काफी संवेदनशील रहे। स्व0 शास्त्री जी स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रसिद्ध गांव शेरपुर कलां के 18 अगस्त 1942 के अमर शहीद नारायण राय के सुपुत्र थे।स्व0अवधेश राय शास्त्री को शहीद पुत्र के रूप में भी जाना जाता है। अवधेश राय शास्त्री ने एक अध्यापक के साथ शहीद संस्मरण इन्टर कालेज के काफी वर्षों तक अध्यापन के साथ प्रवंधक के रूप में का कालेज के विकास एवं अनुशासन तथा पठन-पाठन का वातावरण सृजन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। गाजीपुर में उनकी गिनती ईमानदार राजनेताओं में शुमार की जाती थी।



# ताजमहल पर बेटियों को मिल रहा सुरक्षा का भरोसा





अवधनामा संवाददाता

**आगरा।** ताजमहल पर आने वाली बेटियों व महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ताज सुरक्षा पुलिस सक्रिय भूमिका निभा रही है। सहायक पुलिस आयुक्त सैयद अरीब अहमद के नेतृत्व में चल रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन को बढ़ावा देने के साथ-साथ कानून व सरकारी योजनाओं की जानकारी भी दी जा रही है।

ताजमहल पर तैनात ताज सुरक्षा पुलिस ने मिशन शक्ति फेस-6 के अंतर्गत महिला व छात्राओं को उनके अधिकारों व सुरक्षा उपायों के प्रति जागरूक करने का अभियान शुरू किया है। प्रभारी निरीक्षक तिलक राम भाटी के निर्देशन में महिला व पुरुष जवानों की क्विक रिस्पांस टीम ताजमहल के पश्चिमी गेट पर आने वाली महिलाओं को वूमेन पावर 1090, यूपी पुलिस 112, साइबर क्राइम 1930 जैसे हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दे रही है। पुलिस टीम द्वारा भारतीय न्याय संहिता व नागरिक सुरक्षा संहिता में महिलाओं से जुड़े नए कानूनों, डिजिटल फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट जैसे साइबर अपराधों के बारे में भी छात्राओं को सतर्क किया जा रहा है। देश-विदेश से आए हजारों पर्यटकों को सुरक्षित व जानकारीपूर्ण माहौल में ताजमहल का भ्रमण कराया गया।

# नगर निगम के वार्ड 31 में इंटरलॉकिंग सड़क का शिलान्यास

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम के वार्ड नंबर 31 में लंबे समय से जर्जर पड़ी सड़क के निर्माण का काम शुरू हो गया है। आज, वार्ड के पार्षद मुन्ना मलिक ने सुखदेव नगर में सलीम के घर से लेकर सोनम चौहान के घर तक बनने वाली इंटरलॉकिंग सड़क का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे, जिन्होंने पार्षद का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। लगभग 12 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क वर्षों से खराब हालत में थी, जिससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इस नई सड़क के निर्माण से क्षेत्र के लोगों को अब आवागमन में काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर पार्षद मुन्ना मलिक ने कहा, हमारी प्राथमिकता है कि क्षेत्र के लोगों को मूलभूत सुविधाएं मिलें। यह सड़क वर्षों से खराब थी और इसके बनने से लोगों की एक बड़ी समस्या का समाधान होगा।

# परिषदीय विद्यालयों में केक काटकर बच्चों ने मनाया मीना का जन्मदिन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** 24 सितंबर बेटियों के सम्मान का दिन है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाना है। मीना मंच के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर, स्वभिमानी और साहसी बनने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। शिक्षण सत्र के दौरान, इस दिन विभिन्न गतिविधियों नुक्कड़ नाटक, कहानी वाचन और ऑनलाइन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है, जिससे बालिकाओं को विभिन्न सामाजिक मुद्दों के बारे में जागरूक किया जा सके। परिषदीय विद्यालयों में मीना मंच के माध्यम से मीना का जन्मदिन मनाया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय टोडी में छात्रा निशा कुशवाहा को मीना बनाया गया, विद्यालय की छात्राओं ने केक काटकर व माला पहनाकर मीना का जन्मदिन मनाया। इस दौरान डा.बृजेश कुशवाहा, गणेश अहिरवार, दिनेश साहू, बृजेन्द्र सिंह यादव मौजूद रहे। वहीं संविलियन उच्च प्राथमिक विद्यालय डुलावन में छात्राओं ने मीना का जन्मदिन केक काटकर मनाया व मीना दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मीना मंच की सुगमकर्ता अंजूलता वर्मा ने कहा कि बालिकाओं के मुद्दों को सरल एवं सहज रूप से समझने के लिए मीना नाम की लड़की का एक काल्पनिक चरित्र बनाया गया है। प्रत्येक वर्ग एवं समाज की बालिकाएं स्वयं का इससे जुड़ाव महसूस कर सकती है। मीना एक उत्साही और विचारवान किशोरी है जिसमें उमंग, उल्लास, सहानुभूति और सहायता का भाव है। मीना मंच की शुरूआत वर्ष 2011-12 में की गई। इस दौरान विद्यालय स्टाफ व बच्चे मौजूद रहे।

- मीना से प्रेरणा लेकर प्रतिदिन विद्यालय आयें बच्चे

# 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' छात्राओं किया जागरूक



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य प्रो.डॉ.राजेन्द्र सिंह के निर्देशन में आज बुधवार को नगर के विशेश्वरगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विद्यालय के समस्त छात्राओं ने भाग लिया। डॉ मीरा कुमारी ने मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में बताया और यह भी बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें समय पर चिकित्सीय सुविधाएं प्रदान करना है। डॉ इशिता सिंह ने महिला सशक्तीकरण के बारे मे बताया और इस अभियान से महिलाएं न केवल स्वयं स्वस्थ रहेंगी, बल्कि पूरे परिवार को सशक्त बनाने में भी सक्षम होंगी। प्रतीक्षा पाण्डेय योग विशेषज्ञ ने महिलाओं को मोटापे की रोकथाम के लिए दैनिक योग के कई आसन उनके लाभ बताएं। उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया। कंचन सिंह आहार विशेषज्ञ ने संतुलित आहार एवं पोषण के लिए छात्राओं को जागरूक किया।

# डूडा कॉलोनी लहारियापुरवा में चला विशेष सफाई अभियान

अवधनामा संवाददाता



राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने दिलाई स्वच्छता की शपथ - प्रधानमंत्री जन्मदिन से गांधी जयंती तक मनाया जा रहा स्वच्छता सेवा पखवाड़ा

**उरई (जालौन)।** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत आज जनपद में विशेष सफाई अभियान एवं श्रमदान का आयोजन डूडा कॉलोनी लहारियापुरवा में किया गया। राज्यमंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उ0प्र0 श्री संजय सिंह गंगवार ने स्वयं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।इस अवसर पर प्रभारी मंत्री के साथ जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, विधायक माधौगढ़ मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, एमएलसी प्रतिनिधि मयंक त्रिपाठी, नगर पालिका अध्यक्ष उरई प्रतिनिधि विजय चौधरी, भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्षा उर्विजा दीक्षित सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद रहे। सभी ने झाड़ू लगाकर श्रमदान किया और लोगों को स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित किया। प्रभारी मंत्री ने उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाते हुए कहा कि स्वच्छता केवल कार्यक्रम नहीं बल्कि जीवनशैली का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी के जन्मदिन (17 सितम्बर) से लेकर गांधी जयंती (2 अक्टूबर) तक स्वच्छता सेवा पखवाड़ा पूरे देश में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री का कहना है

स्वच्छता एक अभियान भर नहीं है, यह 140 करोड़ देशवासियों की जीवनशैली बने। जब समाज के हर व्यक्ति का संकल्प जुड़ता है, तभी राष्ट्र नई ऊँचाइयों तक पहुँचता है। आइए हम सब मिलकर गांधी जयंती तक चल रहे इस 'स्वच्छता सेवा पखवाड़ा' को जन आंदोलन बनाएं और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व स्वस्थ भारत का निर्माण करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, अधिशाषी अधिकारी राम अचल कुरील, बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी, समाजसेवी व स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

## पुलिस ने अवैध पटाखों की बड़ी खेप पकड़ी आरोपी गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** कोतवाली पुलिस ने अवैध पटाखों की बड़ी खेप बरामद करते हुए एक व्यक्ति को पकड़ा है। पुलिस ने उसके कब्जे से 12,900 देशी सुतली बम 816 पैकेट आँधी तूफान माचिस पटाखा और 300 पैकेट दीवार मार पटाखा बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 1.50 लाख रुपये बताई जा रही है। जालौन कोतवाली प्रभारी अजय ब्रह्म तिवारी को सूचना मिली कि नत्थू तिराहा से पुरानी हाट जाने वाली सड़क के पास अवैध आतिशबाजी का भंडारण है। वहीं सूचना मिलते ही कोतवाल समेत, चौकी प्रभारी व पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने मौके से मुहल्ला तोपखाना निवासी मोहम्मद हामिद एलपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से 12,900 देशी सुतली बम पीस, 816 पैकेट आँधी तूफान माचिस पटाखा और 300 पैकेट दीवार मार पटाखा शामिल हैं। सभी सामग्री लोडर वाहन में रखी हुई थी। बरामद विस्फोटक सामग्री को कब्जे में लेकर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर दी है। वहीं एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। जिससे पूछतांछ की जा रही है।

# नवरात्रि पर बिजली की समस्या को लेकर हिंदू संगठन ने विरोध प्रदर्शन कर लगाया जाम

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** नवरात्रि पर्व पर बिजली विभाग द्वारा सुबह शाम पूजा अर्चना के समय बिजली गायब होने से नाराज हिंदू संगठन के ढाई दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं ने उप जिला अधिकारी को बिजली विभाग के खिलाफ ज्ञापन सौंपना चाहा, लेकिन एसडीएम द्वारा कुछ जरूरी काम के चलते कुछ समय इंतजार करने को कहा इस बात से नाराज हिंदू संगठन के कार्यकर्ता गेट के सामने मुख्य सड़क पर जाम लगाकर बैठ गये। बिजली विभाग तथा स्थानीय प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, सदर विधायक के आने के बाद मामला शांत हुआ। विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष अनुराग तिवारी बजरंग दल के नगर संयोजक मानवेंद्र परिहार, गोलू द्विवेदी, निशांत ,गोलू कुशवाहा ,शिवम दुबे, अमित, रूद्र, दिव्यांशु ,ओम सेंगर, बंसराज श्याम कृष्ण, सहित तकरीबन 30 से अधिक कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी विनय मौर्य को बिजली की समस्या को लेकर एक ज्ञापन सौंपना चाहा ,हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने कुछ दिन पूर्व ही ज्ञापन देकर मांग की थी कि नवरात्रि में सुबह 4:00 से 9:00 तक बिजली और शाम को 4:00 बजे से 9:00 तक की बिजली सप्लाई निर्बाध रूप से दिलाए जाय, जिससे माताओं और बहनों को रस्ते में आने जाने को लेकर दिक्कत न हो। लेकिन नवरात्रि के पहले ही दिन बिजली विभाग द्वारा इस समय बिजली की कटौती की गई। एसडीएम द्वारा ज्ञापन लेने के लिए एक घंटा इंतजार करने के लिए कहा गया इस बात से नाराज होकर सड़क पर जाम लगाकर धरना प्रदर्शन कर बिजली विभाग तथा प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। इसी समय सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा वहां से गुजरे तो उन्होंने कार्यकर्ताओं को समझाया तथा एसडीएम को बुलाकर हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपाया गया, तब जाकर कार्यकर्ता शांत हुए। इस मौके पर कोतवाल अजय ब्रह्म तिवारी सहित भारी पुलिस बल तैनात रहा। जब इस संदर्भ में उप जिलाधिकारी मौर्य से बात की तो उन्होंने बताया की उस समय जनता दर्शन का समय चल रहा था मैंने उनसे कहा कि 10 से 12 बजे तक जनता दर्शन के समय के बाद ज्ञापन सौंपना, लिहाजा आप लोग 10 से 15 मिनट इंतजार कर लें। नवरात्रि के पर्व पर बिजली की कटौती की समस्या को लेकर जैसे ही विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता ज्ञापन देने गए तो उन्होंने कार्यकर्ताओं से 1 घंटे बाद आने को कहा जिससे कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त हुआ उन्होंने मुख्य मार्ग जाम किया और जमकर की प्रशासन और बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी ,कुछ ही समय में सदर विधायक के मौके पर पहुंचे उन्होंने कार्यकर्ताओं को शांत कराया, सदर विधायक के हस्तक्षेप से उप जिला अधिकारी को सड़क पर ज्ञापन लेने आना पड़ा।

## ट्रक चालक-परिचालक को अनियंत्रित ट्रेलर ने रौंदा, तीन की मौत

**उन्नाव।** मंगलवार को भोरपहर लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र में मछली भरा ट्रक पंचर हो गया। चालक क्लीनर ट्रक का पहिया बदलने लगे इसी दौरान पीछे से आ रहा ट्रेलर चालक क्लीनर को रौंदते हुए ट्रक से जा टकराया। हादसे में ट्रक के चालक क्लीनर व ट्रेलर के चालक की मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस व यूपीडा कर्मियों ने मशक्कत के बाद ट्रेलर में फंसे चालक का शव निकालकर तीनों शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए विच्छेदन ग्रह भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली बांगरमऊ अन्तर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर ग्राम देवखरी के निकट मछलियों से भरा ट्रक गुजरात से असम की ओर जा रहा था। ट्रक का पहिया पंचर होने पर चालक व क्लीनर ट्रक को साइड में लगाकर टॉर्च की रोशनी से टायर बदल रहे थे तभी मोरबी से सीतापुर की तरफ जा रहा पत्थर की डस्ट से भरा ट्रेलर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराया। हादसे में ट्रक चालक देवानंद व क्लीनर अजय की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रेलर चालक गंभीर रूप से घायल होकर ट्रेलर में स्टेयरिंग के बीच फंस गया।

# दशम आयुर्वेद दिवस पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** दशम आयुर्वेद दिवस के अवसर पर मनोहरलाल राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों एवं उनके तीमारदारों से संवाद कर उनका हालचाल जाना और शिविर की व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। डीएम ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि आयुर्वेद भारत की प्राचीन चिकित्सा पद्धति है। जो शरीर मन और आत्मा के संतुलन पर आधारित है।

उन्होंने बताया कि आधुनिक युग में आयुर्वेद की प्रासंगिकता और महत्व और अधिक बढ़ गया है। क्योंकि यह केवल रोग का उपचार ही नहीं करता बल्कि रोगों की रोकथाम और जीवनशैली सुधार पर भी बल देता है। उन्होंने चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक लोगों तक आयुर्वेदिक चिकित्सा की जानकारी और लाभ पहुंचाएं।

साथ ही मरीजों से कहा कि आयुर्वेद केवल औषधियों तक सीमित नहीं है बल्कि इसमें योग प्राणायाम संतुलित आहार और दिनचर्या भी शामिल है। यह संपूर्ण जीवन दर्शन है जो मनुष्य को स्वस्थ और संतुलित बनाए रखता है। कार्यक्रम में सीडीओ केके सिंह एसडीएम विनय मौर्य? क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ अरुण कुमार गुप्त और प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूजा सिंह राजपूत पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल आदि मौजूद रहे।

# संकटकाल में हेल्पलाईन नम्बरों की मदद लेकर सिखायें सबक



अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुवे के नेतृत्व में कोतवाली पर गठित नारी सशक्तिकरण एंटी रोमियो टीम द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत विद्यालयों व ग्रमीण अंचलों में पहुंचकर महिलाओं/बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर किया जा गया है। बुधवार को क्षेत्र के ग्राम इन्दिरानगर स्थित जेपी एकेडमी में नारी सशक्तिकरण एंटी रोमियो टीम द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके अधिकारों इत्यादि के बारें में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी देते हुए पम्पलेट प्रदान कर जागरूक किया गया। साथ ही थाना स्थानीय पर नवस्थापित मिशन शक्ति केन्द्र का कार्य, उददेश्य, उपलब्ध करायी जाने वाली सेवाओं के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी। निरीक्षक चन्द्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि कोतवाली में स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र में महिलाओं की समस्याओं पर महिला पुलिस कर्मी द्वारा तत्काल कार्यवाही की जायेगी साथ ही उनकी पहचान गुप्त रखी जायेगी। इस दौरान महिला कांस्टेवल जय ललिता, प्रिंयका, राखी सहित तमाम महिला पुलिस कर्मी मौजूद रहीं।

## एसडीएम ने कब्जामुक्त जमीन को ग्राम प्रधान के सुपुर्द किया



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** छिबरामऊ तहसील क्षेत्र के ग्राम जुनैदपुर में एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी के निर्देश पर तहसीलदार अबनीश कुमार ने राजस्व टीम के साथ कार्रवाई करते हुए बंजर जमीन से अवैध कब्जा ध्वस्त किया था। जिसके मलवे को हटवानें के एसडीएम द्वारा ग्राम प्रधान विमला देवी के सुपुर्द किया गया। ज्ञात हो कि बीते दिन क्षेत्र के ग्राम जुनैदपुर में ओवैस ने बंजर भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा जमा लिया था। मामले की शिकायत जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तक पहुंचने पर एसडीएम ज्ञानेन्द्र कुमार द्विवेदी के निर्देश पर तहसीलदार अबनीश कुमार ने राजस्व टीम एवं पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कब्जा ध्वस्त कराया जिसके उपरान्त जमीन को खाली कराकर ग्राम प्रधान विमला देवी के सुपुर्द किया गया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि अरूण कुमार, लेखपाल श्याम नारायण, राजेश अग्निहोत्री, अनुराग दुबे, गजेंद्र सिंह, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

# पालिका में अन्तः विभागीय संवदेकीरण बैठक आयोजित



अवधनामा संवाददाता

नागरिक अपने आसपास स्वच्छता बनायें रखें साथ ही जल भराव न होनें दें-ईओ

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** वर्षा ऋतु के उपरांत मच्छर जनित बीमारियों एवं संचारी रोगों पर रोकथाम के लिये संचारी रोग नियंत्रण अभियान आगामी माह की 05 तारीख से 31 तारीख तक चलाया जायेगा। यह जानकारी बुधवार को पालिका सभागार में आयोजित अन्तः विभागीय संवदेकीरण बैठक में यूनिसेफ की तरफ से ब्लॉक मोबिलाइजर नसीबा खान एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से डॉ जितेन्द्र बैरवा द्वारा दी गई। उनके द्वारा पालिका कर्मियों को संचारी रोगों की रोकथाम हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। आगामी संचारी रोग नियंतत्रण अभियान में पालिका द्वारा रोस्टर के अनुसार प्रत्येक वार्ड में विशेष सफाई अभियान, अशुद्ध जल निकासी, हैण्डपम्प मरम्मत, नाली सफाई, एण्टीलार्वा छिड़काव एवं फॉगिंग की गतिविधियां सम्पन्न की जायेंगी। बैठक में लेखा पटल सहायक वीर सिंह, जोनल सफाई प्रभारी राजन बाबू, राजेश वर्मा, मनोज तिवारी, जनार्दन मिश्रा आदि पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे। उधर दूरभाष अधिसाषी अधिकारी अनिल कुमार ने नागरिकों से संचारी रोग नियंत्रण अभियान में पालिका का सहयोग करनें की अपील करते हुये कहा कि नागरिक अपने आसपास गंदगी एवं गंदे जल का भराव न होनें दें।

# आयुर्वेद हमारे देश की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति : पंकज गुप्ता

नगर में निकली आयुर्वेद चिकित्सा जागरूकता रैली

अवधनामा संवाददाता




**उन्नाव।** माँ शक्ति नर्सिंग एंड फार्मेसी आयुर्वेदिक कालेज साधना स्थली शक्तिपुरम् उन्नाव में दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयुर्वेद चिकित्सा जागरूकता रैली जिला आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी दरोगाबाग़ कार्यालय से प्रारम्भ होकर निराला पार्क में समापन किया गया। जिसमें कालेज के प्राचार्य डॉ0 आर0 के0 सिंह संस्थापक डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 अनिल कुमार सिंह व सैकड़ो छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। ÷हम सबने ठाना है आयुर्वेद को अपनाना है जैसे नारों के साथ रैली सम्पन्न हुई। राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस 23 सितम्बर को धन्वन्तरी जयन्ती को भव्यता पूर्वक यज्ञ पूजन आचार्य राघवेन्द्र व आचार्य राजीव शर्मा एवं मंजू मूर्ती द्वारा किया गया। सुश्री प्रीती गुप्ता छात्र/छात्राए व अतिथियों व संस्था के सदस्यों द्वारा आहूति देकर यज्ञ पूजन सम्पन्न किया गया। मुख्य अतिथि सादर विधायक पंकज गुप्ता द्वारा भगवान धन्वन्तरी की प्रतिमा में मल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत के माध्यम से सभी लोगो का स्वागत आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा आयुर्वेद हमारे देश की प्राचीनतम चिकित्सा पद्धत्ति है व ऋषि मुनियों की परम्परा है जो जन-जन के लिए उपयोगी है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में चेयरमैन नगर पालिका उन्नाव प्रतिनिधि भानू मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सबको आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति अपनाना चाहिये जिससे हम स्वस्थ जीवन जी सके। कार्यक्रम का सूंचालन मंजू मूर्ती व आभार डॉ0 आर0 के0 सिंह ने किया तथा संस्थापक डॉ0 राजेश सिंह ने आयुष चिकित्सा पद्धतियों को जनपद स्तर पर भारत सरकार की मंशा के रूप में आयुर्वेद जन जन के लिए कल्याण की भावना के साथ आयुर्वेद अपनाओ जीवन को स्वस्थ बनाओ।

# ऑनलाइन डिस्काउंट ने रिटेल बाजार प्रभावित किया : संजीव

अवधनामा संवाददाता

उद्योग व्यापार मंडल लोकल बाजार से सामान खरीदनें के लिये करेगा जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** ऑनलाइन कारोबार से बाजार काफी प्रभावित हुआ है। शहरों से लेकर ग्रामीण इलाकों में खुद की जड़ें मजबूत कर रहे ऑनलाइन शापिंग के बढ़ते क्रेज ने स्थानीय खुदरा व्यापारियों की कमर तोड़ कर रख दी है। ऑनलाइन शापिग कारोबार से भले ही ग्राहक संतुष्ट हो रहे हों लेकिन इसने रिटेल बाजार को काफी प्रभावित किया है। यह बात बुधवार को प्रतिष्ठान कार्यालय पर उ. प्र. उद्योग व्यापार मंडल के जिला सयुंक्त महामंत्री संजीव गुप्ता संजू ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। कहा कि बाजार में लाखों करोड़ों का इन्वेस्टमेंट करके बैठे दुकानदारों की स्थिति यह है कि कई को खर्चे निकालना मुश्किल हो रहा है। फेस्टिव सीजन में लोगों को बाजार के उठने की उम्मीद रहती है, लेकिन अमेजन, फ्लिपकार्ट, मिंत्रा समेत अन्य कई कंपनियों की ओर से मोबाइल, इलेक्ट्रानिक्स गैजेट्स, गारमेंट्स व जूतों समेत अन्य कई चीजों पर लुभावने ऑफरों से खुदरा दुकानदार परेशान होते रहते हैं। कहा कि ऑनलाइन खरीददारी के बढ़ते चलन से परेशान व्यापारियों ने लोगों को लोकल बाजार से सामान खरीदने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया है। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि ऑनलाइन खरीददारी के कारण स्थानीय व्यापार मंदा हो गया है इसलिए ऑनलाइन के बढ़ते चलन से परेशान व्यापारियों ने निर्णय लिया कि घर-घर जाकर लोगों को लोकल बाजार से सामान खरीदने के लिए जागरूक किया जाएगा और इसके लिए समूह भी तैयार किए जाएंगे। इस अवसर पर अनुराग गुप्ता, टिंकू बाथम, सुमित गुप्ता, गंगा सिंह, सिद्धार्थ गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

# पार्कों का सुंदर और हरित विकास हमारे शहर की प्राथमिकता : श्वेता भानू मिश्रा

अवधनामा संवाददाता

अमृत योजना के तहत वृंदावन पार्क का भव्य सौंदर्यीकरण पूर्ण

**उन्नाव।** नगर को स्वच्छ और सुंदर रखने के साथ ही हरित, आधुनिक सार्वजनिक स्थल का सृजन हमारा उद्देश्य, इस क्रम में पूर्व से पड़े पार्कों का सौंदर्यीकरण भी जरूरी है। नगर पालिका परिषद ने इसी कड़ी में अमृत योजना के तहत शहर के आवास विकास स्थित वृंदावन पार्क का व्यापक सौंदर्यीकरण कार्य पूर्ण कराया है। ऐसे ही अन्य पार्कों को सजाने, संवारने का प्रयास जारी रहेगा।

मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती श्वेता भानू मिश्रा ने नव-संवारा वृंदावन पार्क को सौंदर्यीकरण के उपरांत लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया। उन्होंने कहा, नगर पालिका परिषद नागरिकों के लिए स्वस्थ, आकर्षक और आधुनिक वातावरण प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। वृंदावन पार्क का यह नया स्वरूप इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हम चाहते हैं कि प्रत्येक नागरिक इस पार्क का आनंद ले और इसे स्वच्छ और संरक्षित रखे। लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नि. भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रवीण मिश्रा भानू ने कहा कि वृंदावन पार्क का यह सौंदर्यीकरण हमारे शहर के लिए गर्व का विषय है। यह न केवल मनोरंजन और स्वास्थ्य के लिए आदर्श स्थल बनेगा, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों को भी नई ऊंचाइयां देगा। हम सभी को इसे संरक्षित रखने में सहयोग करना चाहिए। इस मौके पर आवास विकास के सभासद अशोक सिंह मुन्ना, आदर्श नगर सभासद राकेश शाहू, गांधी नगर सभासद दीपक दीक्षित मोनू, जवाहर नगर सभासद निशेष जायसवाल, पुरानी बाजार सभासद सतीश यादव, दुपरापुर सभासद यासीन अहमद शीबू, नूरुदी नगर सभासद दिलशाद, तकी नगर सभासद अराफात बेग, पूर्व सभासद संजय त्रिवेदी, पूर्व सभासद राम नरेश, पूरन नगर सभासद प्रतिनिधि राजेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता आशादीन तिवारी, वृंदावन रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आरएस चौहान, जी एस भदौरिया, आशीष शुक्ला, अशोक शुक्ला, विवेक तिवारी, रामजस गुप्ता, राजेंद्र तिवारी, रमेश चौधरी, शिरीष श्रीवास्तव, अशोक शुक्ला, उमेश श्रीवास्तव, राम तिवारी, राजेश वर्मा, बॉबी हाशमी, आशीष त्रिपाठी, कुलदीप चौहान, दीपू मिश्रा समाजसेवी बच्चों एवं मातृशक्तियों सहित पालिका के सभी कर्मचारी एवं सम्मानित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अपना दल के जिलाध्यक्ष बनने पर वकीलों में हर्ष

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष जाटव आर पी गौतम ने उन्नाव जनपद में एडवोकेट अमरेश कुमार वर्मा पूर्व महामंत्री उन्नाव बार एसोशिएशन को अपना दल का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष के पद पर नियुक्त होने पर वरिष्ठ अधिवक्ता संतोष पटेल अमित कुमार सिंह एडवोकेट दिलीप सिंह एडवोकेट दिनेश पाल सिंह एडवोकेट निशानाथ एडवोकेट नीरज सिंह एडवोकेट प्रवीण दुबे एडवोकेट दीपक यादव एडवोकेट सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी। श्री वर्मा ने कहा कि पार्टी के प्रति निष्ठा से कार्य करेंगे पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचना मेरा कर्तव्य होगा साथ ही साथ आम जनता की समस्याओं को हल कराने का पूरा प्रयास होगा।

# सहकारिता सदस्यता महाभियान के तहत अधिक से अधिक सदस्य बनाने का आहवान

अवधनामा संवाददाता

**उन्नाव।** सहकारिता सदस्यता महाभियान 2025 के तत्वाधान में आज जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने विकासखंड बिछिया के ब्लॉक प्रमुख नीरज गुप्ता के नेतृत्व में सदस्यता महाअभियान के संबंध में आयोजित गोष्ठी में सम्मिलित होकर पंचायत विभाग के सम्मानित अधिकारीगणों के साथ प्रत्येक ग्रामसभा से अधिक से अधिक सदस्य बनाए जाने का आवाहन किया गया और महाभियान की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर एडीओ पंचायत संदीप मिश्रा, सचिव देवेंद्र यादव, ओमशंकर तिवारी, उप महाप्रबंधक जिला सहकारी बैंक पुनीत चौधरी, एडीसीओ मनोरमा, तहसील प्रभारी उपेंद्र सिंह, राहुल राजपूत सहित बिछिया विकासखंड के सम्मानित एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। इसी क्रम में विकासखंड बीघापुर व सुमेरपुर की संयुक्त बैठक विकासखंड बीघापुर सभागार में दोनों विकास खंड के चार्ज पर खंड विकास अधिकारी पंकज गौतम के नेतृत्व में सुमेरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेश बाजपेई, मुन्ना सिंह मंडपहा बीघापुर ब्लॉक प्रमुख पति पवन पासवान ब्लाक बीघापुर प्रतिनिधि प्रकाश सिंह जिला सहकारी बैंक के निदेशक अमरेश दीक्षित साधन सहकारी समिति बीघापुर के अध्यक्ष निर्भय सिंह लाला, गोविंद शुक्ला पूर्व चेयरमैन बीघापुर, जिला सहकारी बैंक के उप महाप्रबंधक पुनीत चौधरी बीघापुर तहसील के प्रभारी गणेश प्रसाद रावत प्रशासनिक अधिकारी जिला सहकारी बैंक उन्नाव उपेन्द्र सिंह संयुक्त ब्लॉक के एडीओ पंचायत एडीओ सी ग्राम विकास अधिकारी रहे। ग्राम पंचायत अधिकारी और उपस्थित सभी लोगों से एम पैक्स सदस्यता महाभियान 2025 का हिस्सा बनकर प्रत्येक किसानों को सदस्य बनाने की अपील अध्यक्ष अरुण सिंह के द्वारा की गई। उत्तर प्रदेश के सहकारिता राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जे.पी.एस.राठौर के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित इस महाभियान का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सहकारिता को मजबूत करना और प्रत्येक गांव में सदस्यता बढ़ाकर सशक्त गाँव, समृद्ध भारत की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

## विधायक ने जीएसटी को लेकर व्यापारियों से किया संवाद

**उन्नाव।** भाजपा केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा विधायक बंबालाल दिवाकर ने सफीपुर में शारदीय नवरात्रि के द्वितीय दिवस पर जीएसटी के संदर्भ में व्यापारी बंधुओं एवं उपभोक्ताओं से संवाद किया। घटी जीएसटी-मिला उपहार, धन्यवाद मोदी सरकार के स्टीकर बांटे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में जीएसटी रिफॉर्म भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई गति प्रदान करने के साथ ही अन्नदाता किसानों एवं उद्योग जगत को सशक्त बनाकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करेगा। इस मौके पर भाजपा नेता सभासद अभिनव शर्मा, राजू सिंह चौहान, राकेश तिवारी लल्ला, अतुल अग्निहोत्री, रामसजीवन विमल आदि कार्यकर्ता एवं रिटेलर भी मौजूद रहे।

## हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी सख्त

**उरई (जालौन) (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में आयोजित बैठक में बृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान लगाये गए वृक्षों एवं हरिशंकरी पौधरोपण अभियान की समीक्षा की। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा कराई जा रही जियो-टैगिंग प्रगति की समीक्षा की गई। कुछ विभागों की प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट करते हुए तत्काल सुधार के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और संरक्षण सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्राम पंचायत स्तर पर पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड अनिवार्य रूप से लगाए जाएं, ताकि पौधों का दीर्घकाल तक संरक्षण हो सके।उन्होंने कहा कि प्रभागीय वनाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी जनपद में रोपित पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगवाने सहित अन्य प्रबंध एवं व्यवस्था सुनिश्चित करा लें ।साथ ही सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि पौधों को समय-समय पर पर्याप्त पोषण एवं पानी मिले और उनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी विभाग की ओर से लापरवाही सामने आती है तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है और पौधों की सुरक्षा में सभी अधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता दिखानी होगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप, बीएसए चंद्र प्रकाश, सहायक निबंधक सहकारिता विजय प्रकाश वर्मा सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

## हिमाचल रणजी टीम को मिला नया कोच, वीआरवी सिंह संभालेंगे जिम्मेदारी



**धर्मशाला।** हिमाचल की क्रिकेट टीम के नए कोच के नेतृत्व में रणजी खेलने उतरेगी। इस बार नए कोच से हिमाचल को भी खासी उम्मीद है। वहीं खिलाड़ियों को भी नए कोच के नेतृत्व में कुछ अलग करने को भी मिलेगा। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने पूर्व अंतरराष्ट्रीय गेंदबाज विक्रम राज वीर सिंह को मुख्य कोच नियुक्त किया है। पंजाब के रहने वाले विक्रम राज वीर सिंह भारतीय टीम के हिस्सा रहे हैं। दो जून 2006 को उन्होंने ने टेस्ट क्रिकेट में वेस्टइंडीज के खिलाफ डेब्यू किया था। उन्होंने भारतीय टीम से पांच टेस्ट मैच खेले है। जिसमें उन्होंने 47 रन बनाए है और आठ विकेट हासिल किए है। जबकि दो अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय मैच में आठ रन बनाए है। वीआरवी सिंह को घरेलू क्रिकेट को भी खासा अनुभव है। उन्होंने फर्स्ट क्लास क्रिकेट के 29 मैचों में 121 विकेट चटकाए हैं। इसके अलावा घरेलू टी-20 में 33 मैचों के 31 विकेट लिए हैं। सिंह को आईपीएल में गेंदबाजी करने का भी अनुभव है। उन्होंने 19 आईपीएल मैचों में 12 विकेट चटकाए हैं। हिमाचल को मिले नए कोच से टीम को जहां मनोबल बढ़ेगा। वहीं उनका अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव भी खिलाड़ियों को काम आएगा। इसके अलावा गेंदबाजों को भी वीआरवी सिंह से बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। इससे पहले वीआरवी सिंह पंजाब में कोच रहे हैं।

उन्होंने पंजाब की अंडर-23 टीम को अपने नेतृत्व में एअलग पहचान भी दिलाई है। एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार ने कहा कि पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर वीआरवी सिंह को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट टीम का नया कोच नियुक्त किया है। वहीं नए कोच ने यहां ज्वाइन भी कर लिया है। उन्होंने कहा कि आने वाले रणजी सीजन में हिमाचल की टीम नए कोच के नेतृत्व में मैदान में उतरेगी। इससे पहले रणजी टीम के चयन के लिए आयोजित होने वाले कैंप में भी कोच खिलाड़ियों को मार्गदर्शन करते हुए नजर आएंगे।

## भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का प्रस्ताव पेश किया, अहमदाबाद में हो सकता है आयोजन



**नई दिल्ली।** गुजरात सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का ऐतिहासिक महत्व है क्योंकि यह राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक हैं। भारत की बोली ने अहमदाबाद को इस शताब्दी वर्ष के आयोजन के लिए मेजबान शहर बनाया है।

भारत के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को लंदन में राष्ट्रमंडल खेल मूल्यांकन समिति के समक्ष 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी का प्रस्ताव औपचारिक रूप से पेश किया। भारतीय दल का नेतृत्व गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने किया। इसकी जानकारी गुजरात सरकार ने दी।

गुजरात सरकार की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि 2030 राष्ट्रमंडल खेलों का ऐतिहासिक महत्व है क्योंकि यह राष्ट्रमंडल खेल आंदोलन के 100 वर्ष पूरे होने का प्रतीक हैं। भारत की बोली ने अहमदाबाद को इस शताब्दी वर्ष के आयोजन के लिए मेजबान शहर बनाया है। अहमदाबाद में अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन स्थलों, मजबूत परिवहन प्रणालियों और उच्च-गुणवत्ता वाले आवास के साथ एक सघन खेल माहौल उपलब्ध है। विज्ञप्ति में कहा गया है, खेलों के रीसेट सिद्धांतों के अनुरूप यह प्रस्ताव सामर्थ्य, समावेशिता, लचीलेपन और स्थिरता पर जोर देता है। यह पैरा खेलों के एकीकरण, मानवाधिकारों की सुरक्षा, लैंगिक समानता को बढ़ावा देने और एक दीर्घकालिक विरासत ढांचे को स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है जो यह सुनिश्चित करता है कि खेलों से परे खिलाड़ियों, समुदायों और व्यापक राष्ट्रमंडल को भी लाभ मिले।

## मेसी का भारत दौरा

### अर्जेंटीना फुटबॉल टीम 12 से 18 नवंबर के बीच केरल में ऑस्ट्रेलिया से खेल सकती है



**तिरूवनंतपुरम।** लियोनेल मेसी समेत अर्जेंटीना फुटबॉल टीम नवंबर में केरल दौरे पर कोच्चि में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच खेल सकती है। खेल विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने कहा कि अभी दोस्ताना मैच की तारीख तय नहीं हुई है लेकिन यह कोच्चि में 12 से 18 नवंबर के बीच होगा जब अर्जेंटीना की टीम और मेसी केरल में होंगे। सूत्रों ने कहा कि विश्व कप 2022 विजेता अर्जेंटीना का सामना केरल से हो सकता है।

अर्जेंटीना टीम के केरल दौरे को लेकर कुछ विवाद हो गया था जब अगस्त में कुछ रिपोर्ट में कहा गया कि यह दक्षिण अमेरिकी टीम नहीं आ रही है। बाद में अगस्त में ही प्रदेश के खेलमंत्री वी अब्दुरहमान ने कहा कि टीम नवंबर में केरल आएगी।

## एशियाई खेल 2026 के लिए कड़े चयन मानदंड

### अतिरिक्त सहयोगी स्टाफ को अनुमति नहीं

मंत्रालय की वेबसाइट पर बुधवार को डाले गए पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ तौर पर कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे।

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने 2026 एशियाई खेलों में चयन के लिये कड़े मानदंडों का खुलासा करते हुए कहा कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदार खिलाड़ियों को ही मौका मिलेगा और सरकारी खर्चे पर नहीं जाने के बावजूद अतिरिक्त कोचों और सहयोगी स्टाफ को जाने की अनुमति नहीं मिलेगी ।

मंत्रालय की वेबसाइट पर बुधवार को डाले गए पांच पन्ने के दस्तावेज में साफ तौर पर कहा गया है कि एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही

**रैंकिंग**

> **एशियाई स्तर पर व्यक्तिगत रैंकिंग में शीर्ष छह और टीम खेलों में शीर्ष आठ में रहने वाले खिलाड़ियों को ही राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे।**

राष्ट्रीय महासंघ नामांकित कर सकेंगे। एशियाई खेल जापान के नागोया में अगले साल 19 सितंबर से चार अक्तूबर तक खेले जाएंगे।

मंत्रालय ने कहा, हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पदक जीतने के वास्तविक दावेदारों को ही बहु खेल टूर्नामेंटों में भागीदारी के लिए मौका मिले। इसमें कहा गया, अगर



मंत्रालय या भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) को पता चला कि पदक जीतने नहीं बल्कि सिर्फ भागीदारी के लिये कोई जा रहा है तो ऐसे खिलाड़ियों और टीमों को अनुमति नहीं दी जाएगी।

इसमें कहा गया, सिर्फ वही खिलाड़ी, कोच और सहयोगी स्टाफ भारतीय दल का हिस्सा होंगे जिनका नाम सरकारी खर्च पर जाने के लिये मंजूर किया गया है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त खिलाड़ी, कोच या सहयोगी स्टाफ शामिल नहीं होगा भले ही उसका खर्च सरकार को वहन नहीं करना पड़ रहा हो। अक्सर खिलाड़ी अपने निजी कोचों या सहयोगी स्टाफ को अपने खर्च पर ले जाने की मांग करते हैं जिस पर विवाद होता है ।

यह चयन मानदंड राष्ट्रमंडल खेल (जुलाई अगस्त 2026), पैरा एशियाई खेल, एशियाई इंडोर खेल, एशियाई बीच खेल, युवा ओलंपिक, एशियाई युवा खेल और राष्ट्रमंडल युवा खेल पर भी लागू होंगे। चयन का आधार पिछले 12 महीने का प्रदर्शन होगा। नयी नीति में ओलंपिक या ऐसे अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट नहीं हैं जिनमे खिलाड़ी या टीम की भागीदारी संबंधित अंतरराष्ट्रीय महासंघों द्वारा निर्धारित मानकों के आधार पर होती है ।

बयान में कहा गया, राष्ट्रीय खेल महासंघ ऐसे खिलाड़ी का नामांकन कर सकते हैं जिसने अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघ द्वारा उस खेल की स्पर्धा में पिछले 12 महीने में पिछले एशियाई खेलों में छठे स्थान के प्रदर्शन की बराबरी की हो या उससे बेहतर किया हो। चीन के हांगझोउ में पिछले एशियाई खेलों में जो स्पर्धायें नहीं हुई थी , उनके लिये चयन आगामी एशियाई खेलों से बारह महीने के भीतर सीनियर एशियाई चैम्पियनशिप में शीर्ष छह में रहने के आधार पर होगा।

## पहली पारी में आस्ट्रेलिया ए के 420 रन, जवाब में भारत ए 194 रन पर सिमटा

### दूसरे दिन आस्ट्रेलिया ए ने दूसरी पारी में तीन विकेट खोकर 16 रन बनाये

*अवधनामा संवाददाता*

**लखनऊ।** इकाना अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे चार दिवसीय दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन आस्ट्रेलियाई गेंदबाजों ने भारत ए की बल्लेबाजों को विकेट पर टिकने नहीं दिया। आस्ट्रेलिया ए के पहली पारी में 420 रनों के जवाब में भारत ए अपने घर में 194 रन पर ढेर हो गया। हेनरी थॉर्नटन 10 ओवर 2 मेडेन 36 रन पर चार विकेट और टॉड मर्फी 12.5 ओवर 3 मेडेन 48 रन पर दो विकेट ने अपनी गेंदबाजी से भारत ए को बैकफुट पर धकेला। इकाना स्टेडियम पर खेले जा रहे चार दिवसीय मुकाबले में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक मेहमान टीम ने तीन विकेट खोकर 16 रन बना लिये हैं। आस्ट्रेलिया ए टीम के कप्तान नेथन मैकस्वीनी 11 रन एक छोर पर मौजूद हैं। दूसरे छोर पर





बल्लेबाज गुरुवार की सुबह विकेट पर पहुंचेंगे। अभी दो दिन का खेल बाकी है। ऐसे में भारत पर हार का संकट भी मंडरा रहा है। आस्ट्रेलिया ने मंगलवार को नौ विकेट पर 350 रन के आगे का खेल शुरू किया। टॉड मर्फी और हेनरी थॉर्नटन ने मिल कर 70 रन जोड़े और टीम को 420 स्कोर तक पहुंचाया। बरार ने टॉड मर्फी को जुरैल के हाथों कैच कराकर आस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया। पहली पारी खेलने उतरी भारत ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 75 रनों के योग पर टीम के पांच महत्वपूर्ण विकेट गिर जाने से भारत पर संकट के बादल मंडराने लगे। सलामी बल्लेबाज केएल राहुल के रूप में भारत को पहला झटका 27 रनों के योग पर लगा। 11 रन के निजी स्कोर पर विल सदरलैंड की गेंद पर राहुल का कैच फिलिपे ने लपका। इसके बाद साई सुदर्शन विकेट पर पहुंचे और जगदीशन के साथ रन बनाने शुरू किये। भारत का स्कोर अभी 59 रन ही पहुंचा था कि भारत को दूसरा झटका जगदशीन के रूप में लगा। 13वां आवेर फेंक रहे हेनरी थॉर्नटन ने उन्हें पवेलियन भेजा। जगदीशन ने 45 गेंदों में छह चौके लगाये और 38 रन बनाये।

## कस्टम की रेड में फंसे अमित चकलक्कल

### घर से जब्त हुईं लग्जरी कारें, सफाई में बोले- 'बस एक...'

**नई दिल्ली।** इन दिनों अभिनेता अमित चकलक्कल विवादों में हैं। उनके यहां छापेमारी में कई लग्जरी कारें जब्त की गई हैं। इस पर उन्होंने प्रतिक्रिया दी है।

हाल ही में अभिनेता अमित चकलक्कल के आवास पर कस्टम डिपार्टमेंट ने छापा मारा था। उनके यहां से कई लग्जरी कारें जब्त की गईं थीं। इस मामले में अभिनेता ने बुधवार को कहा कि उनके यहां जितनी कारें जब्त की गईं थीं, उनमें से उनकी सिर्फ एक कार थी। जिन कारों को उनकी कार बताया जा रहा है वह दूसरों की हैं।

**अमित चकलक्कल की सफाई**

केरल के कोच्चि में अभिनेता ने मीडिया को बताया कि उनकी 20 साल पुरानी सेकेंड हैंड लैंड क्रूजर कार ही उनकी एकमात्र गाड़ी है, जिसका वह पिछले पांच साल से इस्तेमाल कर रहे थे। उन्होंने कहा मेरे आवास और



वर्कशॉप से जब्त की गईं बाकी महंगी कारें दूसरों की थीं, जो उन्हें मरम्मत या नवीनीकरण के लिए मेरे पास लाए थे। मेरे परिसर से जब्त की गईं कुल सात गाड़ियों में से सिर्फ एक ही मेरी थी।

**पहले दिए थे दस्तावेज**

उन्होंने यह भी कहा कि कस्टम डिपार्टमेंट ने पिछले साल नवंबर में इन वाहनों के संबंध में उन्हें तलब किया था। उन्होंने उस समय सभी संबंधित दस्तावेज उपलब्ध करा दिए थे। उसके बाद एजेंसी द्वारा कोई दूसरा कदम नहीं उठाया गया।

उन्होंने कहा कल वे तलाशी के लिए आए और मैंने उन्हें फिर से सभी दस्तावेज उपलब्ध करा दिए। अब वे दस्तावेजों की जांच करेंगे।

**कई अभिनेताओं के यहां मारे गए छापे**

कस्टम प्रिवेंटिव विंग के अधिकारियों ने मंगलवार को केरल में कई स्थानों पर छापे मारे थे, ताकि भूटान से अवैध रूप से भारत लाए गए उच्च-स्तरीय लग्जरी वाहनों का पता लगाया जा सके और उन्हें जब्त किया जा सके।

पृथ्वीराज सुकुमारन, दुलकर सलमान और अमित चकलक्कल के आवासों सहित लगभग 30 स्थानों पर तलाशी ली गई। इस दौरान 36 महंगी लग्जरी कारें जब्त की गईं।

## गलती सुधारना मेरा फर्ज: परिणीति चोपड़ा

**■ परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा अपनी शादी की दूसरी सालगिरह को पेरिस में सेलिब्रेट कर रहे हैं। जिसकी एक खास झलक परिणीति ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है।**

**मुंबई।** परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा की शादी 24 सितंबर 2023 में हुई थी। आज दोनों की शादी की सालगिरह है। दोनों इस खास दिन को पेरिस में सेलिब्रेट कर रहे हैं। परिणीति चोपड़ा और राघव चड्ढा अपनी शादी की दूसरी सालगिरह को पेरिस में सेलिब्रेट कर रहे हैं। जिसकी एक खास झलक परिणीति ने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। इसके साथ ही दोनों ने एक-दूसरे के लिए एक खास नोट भी लिखा है।

परिणीति चोपड़ा ने आज इंस्टाग्राम पर अपनी और राघव की कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इन तस्वीरों को देखकर साफ पता चल रहा है कि दोनों मस्ती कर रहे हैं और एक साथ बेहद खुश हैं। इन तस्वीरों के साथ परिणीति ने नॉटी अंदाज में कैप्शन में लिखा, एक पत्नी होने के नाते, गलती सुधारना मेरा फर्ज था। मेरी रागाई, शादी की सालगिरह





मुबारक। मेरे जीवन का प्यार, मेरा पग्लू दोस्त, मेरा शांत और संयमित पति - मैं अपनी बाकी जिंदगी तुम्हारे साथ बिताने के लिए बेताब हूं...।

**राघव चड्ढा का पोस्ट**

परिणीति के अलावा राघव चड्ढा ने भी इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही कैप्शन में लिखा, ब्रेकिंग- पत्नी अपने पति को अपने अलावा किसी और चीज से प्यार करने से मना कर देती है, यहां तक कि शहरों से भी नहीं, उस लड़की को शादी की सालगिरह मुबारक जो हर जगह को घर जैसा महसूस कराती है।

**परिणीति और राघव की शादी**

राघव और परिणीति ने 24 सितंबर, 2023 को राजस्थान के उदयपुर स्थित लीला पैलेस में पारंपरिक हिंदू विवाह समारोह में विवाह किया। परिणीति की शादी में उनकी कजिन सिस्टर और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा से लेकर अरविंद केजरीवाल, आदित्य ठाकरे, भगवंत मान, डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, हरभजन सिंह और सानिया मिर्जा भी मौजूद थीं।

**जल्द ही बनेंगे माता-पिता**

राघव और परिणीति माता-पिता बनने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 25 अगस्त को इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत पोस्ट शेयर करके अपनी गर्भावस्था की घोषणा की थी, जिसमें 1+1=3 से सजा एक केक और हाथों में हाथ डाले चलते हुए एक छोटा सा वीडियो दिखाया गया था।

## एआर रहमान को दिल्ली हाईकोर्ट से मिली राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने तमिल फिल्म पोन्नियिन सेलवन 2 के गाने वीरा राजा वीरा को लेकर दायर कॉपीराइट उल्लंघन के मामले में संगीतकार एआर रहमान के पक्ष में फैसला सुनाया है। कोर्ट ने इस गाने के खिलाफ दायर मुकदमे को रद्द कर दिया है। गायक फैयाज वसीफुद्दीन डागर ने दावा किया था कि वीरा राजा वीरा गाना उनके पिता नासिर फैयाजुद्दीन डागर और चाचा जहीरुद्दीन डागर की रचना शिव स्तुति से कॉपी किया गया है। उन्होंने कहा कि गाने के बोल अलग हैं, लेकिन ताल, लय और संगीत की बनावट शिव स्तुति जैसी है, जिसे डागर बंधुओं ने दुनिया भर में प्रस्तुत किया था और पैन रिकॉर्ड्स के एल्बम में शामिल किया गया था। न कि यह गाना फिल्म पोनियिन सेलवन 2 (PS 2) का है, जिसे दगर बंधुओं की रचना शिव स्तुति से मिलता-जुलता बताया गया। जस्टिस सी हरिशंकर और जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की बेंच ने एआर रहमान की अपील को स्वीकार करते हुए सिंगल जज के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें गाने को शिव स्तुति से मिलता-जुलता बताया गया था।

## 'अल्फा' को बताया पहली एक्शन फिल्म तो ट्रोल हुईं आलिया

**मुबंई।** अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'अल्फा' को लेकर चर्चाओं में हैं। यशराज के स्पाई यूनिवर्स की ये फिल्म इस साल दिसंबर में रिलीज होनी है। अब आलिया का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वो 'अल्फा' को अपनी पहली एक्शन फिल्म बता रही हैं। आलिया के ऐसा बताने पर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को ट्रोल कर दिया है। वहीं आलिया के लुक को लेकर भी उन्हें निशाने पर लिया गया और दीपिका को कॉपी करने की बात कही।

**आलिया ने 'अल्फा' को कहा अपनी पहली एक्शन फिल्म**

मिलान फैशन वीक में गुच्ची स्प्रिंग/समर 2026 फैशन शो के दौरान आलिया ने मीडिया से बात करते हुए आलिया ने 'अल्फा' को लेकर अपना उत्साह जताया। इसी दौरान अभिनेत्री ने 'अल्फा' को अपनी पहली एक्शन फिल्म कहकर संबोधित किया। फिल्म को लेकर अपनी खुशी जताते हुए एक्ट्रेस ने कहा, 'यह रिलीज के काफी करीब है। यह मेरे लिए बहुत बड़ी बात है,

**रिकॉर्ड**

> **'अल्फा' को अपनी पहली एक्शन फिल्म बता रही हैं। आलिया के ऐसा बताने पर सोशल मीडिया पर यूजर्स ने एक्ट्रेस को ट्रोल कर दिया है।**

क्योंकि यह मेरी पहली एक्शन फिल्म है, और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि दर्शक इससे कैसे जुड़ते हैं।'

**यूजर्स ने किया ट्रोल, 'जिगरा' और 'कलंक' की दिलाई याद**

अब आलिया के 'अल्फा' को अपनी पहली फिल्म बताने पर नेटिजेंस ने एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। ऐसा इसलिए क्योंकि आलिया इससे पहले 'जिगरा' और 'हार्ट ऑफ स्टोन' जैसी एक्शन फिल्में कर चुकी हैं। तो वहीं कुछ यूजर्स ने कहा कि आलिया ने अपनी



फिल्मोग्राफी से 'सड़क 2' और 'कलंक' जैसी फिल्में हटा ही दी हैं। नेटिजेंस का कहना है कि क्या अभिनेत्री अपनी पिछली एक्शन फिल्मों, खासकर जिगरा को नजरअंदाज कर रही हैं। एक यूजर ने लिखा, 'आलिया यह एक एक्शन फिल्म थी। दोनों ही बुरी तरह फ्लॉप हुईं।'

जबकि एक अन्य ने लिखा, 'आलिया ने अपनी फिल्मों से शानदार, सड़क, कलंक, जिगरा और हार्ट ऑफ स्टोन हटा दी हैं।' एक और ने लिखा, 'मजाक छोड़ो, अपनी नाकामियों को स्वीकार न करना (हम सब पर लागू होता है) इंसान के बारे में बहुत कुछ कहता है। यह इस बात का भी संकेत हो सकता है कि इंसान कभी उससे सीख नहीं लेता।' एक यूजर ने लिखा, 'शश्श, हम कभी सड़क, कलंक, हार्ट ऑफ स्टोन या जिगरा के बारे में बात नहीं करते।'

**अपने लुक को लेकर भी ट्रोल हुईं आलिया**

इसके अलावा आलिया को मिलान फैशन वीक में उनके लुक को लेकर भी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। यहां लोगों ने उनके लुक की तुलना दीपिका पादुकोण के लुक से कर दी। इसके बाद नेटिजेंस ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया। कुछ ने लिखा, 'आलिया दीपिका को कॉपी करने का प्रयास कर रही हैं।' तो वहीं कई ने आलिया को सस्ती दीपिका करार दिया।

**दिसंबर में रिलीज होगी अल्फा**

आलिया भट्ट और शरवरी वाघ स्टारर अल्फा इसी साल 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होनी है। यह यशराज के स्पाई यूनिवर्स का हिस्सा है। फिल्म में बॉबी देओल भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगे। इसके अलावा आलिया पति रणबीर कपूर और अभिनेता विक्की कौशल के साथ संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर की भी शूटिंग कर रही हैं। यह फिल्म अगले साल 2026 में रिलीज होनी है।

## ईडी के सामने तलब हुए अभिनेता सोनू सूद अवैध सट्टेबाजी एप मामले में होगी पूछताछ

**मुबंई।** अवैध सट्टेबाजी एप मामले में अभिनेता सोनू सूद आज ईडी कार्यालय पहुंचे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अवैध सट्टेबाजी एप 1×Bet मामले में पूछताछ के लिए बॉलीवुड अभिनेता सोनू सूद को तलब किया है। इससे पहले इस मामले में अभिनेत्री अन्वेषी जैन और क्रिकेटर युवराज सिंह भी ईडी के सामने तलब हो चुके हैं।

सोनू सूद से पहले इस मामले में कल अभिनेत्री अन्वेषी जैन और क्रिकेटर युवराज सिंह भी ईडी के सामने पेश हुए थे। पिछले कुछ हफ्तों में ईडी पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ कर चुकी है। इसी मामले में पूर्व तृणमूल कांग्रेस सांसद और अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती का भी बयान दर्ज किया जा चुका है। इडी इस अवैध सट्टेबाजी एप से जुड़े मामले में लगातार कई नामचीन हस्तियों को तलब कर रही है।



1×Bet एक सट्टेबाजी एप है। कंपनी द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, यह एप सट्टेबाजी कारोबार में 18 वर्षों से हैं। ब्रांड के ग्राहक हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगा सकते हैं। कई लोगों और इन्वेस्टर के करोड़ों रुपये की ठगी करने और टैक्स चोरी करने के आरोपों के चलते ऐसे कई अवैध एप्स पर ईडी की व्यापक कार्रवाई हो रही है। साल 2023 में सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने 1×Bet समेत 174 अवैध सट्टेबाजी एप्स पर बैन लगाया था

**ये है पूरा मामला**

यह जांच कथित अवैध सट्टेबाजी एप्स से संबंधित है। आरोप है कि इस सट्टेबाजी एप ने कई लोगों और निवेशकों को करोड़ों रुपये का चूना लगाया है या भारी मात्रा में टैक्स की चोरी की है।

# वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने-हटाने का प्रोसेस बदला

## ई- वेरिफिकेशन जरूरी, रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी आएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वोटर लिस्ट से नाम हटाने-जोड़ने के लिए अब ई-वेरिफिकेशन जरूरी होगा। इसके लिए चुनाव आयोग ने अपने पोर्टल और एप पर एक नया 'ई-साइन' फीचर शुरू किया है। वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने, हटाने या उस पर आपत्ति दर्ज कराने के लिए आवेदक के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर वन-टाइम पासवर्ड भेजा जाएगा।

इससे सुनिश्चित होगा कि आवेदन करने वाला वही व्यक्ति है, जिसका नाम या नंबर इस्तेमाल किया गया है।यह मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 सितंबर से पहले ई-वेरिफिकेशन जरूरी नहीं था।

एक अधिकारी ने बताया कि पहले कई बार ऐसा हुआ कि किसी और का नाम या मोबाइल नंबर देकर फॉर्म भरे जाते थे। नई सुविधा इस



तरह के दुरुपयोग को रोकने में मदद करेगी। ज्ञानेश, हमने चोरी पकड़ी तब आपको ताला लगाना याद आया। अब चोरों को भी पकड़ेंगे। तो बताइए, सीआईडी को सबूत कब दे रहे हैं आप।

राहुल लगातार चुनाव आयोग पर वोट डिलीट करने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने 18 सितंबर को कहा था कि कर्नाटक की आलंद विधानसभा सीट से 6000 से अधिक वोटों को हटाया गया।

चुनाव आयोग ने कहा कि कोई भी वोटर अपने इलाके की वोटर लिस्ट से नाम हटाने के लिए ऑनलाइन फॉर्म-7 भर सकता है, लेकिन सिर्फ फॉर्म जमा कर देने से नाम अपने-आप नहीं हटता। हर आवेदन की जांच होती है।

आलंद क्षेत्र में कुल 6,018 फॉर्म-7 जमा किए गए थे। जांच के बाद सिर्फ 24 आवेदन सही पाए गए और उन्हें मंजूर किया गया जबकि बाकी 5,994 आवेदन गलत पाए गए और उन्हें खारिज कर दिया गया।

पोर्टल पर नए वोटर के रजिस्ट्रेशन के लिए फॉर्म 6, वोटर लिस्ट में नाम शामिल करने/हटाने के प्रस्ताव पर आपत्ति के लिए फॉर्म 7 और सुधार के लिए फॉर्म 8 भरने वाले आवेदक को अब पहचान वेरिफाई करानी होगी।

मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि पहले चुनाव आयोग के एप और पोर्टल पर फॉर्म भरने के लिए लोग सिर्फ अपना मोबाइल नंबर और वोटर आईडी नंबर डालकर आवेदन कर सकते थे। उस समय यह जांच नहीं होती थी कि दी गई जानकारी सच में उसी व्यक्ति की है या नहीं।

अब ईसीआईनेट पोर्टल पर एक नया फीचर दिखाई दे रहा है, जिससे जानकारी की पुष्टि करना जरूरी हो गया है। हालांकि चुनाव आयोग ने इस बदलाव की अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है।

दरअसल, राहुल गांधी कई बार आरोप लगा चुके हैं कि वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी, वोटों का अवैध जोड़-घटाव और संस्थानों का दुरुपयोग कर चुनाव जीते गए। उन्होंने कहा था कि कांग्रेस ने महादेवपुरा और आलंद जैसे इलाकों में इसके उदाहरण भी सामने रखे हैं और आने वाले समय में और भी सबूत जनता को दिखाए जाएंगे।

राहुल ने 20 सितंबर को कहा था- वह जल्द ही ऐसा सबूत सामने लाने वाले हैं जिससे साबित हो जाएगा कि नरेंद्र मोदी और बीजेपी ने वोट चोरी कर चुनाव जीते।

## महाराष्ट्र के 5 जिलों में बाढ़, 8 लोगों की मौत-बंगाल में 10 की जान गई, मध्यप्रदेश से मानसून की वापसी शुरू

एजेंसी

**मुंबई/हैदराबाद/कोलकाता।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो गई है। इनमें लातूर में तीन, बीड में दो और छत्रपति संभाजीनगर, नांदेड़ और धाराशिव में एक-एक लोगों की मौत बिजली गिरने, डूबने और अन्य कारणों से हुई है।

एक अधिकारी ने बताया कि मराठवाड़ा के आठ जिलों में 766 घरों को बाढ़ से नुकसान पहुंचा है। 33,010 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर लगी फसलें खराब हो गईं। बीड और धाराशिव में पांच बांध, कई सड़कें, पुल और स्कूलों को भी नुकसान पहुंचा है।

इधर, पश्चिम बंगाल के कोलकाता और आसपास के जिलों में बारिश से मरने वालों का आंकड़ा 10 पहुंच गया है। इनमें 8 मौतें सिर्फ कोलकाता में हुईं। 10 में से 9 लोगों




की मौत करंट लगने से हुई। कोलकाता के कई इलाके लगातार दूसरे दिन जलमग्न हैं।

कोलकाता में सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह तक 251.4 मिमी बारिश हुई थी। कोलकाता में 39 साल बाद एक दिन में इतनी ज्यादा बारिश हुई थी। इससे पहले 26 सितंबर 1986 को एक दिन में 259.5 मिमी बारिश दर्ज की गई थी।

भारी बारिश के चलते पूरा कोलकाता के ज्यादातर इलाकों में 2 से 3 फीट तक पानी भर गया। 30 से ज्यादा फ्लाइट्स और कई ट्रेनें कैंसिल की गईं। स्कूल-कॉलेजों में 25 सितंबर तक छुट्टी की गई है। मूसलाधार बारिश से कई दुर्गा पूजा पंडालों और मूर्तियों को भी नुकसान पहुंचा है।

इधर, मध्यप्रदेश से मानसून की वापसी शुरू हो गई है। मौसम विभाग ने बुधवार को नीमच, श्योपुर, मुरैना और भिंड से मानसून के विदा होने की घोषणा कर दी।

### क्विक न्यूज

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा की संभावित तिथियों का एलान, 17 फरवरी से 15 जुलाई के बीच होंगी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए संभावित डेटशीट जारी कर दी है। परीक्षाएं 17 फरवरी से 15 जुलाई, 2026 के बीच आयोजित होने वाली हैं। इस अवधि के दौरान कक्षा 10वीं और 12वीं के लिए मुख्य परीक्षाएं, खेल छात्रों के लिए परीक्षाएं, कक्षा 10वीं की दूसरी बोर्ड परीक्षाएं, 12वीं की पूरक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। सीबीएसई के अनुसार, भारत भर में 204 विषयों और विदेशों में 26 देशों में लगभग 45 लाख छात्रों के शामिल होने की उम्मीद है। लिखित परीक्षाओं के साथ-साथ, समय पर परिणाम घोषित करने के लिए प्रैक्टिकल, मूल्यांकन और परिणाम-पश्चात की प्रक्रियाएं भी संचालित की जाएंगी। सीबीएसई ने स्पष्ट किया है कि ये तिथि-पत्र अस्थायी हैं तथा स्कूलों द्वारा अभ्यर्थियों की अंतिम सूची प्रस्तुत करने के बाद अंतिम संस्करण जारी किए जाएंगे।

### अमेरिका में डलास के इमिग्रेशन ऑफिस में गोलीबारी, तीन घायल, हमलावर ने खुद को मारी गोली

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के डलास शहर में स्थित इमिग्रेशन एंड यूएस कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) डिटेंशन फैसिलिटी में बुधवार को गोलीबारी हुई। इस घटना में तीन लोग घायल हो गए, जबकि हमलावर ने खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। आईसीई के कार्यकारी निदेशक टॉड लायंस ने सीएनएन से बातचीत में गोलीबारी की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि यह स्पष्ट नहीं है कि घायलों में कर्मचारी शामिल हैं, नागरिक हैं या फिर डिटेंशन में रखे गए लोग। फिलहाल एजेंसी इस पर जांच कर रही है। अमेरिकी होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम ने कहा कि घटना की जानकारी अभी इकट्ठी की जा रही है। उन्होंने पुष्टि की कि कई लोग घायल हुए हैं और कुछ की मौत भी हुई है।

### गैस सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, 6 महिला समेत सात लोग झुलसे

**नई दिल्ली।** मुंबई में बुधवार सुबह गैस सिलेंडर फटने से एक दुकान में आग लग गई। इस आग में छह महिलाएं और एक पुरुष गंभीर रूप से झुलस गए। यह जानकारी नगर निगम के अधिकारियों ने दी है। उन्होंने बताया कि तीन लोग लगभग 90 प्रतिशत तक झुलस गए। कांदिवली में मिलिट्री रोड पर अकुरली मेंटेनेंस चौकी के पास राम किसान मेस्त्री चॉल स्थित दुकान में सुबह 9.05 बजे आग लग गई। एक नगर निगम अधिकारी ने बताया कि आग एक मंजिला दुकान में बिजली के तारों, उपकरणों, खाद्य पदार्थों, एलपीजी सिलेंडर और गैस चूल्हे तक ही सीमित थी। अधिकारियों के अनुसार, इसमें सात लोग घायल हो गए। बीडीबीए अस्पताल में भर्ती रक्षा जोशी (47), दुर्गा गुप्ता (30) दोनों 85 से 90 प्रतिशत तक जली हुई थीं। वहीं पूनम (28) भी 90 प्रतिशत तक झुलस गईं थीं।

## दंतेवाड़ा में बड़ा सरेंडर, 71 नक्सलियों ने एकसाथ डाले हथियार, 30 पर 64 लाख का इनाम

एजेंसी

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में 71 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इनमें से 30 नक्सलियों पर 64 लाख का इनाम था। इस लिस्ट में कई प्रमुख नक्सली कमांडर भी मौजूद हैं।

सरेंडर करने वाले नक्सली बामन मड़काम पर 8 लाख का इनाम, शमिला कवासी पर 5 लाख का इनाम और गंगी बारसे पर 5 लाख का इनाम था। इन सभी नक्सलियों पर जंगल काटने, पेड़ गिराने और पुलिस के साथ मुठभेड़ में शामिल होने का आरोप था।

पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी, डीआईजी कमलोचन कश्यप और एसपी गौरव राय समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया था। वहीं, नक्सलियों के आत्मसमर्पण में डीआरजी/बस्तर फाइटर्स, विशेष आसूचना शाखा और सीआरपीएफ समेत कई बटालियनों ने अहम भूमिका निभाई है।

आत्मसमर्पण के बाद इन नक्सलियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत सभी लाभ दिए जाएंगे। इनमें 50,000 रुपये की प्रारंभिक सहायता राशि, कौशल विकास प्रशिक्षण और स्वरोजगार के अवसर शामिल हैं। इन योजनाओं की मदद से वो सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे।

पुलिस की आक्रामक रणनीति और लगातार अभियानों के कारण माओवादी संगठन कमजोर हो रहा है, जिसका नतीजा यह है कि बड़ी संख्या में नक्सली अब आत्मसमर्पण कर रहे हैं।

यह आत्मसमर्पण इस बात का प्रमाण है कि 'लोन वर्राटू' अभियान प्रभावी ढंग से काम कर रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 1113 से अधिक नक्सली मुख्यधारा में लौट चुके हैं। दंतेवाड़ा पुलिस ने नक्सलियों से एक बार फिर हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति और सद्भाव की राह अपनाने की अपील की है।

## गडकरी बोले- सरकार को किसानों का समर्थन करने की जरूरत, फसलों की कीमतें वैश्विक कारकों से होती हैं निर्धारित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत जैव-ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि दुनिया में चीनी की कीमत ब्राजील, तेल की कीमत मलेशिया, मक्का की कीमत अमेरिका और सोयाबीन की कीमत अर्जेंटीना की ओर से निर्धारित होती है। उन्होंने कहा कि देश में कृषि क्षेत्र को सरकार की ओर से दी जा रही मदद जारी रखने की जरूरत है। आइए इस बारे में विस्तार से जानें।

सरकार को उन किसानों का समर्थन करने की जरूरत है जिन्हें अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिलता क्योंकि फसलों की कीमतें वैश्विक कारकों से निर्धारित होती हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को यह बात कही।

भारत जैव-ऊर्जा एवं प्रौद्योगिकी एक्सपो के दूसरे संस्करण को




संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चीनी की कीमत ब्राजील, तेल की कीमत मलेशिया, मक्का की कीमत अमेरिका और सोयाबीन की कीमत अर्जेंटीना की ओर से निर्धारित होती है। मंत्री ने कहा, हम ग्रामीण और आदिवासी भारत में गरीबी और बेरोजगारी की समस्याओं का सामना कर रहे हैं, क्योंकि किसानों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में अच्छी कीमतें नहीं मिल रही हैं।

गडकरी ने कहा कि भारत की 65 प्रतिशत आबादी कृषि गतिविधियों में लगी हुई है। लेकिन देश के सकल घरेलू उत्पाद में उनका योगदान केवल 14 प्रतिशत है।

उन्होंने कहा, इसलिए, इस परिदृश्य में, हमारी ग्रामीण कृषि और जनजातीय अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए, हमें कृषि को समर्थन देने की आवश्यकता है... जो उपभोक्ता, देश और आपके लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री ने बताया कि जब सरकार ने मक्के से बायो-एथेनॉल के उत्पादन की अनुमति दी तो मक्के की कीमत 1,200 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर 2,800 रुपये प्रति क्विंटल हो गई।

उन्होंने कहा, इसलिए किसानों को कई आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि उन्हें अपनी फसलों का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। गडकरी के अनुसार, किसानों ने मक्के से इथेनॉल का उत्पादन करके 45,000 करोड़ रुपये की अतिरिक्त कमाई की है।

उन्होंने कहा, इसलिए, ऊर्जा और बिजली क्षेत्र की ओर कृषि का विविधीकरण हमारे देश की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन का भारत में भविष्य उज्ज्वल है। उन्होंने कहा, वर्तमान में हम ऊर्जा के आयातक हैं... वह दिन आएगा जब हम ऊर्जा के निर्यातक होंगे और यह देश के लिए सबसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक उपलब्धि होगी।

## साइबर अपराध मामले में सीबीआई ने 11 स्थानों पर छापेमारी की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराध से संबंधित एक मामले की चल रही जांच में दिल्ली-एनसीआर में नौ स्थानों सहित दो राज्यों में 11 स्थानों पर व्यापक तलाशी ली। संघीय जांच एजेंसी ने शनिवार को कहा कि जांच एजेंसी के अधिकारियों के अनुसार, साइबर अपराध से संबंधित एक मामले की चल रही जांच में सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा सहित दो राज्यों में 11 स्थानों पर छापेमारी की।

तलाशी के दौरान करीब 1.08 करोड़ रुपये, 1000 डॉलर की विदेशी मुद्रा और 252 ग्राम सोना जब्त किया गया। सीबीआई प्रवक्ता ने बताया कि यह कार्रवाई आरसी 14/2023 के तहत दर्ज एक मामले के जुड़ी थी, जिसे धारा 120बी के साथ 420 आईपीसी और आईटी अधिनियम की धारा 66डी के तहत पंजीकृत किया गया था।

यह कार्रवाई विश्वसनीय स्रोतों से मिली जानकारी के आधार पर की गई थी कि संदिग्ध आपस में और दूसरों के साथ साजिश करके सरकारी अधिकारियों का रूप धारण करके और कंप्यूटर संसाधनों और क्रिप्टो उपकरणों का उपयोग करके क्रिप्टो धोखाधड़ी करके अवैध गतिविधियों में लगे हुए थे। आरोपी भारत और विदेशों में लोगों को फर्जी तकनीकी सहायता परामर्श देकर और बेईमानी से क्रिप्टो करेंसी के रूप में धन हस्तांतरित करने के लिए प्रेरित करके धोखा देते पाए गए।

अधिकारी ने बताया कि इस धन को फिर कई क्रिप्टो वॉलेट के माध्यम से भेजा गया और नकदी में परिवर्तित किया गया। सीबीआई ने पहले ही मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ धारा 120बी के साथ 420 और 384 आईपीसी और आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 66डी के तहत आरोप पत्र दायर किया है।

## सीजेआई बोले- बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आदेश देना संतोषजनक, इसमें मानवीय पहलू जुड़ा था

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने मंगलवार को कहा कि बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आदेश देने पर उन्हें बेहद संतुष्टि मिली थी। इस फैसले में मानवीय पहलू भी जुड़ा था। किसी परिवार को सिर्फ इसलिए परेशान नहीं किया सकता कि उस परिवार का एक सदस्य अपराधी है।

सुप्रीम कोर्ट के वकीलों के एक एकेडमिक समूह, 269वें फ्राइडे ग्रुप के कार्यक्रम में बोलते हुए गवई ने कहा- बेंच में उनके साथ जस्टिस केवी विश्वनाथन भी शामिल थे। हालांकि ज्यादातर श्रेय मुझे दिया गया है, लेकिन मैं यह भी कहना चाहता हूं कि इस फैसले को लिखने का क्रेडिट जस्टिस विश्वनाथन को भी जाना चाहिए।

दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर 2024 में बुलडोजर एक्शन पर



फैसला सुनाया था। कोर्ट ने कहा था कि अफसर जज नहीं बन सकते। वे तय न करें कि दोषी कौन है। बेंच ने ये भी कहा था कि 15 दिन के नोटिस के बगैर निर्माण गिराया तो अफसर के खर्च पर दोबारा बनाना पड़ेगा। अदालत ने 15 गाइडलाइंस भी दीं थीं। सीजेआई ने 16 सितंबर को खजुराहो के वामन (जावरी) मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति बदलने को लेकर याचिकाकर्ता से कहा- जाओ और भगवान से खुद करने को कहो। तुम कहते हो भगवान विष्णु के कट्टर भक्त हो, जाओ उनसे प्रार्थना करो। हालांकि, 2 दिन बाद 18 सितंबर उन्होंने बयान पर सफाई दी और कहा कि मेरी टिप्पणी को सोशल मीडिया पर गलत तरीके से दिखाया गया। सीजेआई बीआर गवई ने 23 अगस्त को कहा था कि परीक्षा में अंक और रैंक यह तय नहीं करते कि छात्र कितना सफल होगा। उसको सफलता मेहनत, लगन और समर्पण से मिलती है।

## बोत्सवाना से भारत लाए जाएंगे 10 नए चीते, शावकों को इस बार गुजरात में भी बसाने का योजना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट चीता को लेकर एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। इस साल के अंत तक भारत में चीतों का एक और नया जत्था विदेश से लाने की तैयारी चल रही है। केंद्र सरकार इसके लिए केन्या, बोत्सवाना और नामीबिया जैसे कई देशों से बातचीत कर रही है। कुछ देशों से बातचीत अंतिम चरण में है। इस मामले की जानकारी रखने वाले उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि, दिसंबर तक नामीबिया या बोत्सवाना से 8 से 10 चीतों का पहला समूह भारत पहुंचने की उम्मीद है। जबकि केन्या से चीतों की खेप अगले साल आ सकती है। यह कदम भारत में चीतों की आबादी को और मजबूत करेगा।

सरकारी सूत्रों का कहना है कि, भारत में चीता शावकों की जीवित रहने की दर 61 प्रतिशत से भी अधिक है, जो 40 प्रतिशत के वैश्विक मानक से काफी बेहतर है। अभी देश में कुल 27 चीते मौजूद हैं, जिनमें से 15 चीते पूरी तरह से खुले जंगल में स्वस्थ्य घूम रहे है। मध्य प्रदेश के कूनो नेशनल पार्क के अलावा इस साल तीन चीतों को गांधी सागर अभयारण्य में भी सफलतापूर्वक भी छोड़ा गया है। इनमें सिर्फ शावक ही नहीं, वयस्क चीतों के मामले में भी सफलता दर सराहनीय है। कूनो में वयस्क चीतों की जीवित रहने की दर पहले साल के 70 प्रतिशत से बढ़कर दूसरे साल में 85.7 प्रतिशत हो गई।

सरकार ने भविष्य की योजनाओं के तहत नए चीतों को बसाने के लिए दो और जगहों की पहचान की गई है। इनमें गुजरात का बन्नी घास का मैदान और मध्य प्रदेश का नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य शामिल हैं। ऐसी संभावना है कि केन्या से आने वाले चीतों को गुजरात के बन्नी घास के मैदानों में छोड़ा जा सकता है। सरकार की हर साल 10 से 12 चीते भारत लाने की है।

## ट्रंप के बयान को रूस ने किया खारिज, यूक्रेन को गंवाए क्षेत्र ईयू की मदद से वापस लेने की कही थी बात

एजेंसी

**मॉस्को।** यूक्रेन को लेकर दिए गए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को रूस ने खारिज कर दिया है। ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात के बाद कहा था कि यूरोपीय संघ (ईयू) की मदद से यूक्रेन अपने खोए हुए सभी क्षेत्र रूस से वापस ले सकता है। इस पर रूस ने कहा कि वह यूरोपीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा है।

क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि क्रेमलिन रूसी-यूक्रेनी सैन्य संघर्ष के संबंध में ट्रंप के सभी बयानों से सहमत नहीं हो सकता है। ट्रंप ने रूस-यूक्रेन संघर्ष पर जेलेंस्की को सुना। इस जानकारी ने स्पष्ट रूप से उनके आकलन को प्रभावित किया। क्रेमलिन अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कही गई हर बात से सहमत नहीं हो सकता।

क्रेमलिन प्रवक्ता ने कहा कि आप रूस की सुरक्षा की कीमत पर यूरोपीय सुरक्षा से नहीं निपट सकते।



इसके अलावा कोई कुछ भी कहे रूस अभी भी यूरोपीय सुरक्षा का एक अभिन्न अंग है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की से मुलाकात की। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यूरोपीय संघ, नाटो और वित्तीय सहयोग से यूक्रेन अपने मूल सीमाओं तक वापस पहुंच सकता है। ट्रंप ने कहा कि रूस तीन साल से अधिक समय से लड़ रहा है, लेकिन उसकी ÷कागजी शेर÷ जैसी स्थिति उजागर हो रही है। उन्होंने यह भी कहा कि रूस की अर्थव्यवस्था बुरी हालत में है, और यूरोप अगर रूसी तेल-गैस का आयात बंद करे तो युद्ध जल्दी खत्म हो सकता है।

इससे पहले ट्रंप ने महासभा में अपने संबोधन में कहा कि यह युद्ध रूस को कमजोर दिखा रहा है और यह एक छोटे संघर्ष के रूप में खत्म होना चाहिए था, लेकिन खराब नेतृत्व ने इसे लंबा खींच दिया। उन्होंने सवाल उठाया कि अब कितनी और जानें दोनों ओर से बेवजह जाएंगी।

# गाजा की नाकाबंदी तोड़ने निकले कार्यकर्ताओं के काफिले पर ड्रोन हमला, कई नौकाएं हुईं क्षतिग्रस्त

एजेंसी

**एथेंस।** गाजा पट्टी की इस्राइली नाकाबंदी को तोड़ने के लिए रवाना हुए अंतरराष्ट्रीय कार्यकर्ताओं के बेड़े (फ्लोटिला) पर मंगलवार देर रात ड्रोन से हमला हुआ। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह हमला ग्रीस के दक्षिणी समुद्री क्षेत्र में हुआ। ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला नाम के इस काफिले के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके संचार सिस्टम को जाम कर दिया गया और कम से कम 13 धमाकों की आवाजें सुनी गईं। उनका दावा है कि ड्रोन या विमान से अज्ञात वस्तुएं 10 से अधिक नौकाओं पर गिराई गईं।

हालांकि, इस हमले में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है, लेकिन कई नौकाएं क्षतिग्रस्त हुईं और संचार व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। सोशल मीडिया पर फ्लोटिला ने एक छोटा वीडियो पोस्ट किया है जिसमें एक नौका के पास विस्फोट होता हुआ



दिखाई दे रहा है। ग्रीस के तटरक्षक बल ने बताया कि उन्हें कोई आपातकालीन कॉल प्राप्त नहीं हुई। इस्राइली सेना ने इस घटना पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इस बेड़े में अलग-अलग देशों से आई दर्जनों नौकाएं शामिल हैं। ये नौकाएं प्रतीकात्मक मात्रा में खाद्य सामग्री और दवाइयां गाजा के लोगों के लिए ले जा रही हैं। इस्राइली विदेश मंत्रालय का आरोप है कि इस अभियान का आयोजन करने वालों का संबंध हमास से है। मंत्रालय का कहना है कि कार्यकर्ताओं को गाजा जाने की बजाय इस्राइल के अशकेलोन बंदरगाह पर सामान उतार देना चाहिए, जिससे इस्राइल की जांच के बाद मदद को गाजा तक पहुंचाया जा सके।

इस काफिले में इटली के नागरिकों के साथ-साथ इतालवी संसद और यूरोपीय संसद के सदस्य भी शामिल हैं। इटली के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने इस्राइल को सूचित किया है कि यदि इस्राइली सेना को कोई कार्रवाई करनी पड़े, तो वह अंतरराष्ट्रीय कानून और पूरी सावधानी के साथ की जाए। विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने इस्राइल से आग्रह किया है कि वह नौकाओं पर मौजूद सभी व्यक्तियों की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करे।

ग्लोबल सुमूद फ्लोटिला ने बताया कि 1 सितंबर को स्पेन से रवाना होने के बाद से अब तक उस पर कई बार हमले हो चुके हैं। इनमें से दो हमले ट्यूनिशिया के जलक्षेत्र में हुए थे। यह अब तक का सबसे बड़ा प्रयास माना जा रहा है, जो गाजा पट्टी की 18 साल पुरानी नौसैनिक नाकाबंदी को तोड़ने के लिए किया गया है। इससे पहले, मई महीने में भी एक जहाज पर माल्टा के पास अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में ड्रोन हमला हुआ था। इसके अलावा, उत्तरी अफ्रीका से एक स्थलीय काफिले को गाजा की ओर जाने से रोकने के लिए मिस्र समर्थक सुरक्षा बलों ने पूर्वी लीबिया में घेराबंदी कर दी थी। सबसे बड़ी और हिंसक घटना 2010 में हुई थी, जब इस्राइली कमांडो ने मावी मारमारा नाम के जहाज पर छापा मार दिया था, जिसमें 10 तुर्किये कार्यकर्ताओं की मौत हो गई थी।

गाजा में लगभग दो साल से युद्ध जारी है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, अब तक 65000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से आधे से ज्यादा महिलाएं और बच्चे हैं।

हाल ही में विश्व की प्रमुख भूख संकट निगरानी संस्था ने चेतावनी दी थी कि इस्राइल की नाकाबंदी और लगातार सैन्य अभियान ने गाजा सिटी को भुखमरी की कगार पर ला दिया है।

# ए.डी.आर. प्रणाली न्याय व्यवस्था को मिली गति: प्रशांत

**वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली पर व्याख्यान आयोजित**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर में दीक्षोत्सव-2025 के अंतर्गत बुधवार को एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विषय वर्तमान परिप्रेक्ष्य में वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली (एडीआर) का महत्व÷ रहा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रशांत कुमार सिंह-प्रथम, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ए.डी.आर. प्रणाली न्याय व्यवस्था को गति प्रदान करने तथा आमजन की न्याय तक सरल पहुँच सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि इस प्रणाली के माध्यम से न्यायालयों का भार कम होता है और समाज में आपसी सामंजस्य एवं सौहार्द भी बना रहता है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज की न्याय व्यवस्था में वैकल्पिक विवाद समाधान की प्रासंगिकता निरंतर बढ़ रही है। इस विषय पर विद्यार्थियों को गहन जानकारी मिलना उनके भावी जीवन एवं पेशेवर सफर के लिए अत्यंत लाभकारी है। विभागाध्यक्ष एवं निदेशक प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार ने कहा कि वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली भविष्य की न्याय व्यवस्था के लिए अत्यंत उपयोगी साधन है। इसके माध्यम से समाज में न केवल न्याय की सहज उपलब्धता होगी बल्कि समय और संसाधनों की भी बचत होगी। डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि ए.डी.आर. प्रणाली समाज में विवादों को सौहार्दपूर्ण तरीके से सुलझाने का एक प्रभावी विकल्प है, जो न्यायिक व्यवस्था को और अधिक जनोन्मुखी बनाता है। दत्तोपंत ठेंगड़ी विधि संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आभार व्यक्त करते हुए डॉ. वनिता सिंह ने कहा कि मुख्य अतिथि एवं कुलपति के मार्गदर्शन से विद्यार्थियों को नए आयाम प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन पूर्व निदेशक मंगला प्रसाद यादव ने किया। इस अवसर पर विधि संकाय के शिक्षकगण डॉ. अनुराग मिश्रा, डॉ. दिनेश सिंह, डॉ. वनिता सिंह, डॉ. राहुल कुमार राय, डॉ. रजित राम सोनकर, श्रीप्रकाश यादव, डॉ. इंद्रजीत सिंह, डॉ. राजन तिवारी, डॉ. शुभम सिंह, प्रगति सिंह एवं जीशान अली सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ तथा विश्वविद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव पखवाड़े में मुविवि में चलाया सफाई अभियान



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के सरस्वती परिसर में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित जन्मोत्सव पखवाड़ा में आज स्वच्छता अभियान चलाया गया। उक्त कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के सभी निदेशक, प्रभारी, कुलसचिव, आचार्य, सह-आचार्य, सहायक आचार्य, परामर्शदाता, शोध छात्र एवं कर्मचारियों ने सरस्वती परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान में सभी ने परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। तदुपरांत स्वच्छ भारत एवं विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए कुलपति ने स्वच्छता का शपथ दिलाई। इसी क्रम में विश्वविद्यालय में कार्यरत समस्त स्वच्छता कर्मयोगियों को कुलपति ने अंगवस्त्र एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया। गया। इस अवसर पर सभी ने विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री के प्रयासों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

## डीएम ने नवीन एनआईसी भवन निर्माण के लिए विधि विधान से किया भूमि पूजन



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र के द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में नवीन एनआईसी भवन निर्माण के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि नवीन एनआईसी भवन बन जाने से शासन/जिला प्रशासन के द्वारा आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिंग और जनपद वासियों को डिजिटल सुविधाएं आसानी और पारदर्शिता से उपलब्ध कराने सहित अन्य व्यवस्थाएं सुगमता से संचालित हो पाएंगी। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में लगे श्रमिकों को अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार भी व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षयवर चैहान, मुख्य राजस्व अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इन्द्र नंदन सिंह, कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण सहित अन्य उपस्थित रहे।

## राज्यमंत्री ने सर्प दंश से मृतक के परिजन को दिलाया चार लाख की आर्थिक मदद



**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** बुधवार को खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) गिरीश चन्द्र यादव जी ने सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम लखमीपट्टी निवासी सियाराम पुत्र सनेही का विगत दिनों सर्प दंश से निधन हो गया था। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखमीपट्टी गांव जाकर शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर संवेदनायें प्रकट किया। और सर्फ दंश से मृतक सियाराम की पत्नी रितु यादव को राज्य आपदा मोचक निधि के अंतर्गत रु. 4,00,000/- (चार लाख) की आर्थिक सहायता का स्वीकृति प्रमाण पत्र दिया। राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) ने मृतक के परिवार को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिलाया। इस अवसर पर निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष राजकेसर पाल, जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव, मनीष श्रीवास्तव व उपजिलाधिकारी सदर सन्तवीर सिंह सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# नवागत कुलसचिव का स्वागत, उपकुलसचिव अमृतलाल को भावभीनी विदाई

**विश्वविद्यालय परिवार ने समारोह में अपने स्मरण सुनाए**

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ द्वारा नवागत कुलसचिव केशलाल का भव्य स्वागत तथा स्थानांतरित उपकुलसचिव अमृतलाल को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षकों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपने संस्मरण साझा करते हुए अमृतलाल के कार्यकाल को स्मरणीय बताया। कहा कि उन्होंने अपनी सक्रियता, कर्मठता तथा सहयोगी भाव से विश्वविद्यालय को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने हेतु उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस अवसर पर उन्हें स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। विदित हो कि अमृतलाल का स्थानांतरण श्री गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में परीक्षा नियंत्रक पद पर हुआ है। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि अमृतलाल ने त्वरित निर्णय एवं कार्य निष्पादन की अद्वितीय क्षमता से विश्वविद्यालय प्रशासन को मजबूत आधार प्रदान किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अनुभव उनके आगामी कार्यकाल को नई दिशा देगा। साथ ही प्रो. सिंह ने नवागत कुलसचिव श्री केशलाल का स्वागत करते हुए आशा प्रकट की कि वे अपने उत्साह, सक्रिय दृष्टिकोण और समर्पण भाव से विश्वविद्यालय की प्रगति को गति प्रदान करेंगे। नवागत कुलसचिव श्री केशलाल ने निष्ठा, पारदर्शिता और सामूहिक सहयोग के साथ अपने दायित्वों के निर्वहन का संकल्प लिया तथा विश्वविद्यालय परिवार से टीम-भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष एवं महामंत्री ने कुलपति प्रो. वंदना सिंह को विश्व के दो प्रतिशत शीर्ष वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल किए जाने पर पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र अर्पित कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में वित्त अधिकारी आत्मप्रकाश धर द्विवेदी, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. प्रमोद कुमार यादव, उपकुलसचिव बबिता, सहायक कुलसचिव सरला यादव सहित अनेक वरिष्ठ प्राध्यापक, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सुशील प्रजापति ने किया।

# नैनी जेल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज संजीव कुमार के निर्देशानुसार केन्द्रीय कारागार, नैनी, प्रयागराज में रोटरी, इलाहाबाद के सहयोग से सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज दिनेश कुमार गौतम, की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन कर 80 निरूद्व बन्दियों को निःशुल्क चश्मे वितरित किये गये। पूर्व मे आयोजित यूनाईटेड गुरुप आफ इन्स्टीट्यूट की मेडिकल टीम के सहयोग से आयोजित चिकित्सीय शिविर में समस्त बन्दियों के आंखों का परीक्षण कर 80 बन्दियों को चश्मे हेतु चिन्हित किया गया था, जिन्हे आज विधिक साक्षरता कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे वितरित किया गया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार गौतम द्वारा बताया गया कि बहुत से बन्दी ऐसे है जिन्हे आपरेशन की आवश्यकता है जल्द ही जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उनके उसकी सुविधा भी प्रदान की जायेगी। देवेन्द्र पाण्डेय, अध्यक्ष, राज नारायण विधि कालेज द्वारा बताया गया कि वह भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम मे सम्पूर्ण सहयोग प्रदान कर बन्दियो की निःशुल्क सहायता करेंगे तथा बैद्यनाथ कंपनी के डायरेक्टर संजय शर्मा ने आश्वस्त किया कि अब आयुर्वेद कैंप बीच-बीच में निशुल्क लगता रहेगा जिसमें बंदियों को स्वास्थ्य सहायता निशुल्क दी जाएगी राजीव रंजन अग्रवाल, अध्यक्ष, रोटरी इलाहाबाद द्वारा समस्त बन्दियों को विधिक सहायता प्रदान करते हुए चश्मे का वितरण किया।

## चोरी की मोटरसाइकिल के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**आजमगढ़।** थाना कोतवाली पूर्व की घटना/इतिहास वादी पीयूष सिंह निवासी म0न0 29, सिविल लाईन नगर पालिका थाना कोतवाली आजमगढ़ द्वारा दिये गये प्रार्थना पत्र कि दिनांक 21.09.2025 को दोपहर 2 बजे मैने अपनी दोपहिया वाहन स्प्लेंडर प्लस क्र0क्र2608 रैदोपुर स्थित तृप्ति माडल शाप के सामने खड़ी किया था, जो चोरी हो गयी है, इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पर मु0अ0सं0 480/25 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया। उ0नि0 हरिकेश कुमार राय मय उ0नि0 सूर्य पाल सिंह मय हमराह द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित चोरी की मोटरसाइकिल बरामद व सम्बन्धित चोर 1. राम अशीष यादव पुत्र रामकेश यादव निवासी सोफीपुर थाना तहबरपुर जनपद आजमगढ़ उम्र 35 वर्ष, 2. आरिफ उर्फ अल्माज पुत्र ताहिर ग्राम डोडोपुर थाना निजामाबाद जनपद आजमगढ़ उम्र 20 वर्ष को थाना परिसर कोतवाली से नियमानुसार हिरासत पुलिस में लिया गया, अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## नाजायज सम्बन्ध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जौनपुर (अवधनामा संवाददाता)।** थाना खेतासराय पुलिस व मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए बहका फुसलाकर भगा ले जाने एवं घर मे बंद कर नाजायज सम्बन्ध बनाने बाले अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। थानाध्यक्ष खेतासराय के कुशल नेतृत्व में थाना खेतासराय पुलिस व मिशन शक्ति/एंटी रोमियो टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-184/25 धारा 127(2)/64/87/62 बीएनएस थाना खेतासराय जनपद जौनपुर में नामित वांछित अभियुक्त सुरजीत उर्फ सुजीत पुत्र नेबूलाल निवासी ग्राम महरौड़ा थाना खेतासराय जनपद जौनपुर उम्र 25 वर्ष को बुधवार को गुरैनी बाजार से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

## भारत सरकार द्वारा डीएम को किया गया सम्मानित



**बहराइच (अवधनामा संवाददाता)** जनपद में कुछ ही दिनों पूर्व जिलाधिकारी का पदभार संभालने वाले अक्षय त्रिपाठी जनपद में सबसे लोकप्रिय नज़र आने लगे हैं अधिकारी कर्मचारी या आमजन हो सभी जगह इनकी सरलता कार्य करने का अंदाज और मित्रवत शैली अच्छी भाषाओं का प्रयोग बतौर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी को जनपद में अलग स्थान दे चुका हैं।जिसका एक बड़ा उदाहरण देखने को मिला जब ललितपुर में स्मार्ट सिटी प्रबंधन के सम्बन्ध में किये गए उत्कृष्ठ कार्य के लिए भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट बहराइच परिवार द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं सम्प्रेषित की गयी।और सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपने डीएम की प्रशंसा करते दिखाई दिए।इसमें संजीव कुमार अध्यक्ष कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ बहराइच माबूद अहमद के के श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मियों के चेहरों पर साफ खुशियों को देखा जा सकता है।झफोटो

# कर्मचारी हितों के लिए समर्पित संघर्ष पदधारण का मुख्य उद्देश्य: डॉ. प्रदीप सिंह

अवधनामा संवाददाता

**सिरकोनी जौनपुर।** विकासखंड सिरकोनी परिसर में उ0 प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के दूसरी बार निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर डॉ प्रदीप सिंह अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद जौनपुर का स्वागत सम्मान समारोह विकासखंड जलालपुर के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने बहुत भव्यता के साथ आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त रूप से खंड विकास अधिकारी सिरकोनी एवं सेवानिवृत्ति ग्राम पंचायत अधिकारी मुंडाधारी सिंह निवासी हौज ने किया। विकासखंड के कर्मियों ने डॉ प्रदीप सिंह का स्वागत पुष्प वर्षा करते हुए माल्यार्पण, अंगवस्त्र व स्मृत चिन्ह देकर किया तथा कहा कि हमारे विकासखंड में कार्यरत अपने परिवार के सदस्य को उ0 प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ जैसे बड़े कर्मचारी संगठन ने इनकी कर्मचारी हितों के प्रति समर्पित कार्यशैली, संगठनात्मक कौशल एवं कुशल नेतृत्व को देखते हुए दूसरी बार निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष चुना है जो हम सभी के लिए प्रेरणास्पद एवं हर्ष का विषय है। डॉ प्रदीप सिंह बहुत ही सरल, सहज और प्रतिभाशाली व्यक्ति हैं तथा सभी के लिए सदैव उपलब्ध रहते हैं। डॉ प्रदीप सिंह ने सभी को शक्ति एवं उपासना के पर्व शारदीय नवरात्रि की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज स्वागत हमारा नहीं बल्कि आप सभी महनीय विशिष्ट जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी समाज के लोगों का है क्योंकि आपके स्नेह, सहयोग, प्यार, विश्वास एवं आशीर्वाद से ही हमें प्रदेश संगठन मे शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी मिली है जिस हेतु हम उपस्थित सभी गणमान्य जनों के आभारी एवं कृतज्ञ हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड विकास अधिकारी सिरकोनी नीरज जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ प्रदीप सिंह को सर्वहित एवं लोक कल्याण के भाव ने निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष बनाया है हम सभी की शुभकामनाएं सदैव उनके साथ हैं। सेवानिवृत्त ग्राम पंचायत अधिकारी मुंडा धारी सिंह, ओंकार नाथ मिश्र एवं अशोक मौर्य ने डॉ सिंह को सरकारी एवं सामाजिक कार्यो में अद्भुत समन्वय स्थापित करने वाला अजातशत्रु व्यक्तित्व का धनी बताया। विशिष्ट अतिथि लोक निर्माण विभाग कर्मचारी सघ के अध्यक्ष कल्लूराम कामरेड एवं प्रदीप कुमार सिंह ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, प्रधान पोल्हन मौर्य, दुर्गा यादव, अखिलेंद्र सिंह, चंदन सिंह, एडीओ आईएसबी रामजी सिंह, कृषि आशीष त्रिपाठी, सनी सिंह, तेज बहादुर, आशीष सिंह, सचिव नागेंद्र प्रताप सिंह, श्याम बहादुर यादव, मो साजिद अंसारी, रत्नेश सोनकर, राम आसरे मौर्य, ममता प्रजापति, सरिता मौर्य, नीरज श्रीवास्तव, दीप नारायण सोनकर, आरती मौर्य, अंकेश सरोज, अभिषेक यादव, पंचायत कर्मी संघ से सरताज सिंह, अजय सिंह, विपिन यादव, अनामिका सिंह, सविता दुबे, कुलभाष्कर, शिव हरि सिंह, अभय यादव, संजय सिंह, प्रमोद शर्मा, अजय लाल मौर्य, अजय राजभर, संदीप सिंह, शिव बालक यादव, राम आसरे मिश्र, सत्य प्रकाश यादव, अब्दुल कलाम, सुरेश गुप्ता सहित सैकड़ो की संख्या मे कर्मचारी, अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक विकास अधिकारी (पं) रत्नेश सोनकर एवं केसरी प्रसाद ने संयुक्त रूप से किया।



विकासखंड सिरकोनी कर्मियों ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

लोक कल्याण के भाव ने बनाया दूसरी बार निर्विरोध प्रदेश अध्यक्ष

## उद्यमिता विकास पर व्याख्यान आयोजित

**प्रयागराज।** प्राणीशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित छात्र प्रेरण कार्यक्रम उद्बोधन के दूसरे दिन, विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर रजत श्रीवास्तव, समन्वयक छात्र कल्याण ने प्रवासन एवं स्थानांतरण प्रमाणपत्र आवंटन प्रक्रिया, छात्रों के लिए सरकारी एवं गैर-सरकारी छात्रवृत्ति योजनाओं पर चर्चा की। द्वितीय वक्ता डॉ. हेमलता पंत ने मशरूम कल्चर, वर्मीकंपोस्टिंग, जलीय कृषि आदि विभिन्न क्षेत्रों में उद्यमिता विकास के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी तहनियत अंसारी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सुधी श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में सभी संकाय सदस्य एवं छात्र उपस्थित थे।

# मच्छर जनित संक्रामक रोगों की रोकथाम को लेकर सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** शहर से सटे कोलघाट समेत कई निचले इलाकों में मच्छरजनित संक्रामक रोगों के बढ़ते प्रकोप के रोकथाम को लेकर प्रयास सामाजिक संगठन आगे आया। संक्रामक रोगों के खिलाफ विभागीय कार्यो को कागजी बताते हुए एक प्रतिनिधिमंडल डीएम को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा और अतिशीघ्र युद्धस्तर पर रोकथाम के व्यापक कदम उठाने की मांग की। आजमगढ़ मण्डल अध्यक्ष राणा बलवीर सिंह ने कहाकि तीन तरफ नदियों से घीरे आजमगढ़ शहर के नीचले इलाके में आने वाले कोलघाट, कोल बाजबहादुर आदि के लोग प्रशासनिक उदासीनता के चलते इन दिनों में नारकीय स्थिति का सामना करने को विवश है। इन इलाकों में जगह-जगह नालियों का दूषित पानी और बरसात के पानी का ठहराव होने से मच्छरजनित रोग का संक्रमण है। हालत है कि अधिकांश घरों के लोग डेगू रोग से संक्रमित है। तमसा नदी के बांध से सटे इस घनी आबादी वाले आवासीय क्षेत्र के बावजूद यहां पर न तो किसी प्रकार का कोई दवा छिड़काव हुआ न ही नालियों की साफ-सफाई ही समय से की गई। कागजी कोरमपूर्ति और विभागीय उदासीनता के चलते लोग बीमार हो रहे है इसीलिए प्रयास टीम ने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर जिला प्रशासन तक उनकी समस्या पहुचाने का काम किया है। उन्होंने बताया कि इन लोगों में खुली नालियां व नाला बजबजा रही हैं, जिसमे आवारा पशु को डेरा है और मच्छररोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती चली जा रही है। जिससे स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा। केंद्रीय अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कहाकि हजारों की आबादी वाले इन इलाकों में नाला-नालियों की साफ-सफाई और दवाईयां का छिड़काव कराया जाना आवश्यक है। प्रयास ने जनसरोकार के विषय पर संज्ञान दिलाया है। आवश्यक कार्यवाही शीध्र नहीं की गई तो डेंगू का बढ़ता प्रकोप महामारी का रूप ले सकता है। उन्होंने अतिशीध्र स्वास्थ्य विभाग की टीमें और साफ-सफाई के बावत आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग करते हुए निरकुंश टीमों की समीक्षा कर उन्हें दंडित किये जाने की बात कहीं। इस अवसर पर इंजी सुनील यादव, राजीव शर्मा, शिवप्रसाद पाठक, हरिश्चन्द्र, इंजी अमित यादव, हंसराज आदि मौजूद रहे।

## मुक्त विवि में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन



**प्रयागराज (अवधनामा संवाददाता)** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जन्मोत्सव पखवाड़े के अन्तर्गत बुधवार को स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के निर्देशन में स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सत्यकाम ने फीता काटकर किया। इस आयोजन में विभिन्न प्रतिष्ठित चिकित्सक दलों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। जिनमें आरोग्यम आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र, सूर्य प्रभा आयुर्वेद एवं पंचकर्म केंद्र,विनीता हॉस्पिटल, शांतिपुरम,आशा डेंटल हॉस्पिटल, आशीर्वाद होम्योपैथिक एवं डेंटल क्लीनिक, डॉ. यश फिजियोथेरेपी सेंटर से आए चिकित्सा विशेषज्ञों ने विश्वविद्यालय के निदेशकों, प्रभारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श एवं दिशा-निर्देश प्रदान किए। शिविर में स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की प्रभारी प्रो. मीरा पाल, आयोजन सचिव अनुराग शुक्ला, योग चिकित्सा प्रभारी अमित सिंह, एक्यूप्रेशर चिकित्सा प्रभारी निकेत सिंह, आहार एवं पोषण विशेषज्ञ डॉ. जूमि सिंह आदि उपस्थित रहे। कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने स्वास्थ्य परीक्षण हेतु आए चिकित्सकों एवं उनकी टीम का स्वागत किया।

### आम सूचना

मैं बबीता पत्नी शेर सिंह नि0 ग्राम खेड़ा मेवात, चिलकाना, ज़ि.सहारनपुर मेरी (जन्म तिथि..1.1. 1980) है और नीलम व बबीता दोनों नाम मेरे हैं गलती से मेरे 2 आधार कार्ड बन गए थे एक में नीलम दूसरे में बबीता अंकित है दोनों आधार कार्ड की संख्या भी एक है बबीता वे नीलम दोनों नाम मेरे हैं यदि किसी को आपत्ति हो तो 7 दिन में संपर्क करें। बबीता उर्फ नीलम मो0 न.69826 आधार कार्ड न052 26 द्वारा ठा0 पंकज सिंह एडवोकेट,141, सिविल कोर्ट ,सहारनपुर मो0 9675983535

### सूचना

मेरी बेटी आराध्या सिंह सेंट पॉल इंटर कॉलेज शाहजहांपुर में पढ़ती है एडमिशन के समय मेरा नाम मनोज लिख गया था मेरा पूरा नाम मनोज चेतराम है जिसे मैं संशोधन करवा रहा हूं भविष्य में मुझे मनोज चेतराम के नाम से जाना जाए और सेंट पाल इंटर कॉलेज शाहजहांपुर में मेरी बेटी आराध्या पुत्री मनोज की जगह मनोज चेतराम नाम संशोधित किया जाए इसके लिए मैंनें शपथ पत्र प्रस्तुत किया है। मनोज चेतराम पुत्र चेतराम निवासी ग्राम हथोड़ा बुजुर्ग तहसील सदर जिला शाहजहांपुर 8423663189

### सूचना

मैं परवीन फातिमा, आयु 53 वर्ष लगभग, पत्नी जफर अब्बास, निवासिनी 235/45, गली शाहछड़ा, विशाल मेगा मार्ट के सामने, विक्टोरिया स्ट्रीट, चौक, लखनऊ का नाम दस्तावेजों में परवीन फातिमा अंकित है। प्रार्थिनी को जारी पासपोर्ट संख्या एन-1144810 में प्रार्थिनी का नाम परवीन अंकित है। पासपोर्ट में भी प्रार्थिनी का नाम परवीन फातिमा दर्ज किया जाए।

परवीन फातिमा पत्नी जफर अब्बास,
निवासिनी 235/45, गली शाहछड़ा, विशाल मेगा मार्ट के सामने,
विक्टोरिया स्ट्रीट, चौक, लखनऊ।

# डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, अधिकारियों को सख्त निर्देश

**एम्बुलेंस रेस्पॉन्स, दवा उपलब्धता व संस्थागत प्रसव पर डीएम ने जताई सख्ती**

**आशा-संगिनी मानदेय में विलंब न हो: अंजनी कुमार सिंह**

अवधनामा संवाददाता



**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति शासी निकाय की मासिक समीक्षा के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिले, मरीज तक निर्धारित रेस्पॉस टाइम में एम्बुलेंस पहुंचे, सभी सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये, एंटी रेबीज-एंटी बेनम प्रत्येक दशा में उपलब्ध रहे, सभी चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ समय से उपस्थित रहकर आने वाले मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करें, मरीजों, उनके तीमारदारों के साथ बेहतर व्यवहार किया जाये। उन्होने कहा कि गर्भावस्था के दौरान गर्भवती महिला की बेहतर देखभाल हो, उन्हें समय से ऑयरन, कैल्सियम की टेबलेट के साथ सभी जॉचे समय-समय पर करायी जाए, उन्हें पोषक आहार खाने के लिए जागरूक किया जाए साथ ही उनके परिजनों को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रेरित किया जाए, प्रसव के उपरांत प्रसूता को डिस्चार्ज होने पर ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराया जाए, सुबह का नाश्ता, दोपहर, शाम का खाना समय से उपलब्ध कराया जाए, खाने की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए साथ ही उन्हें ड्रॉपबैक की सुविधा उपलब्ध कराकर 102 एंबुलेंस से उनके घर तक भेजा जाए, आशा, संगिनी के मानदेय के भुगतान में किसी भी स्तर पर विलम्ब न हो, सुनिश्चित किया जाये। श्री सिंह ने जिला क्षय रोग अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में चिन्हित क्षय रोगियों की बेहतर देखभाल की जाए, उन्हें योजना में मिलने वाली धनराशि समय से उपलब्ध करायी जाए, प्रतिमाह पोषण पोटली भी उपलब्ध करायी जाए, जनपद में संचालित अल्ट्रासाउंड सेंटर का नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए, अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालकों से निर्धारित मानकों का पालन कराया जाए। उन्होने जननी सुरक्षा योजना की समीक्षा करने पर पाया कि वार्षिक लक्ष्य 23940 के सापेक्ष अब तक 7208 संस्थागत प्रसव हुए हैं, जिसमें से मात्र 6157 प्रसूताओं को ही जननी सुरक्षा योजना का लाभ उपलब्ध कराया गया है। उन्होने स्वास्थ्य इकाईवार समीक्षा करने पर पाया कि कुचेला स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा 2745 के सापेक्ष माह अगस्त तक मात्र 125, बेवर स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा 2986 के सापेक्ष माह अगस्त तक मात्र 500, घिरोर स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा 2372 के सापेक्ष माह अगस्त तक मात्र 710, सुल्तानगंज स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा 3103 के सापेक्ष माह अगस्त तक 879 संस्थागत प्रसव हुये हैं, जिस पर उन्होने सम्बन्धित प्र. चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संस्थागत प्रसव की प्रगति सुधारें। उन्होंने राष्ट्रीय अधंता निवारण कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा योजना, एंबुलेंस 102, 108 रिस्पांस टाइम, क्षय रोग उन्मूलन, परिवार कल्याण कार्यक्रम आदि की बिंदुवार गहन समीक्षा की।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway |
| नीलामी सूची सं0 | Catering GMU |
| कार्य का विवरण | Allotment of catering Stall under GMU category at Gauriganj station of Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years. |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 15-09-2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 01-10-2025 at 11:00 hrs |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 01-10-2025 at 11:30 hrs |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

Details of catering stalls to be auctioned are as under :-

| SN | Station | Lot No. | Stall ID | Close Date /Time | Quota | Sub Quota |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | GAURIGANJ | Catg-LKO-GNG-GMU-71-24-1 | GNG/PF-1/18/ADDL | 01-10-2025 at 11:30 hrs | GMU | WOMEN |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
2942/2025

## उत्तर प्रदेश के नए बिल्डिंग बाइलॉज़ से बिजली सुरक्षा मजबूत

**लखनऊ।** अगस्त 2025 में उत्तर प्रदेश में शॉर्ट सर्किट से कथित तौर पर तीन आग की घटनाएं हुईं, जिससे राज्य में बिजली सुरक्षा की कमियों पर ध्यान गया। पिछले महीने सामने आई घटनाओं में गोरखपुर के एक अस्पताल में पैनल में शॉर्ट सर्किट से आग लगी और 30 मरीजों को तुरंत बाहर निकालना पड़ा। एक दूसरी घटना हरदोई में हुई, जहां कमजोर बिजली ढांचे के कारण एक साड़ी गोदाम में करीब तीन घंटे तक आग लगी रही और 50-60 लाख रुपये का माल जल गया। शॉर्ट सर्किट से लगी आग की ये कड़ियां बढ़ते सुरक्षा संकट की ओर इशारा करती हैं।

यूपी के शहर तेज़ी से ऊपर की ओर बढ़ रहे हैं, जिससे शहरीकरण की जरूरतें पूरी हों। ऐसे में इलेक्ट्रिकल फायर सबसे बड़ा जोखिम बनकर उभरा है और यह कुल आग की घटनाओं में करीब 60त्न का योगदान दे रहा है। विशेषज्ञ मानते हैं कि इन हादसों के आम कारण हैं–शॉर्ट सर्किट, ओवरलोडिंग, ओवरहीटिंग, घटिया मटीरियल, छोटी साइज की वायरिंग और केबल, और इलेक्ट्रिकल कोड व नियमित जांच की अनदेखी।

श्री शोभित मोहन दास, अध्यक्ष, क्रेडाई यूपी चैप्टर ने कहा, इलेक्ट्रिकल सेफ्टी उद्योग, ऑफिस और घर–हर जगह जरूरी है। सही सेफ्टी उपाय अपनाने से हादसे, चोट और जानमाल का नुकसान रोका जा सकता है। इसके अहम हिस्से हैं–मशीनों की नियमित मेंटेनेंस और निरीक्षण, सही इंस्टॉलेशन और वायरिंग, पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट का इस्तेमाल, सुरक्षित कार्य-पद्धतियां और ट्रेनिंग, और संभावित खतरों के प्रति जागरूकता। अगर हम इलेक्ट्रिकल सेफ्टी को प्राथमिकता दें तो जोखिम काफी हद तक घटाए जा सकते हैं और काम की जगहें ज्यादा सुरक्षित बन सकती हैं।÷

उत्तर प्रदेश बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपमेंट बाइलॉज़ 2025 बिजली सुरक्षा के लिए और मजबूत ढांचा लाते हैं। अब सेल्फ-सर्टिफिकेशन से आगे बढ़ते हुए, सभी इलेक्ट्रिकल इंस्टॉलेशन का ऑक्युपेंसी/उपयोग से पहले लाइसेंसधारी प्रोफेशनल से निरीक्षण और सर्टिफिकेशन जरूरी होगा। एक डिजिटल कंप्लायंस प्लेटफॉर्म इंस्टॉलेशन डिटेल्स और सेफ्टी सर्टिफिकेट का पारदर्शी रिकॉर्ड रखेगा। हाई-रिस्क इमारतों जैसे अस्पताल, मॉल और हाई-राइज़ के लिए ज्यादा बार, ज्यादा डिटेल और कई बार थर्ड-पार्टी ऑडिट अनिवार्य होंगे, जिससे सुरक्षा मानक ऊंचे होंगे और सक्रिय जोखिम प्रबंधन की संस्कृति बनेगी।

अपडेटेड बाइलॉज़, नेशनल बिल्डिंग कोड ऑफ इंडिया का सख्ती से पालन अनिवार्य करते हैं और इमारतों में लंबी अवधि की सुरक्षा व भरोसेमंदी के लिए कॉपर (तांबा) को पसंदीदा कंडक्टर मानते हैं। साथ ही, अनिवार्य इलेक्ट्रिकल सेफ्टी ऑडिट से डेवलपर्स पर उच्च मानक बनाए रखने की ज्यादा जिम्मेदारी आती है। मिलकर, ये कदम इलेक्ट्रिकल फॉल्ट के जोखिम को काफी कम करने का लक्ष्य रखते हैं, जो भारत के शहरी आग हादसों के बड़े कारणों में से एक है।

भारत में इलेक्ट्रिकल फायर अक्सर घटिया तारों और केबलों से जुड़ी होती हैं, जो ओवरहीट होकर शॉर्ट सर्किट कराती हैं। सरकारी एजेंसियां और बड़ी कंस्ट्रक्शन कंपनियां श्चज्ञक्क ग्रेड कॉपर वायर और केबल के इस्तेमाल पर जोर दे रही हैं।

## सैमसंग लेकर आया 'बिग बीस्पोक एआई फेस्टिवल'



**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आज 'बिग बीस्पोक एआई फेस्टिवल' की घोषणा की। यह सैमसंग का सबसे बड़ा फेस्टिव सेलिब्रेशन है, जिसमें उपभोक्ताओं को इसके बीस्पोक एआई डिजिटल उपकरणों पर आकर्षक डील्स और रिवाड्र्स मिलेंगे। यह कैंपेन 26 अक्टूबर, 2025 तक वैध है और यह उपभोक्ताओं को सैमसंग की बीस्पोक एआई रेंज पर विशेष ऑफर्स, कैशबैक और रिवाड्र्स के माध्यम से नए एआई-पावर्ड प्रोडक्ट्स से अपने घरों को अपग्रेड करने में मदद करेगा। इस कैंपेन के साथ, सैमसंग इस त्योहारी सीजन में भारतीयों के लिए कनेक्टेड, सहज और ऊर्जा-कुशल तकनीक को और अधिक सुलभ बना रहा है। 'बिग बीस्पोक एआई फेस्टिवल' के दौरान, उपभोक्ता चुनिंदा बीस्पोक एआई उपकरणों पर 50,000 रुपये तक का कैशबैक और व्यापक मॉडल रेंज पर 47त्न तक की छूट का आनंद ले सकते हैं। ये ऑफर्स रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन, माइक्रोवेव और एयर कंडीशनर पर लागू हैं, तो अपने घर को सैमसंग के नए प्रोडक्ट्स से अपग्रेड करने का यह बिल्कुल सही समय है। अपग्रेड को और भी आसान बनाने के लिए, सैमसंग ज़ीरो डाउन पेमेंट के साथ लचीले फाइनेंस विकल्प और अपने 20/5 फाइनेंस स्कीम के तहत चुनिंदा रेफ्रिजरेटर्स और वॉशिंग मशीनों पर विशेष '1 ईएमआई ऑफ' लाभ भी प्रदान कर रहा है। इस स्कीम में, सैमसंग पहली ईएमआई का भुगतान करता है, जबकि उपभोक्ता खरीद के समय 5 महीने की एडवांस ईएमआई चुकाते हैं। शेष राशि को 20 महीने तक नो-कॉस्ट ईएमआई के रूप में लिया जाता है।

सैमसंग इंडिया के डिजिटल अप्लायंसेज के वाइस प्रेसिडेंट घुफरान

## बीएसए मोटरसाइकिल की गोल्ड स्टार 650 त्योहारी ऑफर में प्री-जीएसटी 2.0 कीमतों पर



**नई दिल्ली।** बीएसए मोटरसाइकिल्स इस नवरात्रि पर अपने प्रमुख मॉडल गोल्ड स्टार 650 के पहले 500 खरीदारों के लिए सीमित अवधि का ऑफर लेकर आया है। भाग्यशाली ग्राहक न केवल प्री-जीएसटी 2.0 कीमतों पर अपनी गोल्ड स्टार हासिल करेंगे बल्कि उन्हें एक विशेष लिमिटेड-एडिशन एक्सेसरी किट भी मिलेगी। हाल ही में जीएसटी संशोधन के बाद 350सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर कर 28 प्रतिशत से बढ़ाकर 40 प्रतिशत कर दिया गया है, लेकिन बीएसए ग्राहक संतुष्टि को प्राथमिकता देते हुए इस मूल्य प्रभाव को खुद वहन कर रहा है ताकि मोटरसाइकिल प्रेमियों को बेहतरीन अनुभव आकर्षक कीमतों पर मिल सके। क्लासिक लीजेंड्स के चीफ बिज़नेस ऑफिसर, शरद अग्रवाल ने कहा, बीएसए गोल्ड स्टार ने भारत में लॉन्च होने के बाद से ही एक वफादार फैन फॉलोइंग बनाई है, जिसने मोटरसाइकिल को सिर्फ परिवहन का साधन नहीं बल्कि जीवनशैली के रूप में परिभाषित किया है। जीएसटी 2.0 के बाद भी अपनी कीमतें पहले 500 ग्राहकों के लिए स्थिर रखकर और त्योहारी ऑफ़र जोड़कर हम और अधिक मोटरसाइकिल प्रेमियों को इस जीवनशैली को बिना किसी समझौते के अपनाने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। ऑफ़र विवरणः प्री-जीएसटी 2.0 कीमतें (एक्स-शोरूम दिल्ली) बीएसए गोल्ड स्टार हाईलैंड ग्रीन - 3,09,990 रुपये, बीएसए गोल्ड स्टार इंसिग्निया रेड - 3,09,990 रुपये, बीएसए शैडो ब्लैक - 3,25,990 रुपये, बीएसए मिडनाइट ब्लैक - 3,21,990 रुपये, बीएसए डॉन सिल्वर - 3,21,990 रुपये, बीएसए लेगेसी शीन सिल्वर - 3,44,990 रुपये मोटरसाइकिल प्रेमी पूरे भारत में 400 से अधिक डीलरशिप्स पर बीएसए गोल्ड स्टार के प्रसिद्ध 650सीसी सिंगल-सिलेंडर परफॉर्मेंस और प्रामाणिक ब्रिटिश इंजीनियरिंग का अनुभव जारी रख सकते हैं। प्रीमियम क्लासिक्स में इसके प्रतिष्ठित डिजाइन और इंजीनियरिंग उत्कृष्टता के लिए पसंद की जाने वाली गोल्ड स्टार अब पहली बार क्यूरेटेड, लिमिटेड-एडिशन 'गोल्डी किट' के साथ आ रही है, जिसकी कीमत 5,900 रुपये है। इसमें टॉल टूरिंग विंडस्क्रीन, पिलियन बैकरेस्ट, मेटल एग्जॉस्ट शील्ड और रियर रेल शामिल हैं, जो स्टाइल और उपयोगिता दोनों को बढ़ाते हैं।

## बजाज पल्सर जीएसटी में छूट का पूरा फायदा देगी अपने उपभोक्ताओं को

**पुणे।** दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण दोपहिया एवं तिपहिया कंपनी बजाज ऑटो लिमिटेड ने आज ऐलान किया कि वह सरकार द्वारा घोषित 350सीसी से कम वाली मोटरसाइकलों पर जीएसटी में कटौती का पूरा फायदा उपभोक्ताओं को दे रही है, साथ ही अपनी ओर से फाइनैंस के अतिरिक्त 50 फीसदी फायदे भी लेकर आई है। यानि पल्सर खरीदने वाले उपभोक्ताओं को अब जीएसटी फायदों का 1.5 गुना लाभ मिलेगा, और त्योहारों के इस सीज़न उनके लिए खरीद का अनुभव और भी बेहतर हो जाएगा।इस प्रतिबद्धता के तहत बजाज ऑटो ने हैट्रिक ऑफर पेश किया है, जिसके तहत उपभोक्ताओं को तीन विशेष फायदे मिलेंगेः जीएसटी में कटौती का पूरा लाभ, शून्य प्रोसेसिंग शुल्क और इंश्योरेन्स के व्यापक फायदे।

ये सभी फायदे सुनिश्चित करेंगे कि पल्सर के भावी राइडर बिना किसी अतिरिक्त लागत के अधिकतम मूल्य का आनंद उठा सकें। हैट्रिक ऑफर के तहत पल्सर एनएस125 एबीएस के खरीददार रु 12,206 की बचत कर सकेंगे, वहीं पल्सर एन160 यूएसडी के खरीददारों को रु 15,759 का लाभ मिलेगा एक्स शोरूम दिल्ली।

यह कैंपेन भारत के युवाओं को अपनी जगह बनाने और अपनी साहसिक भावना को दर्शाने के लिए प्रेरित करता है। यह कैंपेन राइडरों को सबसे अलग दिखने के लिए प्रेरित करता है। वहीं हैट्रिक ऑफर पल्सर के साथ जश्न मनाने का और भी बड़ा कारण देता है।

## टाटा पावर रिन्यूएबल्स के किफायती और आकर्षक रूफटॉप सोलर समाधानों के साथ इस त्योहारी मौसम में अपने घरों को जगमगाइए

**मुंबई।** भारत में रूफटॉप सोलर समाधानों की अग्रणी प्रदाता और टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के हिस्सा, टाटा पावर सोलररूफ ने आज एक विशेष त्योहारी वित्तीय योजना पे जस्ट 999 लॉन्च करने की घोषणा की। यह सीमित अवधि की पेशकश त्योहारी मौसम में घरों के लिए सोलर ऊर्जा को अधिक किफायती और सुलभ बनाने का उद्देश्य रखती है।22 सितम्बर 2025 नवरात्रि से लेकर 31 दिसम्बर 2025 नववर्ष तक, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के ग्राहक इस आकर्षक वित्तीय योजना का लाभ उठाकर अपने घर या प्रतिष्ठान में टाटा पावर सोलरूफ सिस्टम स्थापित कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें केवल 999 का भुगतान कर अपनी सोलर यात्रा शुरू करनी होगी। इस वित्तीय योजना की प्रमुख विशेषताएँ हैं - केवल 999 देकर सोलर सिस्टम घर ले जाइए, सिस्टम की 100 प्रतिशत लागत तक ऋण की सुविधा, किफायती ईएमआई 2999 से शुरू 60 महीने तक की लचीली फाइनेंसिंग अवधि, तेज़ प्रोसेसिंग के लिए तुरंत डिजिटल लोन अप्रूवल, और बोनस लाभ के रूप में टाटा पावर सोलरूफ सभी आवासीय ग्राहकों को टाटा ए आई जी द्वारा एक वर्ष का निःशुल्क सोलर बीमा भी प्रदान कर रहा है। टाटा पावर सोलरूफ ने अग्रणी ग्रीन फाइनेंसिंग पार्टनर इकोफाई के साथ मिलकर यह सरल और किफायती सोलर फाइनेंसिंग योजना तैयार की है, जो सोलर ऊर्जा अपनाने के इच्छुक ग्राहकों के लिए शुरुआती वित्तीय बोझ को काफी हद तक कम करती है।

## जल्दी शुरुआत की ताकत 35 से पहले रिटायरमेंट को करें सिक्योर

**लखनऊ।** बहुत से युवा प्रोफेशनल्स को लगता है कि उनकी रिटायरमेंट बहुत दूर की बात है। अक्सर होम लोन, शादी की तैयारी और बच्चों को बड़े करने जैसे तात्कालिक लक्ष्य के पीछे रिटायरमेंट की तैयारी पीछे छूट जाती है। वैसे तो इन बातों को प्राथमिकता में रखना स्वाभाविक है, लेकिन इसकी अक्सर बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ती है, जिस पर नजर नहीं जाती। रिटायरमेंट प्लानिंग में देरी करना एक क्रिटिकल एरर है। एक ऐसी गलती, जो कुछ दशक में बहुत बड़ी गलती बन जाती है और कम सुरक्षित या वित्तीय रूप से परेशानियों वाले भविष्य का कारण बनती है। अनुराग गुप्ता,एग्जीक्यूटिव वाईस प्रेजिडेंट एक्सिस मैक्स लाइफ इन्शुरन्स लिमिटेड ने बताया बदलती सच्चाई को देखते हुए अब नजरिया बदलने की जरूरत ¬ पारंपरिक तौर पर भारत में रिटायरमेंट को नियोक्ता (एम्प्लॉयर) से मिलने वाली पेंशन, संयुक्त परिवार की व्यवस्था और कुछ हल्के लक्ष्य से सपोर्ट मिलता है। आज की तारीख में सपोर्ट स्ट्रक्चर बदल रहा है। बढ़ती जीवन प्रत्याशा और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत एवं महंगाई के कारण लॉन्ग टर्म सेविंग्स कम हो रही हैं। एकल परिवार अब संयुक्त परिवारों की जगह ले रहे हैं और बहुत कम ही कंपनियां गारंटीड पेंशन दे रही हैं। अब अपने रिटायरमेंट को सुरक्षित बनाने की जिम्मेदारी स्वयं की ही है। पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के मुताबिक, राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) में लोगों की सहभागिता बढ़ रही है, लेकिन भारत की कार्यशील आबादी की तुलना में कवरेज अभी भी बहुत कम है।

ये तथ्य जीवन में जल्दी ही रिटायरमेंट प्लानिंग की शुरुआत की जरूरत को दिखाने वाले हैं, क्योंकि तैयारी में देरी से अक्सर वित्तीय असुरक्षा और बाद में पछतावे की स्थिति बनती है। ये सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, यह व्यापक सामाजिक बदलाव की तस्वीर है, जिससे परिवार, समाज और अर्थव्यवस्था पर स्थायी प्रभाव पड़ता है। अन्य पर निर्भरता और पारंपरिक सपोर्ट स्ट्रक्चर में गिरावट से ज्यादातर भारतीयों को अपने रिटायरमेंट के लिए फंड खुद ही जुटाना पड़ सकता है।

## राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, उत्तर प्रदेश की जून 2025 त्रैमासांत बैठक



राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की जून 2025 को समाप्त तिमाही की समीक्षा बैठक का आयोजन दिनांक 24.09.2025 को श्री लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं अध्यक्ष, एसएलबीसी, उत्तर प्रदेश की अध्यक्षता में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के गोमतीनगर स्थित बड़ौदा हाउस के सर सयाजीराव गायकवाड हॉल में किया गया ।

उक्त बैठक में पंकज कुमार (क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लखनऊ), डॉ. सारिका मोहन (महानिदेशक, संस्थागत वित्त निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार), अमित सिंह बंसल (विशेष सचिव विभाग, नियोजन, उत्तर प्रदेश सरकार), समीर (विशेष सचिव, वित्त विभाग ,उत्तर प्रदेश सरकार), इंद्रजीत सिंह (निदेशक, उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण), पंकज कुमार (मुख्य महाप्रबंधक, नाबार्ड, लखनऊ), शैलेन्द्र कुमार सिंह (महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और संयोजक, एसएलबीसी, उ0 प्र0) तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारियों व राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारीगणों ने प्रतिभाग किया ।

बैठक के दौरान अपने स्वागत सम्बोधन में महाप्रबंधक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा और संयोजक, एसएलबीसी, उ0 प्र0 ने सभी सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया तथा जून त्रैमास के दौरान प्रदेश में हुई विभिन्न बैंकिंग गतिविधियों एवं सरकार प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति से सभा को अवगत कराया।

श्री लाल सिंह, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा एवं अध्यक्ष, एसएलबीसी उत्तर प्रदेश ने प्रदेश के समस्त बैंकों से आह्वान किया कि भारत सरकार द्वारा दिनांक 22.09.2025 से जीएसटी दरों में की गई कटौती का लाभ लेते हुए प्रदेशभर में बैंकिंग व्यवसाय को सुदृढ़ एवं विस्तारशील बनाने हेतु अधिकतम प्रयास किए जाएं। उन्होंने बैंकों से यह भी अनुरोध किया कि भारत सरकार द्वारा संशोधित प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर योजनांतर्गत ऋण वितरण सुनिश्चित किया जाए, जिससे लक्षित लाभार्थियों को समय पर सुविधा उपलब्ध हो सके। श्री सिंह ने यह भी अवगत कराया कि वित्त मंत्रालय के निर्देशानुसार, भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान के दौरान nclaimed Deposit एवं ष्ठश्वस्न Accounts के निस्तारण/Settlement हेतु आगामी अक्तूबर माह से प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी कार्यालय में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## टोयोटा किर्लोस्कर ने रूमियन के सभी वैरिएंट्स पर स्टैण्डर्ड तौर पर 6 एयरबैग्स देकर सुरक्षा बढ़ाई



**बेंगलुरु।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने अपने लोकप्रिय फैमिली व्हीकल, टोयोटा रूमियन में महत्वपूर्ण सुधार की घोषणा की है। कंपनी का यह कदम इसकी मजबूत सुरक्षा नीति और ग्राहकों पर सबसे ज्यादा ध्यान देने के इसके नजरिये से मेल खाता है। यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए एक सक्रिय कदम उठाते हुए, टीकेएम ने रूमियन के सभी वैरिएंट में छह एयरबैग्स (फ्रंट, साइड और कर्टेन शील्ड) पेश किए हैं। अब सभी वैरिएंट में संपूर्ण सुरक्षा के लिए दो फ्रंट एयरबैग, दो साइड एयरबैग और दो कर्टेन शील्ड एयरबैग मिलेंगे जो विभिन्न ड्राइविंग परिस्थितियों में ड्राइवर और यात्रियों के लिए अधिकतम सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। टोयोटा ने टॉप V ग्रेड में टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम (टीपीएमएस) पेश किया है। यह एडवांस्ड फीचर टायर के दबाव की लगातार निगरानी करता है, जिससे सुरक्षा, ईंधन दक्षता और सहूलियत बढ़ती है। ये फीचर्स रूमियन को भारतीय परिवारों के लिए एक तकनीकी रूप से उन्नत एमपीवी के रूप में मजबूत बनाते हैं।

टोयोटा रूमियन आकर्षक डिज़ाइन के साथ 7-सीटर की सुविधा को जोड़ता है। इसकी प्रीमियम क्रोम ग्रिल, प्रोजेक्टर हेडलैंप, एलईडी टेल लैंप और ड्यूल-टोन अलॉय व्हील इसे आधुनिक परिवारों के लिए स्टाइलिश बनाते हैं। रूमियन में अंदर ड्युल टोन केबिन, लचीली 60:40 स्प्लिट दूसरी पंक्ति की सीटें, रेक्लाइनिंग तीसरी पंक्ति की सीटें, दूसरी और तीसरी पंक्ति के लिए एसी, और ढेर सारा सामान रखने की जगह इसे आरामदायक और बहुउपयोगी बनाती हैं। ग्राहकों को हमेशा कनेक्टेड रखने के लिए, रूमियन में टोयोटा i-कनेक्ट है, जो स्मार्टवॉच से कॉम्पैटिबल, वॉयस असिस्टेंट सपोर्ट, रिमोट लॉक/अनलॉक, क्लाइमेट कंट्रोल और सुरक्षा अलर्ट प्रदान करता है। 17.78 सेमी स्मार्टप्ले कास्ट इंफोटेनमेंट सिस्टम, वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो और ऐप्पल कारप्ले, स्टीयरिंग-माउंटेड कंट्रोल और प्रीमियम अर्कामिस सराउंड सेंस ऑडियो ड्राइविंग अनुभव को और बेहतर बनाते हैं।

## फ्लिपकार्ट मिनट्स पर देखने को मिला रिकॉर्ड अर्ली एक्सेस 45 लाख लोगों ने किया विजिट

**लखनऊ।** 21 सितंबर को जैसे ही घड़ी ने रात के 12 बजाए, भारत के सबसे बड़े शॉपिंग फेस्टिवल ने मिनट्स में काउंटिंग शुरू कर दी द बिग बिलियन डेज के अर्ली एक्सेस के दौरान फ्लिपकार्ट मिनट्स पर 45 लाख से ज्यादा विजिटर आए और सामान्य दिनों की तुलना में ऑर्डर दोगुना हो गए। पहले घंटे से ही फ्लिपकार्ट मिनट्स पर द बिग बिलियन डेज ने दिखा दिया कि आज का भारत इंस्टैंट, जॉयफुल और बिगर दैन एवर का जश्न कैसे मनाता है। त्योहारी सीजन से पहले की तुलना में सेल की अर्ली एक्सेस के दौरान फ्लिपकार्ट मिनट्स पर नए ग्राहकों की संख्या 2.6 गुना बढ़ गई। अर्ली एक्सेस के पहले घंटे में (रात 12 से 1 बजे), आईफोन की सबसे तेज डिलीवरी मात्र 3 मिनट में पूरी की गई। फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एवं मिनट्स एंड सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एंड रीकॉमर्स हेड हेमंत बद्री ने कहा, 'यह बिग बिलियन डेज भारत के शॉपिंग के तरीके में बड़ा बदलाव लेकर आया है। पहली बार लाखों ग्राहक देश के सबसे बड़े शॉपिंग फेस्टिवल का सिर्फ ऑनलाइन ही नहीं, बल्कि आइसक्रीम से लेकर आईफोन तक सब की डिलीवरी मात्र 10 मिनट में पाकर फ्लिपकार्ट मिनट्स के साथ इंस्टैंट जश्न भी मना रहे हैं। हाल ही में हुए जीएसटी सुधारों से यह त्योहारी सीजन ग्राहकों के लिए और भी ज्यादा खुशी वाला पल बन गया है, क्योंकि मिनट्स पर अपने पसंदीदा प्रोडक्ट्स खरीदते हुए उनकी बचत भी हो रही है।

हमें सिर्फ ऑर्डर्स की ज्यादा संख्या ने ही नहीं, बल्कि भारतीय ग्राहकों के ऑर्डर की विविधता ने भी रोमांचित किया है। लास्ट मिनट फेस्टिव गिफ्ट और गॉमे ट्रीट से ट्रेंडिंग स्मार्टफोन तक, सब कुछ उम्मीद से कहीं ज्यादा जल्दी डिलीवर हो रहा है। सभी मेट्रो शहरों और टियर 2. शहरों में जो रुझान दिख रहा है, उससे एक सांस्कृतिक बदलाव की झलक भी दिख रही है कि आज के दौर में शॉपिंग त्वरित, आनंद और भरोसे (इमिडिएसी, जॉय एवं ट्रस्ट) का नाम है।


## प्लैटिनम आरएक्स के साथ हर महीने दवा के खर्च पर 50-60 प्रतिशत तक बचत

PlatinumRx
दवाइयाँ आधी कीमत पर

प्लैटिनम आरएक्स, एक ऑनलाइन फार्मेसी है, जो मरीजों को उनके मासिक दवा खर्च में 50-60 प्रतिशत तक की बचत करने में मदद कर रही है। भारत भर में 10 लाख से अधिक लोग, जिन्हें डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोग जैसी दीर्घकालिक बीमारियाँ हैं, अब नियमित रूप से प्लैटिनमआरएक्स मोबाइल ऐप से दवाइयाँ ऑर्डर करते हैं। प्लैटिनमआरएक्स के सह-संस्थापक आशुतोष पांडे ने कहा, प्लैटिनमआरएक्स की शुरुआत एक सरल विश्वास से हुई कि गुणवत्ता वाली दवाइयाँ किसी के लिए भी लग्जरी नहीं होनी चाहिए। दीर्घकालिक मरीज हर महीने हजारों रुपये खर्च करते हैं। हमारा मकसद इस बोझ को कम करना और हर परिवार के लिए स्वास्थ्य सेवा सस्ती बनाना है। प्लैटिनम आरएक्स की स्थापना 2024 में आईआईटी दिल्ली और आईआईएमकोलकाता के पूर्व छात्रों आशुतोष पांडे और पीयूष कुमार ने की थी।भारत में लंबे समय तक दवाइयाँ लेने वाले मरीज हर महीने औसतन 2,000-5,000 रूपए खर्च करते हैं। इतनी अधिक लागत की वजह से 70 करोड़ से ज़्यादा लोग या तो इलाज अधूरा छोड़ देते हैं या दवाइयाँ समय पर नहीं ले पाते।

प्लैटिनमआरएक्स इन महंगी दवाओं का एक सावधानी से चुना हुआ, उच्च गुणवत्ता वाला जेनेरिक विकल्प देता है, जो बड़े ब्रांड की दवा के बराबर असरदार है। ये विकल्प 100 प्रतिशत साल्ट कम्पोजिशन वाले होते हैं और सीधे प्रमुख फार्मास्युटिकल कंपनियों से मंगाए जाते हैं।

## ओला सेलिब्रेट्स इंडिया कैंपेन के मुहूर्त महोत्सव में अब सिर्फ 49,999 रुपए की शुरुआती कीमत पर मिलेगी ईवी




**बरेली।** ओला इलेक्ट्रिक ने फेस्टिव सीज़न को ध्यान में रखते हुए नया कैंपेन, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया शुरू किया है। इस कैंपेन के तहत कंपनी ने ओला मुहूर्त महोत्सव पेश किया है, जिसमें एस1 स्कूटर्स और रोडस्टर एक्स मोटरसाइकिलें अब पहले कभी न देखे गए दामों पर उपलब्ध होंगी, जिसकी शुरुआती कीमत 49,999 रुपए रखी गई है। यह ऑफर 23 सितंबर से 9 दिनों तक जारी रहेगा। ओला मुहूर्त महोत्सव के तहत ग्राहक अब हर दिन ओला की स्कूटर्स और मोटरसाइकिलें बेहद खास दामों में खरीद सकते हैं। इस महोत्सव में एस1 एक्स 2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स 2.5 केडब्ल्यूएच की कीमत 49,999 रुपए रखी गई है, जबकि एस1 प्रो + 5.2 केडब्ल्यूएच और रोडस्टर एक्स + 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत 99,999 रुपए है। ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, ओला सेलिब्रेट्स इंडिया के जरिए हम प्रगति, संस्कृति और पहुँच को एक साथ ला रहे हैं, जो इस फेस्टिव सीज़न की भावना के साथ बखूबी मेल खाती है। मुहूर्त महोत्सव सिर्फ पहले कभी न देखे गए दामों के बारे में नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय घर तक वर्ल्ड-क्लास ईवी पहुँचाने और इस साझा विश्वास का जश्न मनाने पर भी आधारित है कि भारत की आधुनिकता उसकी अपनी पहचान में निहित होनी चाहिए। यह कैंपेन हमारे इस संकल्प को दर्शाता है कि हम भारतीय तरीके से प्रगति को फिर से परिभाषित करना चाहते हैं। ओला सेलिब्रेट्स इंडिया यह दर्शाता है कि असली आधुनिकता नकल से नहीं, बल्कि भारतीय अंदाज़ में प्रगति को फिर से खोजने और अपनाने में है। इस कैंपेन के माध्यम से, ओला उन लोगों, मूल्यों, प्रतीकों, रीतियों और आकांक्षाओं को सम्मानित करता है, जो हमारे बदलते भारत को परिभाषित करती हैं और उन्हें आज की हमारी गतिशीलता, नवाचार और उत्सव के साथ जोड़ता है।

## केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने पब्लिक इश्यू की घोषणा की

**मुंबई।** केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (कंपनी) ने 1,000 रुपये प्रत्येक के अंकित मूल्य के सुरक्षित, रेटिंग प्राप्त, सूचीबद्ध, रिडीमेबल नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर (एनसीडी या डिबेंचर) के पब्लिक इश्यू की घोषणा की है। इसका बेस इश्यू साइज 200 करोड़ रुपये है। इसमें 200 करोड़ रुपये तक का ओवरसब्सक्रिप्शन बनाए रखने का विकल्प (ग्रीन शू ऑप्शन) भी है। इस तरह कुल मिलाकर आकार (निर्गम) 400 करोड़ रुपये तक है।इश्यू का प्रमुख प्रबंधक (लीड मैनेजर) ट्रस्ट इनवेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड है।केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश शर्मा ने कहा , हमें अपने एनसीडी के पब्लिक इश्यू की घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है। हमारी कंपनी एक अच्छी तरह से डायवर्स, खुदरा-केंद्रित, प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण, नॉन-डिपॉजिट स्वीकार करने वाली गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो




कर्ज की चार प्रमुख श्रेणियों के माध्यम से सुरक्षित और कोलैटरल वाले कर्ज की विस्तृत श्रृंखला प्रदान करती है, जिसमें एमएसएमई लोन, होम लोन, गोल्ड लोन और कंस्ट्रक्शन फाइनेंस का वित्तपोषण शामिल हैं। हम अपनी ठोस उपस्थिति, निष्पादन की मजबूत क्षमताओं और भारतीय वित्तीय सेवा क्षेत्र में 14 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ देश में इन श्रेणियों की विकास की क्षमता द्वारा प्रस्तुत अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। एनसीडी 8.55 फीसदी से 9.70 फीसदी सालाना की कूपन रेट की पेशकश करते हैं, जिसमें मासिक और सालाना ब्याज के विकल्प शामिल हैं। एनसीडी में चार अवधियों के विकल्प हैं- 18 महीने, 36 महीने, 60 महीने और 120 महीने। नीचे इश्यू स्ट्रक्चर के टेबल में हर एनसीडी सीरीज के लिए कूपन रेट और अवधियों सहित सभी विवरण दिए गए हैं। एनसीडी को बीएसई लिमिटेड पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।इस इश्यू के माध्यम से जुटाई गई रकम का कम से कम 75 फीसदी हिस्सा कंपनी द्वारा आगे की उधारी, वित्तपोषण और मौजूदा कर्जों के ब्याज एवं मूलधन के पुनर्भुगतान में इस्तेमाल किया जाएगा। शेष राशि का इस्तेमाल सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए करने का प्रस्ताव है। सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (नॉन-कनवर्टिबल डिबेंचर का इश्यू और लिस्टिंग) विनियम, 2021 के अनुपालन में इस तरह के इस्तेमाल की सीमा इश्यू में जुटाई गई और आवंटित राशि के अधिकतम 25 फीसदी के बराबर होगी।

## पर्पल स्टाइल लैब्स आईपीओ के लिए सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल करता है

पर्नियाज पॉप-अप शॉप की मूल कंपनी और भारत के सबसे बड़े मल्टी-ब्रांड लक्जरी फैशन प्लेटफॉर्म में से एक, पर्पल स्टाइल लैब्स ने आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) के लिए सेबी के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल कर दिया है। यह पेशकश 10 रूपये के अंकित मूल्य वाले इक्विटी शेयरों के एक नए निर्गम के रूप में है, जो कुल मिलाकर 660 करोड़ रुपये तक का है।पर्पल स्टाइल लैब्स (पीएसएल या कंपनी) वित्तीय वर्ष 2024 में राजस्व के मामले में भारत के सबसे बड़े और सबसे तेजी से बढ़ते मल्टी-ब्रांड लक्जरी फैशन प्लेटफॉर्म में से एक है। रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए गए इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) नामक स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है।एक्सिस कैपिटल लिमिटेड और आईआईएफएल कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड (जिसे पहले आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) इस इश्यू के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर हैं।

- दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
- वरिष्ठ चिकित्सकों व गणमान्य अतिथियों को आमंत्रित किया गया

# आयुर्वेद सिर्फ मनुष्य के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि के लिए है : डीएम

अवधनामा ब्यूरो



डीएम महेंद्र सिंह तंवर को प्रशस्ति पत्र देते आयुर्वेद एसोसिएशन

**कुशीनगर।** नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन कुशीनगर के तत्वाधान में दसवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन नगर स्थित एक होटल में किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कुशीनगर महेंद्र सिंह तंवर एवं विशिष्ट अतिथि जिला क्षय रोग अधिकारी डॉक्टर एसएन त्रिपाठी एवं क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉक्टर डी एस वर्मा रहे जिनको अध्यक्ष डॉ रविरंजन श्रीवास्तव, सचिव डॉ विनोद गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष डॉ अमित राय ने माल्यार्पण कर, अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीपप्रज्वलन एवं भगवान धन्वंतरि की प्रतिमा पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। नीमा के संरक्षक एवं इस सभा के अध्यक्ष डॉ एन बी राय ने सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद आयुर्वेद के संबंध में अनेक चिकित्सकों द्वारा व्याख्यान दिए गए। डॉक्टर संतोष दुबे ने प्रोजेक्टर के माध्यम से नीमा, उसके उद्देश्य और आयुर्वेद के प्रति उसके किए गए कार्यो को प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया और समझाया। डॉक्टर सुनील सिंह ने बच्चों के सेरेब्रल पॉलिसी पर आयुर्वेदिक पंचकर्म के प्रभाव को प्रोजेक्टर के द्वारा सभी को दिखाया व समझाया। कार्यक्रम में अनेक वरिष्ठ चिकित्सकों व गणमान्य अतिथियों को भी आमंत्रित किया गया था जिनका सम्मान अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर के नीमा के पदाधिकारी एवं चिकित्सकों ने किया। नीमा सचिव डॉ विनोद गुप्ता ने प्रथम आयुर्वेद दिवस से लेकर दसवें आयुर्वेद दिवस तक की यात्रा को अपने संबोधन में बताया।

मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कुशीनगर ने आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए इसे और आगे कैसे उन्नत किया जाए इसपर अपने विचार रखते हुए नीमा कुशीनगर को अपना आशीर्वचन प्रदान किया। इस बार के आयुर्वेद दिवस का थीम आयुर्वेद फॉर प्लेनेट था अर्थात आयुर्वेद सिर्फ मनुष्य के लिए नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि के लिए है। इस बात पर गोरखपुर से आए नीमा उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष डॉ जेपी नारायण ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में अनेक डॉक्टरों के पाल्यों द्वारा भी भाषण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया।

इस कार्यक्रम में आई एम ए के अध्यक्ष डॉक्टर जी पी राय, सचिव डॉक्टर वाई के मद्धेशिया के साथ-साथ होम्योपैथिक संगठन के डॉक्टर राणा यादव एवं अन्य लोगों में भी अपनी सहभागिता दिखाई। नीमा कुशीनगर के महिला विंग की अध्यक्ष डॉ भास्वती गुप्ता, सचिव डॉ स्वाती गुप्ता, डॉ नीलू गुप्ता डॉ पूनम, डॉ पूजा, डॉ सुनीता एवं अन्य महिला चिकित्सकों ने भी मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया और अपनी प्रस्तुति दी।

## सचिव/अपर जिला जज ने किया वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता, देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें।

# आयुर्वेद, यूनानी एवं होम्योपैथिक विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

अवधनामा ब्यूरो




**कुशीनगर।** राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद के पड़रौना में स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथिक विभागों के संयुक्त तत्वावधान में निकाली गई, जिसका मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा।

रैली की शुरुआत पड़रौना नगरपालिका के छावनी स्थित कार्यालय से हुई और तहसील गेट तक निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी और विभागीय कर्मचारी शामिल हुए। प्रतिभागियों ने महिलाओं के स्वास्थ्य और परिवार की मजबूती से जुड़े नारे लगाकर आमजन को जागरूक किया। साथ ही लोगों से संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, स्वच्छता और आयुर्वेदिक पद्धति से उपचार को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी दयाशंकर बर्मा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। उन्होंने बताया कि ÷स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है, इसी संदेश को समाज तक पहुंचाने के लिए सेवा पखवाड़े की शुरुआत की गई है। ÷कार्यक्रम में डॉ. पी.एम., डॉ. विशाल प्रताप सिंह, डॉ. सत्यम मौर्या, डॉ. श्याम बिहारी, डॉ. अनिरुद्ध प्रजापति, डॉ. संजय आज़ाद समेत कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सेवा पखवाड़ा 23 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इस दौरान जनपद में विभिन्न स्थलों पर स्वास्थ्य शिविर, पौष्टिक आहार जागरूकता अभियान, स्वच्छता संबंधी कार्यक्रम और परामर्श सत्र आयोजित किए जाएंगे। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देना और परिवार व समाज को स्वस्थ बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना है। यह रैली न केवल जागरूकता का प्रतीक बनी बल्कि स्थानीय जनता को आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा पद्धति से जुड़ने का एक सशक्त संदेश भी दिया।

# लाल मिट्टी डालकर हो रहा था इंटरलॉकिंग, ग्रामीणों के विरोध पर रूका



अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज विकास खंड क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत खुरहुरिया गांव में बनी इंटरलॉकिंग में अनियमितता बरती गई। इसका खुलासा मंगलवार को ग्रामीणों ने किया।

बता दें कि ग्राम पंचायत खुरहुरिया में ग्राम प्रधान द्वारा इंटरलाकिंग निर्माण में अनियमितता बरती गई है। इस निर्माण कार्य में मानक के विपरित कार्य कराने का मामला प्रकाश में आया है। जहां सरकारी धनों का बंदरबांट के लिए इस तरह के थर्ड क्वालिटी का मैटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है। जो मानक के विपरित है।बता दें कि ग्राम पंचायत खुरहुरिया में बीते मंगलवार को ग्राम प्रधान द्वारा गणेश के घर से गांव के पूरब सिवान तक 200 मीटर लम्बी और 2 मीटर चौड़ी इंटरलाकिंग सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा था जिसमें बालू की जगह ईट भट्ठे की लाल मिट्टी का प्रयोग किया जा रहा था। तभी कुछ ग्रामीण वहां पहुंचे और उसका विरोध करने पर ग्राम प्रधान द्वारा निर्माण कार्य बंद करा दिया गया।

## तालाब में अज्ञात शव मिलने से मची अफरा तफरी

**अवधनामा संवाददाता, महोबा।** ढिकवारा गांव के भैरव तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से ग्रामीणों अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पानी से शव को निकालकर जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया। पुलिस अज्ञात युवक की शिनाख्त के लिए लोगों से पूछताछ कर रही है।

श्रीनगर थाना क्षेत्र के ढिकवाहा गांव स्थित भैरव तालाब में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला। ग्रामीणों ने सुबह तालाब में शव देखा। तो पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच के लिए जिले की फोरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है, शव की पहचान और मौत के कारणों का पता लगाने के प्रयास किए जा रहे हैं। क्षेत्र में इस घटना को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# धूमधाम से मनाया गया बच्चों की चहेती मीना का जन्मदिन




अवधनामा ब्यूरो

**कसया, कुशीनगर।** परिषदीय विद्यालयों में बुधवार को बच्चों की चहेती मीना का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों ने केक काटा और शिक्षकों के साथ खुशियां साझा कीं।

कसया ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय मुंडेरा रतनपट्टी में आयोजित कार्यक्रम में सहायक अध्यापिका अमृता सिंह ने मीना के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मीना एक ऐसी बालिका है जिसके मन में उमंग, उल्लास, सहानुभूति और सहयोग की भावना समाहित है। तोता-मिट्ठू उसका प्रिय मित्र है। प्रत्येक वर्ष 24 सितंबर को मनाए जाने वाले मीना दिवस का उद्देश्य अंधविश्वास एवं रूढ़िवादिता के प्रति जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि मीना मंच के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, जल एवं स्वच्छता के साथ ही आत्मसम्मान, आत्मविश्वास, व्यक्तित्व विकास और सहयोग की भावना को बढ़ावा दिया जाता है। इस मौके पर पावर एंजल खुशी सिंह, उज्जवल दुबे और अर्पिता सिंह ने केक काटा। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापिका निर्मला सिंह, शिक्षिका संगीता सिंह, शिक्षक वाहिद अली, प्रभात चतुर्वेदी, राजन चौरसिया, शिक्षामित्र संध्या सिंह समेत बच्चे और रसोइया उपस्थित रहे।

# बाइक सवार बदमाशों ने महिला से छीने मंगलसूत्र, जांच में जुटी पुलिस

- तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा चट्टी बाजार का मामला

अवधनामा संवाददाता



घटना स्थल का जायजा लेते सीओ तमकुही

**तमकुहीराज, कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र के लतवा बाजार में ग्यारह बजे के आसपास अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने अपने घर के दरवाजे पर बैठी एक महिला के गले से मंगलसूत्र छीन कर हाईवे के रास्ते बिहार के तरफ़ भाग निकले। महिला के शोर शराबा करने के बाद आसपास के ग्रामीण इकठ्ठा हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी कैमरे के जरिए बदमाशों को खंगालने में जुटी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार लतवा चट्टी बाजार निवासी रमाकांत गुप्ता की पत्नी अपने मकान के दरवाजे पर बैठी थीं। उसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो युवक वहां पहुंचे और रास्ता पूछने के बहाने महिला से बातचीत करने लगे। इसी दौरान एक युवक ने झपट्टा मारकर महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र छीन लिया।और नेशनल हाईवे के रास्ते बदमाश बिहार के तरफ़ भाग निकले।घटना के बाद पीड़ित परिवार और आसपास के लोगों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी दूर भाग चुके थे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस घटनास्थल का निरीक्षण करने के दौरान मौजूद लोगों से पूछताछ की और फरार बदमाशों की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से जांच-पड़ताल में जुटी हुई है। घटना के बाद स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-27 के किनारे इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। रात में गश्त और पुलिस की सक्रियता न होने से बदमाशों के हौसले बुलंद हैं। क्षेत्रीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने और बदमाशों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर लगाएं बिजली के बिल से राहत पायें

अवधनामा ब्यूरो

- सोलर रूफटॉप स्थापित कराए जाने पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा देय है अनुदान

**कुशीनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर द्वारा पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना कि समीक्षा बैठक योजनान्तर्गत सोलर रूफटॉप के स्थापना के दरों एवं प्रति संयंत्र प्राप्त अनुदान के क्रम में परियोजना प्रभारी यूपी नेडा द्वारा अवगत कराया गया की बजार में विभिन्न कंपनियों के पैनल उपलब्ध रहते हैं जिनकी दर भी अलग अलग रहता है जिसके कारण विभाग यूपी नेडा द्वारा कोई प्रति कि.वा. संयंत्र दर निर्धारित न करते हुए प्रति कि.वा. सोलर रूफ टॉप स्थापना कि अनुमानित दर रू. 60 हजार से 65 हजार मात्र की जानकारी उपलब्ध कराई गई है।

सोलर संयंत्र पर लाभ के संबंध में उन्होंने बताया कि 1 किलो वाट का रूफटाप स्थापना हेतु लाभार्थी द्वारा अनुमानित देय धनराशि 60 हजार से 65 हजार तक है जिसमें केंद्र द्वारा 30 हजार एवं राज्य द्वारा 15 हजार का अनुदान सहित कुल 45 हजार का अनुदान देय है। 2 किलो वाट हेतु 1 लाख 20 हजार से 1 लाख 30 हजार तक अनुमानित लागत है जिसके अंतर्गत केंद्र द्वारा 60 हजार एवं राज्य द्वारा 30 हजार सहित अनुदान 90 हजार है। 3 किलो वाट के रूफटॉप स्थापना हेतु लाभार्थी का कुल लागत 1 लाख 80 हजार से 1 लाख 95 हजार तक है, जिसके अंतर्गत केंद्र द्वारा 78 हजार एवं राज्य द्वारा 30 हजार सहित कुल अनुदान 1 लाख 8 हजार है। प्रभारी यूपी नेडा ने बताया कि लाभार्थी स्वंय या किसी भी रजिस्टर्ड वेण्डर के सहयोग से नेशलन पोर्टल पर आवेदन कर सोलर रूफटॉफ संयंत्र की स्थापना करा सकता है। लाभार्थी द्वारा यूपी नेडा से इम्पैनल्ड वेण्डर के माध्यम से सोलर रूफटाफ़ स्थापित कराने पर अनुदान मिलेगा। यूपी नेडा में इम्पैनेल्ड वेण्डर की जानकारी लाभार्थी द्वारा पोर्टल के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है। इच्छुक लाभार्थीगण से अनुरोध है पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर कार्यालय यूपी नेडा, कुशीनगर को मो. 9415609048/ 7905194147 पर सुचित करने का कष्ट करें।

# कुशीनगर में नारायणी नदी का तांडव, भैंसहा गांव में कटान से दहशत में लोग

शकील अहमद

- नारायणी नदी का भैंसहा गांव में कटान छितौनी बांध के पास पहुंचा नदी का प्रवाह

> छितौनी बांध व ठोकर को कोई खतरा नहीं है। कटान स्थल पर तेजी से बचाव कार्य कराए जा रहे है। एप्रन की मरम्मत के लिए बोल्डर मंगा लिए गए हैं, चिंता करने जैसी स्थिति नहीं है।
>
> **मनोरंजन कुमार, एसडीओ बाढ़ खंड विभाग**

### चेतावनी बिंदु से 10 सेमी नीचे नदी का जलस्तर

वाल्मीकिनगर बैराज से सुबह चार बजे 71 हजार तीन सौ, सुबह छह से आठ बजे तक 65 हजार, 10 बजे 69 हजार दो सौ, 12 बजे 67 हजार एक सौ, चार बजे 71 हजार तीन सौ, शाम छह बजे 75 हजार पांच सौ क्यूसेक डिस्चार्ज रहा। भैसहा गेज पर शाम पांच बजे नदी का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 10 सेमी नीचे 94.90 मीटर दर्ज किया गया।

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** एक सप्ताह से भैसहा गांव के सामने नारायणी नदी के छितौनी बांध के समीप लगभग 20 मीटर की चौड़ाई और 25 मीटर लंबाई में कटान करते हुए बांध के समीप पहुंच गई है। कटान स्थल पर बांध और नदी के बीच की दूरी लगभग 10 मीटर रह गया है। इस बीच नदी लगातार ठोकर पर प्रहार करती रही है और विभाग के अधिकारी एप्रन के गिरने का इंतजार करते रहे हैं। हालांकि स्थिति बिगड़ने पर ठोकर व एप्रन के बचाव के लिए तेजी से कार्य कराया जा रहा है।

नेपाल में वर्षा थमने व वाल्मीकिनगर बैराज से डिस्चार्ज कम किए जाने के बाद नारायणी नदी का जलस्तर काफी घटा है। इसके बाद भी छितौनी बांध के किमी 8.800 के समीप स्थित ठोकर के एप्रन को काटते हुए नदी की धारा आगे बढ़ रही है। पानी के दबाव से ठोकर का लगभग 15 मीटर एप्रन अप व डाउन स्ट्रीम में पहले ही कट चुका है। लगातार हो रही कटान व नदी के दबाव के कारण बांध के समीपवर्ती गांवों के लोग भयभीत हैं। पिछले शुक्रवार को किमी 8.800 के समीप ठोकर का लगभग तीन मीटर लांचिंग पैड नदी की धारा में बह गया था। उसके बाद भी विभाग की ओर से तत्काल कटान रोकने को ठोस कदम नहीं उठाए गए। विधायक विवेकानंद पांडेय व एसडीएम रामवीर सिंह के निरीक्षण के बाद बाढ़ खंड विभाग के अधिकारी सक्रिय हुए और बचाव कार्य के नाम पर कटान स्थल पर परक्यूपाइन लगाकर खानापूरी करा दी। शनिवार की रात ठोकर के अप व डाउन स्ट्रीम में कटान से लगभग 10 मीटर लांचिंग पैड पानी में बह गया था। रविवार को भी ठोकर के दोनों ओर दरार बनाकर नदी एप्रन का लगभग 15 मीटर हिस्सा धारा में विलीन कर दी थी। उसका नतीजा यह हुआ कि सोमवार को नदी ठोकर से कुछ दूर भैसहा गांव के सामने कटान करते हुए बांध की तरफ बढ़ रही है। विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व ठीकेदार बचाव कार्य में जुटे हैं।

## विशेष टीकाकरण सत्र पर मिलेंगी स्वास्थ सुविधाएं

**देवरिया।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचलित स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत 25 व 26 सितम्बर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर व वीएचएसएनडी सत्र विशेष टीकाकरण व स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह के साथ समन्वित रूप से संचालित किया जा रहा है ।

सीएमओ ने बताया कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य महिलाओं और बच्चों को उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की संतृप्ति सुनिश्चित करना है । विशेषकर जो महिलाएं और बच्चे अब तक छूट हुए हैं। इसके अंतर्गत जिले के सभी ब्लाकों में 25 व 26 सितम्बर को आयुष्मान आरोग्य मंदिर व वीएचएसएनडी सत्र पर विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहाँ शिविर या सत्र पर आने वाले लोगों की बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, यूरिन, टीबी स्क्रीनिंग, डेंगू, मलेरिया, एएनसी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

# कैरियर काउंसलिंग विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** सदस्य, ऋतु शाही उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, लखनऊ की अध्यक्षता में बलजीत अशर्फी इंटरमीडिएट कॉलेज, परसौना, देवरिया में कैरियर काउन्सलिंग विषय पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके भविष्य के कैरियर विकल्पों उच्च शिक्षा के अवसरों तथा प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी के प्रति जागरूक एवं प्रोत्साहित करना था।

सदस्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज के समय में सही दिशा में परामर्श प्राप्त करना युवाओं, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट करें, आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ें तथा समाज और देश की प्रगति में योगदान दें।

इस अवसर पर विशेषज्ञों द्वारा छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, तकनीकी, प्रशासनिक सेवाएँ एवं स्वरोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने सक्रिय रूप से सहभागिता करते हुए अपने प्रश्न पूछे और विशेषज्ञों व महिला कल्याण विभाग से मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मत्स्य व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों के साथ बैठक सम्पन्न



- बैठक में सभापति ने मछुआरों कि सुनी समस्याएं, संबंधित को निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** मत्स्य जीवी सहकारी संघ लिमिटेड लखनऊ के सभापति वीरू साहनी की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में जिला स्तरीय आधिकारिओं एवं मत्स्य व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सभापति नें जिले में मत्स्य विभाग की संचालित सभी योजनाओं की समीक्षा की साथ ही विभिन्न वर्षो के लाभार्थियों से वार्ता करते हुए ग्राम सभाओं के तालाबों के पट्टा आवंटन की भी समीक्षा की।

बैठक में सभापति ने निर्देश दिए कि मत्स्य पालकों को पट्टा आवंटन किए जाएं और जो भी 0.2 हैक्टेयर से बड़े तालाब है, उनका पट्टा मछुआ समुदाय को आवंटित किए जाएं। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित किया कि मत्स्य पालकों के जो भी केसीसी हेतु आवेदन बैंकों में प्रेषित किया जा रहे हैं, उन फार्म को स्वीकृत कराया जाए। बैठक दौरान सभापित ने मत्स्य जीबी सहकारी समितियों की भी समीक्षा करते हुए अपने-अपने क्षेत्र में दो हेक्टेयर सबसे बड़े खाली तालाबों का पट्टा लेने और सदस्यों को देने के लिए निर्देशित किया गया। सभापति ने सहायक निदेशक मत्स्य को निर्देश देते हुए कहा कि कैंप लगाकर मत्स्य पालकों को बीमा की जानकारी दी जाए तथा सभी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर मत्स्य पालकों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने कहा कि ग्रुप बनाकर समिति के सदस्यों को सभी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाए तथा तालाबों की नीलमी की सूचना न्यूज़पेपर में दी जाए और मुनादी कराकर भी किसानों को अवगत कराया जाए। बैठक में सभापति ने मत्स्य पालकों की समस्याओं को बारी बारी से सुना और सभी समस्याओं का संबंधित अधिकारियों को निस्तारण कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी मत्स्य पालक को योजना का लाभ देने से वंचित न रखा जाए और ज्यादा से ज्यादा मछुआ समुदाय के किसान क्रेडिट कार्ड बनाये जाए। कहा कि मत्स्य पालकों को मछली पालन क्षेत्र में ट्रेनिंग देकर किसानों को आगे बढ़ाने का कार्य किया जाए एवं सभी मत्स्य पालकों के शत प्रतिशत बीमा कराये जाए।

# एनआरएलएम कर्मचारियों पूर्व निर्धारित सूचना के आधार पर हड़ताल पर गए



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कर्मचारी जिसमें जिला मिशन प्रबंधक, ब्लाक मिशन प्रबंधक, कंप्यूटर ऑपरेटर, वाई पी और सीसी ने बुधवार से अपनी वैध मांगों के के समर्थन में दो दिवसीय हड़ताल पर चले गए।

भारत सरकार द्वारा निर्धारित जारी मानव संसाधन नियमावली के अनुरूप तथा कृषि उत्पादन आयुक्त महोदय की अध्यक्षता वाली सर्वोच्च निर्णय गवर्नमेंट वाडी द्वारा मानदेय वृद्धि, अनुमोदन किया जाने के बावजूद अनुमोदित मानदेय से कम भुगतान किया जाना मानदेय कटौती की श्रेणी में आता है, जो अत्यंत गंभीर विषय है। यह सेवा नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है और कर्मचारियों के आर्थिक हितों के साथ अन्याय है। वर्तमान में समस्त कर्मचारियों का वेतन अनुमोदित राशि से 40त्र कम किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा प्रेषित नवीन पालिसी में इस लागू करने की तिथि भी स्पष्ट रूप से निर्धारित की गई थी। इसके बावजूद आज तक वेतन भुगतान प्रारंभ नहीं किया गया है जो अस्वीकार है। पिछले शुक्रवार को कर्मचारियों ने मिशन निदेशक को संबोधित उपायुक्त रोजगार को ज्ञापन देते हुए कहा था कि अगर मांगे 23 सितंबर तक नहीं मानी जाती है तो 24 और 25 सितंबर को सांकेतिक हड़ताल किया जाएगा।

# विवादित बैनर प्रकरण से रुद्रपुर में तनाव पुलिस और प्रशासन के अधिकारी अलर्ट

अवधनामा संवाददाता



**रुद्रपुर ,देवरिया।** रुद्रपुर तहसील क्षेत्र के चौक कस्बे में विवादित बैनर प्रकरण ने एक बार फिर माहौल को गरमा दिया है। देर रात पुलिस प्रशासन ने मुगलों का बाप छत्रपति शिवाजी महाराज लिखे पोस्टर को हटवा दिया था, किंतु सुबह होते ही हिंदू संगठनों ने पुनः गेरुआ रंग में वही नारा लिखकर नया बैनर टांग दिया। इसके बाद स्थानीय युवाओं ने कस्बे में घूम-घूमकर नारेबाजी भी की।

गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व मुस्लिम समुदाय से जुड़े लोगों द्वारा इस्लाम जिंदाबाद लिखा हुआ बैनर लगाया गया था। इसकी शिकायत जब स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से की तो तत्काल कार्रवाई नहीं हुई। इसी के विरोधस्वरूप हिंदू संगठनों ने शिवाजी महाराज संबंधी विवादित पोस्टर लगा दिया। पुलिस जब इसे हटाने पहुंची तो मौके पर हंगामा खड़ा हो गया और कुछ लोग धरने पर बैठ गए। देर रात पुलिस ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पोस्टर उतार दिया, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है।

बैनर हटाए जाने की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठनों में आक्रोश फैल गया और आज सुबह दोबारा वैसा ही बैनर लगा दिया गया। इसके बाद कस्बे में माहौल तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए पुलिस-प्रशासन ने कई लोगों को हाउस अरेस्ट किया है और इलाके में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना रोकने के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है। वहीं, प्रशासन लगातार दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील कर रहा है।

यह घटना धार्मिक पोस्टरों को लेकर बढ़ते विवाद और प्रशासनिक सख्ती के बीच साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने की चुनौती को उजागर करती है।

# पदोन्नति मामले में गजब खेल

■ जिला विद्यालय निरीक्षक की कार्यशैली पर उठे सवाल

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) की कार्यप्रणाली पर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। कारण यह है कि महज़ चार महीनों के भीतर एक ही मामले में दो अध्यापकों को दो बार पदोन्नति हुई और दो बार उसे निरस्त भी कर दिया गया।

मामला श्री सुभाष इंटर कॉलेज, पलिया से जुड़ा है। यहाँ कार्यरत सहायक अध्यापक राज बहादुर पाठक (अर्थशास्त्र विषय) और ओंकार नाथ (अंग्रेज़ी विषय) को पहले जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने पदोन्नत किया था। लेकिन अनियमितताओं की शिकायत आने पर दोनों की पदोन्नति निरस्त कर दी गई। पदोन्नति निरस्त होने से क्षुब्ध होकर दोनों शिक्षक उच्च न्यायालय, लखनऊ पहुँचे। न्यायालय ने जिला विद्यालय निरीक्षक को सुनवाई करने का आदेश दिया। सुनवाई के बाद डीआईओएस ने दोनों की पदोन्नति फिर से बहाल कर दी। हालाँकि, इसके बाद एक बार फिर शिकायतकर्ता ने मामले को शिक्षा निदेशक तक पहुँचाया। शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) प्रयागराज से आए आदेश (पत्रांक सामान्य (1) तृतीय/10127/2025-26 दिनांक 17.09.2025) के आधार पर वर्तमान डीआईओएस सूर्य प्रताप सिंह ने दोनों अध्यापकों की प्रवक्ता पदोन्नति को पुनः निरस्त कर दिया।

### शिक्षा जगत में चर्चा

चार महीने में एक ही मामले पर दो बार पदोन्नति और दो बार निरस्तीकरण ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या जिला विद्यालय निरीक्षक को माध्यमिक शिक्षा अधिनियम और नियमों का पर्याप्त ज्ञान नहीं है, या फिर विभागीय दबाव और अनियमितताओं का असर फैसलों पर पड़ रहा है।

### लचर कार्यशैली और भ्रष्टाचार पर सवालों में घिरे डीआईओएस

विदित हो कि यही वही अधिकारी हैं, जिनके कार्यकाल में भ्रष्टाचार की परतें खुलकर सामने आई थीं। उनके आते ही अजय यादव को एंटी करप्शन की टीम ने कार्यालय से ही रंगे हाथों पकड़ा था। वहीं लगभग 90 लाख रुपये के संदिग्ध भुगतान मामले में तत्कालीन अधिकारी राम शरण गुप्ता निलंबित हुए थे। यही नहीं, शासन स्तर पर भी इन क्ष्वै की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठे हैं। उनकी लापरवाह और गैरजिम्मेदाराना कार्यप्रणाली के चलते शासन ने उन्हें कारण बताओ नोटिस थमाकर कठोर चेतावनी दी थी।सूत्रों की मानें तो विभागीय माहौल बिगाड़ने, वित्तीय अनियमितताओं पर आंख मूंदने और अधीनस्थों को संरक्षण देने की प्रवृत्ति के कारण इन क्ष्वै के खिलाफ लगातार नकारात्मक फीडबैक शासन तक पहुंचता रहा है। शिक्षा जगत में चर्चा है कि ऐसे अफसरों के रहते पारदर्शिता और ईमानदारी की उम्मीद करना बेमानी है।

# विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

फिरोजाबाद। सिलाई की पुलिया स्थित इकरा कॉन्वेन्ट स्कूल में एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल और प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए। प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी मेहनत और रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए पर्यावरण संरक्षण, सौर ऊर्जा, प्रदूषण नियंत्रण, विद्युत परिपथ, जल संरक्षण और स्वास्थ्य विज्ञान जैसे विषयों पर आधारित मॉडल तैयार किए। इस अवसर पर विद्यालय के माननीय डायरेक्टर जनाब मेराजुद्दीन साहब मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण और सोच विकसित करना अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में नवाचार की भावना को प्रोत्साहित करती हैं और उन्हें आत्मविश्वासी तथा जिम्मेदार नागरिक बनने में मदद करती हैं। साथ ही, ग्लास मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्ट्स एसोसिएशन के महा सचिव जनाब सरवर हुसैन भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन किया और बच्चों की मेहनत की सराहना की। सरवर हुसैन ने कहा कि ःबच्चों ने कई दिन मेहनत करके शानदार मॉडल तैयार किए हैं। उनकी रचनात्मकता और लगन वाकई प्रशंसनीय है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों की प्रतिभा को निखारते हैं और उनके भविष्य की नींव मजबूत करते हैं।

## एक दिवसीय निः शुल्क रोजगार मेला आज

फिरोजाबाद। जिला सेवायोजन अधिकारी ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय फिरोजाबाद के तत्वावधान में 25-09-2025 को प्रातः 10:00 बजे से एसवीएमएवटीव, कॉलेज, रूपसपुर, शिकोहाबाद, जनपद फिरोजाबाद में एक दिवसीय निःशुल्क रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें सेवायोजन विभाग के वेब पोर्टल rojgaarsangam-up-gov-in पर बेरोजगार अभ्यर्थियों को ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। इस मेले में देश-प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के नियोजकों द्वारा बेरोजगार अभ्यर्थियों का साक्षात्कार कर चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी। चयन प्रक्रिया पूर्णतः निःशुल्क है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे कि अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर योजना का लाभ उठायें। मेले में साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों को पंजीयन कार्ड, शैक्षिक प्रमाण पत्र व फेटो-आई0डी0 व रिज्यूम साथ लाना आवश्यक होगा।

# फूड लाइसेंस के नाम पर आनलाइन लिये जा रहे पैसे

■ आखिर किस मद मे जमा होता है लाइसेंस का पैसा जब लाइसेंस हुआ ही नहीं

अवधनामा संवाददाता

बाँदा। जिले के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग मे एक नया मामला सामने आ रहा है जहां एक दुकानदार ने अपनी आयुर्वेदिक दुकान के लिये ख़ाद्य सुरक्षा से लाइसेंस लेने के लिये आनलाइन पंजीकरण करवाया था परंतु पूरा साल बीत गया ना तो पंजीकरण हुआ और ना ही उसकी दुकान का सत्यापन करने के लिये खाद्य सुरक्षा से कोई व्यक्ति गया जिससे उसकी दुकान का सत्यापन हो सके जबकि पुडित दुकानदार ने लाइसेंस के लिये निर्धारित शुल्क एक हजार रुपये जमा भी करवा दिये थे और उसको आनलाइन पेमेंट की पावती भी मिल गयी थी परंतु पूरा एक वर्ष बीत गया और ना तो उसकी दुकान का लाइसेंस बना और ना ही उसके आवेदन को निरस्त करने का कारण पता चला परंतु उसके एक हजार रूपये जरूर सरकारी खजाने मे जमा हो गये अब सवाल ये है कि जब काम हुआ ही नही तो वो पैसा सरकारी मद मे किस रूप मे जमा हो गया और दूसरा बडा सवालूकि उसकी दुकान का सत्यापन करने कोई गया क्यो नही और अगर किसी कारण से वो अपात्र साबित हो गया तो उसको बताया क्यो नही गया कि किस कारण से वो अपात्र है जिससे अपनी कमियां सुधार कर पुनः आवेदन किया जा सके। ये मामला सिर्फ एक आदमी का नही है पूरे जनपद मे सैकडो ऐसे दुकानदार है जो अपना पंजीकरण आनलाइन करवा लेते है परंतु विभाग के तथाकथित दलाल कर्मचारियो से नही मिलते है जिससे लाइसेंस नही बनाया जाता है और सिर्फ उन्ही का लाइसेंस बनता है जो निखिल कम्प्यूटर से आनलाइन अपना पंजीकरण करवाते है, क्या ये सब गिरोह बनाकर लूटने की श्रेणी मे नही आता है।

# आत्मनिर्भर भारत के लिए महिलाओं का सशक्त होना जरूरी

■ मोतीपुर के ग्राम बगहा गायघाट क्षेत्र में संपन्न, मिशन शक्ति अभियान फेज



अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद में पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह के निर्देशन और क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा थाना मोतीपुर के ग्राम बगहा गायघाट क्षेत्र में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिलाओं बालिकाओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। इस दौरान बालिकाओं को विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, मिशन शक्ति केन्द्र व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित करके महिलाओं का महिला सशक्तिकरण के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान (फेज-5.0) के तहत कप्तान रामनयन सिंह के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी मिहींपुरवा हर्षिता तिवारी के नेतृत्व में थाना मोतीपुर पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम द्वारा थाना मोतीपुर के ग्राम बगहा गायघाट क्षेत्र में मिशन शक्ति पांचवा चरण अभियान के उद्देश्यों के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम संपादित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ जुड़ कर उन्हें सशक्त एवं सुरक्षित वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही महिलाओं एवं बालिकाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबर- वूमेन पॉवर लाइन-1090, पुलिस आपातकालीन सेवा-112, एम्बुलेंस सेवा-108, चाइल्ड लाइन-1098, स्वास्थ्य सेवा-102, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में जागरूक करते हुए हेल्पलाइन-1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई।

# पुलिस ने महिलाओं एवं छात्राओं को दी जानकारियां

अवधनामा संवाददाता



टूंडला। नगला सिंघी के गांव बझेरा के गोविंद बिहार पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति फेस 5.0 में छात्र व छात्राओं को शासन की योजनाओं और सुरक्षा सम्बन्धी एवं टोल-फ्री नम्बर आदि की जानकारी दी गई।

थाना नगला सिंघी प्रभारी कृष्ण स्वरूप पाल ने जानकारी देते बताया कि महिला सुरक्षा को मजबूत करने के लिए पुलिस ने कई स्तरों पर कार्रवाई की है। एंटी रोमियो टीम ने कोचिंग सेंटर और स्कूलों के आसपास चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के तहत छेड़छाड़, घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न और मानव तस्करी जैसे अपराधों पर रोक लगाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विद्यालयों, कॉलेजों और ग्राम सभाओं में डिजिटल साक्षरता और कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। एंटी रोमियो टीमें मंदिरों, बाजारों और प्रमुख मार्गों पर चेकिंग कर रही हैं। साथ ही उन्हें साइबर अपराधों से बचाव के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। इस मौके पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक अनिल कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, कांस्टेबल राकेश कुमार, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, रमाकांत, ओमवीर सिंह प्रधानाचार्य, उदयवीर सिंह, सोनू कुमार, सुरेखा देवी, प्रियंका कुमारी, निशा कुमारी, प्रिया आदि के अलावा स्कूली बच्चें मौजूद रहे।

## जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ पुलिस अधीक्षक ने की बैठक

बहराइच (अवधनामा संवाददाता) शारदीय नवरात्र, दुर्गा पूजा, मूर्ति विसर्जन, दशहरा इत्यादि आसन्न त्यौहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था तथा सड़क, साफ-सफाई, बिजली एवं पानी की आपूर्ति के लिए नामित ज़ोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि ज़ोनल व सेक्टर पुलिस अधिकारियों के साथ अनिवार्य रूप से अपने-अपने क्षेत्रों का भ्रमण कर लें। एसपी ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान आमजन से संवाद कर स्थानीय समस्याओं एवं कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर उसका समाधान भी करायें। समस्त ज़ोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया गया कि जुलूस/विसर्जन मार्गों का भ्रमण अवश्य करें सीसीटीवी कैमरों की स्थिति के बारे में भी जानकारी प्राप्त कर लें, यदि सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील न हों तो उन्हें दुरूस्त भी करा लें। कार्यक्रम आयोजनकर्ताओं तथा उनके द्वारा नामित स्वयं सेवक (वॉलन्टिअर) के नाम व मोबाइल नंबरों की सूची भी अपने पास रखें।

## भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन

सुलतानपुर। गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सुल्तानपुर के सीताकुंड स्थित महिला परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी पांचों ईकाईयों के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी के मार्गदर्शन और महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अंग्रेज सिंह की अध्यक्षता में भाषण एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेविकाओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर छात्र छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी दी गई। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. नीलम तिवारी एवं प्रो. गीता त्रिपाठी ने निभाई। प्राचार्य द्वारा विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, जिसका विषय विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश/2047 था, प्रथम स्थान बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा शगुन दूबे द्वितीय स्थान बी.कॉम तृतीय सेमेस्टर की छात्रा ऋषिका श्रीवास्तव तथा तृतीय स्थान बी.एसी. एग्रीकल्चर तृतीय सेमेस्टर की छात्रा प्रत्युषा सिंह ने प्राप्त किया।

# उद्यमियों की बैठक में कारखाने की ग्रोथ रेट के सही आंकलन पर किया गया विचार

अवधनामा संवाददाता



फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने अपने सभागार कक्ष में उद्यमियों के साथ उनके कारखाने में हुई ग्रोथ रेट के संबंध में बैठक का आयोजन किया, इस बैठक का उद्देश्य था कि कारखाने की ग्रोथ रेट का सही आंकलन करना और अगर किसी कारखाने की ग्रोथ रेट नहीं बढ़ रही है या उन में कोई व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, तो उन समस्याओं को दूर करना, साथ ही जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी उद्यमियों से अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी चाही, जिसमें एक उद्यमी ने कहा कि मीरा चौराहे से अमित रिजॉर्ट तक 90ः कार्य सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है, परंतु 10ः कार्य अभी भी निर्माणाधीन है, जिससे आवागमन में परेशानी हो रही है और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, जिलाधिकारी ने तुरंत नगर आयुक्त से बात कर इस मार्ग को ठीक करने हेतु निर्देशित किया, बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, उपयुक्त उद्योग संध्या, सहायक श्रम आयुक्त, उद्यमी आदि अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# जीएसटी रिफार्म से मिलेगा हर तबके हर वर्ग को फायदाः विधायक

अवधनामा संवाददाता




सुलतानपुर। भाजपा ने नेक्सट-जेन जीएसटी रिफार्म को लेकर जिला पंचायत सभागार में जनप्रतिनिधियों ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी की अध्यक्षता में प्रेस वार्ता की। मंगलवार को भाजपा मीडिया प्रमुख विजय रघुवंशी के संयोजन में आयोजित प्रेस वार्ता में विधायक राज प्रसाद ने कहा कि जीएसटी रिफार्म से हर तबके हर वर्ग को फायदा मिलेगा। कहा 2014 से पहले कांग्रेस जिस तरह की जीएसटी लाने का प्रयास कर रही थी उससे देश और जनता का बंटाधार सुनिश्चित था।यह भी कहा भाजपा ने हर राज्य की जनता, विपक्षी सरकार और मीडिया से जानकारी लेकर सुधार के साथ जीएसटी लागू की।इससे गरीब, किसान व आम आदमी को काफी राहत दी गई है। रोजमर्रा का समान सस्ता हुआ है। जीएसटी रिफार्म से 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार होगा। पीएम मोदी के नेतृत्व में मेक इन व मेड इन से स्वदेशी को बढ़ावा दिया जा रहा है।उन्होंने लंभुआ में छत के नीचे दबकर तीन मजदूरों की मौत के मामले में बताया कि घटना की जानकारी पुलिस कप्तान और जिला प्रशासन को सूचित किया गया। प्रशासन ने रातभर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया।सभी पीड़ित लोगों को राहत दिलाई जाएगी।इसके पहले प्रेस को संबोधित करते हुए एमएलसी शैलेन्द्र सिंह ने कहा जीएसटी रिफार्म पीएम मोदी का आम लोगों को दीवाली गिफ्ट है।उन्होंने जीएसटी के तमाम बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए कहा कि इससे जनता को बहुत राहत मिलेगी। उन्होंने बताया दूध, पनीर,शैंपू, साइकिल, बच्चों के सामान,जरूरी घरेलू सामान पर अब शून्य या सिर्फ5 टैक्स लगेगा। इससे रोजमर्रा के खर्च कम होंगे।इसी तरह किसान के खेती में प्रयोग होने वाले समान,स्वास्थ्य,वाहन, शिक्षा आदि सस्ती होगी।जीएसटी रिफार्म से मीडिल क्लास की सलाना बचत 40-50 हजार रुपए होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए विधायक सीताराम वर्मा ने जीएसटी सुधारों से पहले 2004 से 2014 तक और बाद के एनडीए सरकार में 2014 से वर्तमान तक अप्रत्यक्ष कर प्रणाली की विस्तृत चर्चा की। विधायक राजेश गौतम ने जीएसटी सुधारों का व्यापक आर्थिक प्रभाव पर चर्चा की। कहा 2017 में जब जीएसटी लागू हुआ तब 65 लाख करदाता थे जो 2025 तक बढ़कर 1.51 करोड़ से अधिक हो गए।

## दो दिवसीय मिलेट्स महोत्सव मेला आज से

फिरोजाबाद। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन न्यूट्रीसीरियल घटक के अन्तंगत वर्ष 2025-26 में जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव-मेला (दो दिवसीय) एवं जनपद स्तरीय प्रदर्शनी कार्यकम (रोड-शो) एवं मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यकम का आयोजन जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त 25.09.2025 से 27.09.2025 समय प्रातः 11.00 बजे से उद्यान विभाग प्रांगण सिविल लाईन फिरोजाबाद में किया जायेगा। उक्त्त के कम में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव-किसान मेला (दो दिवसीय), रोड-शो एवं मिलेट्स रेसीपी विकास एवं उपभोक्ता जागरूकता कार्यकम में समय से प्रतिभाग करते हुये, विभागीय स्टाल लगाना सुनिश्चित करें।

# हेडपंप रिबोर के नाम पर हजारों रुपए का हो रहा भुगतान

■ फिर भी पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

■ गृह क्षेत्र में तैनात सचिव की ग्राम पंचायतों का मामला



अवधनामा संवाददाता

खुटार शाहजहांपुर। विकास खंड खुटार में हेडपंप रिबोर घोटाले में बीते महीनों पहले एक ग्राम विकास अधिकारी को निलंबित किया जा चुका है। इसके वावजूद भी विकास खंड खुटार में हेडपंप रिबोर घोटाले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। ग्राम पंचायतों में हेडपंप रिबोर हेडपंप मरम्मत दिखाकर हजारों रुपए का भुगतान किया जा रहा है। जबकि हकीकत यह है कि कई ग्राम पंचायतों में हेडपंप कई वर्षों से रिबोर होने योग्य है लेकिन उन्हें रिबोर नहीं किया जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि हल्के फुल्के मरम्मत योग्य नलों को रिबोर दिखाकर हजारों रुपए का भुगतान किया जा रहा है। विकास खंड खुटार की ग्राम पंचायत इटौआ में फ़कीर बाबा स्थान पर सरकारी हेडपंप लगा हुआ है जोकि कई वर्षों से गन्दा और पीला पानी दे रहा है जिसकी लिखित शिकायत ग्रामीणों ने लगभग एक महीने पूर्व ग्राम विकास अधिकारी से भी की लेकिन अभी तक नल को रिबोर नहीं किया जा सका दूसरा मामला ग्राम पंचायत कुइयां का है जहां पर कई वर्षों से सरकारी विद्यालय सहित कई अन्य जगहों पर हेडपंप खराब पड़े हुए है जिससे बच्चों को तो पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। साथ ही ग्रामीणों को भी पानी की कठिनाइयों से जूझना पड़ रहा है। जिसको लेकर क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जो वास्तविक नल रिबोर होने योग्य है उन्हें रिबोर नहीं किया जा रहा है। और हल्के फुल्के मरम्मत योग्य नलों को रिबोर दिखाकर हजारों रुपए का बंदरबांट किया जा रहा है। इसके साथ ही नवदिया मंनकंठ सहित कुछ अन्य ग्राम पंचायतों का भी यही हाल है ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जांच कर उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर ज़िला सुरक्षा संगठन और पुलिस की संयुक्त बैठक

अवधनामा संवाददाता

सुलतानपुर। आगामी दुर्गा पूजा, दशहरा, ग्यारहवीं शरीफ़और दीपावली को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस लाइन सभागार में ज़िला सुरक्षा संगठन की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने की। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि त्योहारों के दौरान भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। उन्होंने ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल की विशेष तैनाती पर जोर दिया। एसपी ने कहा कि अधिकारी आपसी समन्वय के साथ काम करें ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस अवसर पर ज़िला सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष डॉ. राजीव श्रीवास्तव ने कहा कि संगठन का मूल मंत्र ÷सद्भाव, सुरक्षा और समन्वय÷ है। महासचिव हाजी मोहम्मद इलियास खान ने संगठन की भूमिका को हिंदू-मुस्लिम एकता बनाए रखने में अहम बताया। वहीं संरक्षक कमल नयन पाण्डेय ने कहा कि बैठक में भारी संख्या में मौजूद लोगों से स्पष्ट है कि सभी त्योहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने की तैयारी पूरी है। मुख्य संयोजक सरदार बलदेव सिंह ने बताया कि ज़िला सुरक्षा संगठन पिछले 25 वर्षों से जिले में सभी बड़े त्योहारों को शांति और सौहार्द के साथ सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का वातावरण सुनिश्चित करना रहा। वेतन दो नही तो होगा हल्ला बोल, सहकारी समितियों ने बिछाई दरी

सुल्तानपुर। विभिन्न मांगों को लेकर उ0प्र0 संयुक्त सहकारी समिति कर्मचारी संघ एक आवश्यक बैठक तिकोनिया पार्क में की गयी। जिसमें कर्मचारियों द्वारा निर्णय लिया गया कि जब तक समिति कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान की व्यवस्था नहीं की जाती है तब तक सदस्यता महाअभियान का बहिष्कार किया जायेगा। संगठन ने निर्णय लिया कि मांगें पूरी नही होने पर आंदोलन तेज किया जाएगा। इसी क्रम में आगामी एक अक्टूबर को जिलाधिकारी के माध्यम सूबे के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया जायेगा एवं छह अक्टूबर से समितियों में पूर्ण तालाबन्दी की जायेगी। बैठक को मण्डल अध्यक्ष केदारनाथ तिवारी एवं मण्डल मंत्री जितेन्द्र कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष सत्यदेव द्विवेदी, जिलामंत्री रमाकान्त तिवारी, चन्द्रभान शर्मा ने सम्बोधित किया।

## थाना रोजा क्षेत्र के जमालपुर में पेड़ से लटका मिला अज्ञात का शव

शाहजहांपुर थाना रोजा के जमालपुर गांव में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पेड़ से लटका हुआ मिला है बताया जा रहा है यह शव लगभग 10 दिन पुराना है इस शव को देखने के बाद ग्राम प्रधान जमालपुर नरेन्द्र उर्फ सोनू ने रोजा पुलिस को फोन पर अवगत कराया कि हमारे ग्राम जमालपुर गांव के बाहर जंगल में एक व्यक्ति का शव पेड से लटका हुआ है जिसमें से काफी दुर्गन्ध आ रही है सूचना पर तत्काल रोजा प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार पुलिस फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे शव को पेड़ से उतार कर उक्त व्यक्ति की शिनाख्त कराने का प्रयास किया गया परंतु शिनाख्त नहीं हो सकी मृतक का शव करीब 10 दिन पुराना लग रहा है जो काफी गल गया है रोजा पुलिस ने मौके पर फील्ड यूनिट को बुलाकर घटना स्थल का गहनता से निरीक्षण किया है।

## एपीओ मनरेगा ब्लॉक भावल खेड़ा पर गंभीर आरोप

# फर्जी बिल वाउचर के सहारे लाखों का पेमेंट

■ 50 हजार कमीशन लेने के बाद भी नहीं किया साइन बोर्ड का पेमेंट

■ समूह की महिलाओं ने लोकपाल मनरेगा शाहजहांपुर से की शिकायत

अवधनामा संवाददाता

शाहजहांपुर। जनपद में मनरेगा में कराए जा रहे हैं कार्यों में हो रहे घोटाले और अनियमितताओं को लेकर आए दिन खबरें आती रहती हैं कई मामलों में मनरेगा घोटाला को लेकर रिकवरी भी जारी हो चुकी है कई विकास खंडों के एपीओ भ्रष्टाचार से घिरे चल रहे हैं जिला प्रशासन उन पर कार्रवाई करने के बजाय इधर से उधर ट्रांसफर करके खाना पूर्ति कर रहा है ऐसा ही एक मामला बंडा ब्लाक में देखने को मिला था जहां के एपीओ पर गंभीर आरोप लगे तो उसका ट्रांसफर कर दिया गया लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है जो चर्चाओं में है।

ऐसा ही एक भ्रष्टाचार का मामला शाहजहांपुर जनपद के विकासखंड भावलखेड़ा में सामने आया है जहां के एपीओ बलविंदर सिंह पर गंभीर आरोप लगे हैं भांवलखेड़ा ब्लॉक में संचालित विकास स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने लोकपाल मनरेगा अरविंद कुमार को दिए गए एक प्रार्थना पत्र में बताया है कि एपीओ बलविंदर सिंह और खंड विकास अधिकारी भावल खेड़ा सांठ गांठ करके विकास खंड में कराए जा रहे मनरेगा कार्यों में प्रयोग किए जाने वाले सूचना पट (साइन बोर्ड) का फर्जी विल लगाकर लगातार पेमेंट कर रहे हैं समूह की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि उनके विकास समूह को मनरेगा द्वारा कराया जा रहे विकास कार्यों में सूचना पट (साइन बोर्ड) लगाने का काम मिला था जिसमें महिलाओं ने लगभग 80 बोर्ड चक रोड और इंटरलॉकिंग कार्यों में लगाए थे जिनमें कई लगाए गए साइन बोर्ड का वित्त मंत्री और अधिकारियों ने उद्घाटन किया था इस दौरान पूर्व में एपीओ ने करीब 31 साइन बोर्ड का पेमेंट भी किया लेकिन जब से भावल खेड़ा ब्लॉक में एपीओ बलविंदर सिंह ने ज्वाइन किया तब से समूह की महिलाओं का करीब 2 लाख से ऊपर बकाया है और एपीओ ने पेमेंट नहीं किया महिलाओं ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि एपीओ बलविंदर सिंह लगातार समूह की महिलाओं से पेमेंट करने के लिए 20त्न कमीशन मांग रहे थे और जब कई बार शासन से बजट आया और उनका पेमेंट नहीं हुआ तो उन्होंने मजबूरन जनवरी 2025 को एपीओ बलविंदर सिंह से बात की और उन्हें नगद 50000 कमिशन की तौर पर दिया इसके बावजूद एपीओ ने उनका पेमेंट नहीं किया और इस बीच कई बार मनरेगा का बजट आया महिलाओं ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि एपीओ अब उनका कमीशन के तौर पर दिया गया 50000 रुपए भी वापस नहीं कर रहे हैं ना उनका पेमेंट कर रहे हैं फिलहाल इस मामले में अब विकास समूह की महिलाओं ने मनरेगा लोकपाल शाहजहांपुर को प्रार्थना पत्र देते हुए कार्रवाई की मांग की है मामले में सच्चाई कितनी है यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

उधर जब इस संबंध में मनरेगा लोकपाल अरविंद कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की एक प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जिसको लेकर खंड विकास अधिकारी भावलखेड़ा को पत्र जारी किया जा रहा है एक सप्ताह के अंदर प्रारंभिक जांच और विस्तार से रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए गए हैं जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# सीएम डैशबोर्ड, आईजीआरएस व ई-आफिस की समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों सीएम डैशबोर्ड, आईजीआरएस व ई-आफिस की समीक्षा हेतु विकास भवन सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने सी.एम. डैशबोर्ड की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि श्रेणी-ए के विभाग इसी स्तर को बनाये रखें तथा जिन विभागों की श्रेणी-ए से निम्न है सम्बन्धित अधिकारी गहन समीक्षा कर रैंकिंग में सुधार लाने का प्रयास करें जिससे जिले की रैंक प्रभावित न होने पाये। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी दशा में आईजीआरएस संदर्भो का निस्तारण 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि नहीं होनी चाहिए। उन्होनें कहा कि 70 प्रतिशत से कम संतुष्टि वाले विभाग विशेष प्रयास कर सुधार लायें।

सीडीओ ने कहा कि असंतुष्ट फीड बैंक वाले विभाग स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर जियो टैग फोटो के साथ निस्तारण आख्या को पोर्टल पर फीड करें। सीडीओ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधीनस्थ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा निस्तारण के सम्बन्ध में की गई कार्यवाही का प्रभावी अनुश्रवण करते हुए रैंक में सुधार लाये ताकि जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाये। उन्होंने कहा कि निचले स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ऐसे सन्दर्भों के निस्तारण की गुणवत्ता में उदासीनता व लापरवाही बरते जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जाय। सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सन्दर्भों के निस्तारण में संतुष्टि व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाये, क्योंकि इसी से जनपद की रैंकिंग का निर्धारण किया जाता है।

# हमीरपुर के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा

**प्रभारी मंत्री ने दिए सख्त निर्देश**



अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उत्तर प्रदेश के जलशक्ति राज्य मंत्री और हमीरपुर जिले के प्रभारी मंत्री रामकेश निषाद ने जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत और विधायक राठ मनीषा अनुरागी की उपस्थिति में जनपद के विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने उर्वरक की उपलब्धता, सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रगति, बिजली आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत, स्वास्थ्य व्यवस्था, कानून व्यवस्था, मिशन शक्ति और गौशालाओं की स्थिति पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उर्वरक केंद्रों पर पर्याप्त खाद उपलब्ध हो और हर किसान को उसकी जरूरत के अनुसार खाद मिले। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि रोस्टर के मुताबिक बिजली की आपूर्ति निर्बाध हो और त्योहारों को देखते हुए खराब ट्रांसफार्मरों को तुरंत बदला जाए।

प्रभारी मंत्री ने स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि स्थानीय स्तर पर ही मरीजों को बेहतर इलाज मिलना चाहिए। उन्होंने सख्त निर्देश दिए कि डॉक्टर बाहर की दवाएँ न लिखें और जहाँ तक संभव हो, सभी जाँचें जिला अस्पताल में ही कराई जाएँ। गौशालाओं में गौवंश का बेहतर रखरखाव सुनिश्चित करने और किसी भी गौवंश को खुला न छोड़ने के निर्देश भी दिए गए। इसके अतिरिक्त, कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने और मिशन शक्ति अभियान के माध्यम से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने पर भी जोर दिया गया।

जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने बैठक में जनपद की विशेष उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस पर शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर ने कई बार उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने नवाचार मिशन जलोदय की सराहना की और बताया कि अक्टूबर से चन्द्रावल नदी का जीर्णोद्धार जन सहयोग से शुरू किया जाएगा।

उन्होंने आगे बताया कि अवैध खनन पर रोक लगाकर प्रदेश सरकार को सर्वाधिक राजस्व मिला है। साथ ही, फसलों का उत्पादन बढ़ा है, और ग्राम पंचायतों को आईएसओ मानक प्रमाण पत्र दिलाने का कार्य भी किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि मैन्यूफैक्चरिंग में जनपद को चौथा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में दूसरा स्थान मिला है। इन्वेस्ट यूपी के तहत, गेल इंडिया और नेवेली लिमिटेड द्वारा 1500 करोड़ रुपये की लागत से सोलर पावर प्लांट लगाए जा रहे हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी गीतम सिंह, अपर जिलाधिकारी विजय शंकर तिवारी, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार, उपजिलाधिकारी केडी शर्मा सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# जिला कारागार हमीरपुर में लगी लोक अदालत, दो मामले लंबित

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** 13 सितंबर, 2025 को जिला कारागार हमीरपुर में एक जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस अदालत का उद्देश्य कैदियों के छोटे-मोटे मामलों का तुरंत निपटारा करना था। इस लोक अदालत में कुल दो मामले पेश किए गए। हालांकि, अपराध की गंभीरता और कैदियों की जेल अवधि को देखते हुए इन मामलों का निपटारा नहीं हो सका। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय को निर्देश दिए कि इन कैदियों की जल्द रिहाई के लिए सरकारी वकील के माध्यम से प्रयास किए जाएं। लोक अदालत के बाद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने जेल का निरीक्षण किया। उन्होंने कैदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जाँच की और जेल अधिकारियों को निर्देश दिए कि भोजन की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप ही होनी चाहिए। इसके अलावा, न्यायिक अधिकारियों ने कैदियों से मिलकर उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। समस्याओं के समाधान के लिए, जेल अधीक्षक मंजीव विश्वकर्मा और नए जेलर आनंद को आवश्यक निर्देश दिए गए। सचिव महेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कैदियों को यह भी बताया कि वे मुफ्त कानूनी सहायता कैसे प्राप्त कर सकते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार, यह लोक अदालत हर महीने के चौथे बुधवार को आयोजित की जाती है। इसका मुख्य उद्देश्य कैदियों को स्वेच्छा से अपराध स्वीकार करने के आधार पर मामलों का जल्द निपटारा करने का अवसर देना है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीएम ने राजनैतिक दलों के साथ ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण किया



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं राजनैतिक दलों के साथ बुधवार को ईवीएम/वीवीपैट वेयर हाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया गया। उन्होंने वहां पर साफ-सफाई के लिए निर्देशित किया। उक्त अवसर पर अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव,सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष कुमार सहित समस्त राजनैतिक दल उपस्थित रहे।

### यूपीयूएमएस सैफई के दो शिक्षक विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल



**सैफई, इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी विश्व के शीर्ष 2 प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय (यूपीयूएमएस), सैफई के फैकल्टी ऑफ़ फार्मेसी के डॉ.कमला पाठक (संकायाध्यक्ष फार्मेसी) डॉ. अंकुर वैद्य को स्थान मिला है। कुलपति प्रोफेसर डॉ अजय सिंह ने दोनों फार्मेसी संकाय सदस्यों को मिली उपलब्धि के लिए बधाई दी। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय हर वर्ष वैज्ञानिकों के शोध-प्रकाशनों, उनकी गुणवत्ता और साईटेशन संख्या के आधार पर यह सूची तैयार करता है। इसके लिए विश्व के सबसे बड़े वैज्ञानिक डेटाबेस स्कोपस (Elsevier) का उपयोग किया जाता है। वैज्ञानिकों को 22 प्रमुख क्षेत्रों और 174 उप-क्षेत्रों में वर्गीकृत कर उनका मूल्यांकन किया जाता है। इस बार जारी सूची में विश्वभर के लगभग 1, 95, 000 वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है, जो कुल वैज्ञानिकों का लगभग दो प्रतिशत है।

### छात्रा कुश्ववंशिका राठौर ने तहसीलदार के पद पर नामित कर आम जनता की समस्याओं को सुना



**इटावा (अवधनामा ब्यूरो)** मिशन शक्ति के तहत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा एक दिन के लिए उच्च प्राथमिक विद्यालय, छैपट्टी, नगर क्षेत्र की छात्रा कुश्ववंशिका राठौर कक्षा 8 ने तहसीलदार(सदर)का पद पर नामित कर आम जनता की समस्याओं को सुन कर निवारण कर निर्देशित किया। तहसीलदार राज कुमार सिंह ने पद व कार्य के निर्वाह प्रणाली के संदर्भ में जानकारी दी। उन्होंने बताया की मिशन शक्ति के अंतर्गत यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इससे बालिकाओ में नई ऊर्जा का संचार हो रहा हैं और मातृ शक्ति भविष्य में उक्त पद पर स्थापित होगी। अब नारी शिक्षा के साथ अपने मनोयोग से देश को नवीन दिशा प्रदान करेगी। इस अवसर पर विद्यालय की अध्यापिका श्रीमती उपमा रायजादा व विद्यालय की छात्राए उपस्थित रही।

### नवरात्रि से नव-रोज़गार: स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हुनर को नया मंच



**सोनभद्र/बीजपूर (अवधनामा संवाददाता)** एनटीपीसी रिहंद की सीएसआर पहल के अंतर्गत आसपास के ग्रामीण महिलाओं के स्वयं सहायता समूह (SHG) द्वारा तैयार उत्पादों के स्टॉल का शुभारंभ शिखा श्रीवास्तव, अध्यक्षा, वर्तिका महिला मंडल समिति द्वारा किया गया। अपने सम्बोधन में श्रीवास्तव नें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रेरित कर उनके उद्देश्य में सफल होने की शुभकामनाएँ देते हुये सभी उत्पादों की सराहना की तथा उपलब्ध उत्पादों की खरीदारी कर महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। यह आयोजन 22 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक मानसरोवर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, रिहंद नगर में प्रतिदिन शाम 6:00 बजे से 9:00 बजे तक आयोजित किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह महिलाओं के उत्पादों को प्रोत्साहन और मार्केटिंग में सहयोग प्रदान करना है। स्टॉल पर ऑर्गेनिक हनी, जूट बैग्स, अलसी के लड्डू, मूंज से बने आकर्षक सामान और विभिन्न ग्राम्य हस्तशिल्प विशेष रूप से उपलब्ध हैं। नवरात्रि के अवसर पर आयोजित नवरात्रि से नव-रोज़गार अभियान, स्वयं सहायता समूह के महिलाओं की आजीविका और आत्मनिर्भरता को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह कार्यक्रम एनटीपीसी रिहंद, सीएसआर के ग्राम विकास और महिला सशक्तीकरण के प्रति सतत प्रयासों का प्रतीक है।

### राजभाषा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत महिला वर्ग हेतु कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन



**सोनभद्र/विंध्यनगर (अवधनामा संवाददाता)** राजभाषा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत एनटीपीसी विंध्याचल के राजभाषा अनुभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज एनटीपीसी कर्मचारियों की गृहणियों हेतु हिंदी कविता पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में महिला प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता का परिचय दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में राहुल द्विवेदी, शिक्षक (डीपीएस स्कूल, विंध्यनगर), अनीता द्विवेदी, शिक्षिका (सरस्वती शिशु मंदिर, विंध्यनगर) एवं मोनिका सिंह, शिक्षिका (डी-पॉल स्कूल, विंध्यनगर) उपस्थित रहे। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की रचनाओं एवं प्रस्तुति की खूब सराहना की। इस अवसर पर सहायक राजभाषा अधिकारी कल्याण सिंह एवं उनकी टीम के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रतिभागी और दर्शक उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम ने न केवल गृहणियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया, बल्कि हिंदी भाषा के प्रति उनके उत्साह और लगाव को भी प्रकट किया।

### बड़े हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया पूर्व मंत्री आज़म ख़ान के रिहाई का जश्न



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला महासचिव हिदायत खान के आवास पर सपा नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर उनके जेल से बाहर की खुशी में एक दूसरे को मिठाई खिला कर जश्न मनाया गया वही सभी लोगों ने उनके सेहत के लिए दुआ मांगी। हिदायत उल्ला खान ने बताया कि सत्य परेशान हो सकता है किन्तु पराजित नहीं शिक्षा की अलख जगाने वाले मा. आज़म ख़ान साहब को माननीय न्यायालय द्वारा रिहाई दिए जाने पर न्यायालय का धन्यवाद किया और सत्यमेव जयते कहा वही अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव मुनीर आलम ने बताया कि आज़म खान साहब पर फर्जी मुकदमे कर कई सालों तक उनका उत्पीड़न किया गया वही लगभग 2 साल बाद आज़म ख़ान की रिहाई पर पूरे प्रदेश में जश्न मनाया जा रहा है वहीं प्रदेश में उनके जेल से बाहर आने से सभी कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर और एक अलग जोश और नई ऊर्जा है जिसमें अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फारुख जिलानी व आरिफ़ खान नजमुद्दीन अली विनीत सरोज पियूष यादव सुशील राय गुलाम यासीन तफ़जील अहमद सैय्यद सुहैल तारिक खान, सुहेल अहमद, दानिश जाफरी साकिब खान अनस खान नेहाल अहमद आदि लोग उपस्थित रहे।

# पुलिस मुठभेड़ में दो वांछित अपराधी गिरफ्तार, पैर में लगी गोली



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा, हमीरपुर।** मौदहा पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर अपराधियों को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। ये दोनों अपराधी एक पुराने मामले में वांछित चल रहे थे। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों अपराधियों के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उन्हें हिरासत में लिया गया। उनके कब्जे से अवैध तमंचे और कारतूस भी बरामद हुए हैं। घटना मंगलवार की रात करीब 8 बजे की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि थाना मौदहा में पंजीकृत एक मुकदमे (मु0अ0सं0 315/2025) में वांछित चल रहे शिवम उर्फ नीरज और आकिब उर्फ बाबू, कपसा गांव के पास पहाड़िया दाई मंदिर के निकट जंगल में छिपे हुए हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस को देखकर अपराधियों ने भागने का प्रयास किया और जान से मारने की नीयत से पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करते हुए फायरिंग की, जिसमें शिवम उर्फ नीरज के बाएं पैर और आकिब उर्फ बाबू के दोनों पैरों में गोली लगी। घायल होने के बाद दोनों अपराधी मौके पर ही गिर गए, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें घेरकर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों घायलों को इलाज के लिए तुरंत सीएचसी मौदहा भेजा गया। पुलिस ने उनके कब्जे से दो अवैध तमंचे, कुछ खोखे और जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। इसके अलावा, अपराधियों के पास से 1500 की नकद राशि भी मिली है। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ के संबंध में भी आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। अन्य कानूनी कार्रवाई जारी है। गौरतलब है कि गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधी, नीरज और आकिब, 12 सितंबर, 2025 को हुई एक फायरिंग की घटना में वांछित थे। पीड़ित स्वतंत्र कुमार ने मौदहा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया था कि पुरानी रंजिश को लेकर नीरज, बाबू, दिलावर और दो अन्य अज्ञात व्यक्तियों ने मिलकर उनके भाई अतीत और लक्ष्मी के साथ मारपीट की थी। मारपीट के दौरान अभियुक्त बाबू ने स्वतंत्र के भाई अतीत (उम्र करीब 24 वर्ष) पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी थी, जो उनके कंधे में लगी थी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए थे।इसी घटना के बाद पुलिस ने नीरज और आकिब सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी थी, जिसके बाद यह मुठभेड़ हुई।

# मौदहा में छात्राओं को सशक्त बनाने का प्रयास



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा, हमीरपुर।**- हमीरपुर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत, मौदहा क्षेत्राधिकारी ने थाना मिशन शक्ति पुलिस टीम के साथ राजकीय बालिका इंटर कॉलेज (जीजीआईसी), मौदहा में एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को अपने अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पहली पाँच छात्राओं को शक्ति सखी के रूप में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा, गुड टच-बैड टच, और महिला संबंधी अपराधों से बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक किया गया।

क्षेत्राधिकारी ने छात्राओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे 112, 1090, 102, 108 और 1098 के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस दौरान, हेल्पलाइन नंबरों और योजनाओं से संबंधित पम्पलेट भी वितरित किए गए, ताकि छात्राएं और महिलाएं जरूरत पड़ने पर इन जानकारियों का लाभ उठा सकें। यह पहल महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाने और समाज में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सुसाइड नोट लिखकर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। सुसाइड नोट लिखकर नव विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं सदर कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली नगर पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि थाना कोतवाली नगर हमीरपुर के बृम्हा के डेरा में एक महिला जिसका नाम श्रीमती कौशल्या पत्नी अनुराग निषाद निवासी बृम्हा का डेरा थाना कोतवाली नगर हमीरपुर उम्र 24 वर्ष नें घर के अन्दर फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा मौके पर पहुचकर शव को कब्जे में लिया गया तथा मृतका के कब्जे से एक सुसाइड नोट प्राप्त हुआ है जिसमे किसी पर कोई आरोप नही लगाया गया है। मृतका की शादी लगभग एक वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका के माइके पक्ष को सूचना दे दी गयी है। नायब तहसीलदार व तहसीलदार को सूचित कर दिया गया है।अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 1000 पौधों का किया वितरण

**एनसीएल में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियों का किया जा रहा आयोजन**



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) में कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की जयंत परियोजना ने 'स्वच्छता संवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया और उपस्थित ग्रामीणों को अपने आस-पास साफ़ सफ़ाई रखने, गंदगी ना फैलाने, स्वच्छ तथा हरित त्यौहार उत्सव मनाने और स्वच्छता अभियान में भाग लेने हेतु प्रेरित किया गया। इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत उपस्थित लोगो को 1000 पौधों का वितरण भी किया गया। एनसीएल में 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर, 2025 तक आयोजित इस अभियान के तहत एनसीएल मुख्यालय सहित सभी परियोजना एवं इकाइयों में स्वच्छता संबंधी विभिन्न गतिविधियों जैसे पेंटिंग, चित्रकला और स्लोगन लेखन, निबंध लेखन , ड्राइंग इत्यादि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके अलावा सफ़ाई मित्रों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु सफ़ाई मित्र सुरक्षा शिविर व स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया जा रहा है। हाल ही में एनसीएल की दुधीचुआ परियोजना ने डीएवी विद्यालय में बच्चों को स्वच्छता शपथ दिलायी। इस दौरान 1500 से अधिक बच्चों ने स्वच्छता का संकल्प लिया। साथ ही कंपनी मुख्यालय में स्वच्छता सेल्फी पॉइंट भी लगाया गया है। गौरतलब है कि स्वच्छता ही सेवा अभियान एनसीएल में 17 सितम्बर से 2 अक्तूबर, 2025 तक मनाया जा रहा है।

## गणेश पूजन के साथ हिण्डाल्को में रामलीला मंचन का शुभारंभ

**सोनभद्र/रेणुकूट।** हिण्डाल्को रामलीला परिषद् द्वारा विगत 60 वर्षों से हिण्डाल्को रामलीला मैदान पर लगातार आयोजित हो रहे रामलीला मंचन का शुभारंभ गुरुवार दिनांक 23 सितम्बर की शाम को श्री गणेश पूजन के साथ प्रारंभ हो गया। नौ दिनों तक चलने वाली इस रामलीला का समापन दिनांक 2 अक्टूबर को रावण दहन के साथ होगा। हिण्डाल्को के मुखिया समीर नायक तथा मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा सिंह ने श्री गणेश पूजन तथा श्री रामचरित् मानस का पूजन कर रामलीला का शुभारंभ कराया। रामलीला के निर्देशक राजेन्द्र सिंह शेखावत के देखरेख में आयोजित श्री रामलीला मंचन के प्रथम दिन लगभग 250 कलाकारों द्वारा मंच पर एक साथ श्री रामचन्द्र कृपालु भगवन आरती, नारद मोह तथा नारद द्वारा भगवान विष्णु को तीन जन्म तक राक्षस बनने का श्राप देना, मनु सतरुपा के द्वारा घोर तपस्या से भगवान नारायण को पुत्र रूप में प्राप्ति का वरदान, रावण द्वारा भगवान शिव से चंद्रहास तलवार की प्राप्ति आदि लीलाओं का मनमोहक मंचन किया गया।

# डीएम ने उद्यमियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की



अवधनामा ब्यूरो

**जिला उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक की गई**

**इटावा।** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आहूति की गई।

बैठक में उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई गयी समस्याओं के समाधान पर विस्तार पूर्वक जानकारी की। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि एजुकेशन लोन पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे बच्चों को पढ़ाई में सहायता मिलेगी एवं जनपद की रैंक में भी सुधार आएगा। सम्बन्धित अधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले यू.पी. इंटरनेशनल ट्रेड शो में 21 उद्यमी द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश में इंडस्ट्री प्रोमोशन के लिए प्राथमिकता नं. 1 पर है। उन्होंने कहा कि एम.एस.एम.ई. जैसी छोटी-छोटी इकाईयों पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उ.प्र.सूक्ष्म एवं लघु उद्योग तकनीकी उन्नयन योजनान्तर्गत विगत तीन वर्षों से कार्यरत ऐसी विनिर्माण ईकाइयों जिनके द्वारा तकनीकी उत्पन्न करते हुए नई टेक्नोलॉजी की मशीनें खरीदी जाती है, उन्हें 5 लाख तक की सब्सिडी प्राप्त कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि जो भी उद्यमी इंडस्ट्री लगाना चाहते है उनको शासन स्तर द्वारा अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जाएगा एवं अच्छे बिजनेस प्लान वालों को भी सभी सरकारी विभागों द्वारा सहायता प्राप्त कराई जायेगी। उन्होंने बिजली विभाग से जुड़ी सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बन्धित को निर्देश दिए। उक्त बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार, एल.डी.एम., संस्कृत पर्यटन अधिकारी मोहित सिंह, विद्युत विभाग, बैंकर्स, समस्त उद्यमियों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीआईआई-एक्ज़िम बैंक बिज़नेस एक्सीलेंस असेसमेंट यात्रा का शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** राष्ट्र का विशालतम विद्युत सयंत्र एनटीपीसी विंध्याचल ने दिनांक 23 सितम्बर 2025 को परियोजना के मैत्री सभागार में सीआईआई-एक्ज़िम बैंक बिज़नेस एक्सीलेंस असेसमेंट के भव्य उद्घाटन कार्यक्रम के साथ उत्कृष्टता की दिशा में अपनी नई यात्रा की शुरुआत की। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने नेतृत्व किया। कार्यक्रम में ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक (चिकित्सा सेवाएँ), देबव्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) तथा राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। असेसमेंट टीम का नेतृत्व कौशिक मर्चेंट ने किया, जिनके साथ आसेसर अनीता श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप कुलकर्णी, प्रिया नायर, डॉ. अमित शिंदे और कुंजन सिंह शामिल रहे। सभी आसेसरों को पारंपरिक शॉल और 'श्रीफल' भेंट कर स्वागत किया गया। परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) संजीब कुमार साहा ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि एक्सीलेंस कोई गंतव्य नहीं, बल्कि एक सतत यात्रा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि असेसमेंट प्रक्रिया से प्राप्त सुझाव विंध्याचल की परिचालन और प्रबंधकीय क्षमताओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे। कार्यक्रम में एनटीपीसी विंध्याचल की कॉर्पोरेट फिल्म प्रदर्शित की गई, जिसके बाद राम सेवक जायसवाल, उप महाप्रबंधक (ईईएमजी) ने भारत के उभरते ऊर्जा क्षेत्र, एनटीपीसी की उपलब्धियों और विंध्याचल की नवीन ओ एंड एम पद्धतियों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। इसमें विशेष रूप से विंध्याचल की कार्बन-टू-मेथनॉल परियोजना रेखांकित किया गया, जिसे सतत ऊर्जा समाधान की दिशा में अग्रणी पहल के रूप में सराहा गया। इस हरित नवाचार पर बनी एक संक्षिप्त फिल्म ने दर्शकों की खूब प्रशंसा बटोरी। मानव संसाधन प्रबंधन की मजबूती को दर्शाते हुए कमना शर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा कर्मचारी कल्याण, कौशल विकास और नेतृत्व प्रशिक्षण पहलों पर प्रस्तुति दिया गया। साथ ही, एनटीपीसी की प्रमुख सीएसआर पहल बालिका सशक्तिकरण अभियान पर एक आकर्षक वीडियो भी प्रदर्शित किया गया, जिसने सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक उत्थान के प्रति विंध्याचल की प्रतिबद्धता को उजागर किया। समापन भाषण में लीड आसेसर कौशिक मर्चेंट ने एनटीपीसी विंध्याचल के कर्मचारियों की निष्ठा और उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि उत्कृष्टता की राह नवाचार और निरंतरता पर आधारित एक सतत प्रक्रिया है। कार्यक्रम का समापन श्री देबव्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें उन्होंने विंध्याचल की प्रतिबद्धता को दोहराया कि यह इकाई परिचालन उत्कृष्टता, सतत विकास और हितधारक मूल्य सृजन के नए मानदंड स्थापित करती रहेगी।

## हमीरपुर में पात्र किसानों को मिलेगी कृषि भूमि

**हमीरपुर।** हमीरपुर तहसील और जिले के ग्राम पंचायत अतरैया में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए कृषि भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पात्र व्यक्तियों को कृषि कार्य के लिए भूमि आवंटित करने के उद्देश्य से भूमि प्रबंधक समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक 3 अक्टूबर, 2025 को पंचायत भवन अतरैया में बुलाई गई है। उप जिलाधिकारी, हमीरपुर द्वारा जारी एक सार्वजनिक सूचना के अनुसार, इस आवंटन के लिए कई भूखंडों की पहचान की गई है। इनमें राजस्व ग्राम अतरैया की गाटा संख्या 598ग (13.561 हेक्टेयर), गाटा संख्या 588 (6.337 हेक्टेयर), गाटा संख्या 386 (0.409 हेक्टेयर), गाटा संख्या 388 (0.409 हेक्टेयर), और गाटा संख्या 364 (0.736 हेक्टेयर) शामिल हैं, जो कि नवीन परती भूमि हैं।

# छात्रों को समय से पहले मिलेगी छात्रवृत्ति

- योगी सरकार का क्रांतिकारी कदम
- 26 सितम्बर को सीएम योगी जी करेंगे 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को लाभान्वित
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सीएम योगी करेंगे छात्रवृत्ति का वितरण
- फरवरी-मार्च की जगह अब नवरात्र के सितम्बर माह में वितरित की जाएगी छात्रवृत्ति



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश की योगी सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। बेहतर शिक्षा माहौल देने के साथ-साथ आर्थिक सहायता के रूप में छात्रवृत्ति प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में इस वर्ष एक क्रांतिकारी पहल करते हुए छात्रवृत्ति समय से पहले देने का निर्णय लिया गया है। आगामी 26 सितम्बर को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हाल में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में प्रदेश के 4 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण नरेन्द्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण व्यवस्था में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है। पूर्व में छात्रवृत्ति फरवरी-मार्च माह में दी जाती थी, जबकि अब इसे नवरात्र के सितम्बर माह में वितरित किया जा रहा है, जिससे छात्र-छात्राएँ इसका लाभ समय पर उठा सकें। यह छात्र छात्राओं के लिए एक तरह से दीपावली का गिफ्ट भी होगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लगभग 59 लाख छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति मिली थी, जबकि वर्ष 2025 में यह संख्या बढ़कर 70 लाख से अधिक हो जायेगी। सरकार द्वारा छात्रवृत्ति का दायरा लगातार बढ़ाया जा रहा है।

मंत्री ने कहा कि छात्रों को समय से पूर्व छात्रवृत्ति मिल सके, इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मार्गदर्शन लेकर पिछड़ा वर्ग कल्याण, समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने मिलकर व्यापक रणनीति बनाई। यही कारण है कि इस बार छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों तक नवरात्र मे पहुँचेगा। मंत्री कश्यप ने कहा कि छात्रवृत्ति केवल आर्थिक मदद नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों को उनके सपनों को साकार करने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रेरित करने वाला साधन है। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि किसी भी प्रतिभाशाली छात्र-छात्रा की पढ़ाई केवल आर्थिक अभाव के कारण बाधित न हो। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि प्रदेश के हर जरूरतमंद विद्यार्थी को समय पर छात्रवृत्ति मिले, ताकि वे बिना किसी चिंता के अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ओम प्रकाश राजभर, पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेन्द्र कश्यप, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव गोंड, एवं अल्पसंख्यक राज्य मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी उपस्थित रहेंगे।

# नेशनल प्रतियोगिता में सी.एम.एस. छात्र को गोल्ड मेडल

- राष्ट्रीय स्तर पर 12वीं रैंक अर्जित की

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस के कक्षा-8 के मेधावी छात्र श्रेयल श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ब्रेनोब्रेन वन्डरकिड अन्तर-विद्यालयी प्रतियोगिता - 2025 में गोल्ड मेडल अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है, साथ ही ऑल इण्डिया 12वीं रैंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था ब्रेनोब्रेन के तत्वावधान में किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर के करीब 2500 से अधिक विद्यालयों से लगभग 75,000 छात्रों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने गणित, जनरल नॉलेज, हैण्डराइटिंग एवं तार्किक योग्यता जैसे विषयों में अपनी दक्षता के बलबूते ऑल इण्डिया 12रैंक के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। प्रतियोगिता के आयोजकों ने इस प्रतिभाशाली छात्र की बहुमुखी प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए मेडल, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. संस्थापिका निदेशिका डा. भारती गाँधी ने श्रेयल को आशीर्वाद देते हुए विद्यालय के शिक्षकों व प्रधानाचार्या के प्रति आभार व्यक्त किया है। खन्ना ने बताया कि यह प्रतियागिता छात्रों को बौद्धिक क्षमता पर ध्यान केन्द्रित करने तथा त्वरित गति से समाधान ढूढ़ने एवं सीखने की क्षमता का विकास करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। सी.एम.एस. अपने छात्रों को देश-विदेश में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग हेतु लगातार प्रोत्साहित करता रहता है।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मेदान्ता अस्पताल, लखनऊ में पंचायतीराज मंत्री ओम प्रकाश राजभर का कुशलक्षेम लेते हुए

## जीएसटी टीम की बैठक संपन्न



**लखनऊ (अवधनामा ब्यूरो)** जीएसटी टीम के अधिकारी असिस्टेंट कमिश्नर जितेंद्र गुप्ता व शिशिर रंजन उपस्थित रहे जिन्होंने भारत सरकार द्वारा लागू तस्ज्ञ की नई दरों पर विस्तार से चर्चा की और व्यापारी गणों के प्रश्नों का बहुत ही संजीदगी से उत्तर भी दिया। बैठक में उपस्थित रहे अनिल विरमानी (चेयरमैन लखनऊ व्यापार मंडल,अवध व्यापार मंडल), अरविंद चौबे (अध्यक्ष), सरबजीत सिंह (कार्यवाहक अध्यक्ष), मनीष वर्मा (चेयरमैन), मनीष अवस्थी (वरिष्ठ महामंत्री), गौतम आहूजा (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), अजय पिपलानी (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), निलेश प्रसाद (मीडिया प्रभारी), अभिषेक तिवारी (कोषाध्यक्ष), शिविता गोयल (महिला प्रभारी), पुनीत सिंह (उपाध्यक्ष), भक्त मंगलम (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), जॉन्टी बडन (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), धीरज काटपलिया (उपाध्यक्ष), हर्ष अरोरा (उपाध्यक्ष), सचिन सिंह (उपाध्यक्ष), अमित पसरिचा (उपाध्यक्ष), नंदी भैया (उपाध्यक्ष), दीपेश (संगठन मंत्री), सुमेंद्र वोहरा,प्रदीप आनंद जी वा अन्य सभी पदाधिकारी सरकार की इस पहल के लिए व्यापारी समाज उनका अभिनंदन एवं साधुवाद करता है

## बाबा नीम करोली महाराज के जीवन पर निर्मित फिल्म का पोस्टर लांच

**लखनऊ।** विश्व विख्यात संत बाबा नीम करोली महाराज पर निर्मित भावपूर्ण फिल्म का आज राय उमानाथ बली सभागार लखनऊ में पोस्टर लांच किया गया। इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह एवं प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक पद्ममधुर भंडारकर उपस्थित थे। इसके अलावा संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रोफेसर मांडवी सिंह, जयसिंह पुंडीर, जिला जज अलीगढ़ आदि उपस्थित थे। यह फिल्म दिसम्बर माह में रिलीज होगी और आम जनता को सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने फिल्म की सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही फिल्म के निर्देशक एवं इसके निर्माण से जुड़ी टीम को भी उन्होंने बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बाबा नीम करोली के देश व विदेश में तमाम भक्त हैं। इस फिल्म के माध्यम से इनको बाबा का महात्मय एवं उनके जीवन से जुड़ी आश्चर्यजनक प्रसंग देखने को मिलेगें।

# जापान टूरिज्म एक्सपो 2025 में यूपी टूरिज्म की भागीदारी

- राज्य को वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने का प्रयास: जयवीर

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग प्रतिष्ठित जापान टूरिज्म एक्सपो 2025 में प्रदेश की समृद्ध बौद्ध विरासत, प्रमुख तीर्थ स्थल, ऐतिहासिक स्मारक, विविधतापूर्ण संस्कृति, व्यंजन और हस्तशिल्प प्रदर्शित करेगा। यह आयोजन कल 25 से 28 सितंबर, 2025 तक जापान के टोकोनामे शहर स्थित आइची स्काई एक्सपो में किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी पर्यटन का पवेलियन एक्सपो में आगंतुकों को राज्य की सांस्कृतिक विविधिता और धार्मिक विरासत से अवगत कराएगा।

मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी पर्यटन के पवेलियन ने आगंतुकों को भगवान बुद्ध से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों और बौद्ध सर्किट की विशेषताओं से अवगत कराया जाएगा। जापान में बौद्ध धर्मावलंबी बहुतायत हैं। ऐसे आयोजनों से प्रदेश की आध्यात्मिक पर्यटन को विशिष्ट पहचान मिलेगी। साथ ही, उत्तर प्रदेश को विश्व स्तर पर एक प्रमुख पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि जापान के टोकोनामे शहर में आयोजित होने वाले टूरिज्म एक्सपो 2025 में जेएटीए ट्रैवल (जेएटीए 2025) मार्ट भी शामिल है। यह चार दिवसीय कार्यक्रम होगा।

# एनएसएस युवाओं में सेवा भाव और राष्ट्रीय एकता की भावना जागृत करता है : डॉ. नलिनी

**अवधनामा ब्यूरो**



ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनएसएस स्थापना दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का स्थापना दिवस हाइब्रिड हॉल में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम कुलपति प्रो. अजय तनेजा के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ, जिसकी अध्यक्षता एनएसएस कोऑर्डिनेटर डॉ. नलिनी मिश्रा ने की।

डॉ. नलिनी मिश्रा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस का मूल उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा, जिम्मेदारी और राष्ट्रीय एकता की भावना को सशक्त करना है। उन्होंने कहा, ÷एनएसएस केवल एक गतिविधि नहीं है बल्कि यह एक संकल्प है कि हम शिक्षा के साथ-साथ समाज के जरूरतमंद वर्गों की सेवा करें। हमें संकल्प लेना चाहिए कि एनएसएस की भावना को अपने जीवन का हिस्सा बनाकर हर स्तर पर सकारात्मक बदलाव लाएँ।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अभय कृष्ण ने कहा कि यह योजना युवाओं को सामाजिक सेवा और नेतृत्व की भावना से परिपूर्ण करती है। डॉ. ज़फ़रुल नक़ी ने एनएसएस को अनुशासन, सहयोग और त्याग का पाठ पढ़ाने वाला कार्यक्रम बताया। वहीं, डॉ. सायमा अलीम ने कहा कि ÷एनएसएस महिला और पुरुष दोनों छात्रों के लिए समान रूप से महत्त्वपूर्ण है। छोटे-छोटे कदम भी बड़े सामाजिक बदलाव का कारण बन सकते हैं। कार्यक्रम में डॉ. मनीष कुमार ने एनएसएस के उद्देश्यों और विभिन्न गतिविधियों—स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा-स्वास्थ्य संवर्धन और प्राकृतिक आपदा राहत—पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों से छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी और सामुदायिक सेवा की भावना विकसित होती है। इस अवसर पर स्वयंसेवक साद खान ने कहा कि एनएसएस से उन्हें समाज के लिए ठोस कार्य करने का अवसर मिलता है, जबकि प्रभात ने इसे युवाओं के लिए सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने का महत्त्वपूर्ण माध्यम बताया।

# स्वास्थ्य सेवाओं में आमूलचूल परिवर्तन : ब्रजेश पाठक

- डिप्टी सीएम ने 500 करोड़ की लागत वाली 84 स्वास्थ्य इकाइयों का किया लोकार्पण एवं शिलान्यास
- प्रदेश के सभी अस्पतालों को किया गया गया अपग्रेड, अत्याधुनिक उपकरणों की हुई स्थापना



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** 2017 के बाद से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हुआ है। पूर्व की सरकारों में स्वास्थ्य विभाग की क्या स्थिति थी, यह किसी से छिपी नहीं है। हमारी सरकार की प्राथमिकता आमजन को उच्चस्तर का गुणवत्तापरक उपचार उपलब्ध कराना है। हमने अपने अस्पतालों को अपग्रेड किया है। वहां अत्याधुनिक मशीनों की स्थापना की है। चिकित्सकों, पैरा मेडिकल स्टाफ के साथ सभी इकाइयों में मैन पावर भी बढ़ी है। यह कहना है प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का। वे बुधवार को इंदिरा नगर स्थित राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान (ट्रेनिंग सेंटर) में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की 500 करोड़ रुपए मूल्य की 84 नवीन स्वास्थ्य इकाइयों के शिलान्यास एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 65 मेडिकल कॉलेज पूरे क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। 18 नए मेडिकल कॉलेज भी खोले गए हैं। इन मेडिकल कॉलेजों के साथ ही 27 नए पैरा मेडिकल कॉलेज भी बनाए गए हैं।

### इन जिलों में हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण

लखनऊ, गोरखपुर, आगरा, गाजीपुर, कौशाम्बी, बस्ती, मुजफ्फर नगर, अयोध्या, अलीगढ़, गोण्डा, बागपथ, बलरामपुर, हाथरस, बदायूं, जालौन, एटा, मऊ, बलिया, भदोही, कानपुर नगर, मिर्जापुर, श्रावस्ती, बहराइच, रामपुर, बिजनौर, संभल, चंदौसी, कुशीनगर, महाराजगंज, अमरोहा, गाजीपुर, फतेहपुर, संतकबीर नगर, प्रतापगढ़, सीतापुर, आजमगढ़, जालौन, ललितपुर, हमीरपुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी, सुल्तानपुर, उन्नाव, कानपुर देहात, बांदा, सिद्धार्थ नगर, शामली, हापुड़, रायबरेली, जौनपुर, मथुरा, मैनपुरी जिलों में स्वास्थ्य इकाइयों का हुआ शिलान्यास एवं लोकार्पण।

# मोहान रोड से काकोरी तक की सड़क खस्ताहाल, जगह-जगह हुए गड्ढे



**अवधनामा ब्यूरो**

- दो साल पहले बनी सड़क की दुर्दशा पर उठे सवाल, प्रशासन से मरम्मत की मांग

**काकोरी, लखनऊ।** मोहन रोड से कस्बा काकोरी को जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद खराब हो गई है। जगह-जगह गहरे गड्ढों के कारण यह सड़क तलाबी गड्ढों में बदल गई है, जिससे यहाँ से गुजरने वाले यात्रियों और वाहन चालकों को काफी परेशानी हो रही है। इस सड़क की खराब हालत की वजह से न केवल आवाजाही मुश्किल हो गई है, बल्कि सड़क दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। बताया जा रहा है कि इस सड़क का निर्माण लगभग दो साल पहले लोक निर्माण विभाग द्वारा करवाया गया था, लेकिन अब यह पूरी तरह से टूट चुकी है। मोहन रोड के पारा से लेकर काकोरी-नरौना मोड़ तक, खासकर नगर निगम की सीमा के भीतर, पूरी सड़क तालाब जैसी दिखती है। इससे स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभागों से इस सड़क की तुरंत मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# माँ वैष्णो देवी डिग्री कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी का भव्य आयोजन

- रंगारंग कार्यक्रमों के साथ नए छात्रों का स्वागत
- वरिष्ठों ने जूनियर्स को दीं शुभकामनाएँ और आशीर्वाद

**अवधनामा ब्यूरो**



**काकोरी, लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हबीबपुर में स्थित ÷माँ वैष्णो देवी डिग्री कॉलेज÷ में गुरुवार को नए छात्रों के स्वागत में एक शानदार फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया गया। इस उत्सव में कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं ने बड़े उत्साह से हिस्सा लिया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माँ वैष्णो देवी एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन अजय राज अग्रवाल और कॉलेज के प्रबंधक अभय राज अग्रवाल उपस्थित रहे। उनके साथ-साथ क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और बढ़ गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की वंदना के साथ हुआ, जिसके बाद वरिष्ठ छात्रों ने अपने नए साथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद, विद्यार्थियों ने नृत्य, गायन, और नाटक जैसे कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। कॉलेज के प्रतिभाशाली छात्रों ने अपनी कला का प्रदर्शन कर समां बाँध दिया।

इस अवसर पर, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. पूनम शुक्ला ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार शुक्ल ने किया, जिन्होंने नए छात्रों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ और आशीर्वाद दिया। उन्होंने कहा कि कॉलेज छात्रों को न केवल अच्छी शिक्षा देगा, बल्कि उनके समग्र विकास पर भी ध्यान देगा। यह कार्यक्रम एक यादगार और सफल आयोजन रहा, जिसने नए और पुराने छात्रों के बीच मजबूत बंधन स्थापित किया।

## 12 सेतुओं के चालू कार्यो हेतु 05 करोड़ अवमुक्त

**लखनऊ।** उ0प्र0 सरकार द्वारा आरआईडीएफ योजनान्तर्गत विभिन्न मण्डलों में विभिन्न जनपदों के 12 सेतुओं के चालू कार्यों हेतु 05 करोड़ 56 लाख 45 हजार रूपये की अवशेष धनराशि अवमुक्त की गयी है। इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उ0प्र0 शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि अवमुक्त धनराशि केवल परियोजना पर ही मानक व विशिष्टियों के अनुरूप व्यय की जायेगी तथा इसका उपयोग अन्य किसी प्रयोजन के लिये नहीं किया जायेगा। साथ ही शासनादेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण करते हुये समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाय तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र एवं उनके स्थलीय फोटोग्राफ शासन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

# दीपक पब्लिक स्कूल में मिशन शक्ति अभियान से जागरूक हुईं छात्राएं

- वरिष्ठ पुलिस निरीक्षकों ने बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की दी जानकारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**काकोरी, लखनऊ।** काकोरी के हबीबपुर में स्थित दीपक पब्लिक स्कूल में बुधवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत एक खास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया और स्कूल की छात्राओं को आत्मरक्षा और सुरक्षा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को उन संभावित खतरों के प्रति सतर्क करना था, जिनका वे अपने जीवन में सामना कर सकती हैं। पुलिस निरीक्षकों ने बहुत ही सरल और प्रभावी तरीके से बच्चों को गुड टच और बैड टच के बीच का फर्क समझाया। उन्होंने छात्राओं को यह भी बताया कि अगर उन्हें कभी भी असुरक्षित महसूस हो, तो वे कैसे तुरंत मदद मांगें और किस तरह से खुद का बचाव करें। इस अभियान ने खासतौर पर बालिकाओं के बीच बहुत ही सकारात्मक प्रभाव डाला। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों ने बिना किसी हिचकिचाहट के पुलिस अधिकारियों से कई सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासा शांत की। उन्हें अपनी सुरक्षा से जुड़ी कई अहम जानकारियाँ मिलीं, जिससे उनमें आत्मविश्वास और साहस बढ़ा। इस पहल से स्कूल में पढ़ने वाली लड़कियों ने खुद को पहले से ज्यादा सशक्त और सुरक्षित महसूस किया। इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों से यह उम्मीद की जा रही है कि लड़कियाँ न केवल अपनी सुरक्षा को लेकर जागरूक होंगी, बल्कि समाज में भी बिना किसी डर के आगे बढ़ सकेंगी।

## अंजुमन-ए-शब्बीरिया शीशमहल के साहिब-ए-बयाज़ अकबर बेग का निधन

**लखनऊ।** अंजुमन-ए-शब्बीरिया शीशमहल के साहिब-ए-बयाज़ अकबर बेग का निधन हो गया वह करीब 65 साल के थे। मरहूम को कर्बला तालकटोरा में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मरहूम की नमाजे जनाजा मौलाना इस्तफ़ा रजा ने पढ़ाई और मजलिस को खिताब किया। मरहूम के चार बेटे और एक बेटी हैं। देर रात तबीयत बिगड़ने पर उन्हें लॉरी कार्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया जहाँ उनका निधन हो गया। उनकी मौत की ख़बर मिलते ही बड़ी तादाद में लोग शीशमहल स्थित उनके आवास पर जमा हो गए। जनाज़े में शहर की कई मातमी अंजुमनों के ओहदेदारों समेत उनके अज़ीज़-ओ-अहबाब और चाहने वाले मौजूद रहे। मौलाना हसनैन बाक़री, मौलाना कल्बे सिब्तैन नूरी,भाजपा नेता बुक्कल नवाब और अमील शम्सी ने भी जनाज़े में शिरकत कर उन्हें आख़िरी ख़िराज-ए-अक़ीदत पेश किया।



# 630 मरीजों को मिला स्वास्थ्य लाभ, मानसिक और शारीरिक बीमारियों का हुआ इलाज

- गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए विशेष सुविधाएँ, मुफ्त दवाइयाँ और किट का वितरण

**अवधनामा ब्यूरो**



**काकोरी, लखनऊ।** काकोरी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत एक बड़ा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर का उद्घाटन माननीय विधायक जय देवी जी (मलिहाबाद) और भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य के हाथों से हुआ। इस मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष, मंडल मंत्री और लखनऊ जिला इकाई के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद थे।इस शिविर में मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियों के इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल से डॉ. अभय सिंह और उनकी टीम ने मरीजों को देखा। इसके अलावा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सुप्रिया पांडेय, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अरविंद कुमार, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. एस.एन. तिवारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील कुमार और दंत चिकित्सक डॉ. अंकिता त्रिपाठी ने भी अपनी सेवाएँ दीं।

शिविर में टीबी और कुष्ठ रोग जैसे रोगों से बचाव और उपचार के साथ-साथ मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी शिक्षा भी दी गई। उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का विशेष उपचार किया गया और सभी तरह की जाँचें तथा दवाइयाँ मुफ्त उपलब्ध कराई गईं।

इस कार्यक्रम में फाइलेरिया, दंत और आयुष्मान लाभार्थियों को संबंधित किट और कार्ड वितरित किए गए। गर्भवती महिलाओं को एमसीपी कार्ड और आशा कार्यकर्ताओं को स्मार्टफोन भी दिए गए। इस शिविर में कुल 630 मरीजों का इलाज किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काकोरी के स्टाफ ने भी इस शिविर में सक्रिय भूमिका निभाई।

## छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ रूपये स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश के छुट्टा गोवंश के भरण-पोषण हेतु 02 अरब 50 करोड़ रूपये की धनराशि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्वीकृत की है। तृतीय किश्त के रूप में स्वीकृत धनराशि का व्यय अस्थाई गोवंश आश्रय की स्थापना, संचालन व संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु किया जायेगा। आवंटित धनराशि का उपयोग अधिकतम 50/- रूपये प्रतिदिन प्रति गोवंश की दर से किया जायेगा। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी करते हुए निदेशक, प्रशासन विकास पशुपालन विभाग को अस्थाई गोवंश आश्रय के सुचारू संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा निराश्रित/बेसहारा गोवंश के निराकरण के लिये उत्तर प्रदेश के समस्त ग्रामीण व शहरी स्थानीय निकायों यथा ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत, जिला पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर निकायों में अस्थायी गोवंश आश्रय स्थल की स्थापना व संचालन नीति प्रख्यापित की गयी है।